आश्विन कृष्ण पक्ष एकादशी 02:50 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2081
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 28 सितंबर 2024
वर्ष 5, अंक 185, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



जेम्स वेब स्पेस टेक्सकोप ने खोजी प्राचीन आकाशगंगा 16
फिल्म वेट्टैयन द हंटर का हिंदी टीजर रिलीज 15

## एक नजर

### केरल में एमपॉक्स का एक और मामला सामने आया

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में एमपॉक्स (मंकीपॉक्स) का एक और मामला सामने आया है। भारत में एमपॉक्स का यह तीसरा मामला है। 29 साल का युवक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से केरल के एर्नाकुलम लौटा था। बताया जा रहा है कि उसे तेज बुखार था और जांच में एमपॉक्स की पुष्टि हुई है। हालांकि अभी स्ट्रेन का पता नहीं चला है। उसके सैंपल पुणे के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी में जीनोमिक सीक्वेंसिंग के लिए भेजे गए हैं।

### ब्रह्मोस एयरोस्पेस में पूर्व अग्निवीरों को आरक्षण

**नई दिल्ली।** सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल का निर्माण करने वाले ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड ने कंपनी की तकनीकी, प्रशासनिक और सुरक्षा समेत अन्य शाखाओं में पूर्व अग्निवीरों के लिए पदों को आरक्षित करने का फैसला किया है। ब्रह्मोस एयरोस्पेस भारत और रूस का संयुक्त उपक्रम है। ब्रह्मोस एयरोस्पेस विभिन्न कार्यक्षेत्रों में अग्निवीरों के लिए रिक्तियों को आरक्षित करने की घोषणा करने वाली रक्षा क्षेत्र की पहली कंपनी है।

### मणिपुर में हथियार और गोला बारूद बरामद किए

**इंफाल।** सुरक्षा बलों ने मणिपुर के कांगपोकपी और चुराचांदपुर जिलों में हथियारों और विस्फोटकों का जखीरा बरामद किया। पुलिस ने बताया कि मणिपुर पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा कांगपोकपी जिले के हराओथेल और लाम्बुंग पहाड़ियों में गुरुवार को चलाए गए संयुक्त अभियान में इंप्रोवाइज्ड प्रोजेक्टाइल लांचर (पम्पी), 11 बम (प्रत्येक का वजन लगभग 1.5 किलोग्राम) और अन्य हथियार बरामद किए गए। चुराचांदपुर जिले के सुआंगदाई में एक देसी 9 एमएम पिस्तौल और एक सिंगल बैरल शॉटगन समेत कई हथियार बरामद किए।

### आईएएस अधिकारी समेत 7 पर मामला दर्ज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एवं आर्थिक अपराध शाखा ने झारखंड के एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी और छत्तीसगढ़ के एक सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी समेत सात लोगों के खिलाफ झारखंड में शराब नीति में बदलाव कर झारखंड सरकार के खजाने को भारी नुकसान पहुंचाने के आरोप में मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि रांची निवासी विकास कुमार की शिकायत के आधार पर सात सितंबर को प्राथमिकी दर्ज की गई।

## आपके सारे इंतजाम हवा में... जमीन पर कुछ नहीं दिख रहा

**पराली मामला**

- वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के पड़ोसी राज्यों में पराली जलाए जाने के चलते राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण पर रोक लगाने में नाकाम रहने पर शुक्रवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को फटकार लगाई तथा कहा कि और अधिक सक्रिय होने की जरूरत है। न्यायमूर्ति अभय एस.ओका और न्यायमूर्ति अगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने प्रदूषण नियंत्रण के लिए गठित आयोग द्वारा उठाए गए कदमों पर असंतोष जताते हुए कहा कि आपके सारे इंतजाम हवा में ही हैं, धरातल पर कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा है कि क्या किया गया है।

सीएक्यूएम को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग अधिनियम, 2021 के तहत राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) और इसके आसपास के क्षेत्रों में काम करने की आवश्यकता है। पीठ ने कहा कि अधिनियम का बिल्कुल ही अनुपालन नहीं किया गया है। हमें एक भी निर्देश दिखाएं जो किसी हितधारक को जारी किया गया हो।

## भारी बारिश से धान, मक्का व गन्ने की खड़ी फसलें गिरीं

### पूर्वी, तराई और अवध क्षेत्र के लगभग 30 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट, कई जिलों में बारिश कर लौट रहा मानसून

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश से मानसून कई जिलों में झमाझम बारिश करते हुए वापसी कर रहा है। 24 घंटों के दौरान कई जिलों में भारी बारिश हुई है। गरज-चमक के साथ हुई भारी बरसात ने उमस से राहत तो दी, लेकिन धान, मक्का और गन्ने आदि की खड़ी फसलें खेतों में बिछ गईं। इसका बड़ा कारण बारिश के दौरान तेज हवाओं का चलना भी रहा।

अयोध्या, अमेठी, अंबेडकर नगर, बहराइच आदि जिलों में खड़ी फसलों के गिरने से किसानों का बड़ा नुकसान



हुआ है। राज्य के तराई क्षेत्र के महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर और आसपास के इलाकों में शुक्रवार रात से शनिवार सुबह तक गरज चमक के साथ भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, पूर्वी, तराई और अवध क्षेत्र के लगभग 30 जिलों के लिए भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर-पश्चिम के कुछ जिलों को छोड़कर पूरे राज्य में अगले 24 घंटे बादल जमकर बरसेंगे। शुक्रवार को कानपुर, कन्नौज, बांदा ,गोरखपुर, बहराइच, सुल्तानपुर, अयोध्या, रायबरेली आदि में अच्छी बरसात हुई। राजधानी लखनऊ में भी गुरुवार शाम से शुरू हुई बारिश का सिलसिला शुक्रवार तक जारी रहा। सुबह से हुई बारिश से शहर सराबोर दिखा। बारिश के साथ तेज हवाओं ने लोगों को ठंड का अहसास कराया। तापमान में अच्छी खासी गिरावट दर्ज की गई। मौसम वैज्ञानिक एम. दानिश ने बताया कि शनिवार को भी मौसम ऐसा ही रहने की उम्मीद है। रविवार से बारिश के कमजोर पड़ने के संकेत हैं। हालांकि, रविवार को भी प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में छिटपुट बारिश जारी रहने की संभावना है।

**बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति में अभी सुधार नहीं**

प्रदेश में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति में अभी सुधार नहीं है। प्रमुख नदियां उफानाई हुई हैं। मौसम विभाग ने 29 सितंबर तक भारी बारिश का अनुमान लगाया है। लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, सीतापुर, बाराबंकी और गोंडा के लिए रेड अलर्ट जारी किया है तो वहीं हरदोई, बस्ती, लखनऊ और सिद्धार्थनगर में ऑरेंज अलर्ट लागू है। अन्य जिलों में भी बारिश के आसार हैं। इन जिलों में राहत और बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों को तैनात किया गया है।

> इस तरह की बारिश पूर्व में हुई कम बरसात की भरपाई नहीं है। बारिश के बीच हवाएं चलने से फसलों को नुकसान अवश्य पहुंचा है। फसलों को बारिश ही नहीं, रोशनी भी चाहिए। लेकिन जलवायु परिवर्तन के कारण दोनों के बीच पहले जैसा तालमेल नहीं हो पा रहा है। यानी नदियों-तालाबों के बजाय अब समुद्री पानी वाष्पित होकर बादल बन बरस रहा है, इसलिए कृषि भी प्रभावित है।
> - डॉ. अवधेश मिश्रा, कृषि विशेषज्ञ, उप्र.

# युवक की मौत पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

### आक्रोशित भीड़ ने पुलिसवालों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा, पथराव, वर्दी फाड़ी, दो घंटे तक चला बवाल

### ठाकुरद्वारा क्षेत्र में अवैध खनन के शक में गाड़ी से ट्रैक्टर-ट्राली का पीछा कर रहे थे पुलिसकर्मी

- क्षेत्र में तनाव बरकरार, दो नामजद समेत चार पुलिसकर्मियों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट
- सीओ ठाकुरद्वारा हटाए गए एसएचओ, दो दरोगा और चार सिपाही निलंबित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा में पुलिस वालों को लाठी-डंडे लेकर दौड़ाते ग्रामीण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र में अवैध खनन के शक में ट्रैक्टर-ट्राली का पीछा कर रही पुलिस को चालक की मौत का जिम्मेदार ठहराते हुए ग्रामीण उग्र हो गए। आक्रोशित भीड़ ने पुलिस वालों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। दो घंटे तक ग्रामीणों और पुलिस में जमकर संघर्ष हुआ। लाठी-डंडे लेकर गुस्साई भीड़ पुलिस के पीछे पड़ गई, जमकर पथराव किया। पानी से भरे धान के खेत से भागकर पुलिस कर्मियों ने जान बचाई।

उग्र भीड़ ने कुछ पुलिस कर्मियों को बंधक बनाकर वर्दी फाड़ दी और पिटाई की। सूचना पर जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक समेत पीएसी और भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा। जैसे-तैसे ग्रामीणों को शांत किया। मृतक के पिता ने दो नामजद समेत चार पुलिस कर्मियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। एसएसपी ने ठाकुरद्वारा में हुए बवाल के बाद सीओ ठाकुरद्वारा राजेश कुमार को हटा दिया है, जबकि एसएचओ ठाकुरद्वारा, दो दरोगा और चार सिपाहियों को निलंबित कर दिया है। थाना क्षेत्र तरफ दलपतपुर गांव निवासी धर्मपाल का बेटा लोकेश उर्फ मोनू (25) ट्रैक्टर-ट्राली से मिट्टी डालने का काम करता है। लोकेश शुक्रवार तड़के 3 बजे ट्रैक्टर-ट्राली लेकर खेत पर गया था। अवैध खनन की आशंका में पुलिस वालों ने अपनी गाड़ी से उसका पीछा कर लिया। पुलिस से बचने के लिए लोकेश ट्रैक्टर भगाने लगा।



लोकेश (फाइल)

इसी दौरान उसकी ट्रैक्टर के पहियों के नीचे दबकर मौत हो गई। सुबह तक जब वह घर पर नहीं लौटा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। रोड से नहर वाले रास्ते से 50 मीटर दूर खेत में मोनू का शव मिला। ग्रामीणों ने ट्रैक्टर के टायर से दबे शव को निकालकर पास ही सड़क पर रख दिया और पुलिस वालों पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। सुबह 8 बजे सूचना पर पहुंची पुलिस पर ग्रामीण अवैध खनन को लेकर वसूली का पैसा नहीं देने पर सिपाही अनीस और नरेश समेत गाड़ी में सवार चार पुलिसकर्मियों पर मोनू की हत्या का आरोप लगाने लगे।

धीरे-धीरे बेकाबू हुई भीड़ पुलिस वालों पर हमलावर हो गई। उग्र ग्रामीणों ने पुलिसकर्मियों को लाठी-डंडों से दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। अनीस समेत कुछ पुलिसकर्मियों को ग्रामीणों ने बंधक बनाकर वर्दी फाड़ दी। सिपाही अनीस की ग्रामीणों ने जमकर पिटाई कर दी। वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा।

दो घंटे तक पुलिस और ग्रामीणों में जमकर संघर्ष हुआ। बवाल के बीच पानी से भरे धान के खेत से भागकर पुलिसकर्मियों ने जान बचाई। वारदात में कई लोग जख्मी हुए हैं। सिपाही अनीस की हालत नाजुक बताई जा रही है।

बवाल बढ़ने पर जिलाधिकारी अनुज सिंह और एसएसपी सतपाल अंतिल अन्य अधिकारियों के साथ भारी पुलिस फोर्स लेकर मौके पर पहुंचे और जैसे-तैसे उग्र भीड़ को शांत किया। कड़ी सुरक्षा में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मोनू के पिता की शिकायत पर पुलिस ने अनीस, नरेश और दो अज्ञात पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। एसएसपी सतपाल अंतिल ने बताया है कि प्रकरण में प्रत्येक बिंदु की गंभीरता से जांच की जा रही है। आरोपी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

## किशोर उम्र का प्रेम और अपराध कानूनी तौर पर ग्रे एरिया : कोर्ट

- दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा- किशोरी भागने के बाद अभिभावकों के दबाव में बदल देती हैं बयान

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि किशोर वय का प्रेम और इस तरह के अपराध कानूनी तौर पर अस्पष्ट क्षेत्र (लीगल ग्रे एरिया) के तहत आते हैं और यह बहस का विषय है कि क्या इसे अपराध के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है। अदालत ने कहा कि ऐसे कई मामले सामने आ रहे हैं, जहां 17 साल से अधिक उम्र की लड़कियां अपनी पसंद के पुरुषों के साथ भाग जाती हैं और जब वे पकड़ी जाती हैं, तो लड़की के माता-पिता उन्हें पुलिस के सामने बयान बदलने के लिए मजबूर करते हैं।

न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा कि पुलिस ऐसे बयान भी बाद के चरण में दर्ज करती है, जो पहले के बयानों के बिल्कुल विपरीत होते हैं। दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 164 के तहत दर्ज किए गए अधिकांश बयान भी धारा 161 के तहत पीड़िता द्वारा दिए गए पहले के बयानों के अनुरूप नहीं होते हैं, जो विरोधाभासी है।' अदालत ने कहा कि किशोर वय के प्रेम और ऐसे अपराध कानूनी रूप से अस्पष्ट क्षेत्र में आते



हैं और यह बहस का विषय है कि क्या इसे वास्तव में अपराध के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है। यह अदालत फिलहाल इस समय कोई टिप्पणी नहीं कर रही है कि अपराध याचिकाकर्ता (आरोपी) द्वारा किया गया है या नहीं।' हाईकोर्ट ने 17 साल की लड़की के अपहरण के आरोपी 22 वर्षीय व्यक्ति को जमानत दे दी। याचिकाकर्ता 19 अप्रैल, 2022 से हिरासत में है और आरोपपत्र दायर किया गया है। नाबालिग लड़की के पिता ने जनवरी 2022 में एक प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि आरोपी ने उनकी बेटी को गुमराह किया और उसे अपने साथ लेकर चला गया। इसके बाद मार्च 2022 में लड़की को बचाया गया।

## महिला व 3 बच्चों के हत्यारों को मृत्युदंड

संवाददाता, बहराइच

**वर्ष 2021 का है मामला**



- कोर्ट ने दोनों दोषियों पर 70-70 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया

**अमृत विचार :** जिले के फखरपुर थाना क्षेत्र में वर्ष 2021 में महिला व उसके तीन बच्चों की हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय ने शुक्रवार को दो आरोपियों को फांसी की सजा सुनाई है। कोर्ट ने उनकी मौत होने तक फांसी पर लटकाए रखने के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने अभियुक्तों को अलग-अलग धाराओं में भी सजा सुनाते हुए 70-70 हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है।

जिले के फखरपुर थाना क्षेत्र के बसंतापुर गजाधरपुर और मदनकोठी में तीन बच्चों व एक महिला की निर्मम हत्या कर दी गई थी। महिला मेरी कात्यान मुंबई की रहने वाली थी। पुलिस ने 10 सितंबर 2021 को हत्या समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया था। मामले में थाना क्षेत्र के तेलियनपुरवा ततेहरा गांव निवासी ननकू व सलमान को नामजद रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेजा गया था। मुकदमे में थाना पुलिस व तत्कालीन डीजीसी मुन्नूलाल मिश्रा ने सत्र न्यायाधीश की कोर्ट पर कड़ी पैरवी की थी। इस मामले की सुनवाई कोर्ट में लगातार चली। इस दौरान करीब 24 गवाहों को पेश किया गया था। शुक्रवार को अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय पवन कुमार शर्मा की कोर्ट में सुनवाई के दौरान डीजीसी गिरीशचद्र शुक्ला व एडीजीसी प्रमोद सिंह ने घटना को वीभत्स बताते हुए अभियुक्तों को फांसी की सजा दिलाने की दलील पेश की थी। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने व साक्ष्यों के आधार पर ननकू व सलमान को फांसी की सजा सुनाई। वहीं, एक आरोपी दानिश नाबालिग है। उसका केस जुवेनाइल कोर्ट में चल रहा है। महिला व तीन बच्चों की हत्या कर शव अलग-अलग स्थानों पर फेंका गया था।

## प्रसाद विवाद, जांच के लिए नौ सदस्यीय एसआईटी गठित

अमरावती, एजेंसी

आंध्र प्रदेश सरकार ने तिरुपति में भगवान वेंकटेश्वर के मंदिर में चढ़ाए जाने वाले लड्डू में पशु चर्बी मिलाए जाने के मामले की जांच के लिए नौ सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) नियुक्त किया है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने हाल में आरोप लगाया था कि राज्य में युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी की पूर्ववर्ती सरकार ने वेंकटेश्वर मंदिर को भी नहीं बख्शा और लड्डुओं को बनाने के लिए घटिया सामग्री एवं पशु चर्बी का इस्तेमाल किया गया। उन आरोपों के कारण देश में एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया और करोड़ों हिंदुओं की भावनाएं आहत हुईं।

**जगन मोहन रेड्डी ने रद किया तिरुमाला दौरा**

आंध्र प्रदेश के विपक्षी दल युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के प्रमुख वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने तिरुपति भगवान वेंकटेश्वर मंदिर का अपना निर्धारित दौरा रद कर दिया है। उनके निकटवर्ती सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। चर्चा का विषय बन चुके उनके इस दौरे की घोषणा उनकी पार्टी द्वारा आहूत राज्यव्यापी मंदिर प्रार्थना अनुष्ठान के तहत की गई थी।

## तेलंगाना के मंत्री के परिसरों पर ईडी का छापा

- धनशोधन के मामले में केंद्रीय एजेंसी ने की कार्रवाई

हैदराबाद, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तस्करी गिरोह से संबंधित लगभग 100 करोड़ रुपये के धन शोधन मामले में तेलंगाना के राजस्व मंत्री पी. श्रीनिवास रेड्डी और कुछ अन्य लोगों से जुड़े कई परिसरों पर शुक्रवार को छापे मारे। सूत्रों ने बताया कि हैदराबाद समेत राज्य में करीब पांच स्थानों पर छापे मारे जा रहे हैं।

धन शोधन का यह मामला राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) द्वारा पी. श्रीनिवास रेड्डी के बेटे हर्ष रेड्डी के खिलाफ दर्ज शिकायत से जुड़ा है। हर्ष रेड्डी पर आरोप है कि उन्होंने सात करोड़ रुपये की पांच घड़ियां खरीदी हैं, जिनके भुगतान क्रिप्टो करेंसी और हवाला गिरोह से जुड़े हैं और ए नवीन कुमार नामक व्यक्ति इस मामले में निदेशालय की जांच के दायरे में है। कांग्रेस नेता पी. श्रीनिवास रेड्डी तेलंगाना सरकार में राजस्व, आवास, सूचना और जनसंपर्क मंत्री हैं।

**जम्मू-कश्मीर के दो जिलों में एनआईए का छापा**

**नई दिल्ली/जम्मू।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने जून में शिव खोड़ी मंदिर से लौट रहे तीर्थयात्रियों की बस पर हुए घातक आतंकवादी हमले की जांच के तहत शुक्रवार को राजौरी और रियासी जिलों में कई स्थानों पर छापे मारे। अधिकारियों ने बताया कि एनआईए अधिकारी जम्मू-कश्मीर में सात स्थानों पर छापे मार रहे हैं। आतंकवादियों द्वारा नौ जून को श्रद्धालुओं की बस पर की गई गोलीबारी में जम्मू-कश्मीर के बाहर के सात तीर्थयात्रियों सहित नौ लोगों की मौत हो गई थी और 41 अन्य घायल हो गए थे। गृह मंत्री ने इस आतंकवादी हमले की जांच का जिम्मा 17 जून को एनआईए को सौंपा था। इस मामले में अब तक राजौरी के एक व्यक्ति हाकम खान को गिरफ्तार किया गया है, जिसने आतंकवादियों को भोजन, आश्रय और रसद मुहैया कराई थी।

## सरोगेसी विकल्प चुनने वालों को मातृत्व-पितृत्व अवकाश

- ओडिशा में सरकार ने जारी की अधिसूचना

भुवनेश्वर, एजेंसी

ओडिशा सरकार ने बच्चे के जन्म के लिए सरोगेसी का विकल्प चुनने वाले कर्मचारियों को मातृत्व और पितृत्व अवकाश देने का निर्णय लिया है। राज्य वित्त विभाग की अधिसूचना के अनुसार, महिला कर्मचारी 180 दिनों की छुट्टी ले सकेंगी, जबकि पुरुष 15 दिन का अवकाश ले सकेंगे। सरोगेट और जैविक माताओं तथा पिता दोनों को यह लाभ दिया जाएगा।

केंद्र सरकार द्वारा सरोगेसी से माता-पिता बनने वाले अपने कर्मचारियों का मातृत्व और पितृत्व अवकाश बढ़ाने के फैसले के बाद राज्य सरकार ने यह निर्णय लिया। आधिकारिक अधिसूचना में बताया गया कि राज्य की कोई भी सरकारी महिला कर्मचारी, जिसके दो से कम जीवित बच्चे हों और जो सरोगेट मां बनती है तो वह 180 दिनों का मातृत्व अवकाश लेने की पात्र होगी। राज्य की कोई भी सरकारी महिला कर्मचारी जिसके दो से कम बच्चे हों और जो 'जैविक मां' है तो उसे भी 180 दिनों का मातृत्व अवकाश दिया जाएगा। 'जैविक मां' का मतलब ऐसी मां से है, जो अपने अंडे का उपयोग किसी अन्य महिला में भ्रूण प्रतिरोपित कराने के लिए करती है।

**जमीन घोटाला मामला**

## सिद्धारमैया और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी

**मैसूरू।** लोकायुक्त पुलिस ने शुक्रवार को मैसूरू शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) भूखंड आवंटन मामले में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। बेंगलुरू की एक विशेष अदालत ने बुधवार को सिद्धारमैया के खिलाफ लोकायुक्त पुलिस जांच का आदेश दिया था, जिससे उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की भूमिका तैयार हो गई। विशेष अदालत के न्यायाधीश संतोष गजानन भट का यह आदेश उच्च न्यायालय द्वारा राज्यपाल थावरचंद गहलोत के सिद्धारमैया के खिलाफ जांच करने की मंजूरी को बरकरार रखने के एक दिन बाद आया है।

## हर दस में से तीन लोगों में गैर-अल्कोहल फैटी लिवर रोग

**सजगता ही सेहत**

### स्वास्थ्य सचिव ने पेश किए आंकड़े, इस गंभीर समस्या को लेकर जताई चिंता

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में गैर-अल्कोहलिक फैटी लिवर रोगों के बढ़ते खतरे को लेकर सचेत किया जा रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा ने शुक्रवार को देश में बढ़ती इस गंभीर स्वास्थ्य समस्या को लेकर चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि नॉन-अल्कोहलिक फैटी लिवर (एनएएफएलडी) रोग सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता के रूप में समस्या है।

युवाओं में इसका खतरा और भी बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि कि भारत में 10 में से एक से तीन लोगों में गैर-अल्कोहल फैटी लिवर रोग पाया जा रहा है और मोटापे तथा मधुमेह जैसे चयापचय संबंधी विकारों से जुड़ी यह बीमारी तेजी से एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता के रूप में उभर रही है।

अपूर्व चंद्रा ने यहां गैर-अल्कोहल फैटी लिवर रोग से जुड़े संशोधित दिशा-निर्देश और प्रशिक्षण मॉड्यूल जारी किए। उन्होंने कहा कि भारत ने इसे एक प्रमुख गैर-संक्रामक रोग (एनसीडी) के रूप में पहचानने में अग्रणी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा, 'एनएएफएलडी मोटापे, मधुमेह और हृदय रोगों जैसे चयापचय संबंधी विकारों से निकटता से जुड़ा है। 10 में से एक से तीन लोगों में एनएएफएलडी हो सकता है, जो बीमारी के प्रभाव को उजागर करता है।' चंद्रा ने इस बात पर प्रकाश डाला कि संशोधित दिशा-निर्देश और प्रशिक्षण मॉड्यूल जारी करना बीमारी पर अंकुश लगाने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा दिए जा रहे महत्व को दर्शाता है। स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि ये दस्तावेज सामुदायिक स्वास्थ्य कर्मियों से लेकर चिकित्सा अधिकारियों तक सभी स्तरों पर स्वास्थ्यकर्मियों के लिए एक रूपरेखा प्रदान करेंगे। उन्होंने एनसीडी से पीड़ित लोगों के लिए देखभाल की निरंतरता के महत्व पर भी जोर दिया और एनएएफएलडी के प्रसार को कम करने के लिए जीवनशैली में संशोधन की आवश्यकता को रेखांकित किया। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की विशेष कार्याधिकारी पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने कहा कि इन दिशा-निर्देशों को जमीनी स्तर के कर्मियों तक पहुंचाने की जरूरत है, ताकि बीमारी का जल्द पता चल सके और एनएएफएलडी का बोझ कम हो सके।



**भारत में बिना मोटापे वाले लोग भी चपेट में**

गैर-अल्कोहलिक फैटी लिवर रोग उन लोगों को प्रभावित करता है, जो शराब कम पीते हैं या बिल्कुल नहीं पीते हैं। इसमें लिवर में बहुत अधिक वसा जमा होने लगती है, जिससे इस अंग का सामान्य कार्य प्रभावित होने लग जाता है। विशेषज्ञों को ठीक से पता नहीं है कि लिवर में वसा बनने के लिए क्या कारण जिम्मेदार हैं। हालांकि जीवनशैली के कारक इसका खतरा बढ़ाने वाले माने जाते हैं। पश्चिमी देशों में एनएएफएलडी के ज्यादातर मामले मोटापे के शिकार लोगों में देखे जाते रहे हैं।



# ठाकुरद्वारा बवाल

अमृत विचार
www.amritvichar.com
मुरादाबाद, शनिवार, 28 सितंबर 2024



ठाकुरद्वारा में महिलाओं को समझातीं एसडीएम प्रीति सिंह व भाजपा नेता अजय प्रताप सिंह। ● अमृत विचार



बवाल के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को संभालते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार



पिटाई से घायल पुलिसकर्मी को लेकर जाते साथी पुलिसकर्मी।

## बेकाबू भीड़ के मंसूबे नहीं भांप सके पुलिस वाले, जमकर पिटे

### ट्रैक्टर चालक की मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने में पुलिस अधिकारियों के भी छूटे पसीने, खूब हुई नोकझोंक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा क्षेत्र के गांव तरफ दलपतपुर में शुक्रवार को ट्रैक्टर चालक युवक की मौत के बाद ग्रामीणों में पनपे आक्रोश को पुलिस वाले भांप नहीं सके। ठाकुरद्वारा पुलिस की खनन से अवैध वसूली को लेकर भड़के ग्रामीणों के गुस्से को हल्के में रही ठाकुरद्वारा पुलिस फंस गई। इसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस वालों को गांव में खेतों में दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। बवाल बढ़ने के बाद गांव में पीएसी समेत भारी पुलिस फोर्स तैनात किया गया। दो घंटे से ज्यादा समय तक चले विवाद में ग्रामीणों को शांत करने में पुलिस अफसरों के भी पसीने छूट गए। पीएसी पहुंचने के बाद में पुलिस ने भी ग्रामीणों को जमकर खदेड़ा। एसएसपी और डीएम ने स्थानीय नेताओं की मदद से जैसे-तैसे आक्रोशित लोगों को शांत किया। पूरे प्रकरण की जांच कर सख्त से सख्त कार्रवाई करने का आश्वान दिया। ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र के तरफ दलपतपुर गांव निवासी धर्मपाल के बेटे लोकेश उर्फ मोनू (25) के बाद पुलिस और ग्रामीणों में दो घंटे तक जमकर संघर्ष हुआ। उग्र ग्रामीणों ने पुलिस वालों को खेतों में दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। मामला संज्ञान में आने के बाद जिलाधिकारी अनुज सिंह और एसएसपी सतपाल अंतिल भारी पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उग्र भीड़ को शांत करने के लिए पुलिस ने लाठी फटकार कर शांत करने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीण और भड़क गए।

इसके बाद जमकर बवाल किया। अधिकारियों ने स्थानीय भाजपा नेता अजय प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख संजना सैनी के पति डॉ. वीर सिंह सैनी, विहिप जिला प्रमुख संयोजक साजन शर्मा के सहयोग से गुस्साये ग्रामीणों को शांत किया। आक्रोशित लोगों को समझाकर बंधक पुलिसकर्मियों को मुक्त कराया। गंभीर रूप से घायल सिपाही और दरोगा को सुरक्षा के कारण निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां पर सिपाही अनीस की हालत नाजुक बताई जा रही है। एसएसपी ने ग्रामीणों को पूरे प्रकरण की जांच कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि साक्ष्य संकलन करते हुए हर पहलू से मामले की जांच की जा रही है।



पथराव कर रही भीड़ से बचकर भागते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

### प्रति ट्राली 500 रुपये मांग रहा था सिपाही

ग्रामीणों का आरोप है कि सिपाही अनीस उससे प्रति ट्राली 500 रुपये की मांग की थी। ऐसा नहीं करने पर झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भेजने की धमकी दी थी। ग्रामीणों का कहना है कि शुक्रवार को मोनू ट्रैक्टर लेकर घर से निकला था। इसी दौरान पुलिस लिखी सफेद रंग की गाड़ी में सवार चार पुलिसकर्मियों ने उसका पीछा करना शुरू कर दिया। पुलिसकर्मियों ने ट्रैक्टर रुकवाने का प्रयास किया, लेकिन मोनू ने ट्रैक्टर नहीं रोका। आरोप लगाया कि इसके बाद गुस्साए पुलिसकर्मियों ने किसी तरह ट्रैक्टर रुकवाकर मोनू की ट्रैक्टर से कुचल कर हत्या कर दी। बाद में वहां से भाग गए। ग्रामीणों ने सुबह उत्तराखंड के गांव सन्यावाला जाने वाले रोड से नहर के कच्चे रास्ते पर 500 मीटर अंदर धान के खेत में शव बरामद किया था।

### देर रात तक डेरा डाले रहे अधिकारी

शव का अंतिम संस्कार कराने के लिए जिलाधिकारी अनुज सिंह और एसएसपी सतपाल अंतिल समेत तमाम आला अधिकारी देर रात तक गांव में डेरा डाले रहे। मृतक मोनू के परिजनों और ग्रामीणों ने आरोपी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई न होने तक शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया है। मृतक के परिजनों का कहना है कि आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ जब तक कार्रवाई नहीं होगी तब तक शव का अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा। हालांकि एसएसपी ने सीओ को हटाने, इंसपेक्टर, दो दरोगा और चार सिपाहियों को निलंबित कर दिया है। इसके बाद ग्रामीण अंतिम संस्कार करने के लिए तैयार हो गए।

### सिर में गंभीर चोट लगने से हुई मोनू की मौत

तीन डॉक्टरों के पैनल ने वीडियोग्राफी के साथ शव का पोस्टमार्टम किया। डॉक्टरों के पैनल का मानना है कि कि मोनू की मौत सिर में गंभीर चोट लगने से हुई है। साथ ही शरीर में कुछ चोटें पाई गईं हैं। डॉक्टरों का कहना है कि ऐसी चोटें अक्सर सड़क हादसा होने पर लगती हैं। पोस्टमार्टम होने के बाद कड़ी सुरक्षा में पीएसी के जवानों के साथ सीओ ठाकुरद्वारा शव लेकर गांव पहुंची। इसके बाद परिजनों को सौंप दिया।

### एक नजर

#### ठाकुरद्वारा के दलपतपुर की घटना दुर्भाग्यपूर्ण

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह का कहना है कि ठाकुरद्वारा के दलपतपुर की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। यह मामला मिट्टी के खनन से संबंधित है। मामले में जिलाधिकारी मुरादाबाद और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक काम कर रहे हैं। रिपोर्ट आने के बाद यदि जरूरत होगी तो वह कदम उठाएंगे। मंडलायुक्त ने पिछले दिनों सदर तहसील के भोजपुर धर्मपुर में मिट्टी के खनन की शिकायत पर उप जिलाधिकारी व तहसीलदार के पहुंचने पर उन पर गाड़ी चढ़ाने के मामले पर कहा कि इस बारे में भी पूरी रिपोर्ट मिलने पर कुछ कहना उचित होगा। मंडलायुक्त ने बताया कि वह अवैध खनन को रोकने के लिए व्यापक स्तर पर कार्रवाई करने के लिए तत्पर हैं।



#### डीआईजी ने तलब की रिपोर्ट मृतक के परिजनों से मिलेंगे

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** डीआईजी मुनिराज जी ने बताया कि एसएसपी सतपाल अंतिल से मामले रिपोर्ट तलब की गई है। पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि वह खुद शनिवार को गांव का दौरा करने के लिए जाएंगे। वहां वह मृतक के परिजनों से बातचीत करेंगे। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीआईजी ने खुद संज्ञान लिया है।

## थानेदार समेत 7 पुलिसकर्मियों पर गिरी गाज, सीओ भी हटाए

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**कार्रवाई**

- ग्रामीणों से दो घंटे तक चले संघर्ष के बाद एसएसपी ने की कार्रवाई
- महत्वपूर्ण पद पर रहते हुए कार्य में शिथिलता बरतने का आरोप

**अमृत विचार:** दो घंटे तक ग्रामीणों और पुलिस वालों में चले संघर्ष के बाद थानेदार समेत 7 पुलिसकर्मियों पर गाज गिरी है। साथ ही सीओ ठाकुरद्वारा को हटा दिया गया है। उन पर महत्वपूर्ण पद पर रहते हुए कार्य में शिथिलता बरतने और ठाकुरद्वारा प्रकरण में घोर लापरवाही के मामले में कार्रवाई की गई है।

ठाकुरद्वारा के गांव तरफ दलपतपुर निवासी लोकेश उर्फ मोनू की शुक्रवार तड़के संदिग्ध हालात में पुलिस टीम द्वारा पीछा किए जाने के बाद हादसे में मौत हो गई। मामले में लोकेश के पिता धर्मपाल सिंह ने हेड कांस्टेबल अनीस, चालक हेड कांस्टेबल नरेश और दो अज्ञात सिपाहियों पर अवैध वसूली के लिए धमकी देने और हत्या का मामला दर्ज कराया है। इस मौत के बाद जमकर बवाल और हंगामा भी हुआ। इसे एसएसपी सतपाल अंतिल ने गंभीरता से लेते हुए पूरे प्रकरण में लापरवाही और शिथिलता बरतने के लिए थाना प्रभारी समेत अन्य पुलिसकर्मियों को जिम्मेदार माना है। उन्होंने थानेदार ठाकुरद्वारा सुदेश पाल सिंह, एसआई ऋषभ शर्मा, एसआई आकाश परमार, आरोपी हेड कांस्टेबल अनीस व चालक हेड कांस्टेबल नरेश लाटियान के साथ ही दो सिपाही अजीत सिंह और रविंद्र कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

साथ ही इनके खिलाफ विभागीय जांच भी बैठा दी है। इसके अलावा इनके पर्यवेक्षक अधिकारी सीओ ठाकुरद्वारा राजेश कुमार को भी सर्किल ऑफिस से हटाकर जिला मुख्यालय से संबद्ध कर दिया है।



युवक की मौत पर विलाप करते परिजन। ● अमृत विचार

## आंखें मूंदे रहे अधिकारी, कठघरे में कानून-व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** शुक्रवार को हुए बवाल ने कानून-व्यवस्था को कटघरे में खड़ा कर दिया है। अब सवाल उठ रहे हैं कि दो घंटे तक चले ग्रामीणों और पुलिसकर्मियों के बीच संघर्ष के दौरान आला अधिकारी कहां थे? मुखबिर तंत्र से इनको भनक क्यों नहीं लगी? चप्पे-चप्पे की निगरानी का दावा करने वाली पुलिस खुद ही दो घंटे तक पिटती रही, और अधिकारी आंखें मूंदे रहे। दरअसल, मृतक मोनू का परिवार ने सुबह छह बजे खेत से शव बरामद किया था। इसके बाद परिजनों ने आठ बजे पुलिस को घटना की सूचना दी। बिना पर्याप्त इंतजाम के सूचना के बाद आरोपी सिपाही अनीस अन्य साथियों के साथ पहुंच गया। बावजूद इसके कि ग्रामीणों ने उस पर पहले भी अवैध खनन को लेकर वसूली का आरोप लगाया था। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो अनीस को देखने के बाद ही भीड़ उग्र हुई थी।

## अवैध खनन को लेकर दो साल पहले भी हुआ था बवाल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जिले का मुरादाबाद क्षेत्र अवैध खनन और इससे होने वाली अवैध कमाई के लिए कई सालों से बदनाम रहा है। दो साल पहले भी ठाकुरद्वारा क्षेत्र में अवैध खनन को लेकर बड़ा बवाल हो गया। खनन माफिया ने अवैध खनिज ला रहे वाहनों की चेकिंग कर रही राजस्व टीम पर हमला कर दिया था। खनन माफिया एसडीएम और खनन अधिकारी के सामने ही हमला कर 4 डंपर छुड़ा ले गए थे। इसके बाद आरोपियों की गिरफ्तारी के दौरान भी काशीपुर में ठाकुरद्वारा पुलिस की फायरिंग में गोली लगने से एक महिला की भी मौत हो गई थी। महिला की हत्या के आरोप में मुरादाबाद जनपद के 12 पुलिसकर्मी फंसे थे। हालांकि बाद में पुलिस ने खनन माफिया पर नकेल कसने के लि 19 आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की थी।



अवैध खनन से लदी ट्रैक्टर ट्राली।

ठाकुरद्वारा के तत्कालीन एसडीएम परमानंद सिंह और खनन इंस्पेक्टर अशोक कुमार की टीम ने 13 सितंबर 2022 को ठाकुरद्वारा के तिकोनिया के पास चेकिंग के दौरान अवैध खनन में लगे कई डंपर पकड़े थे। एसडीएम की कार्रवाई की सूचना मिलते ही खनन माफिया और उनके गुर्गों ने राजस्व विभाग की टीम पर हमला कर दिया और चार डंपर छुड़ाकर ले गए थे।

भीड़ के हमले से एसडीएम समेत राजस्व टीम ने किसी तरह से अपनी जान बचाई थी। इस मामले में खनन इंस्पेक्टर अशोक कुमार की तहरीर पर ठाकुरद्वारा पुलिस ने पांच नामजद और 150 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया था। इस मामले को लेकर मुरादाबाद पुलिस की किरकिरी शासन स्तर तक हुई थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस मामले का संज्ञान लेकर पुलिस के आला अधिकारियों की जमकर क्लास लगाई थी। खिसियाई पुलिस ने खनन माफिया के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने राजस्व टीम पर हमला करने के आरोप में अवैध खनन में लगे 19 आरोपियों को चिह्नित करते हुए उनके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत अलग से केस दर्ज किया था। साथ ही नौ आरोपियों पर 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस ने इस मामले में 17 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि डिलारी थाने के गांव काकरखेड़ा निवासी जफर और ठाकुरद्वारा के गांव रतूपुरा निवासी आरोपी दिलशाद फरार चल रहे थे।

ठाकुरद्वारा पुलिस और एसओजी की टीम ने 12 अक्टूबर 2022 को आरोपी जफर को कमालपुरी चौराहे के पास घेरा था। बाद में वह पुलिस पर फायरिंग करते हुए उत्तराखंड की सीमा में प्रवेश कर गया था। पुलिस टीम उसका पीछा करते हुए काशीपुर पहुंच गई थी। सर्विलांस के जरिये पीछा कर एसओजी टीम को जानकारी मिली कि जफर कुंडा थाना क्षेत्र के गांव भरतपुर स्थित जसपुर के ज्येष्ठ उप प्रमुख गुरतेज सिंह भुल्लर के मकान में मौजूद है। इस पर पुलिस टीम ने बिना काशीपुर पुलिस को विश्वास में लिए ही ज्येष्ठ उप प्रमुख के घर पर छापा मार दिया। सादे कपड़ों में अचानक पहुंची पुलिस को ग्रामीणों ने घेर लिया। जफर और ग्रामीणों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। बुरी तरह फंसी मुरादाबाद पुलिस को अपने बचाव में फायरिंग करनी पड़ी। फायरिंग में गोली लगने से ज्येष्ठ उप प्रमुख की पत्नी की मौत हो गई थी, जबकि ठाकुरद्वारा के तत्कालीन एसएचओ योगेंद्र सिंह समेत छह पुलिस कर्मी घायल हो गए थे। इस मामले में काशीपुर पुलिस ने ठाकुरद्वारा पुलिस और एसओजी के लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। तत्कालीन एडीजी जोन बरेली राज कुमार ने आरोपी जफर की गिरफ्तारी पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। बाद में पाकबड़ा थाना पुलिस ने जफर को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था। शासन तक मुरादाबाद पुलिस की किरकिरी होने के बावजूद ठाकुरद्वारा क्षेत्र में अवैध खनन पर लगाम लगती नहीं नजर आ रही है।

**दुस्साहस** खनन के वाहनों पर होगी अब कैमरे की नजर, एक नहीं कई बार वाहनों के नीचे कुचलने का कर चुके हैं प्रयास

## उत्तराखंड से जुड़े हैं माफिया के तार, सिंडीकेट तोड़ना चुनौती

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- बार्डर के सीमावर्ती चेकपोस्ट पर निगरानी रखेंगे अधिकारी
- खनन माफिया अधिकारियों को भी कुचलने पर हैं आमादा

**अमृत विचार:** जिले में खनन माफिया के तार उत्तराखंड से भी जुड़े हैं। खनन के सिंडीकेट को तोड़ना प्रशासन के लिए चुनौती बन रहा है। खनन माफिया के हौसले इतने बुलंद हैं कि प्रशासनिक अधिकारियों को भी कुचलने पर आमादा हैं। पिछले दिनों सदर तहसील के उप जिलाधिकारी राम मोहन मीणा व तहसीलदार पर अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई के लिए पहुंचने पर उन पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास हुआ था। हालांकि मामले में यह सभी बच गए थे। इसमें रिपोर्ट दर्ज की गई है।

जिले में अवैध खनन का दंश प्रशासनिक अधिकारियों पर भी भारी पड़ता है। कभी ठाकुरद्वारा तो कभी सदर तहसील के प्रशासनिक अधिकारी माफिया के निशाने पर रहते हैं। पिछले दिनों सदर तहसील के भोजपुर धर्मपुर में रविवार की रात अवैध खनन में लगे माफिया को रोकने के लिए पहुंचे एसडीएम सदर व तहसीलदार व टीम पर ट्रैक्टर चढ़ाकर कुचलने की असफल कोशिश की गई। ईंख के खेत में ट्रैक्टर फंसने के बाद उसे छोड़कर अवैध खनन करने वाले फरार हो गए थे। जिसमें लेखपाल की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज हुई थी। वहीं इसके पहले ठाकुरद्वारा तहसील के प्रशासनिक अधिकारियों पर भी खनन माफिया के लोगों ने दबाव बनाने और डराने के लिए प्रयास किया। इन प्रकरणों में सख्ती न होने से खनन माफिया के हौसले बढ़ते ही जा रहे हैं। खनन का सिंडीकेट तोड़ना प्रशासनिक अधिकारियों के लिए बड़ी चुनौती बनी है।

जिलाधिकारी अनुज सिंह का कहना है कि हर हाल में अवैध खनन करने वालों पर सख्ती करेंगे। खनन माफिया का नेटवर्क चाहे जहां तक जुड़ा हो उसे तोड़कर उन पर कड़ी कार्रवाई करेंगे। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड के बार्डर के सीमावर्ती चेकपोस्ट पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी कराई जाएगी। प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी इसकी नियमित मानीटरिंग करेंगे।



घटनास्थल पर मौजूद उप जिलाधिकारी ठाकुरद्वारा प्रीति सिंह। ● अमृत विचार

### तनावपूर्ण माहौल में गांव में भारी पुलिस बल तैनात

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बवाल की सूचना मिलते ही डीएम और एसएसपी भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। घंटे भर के अंदर गांव छावनी में तब्दील हो गया। तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए प्रशासन भी सतर्क हो गया है। सुरक्षा-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पीएसी समेत कई थानों की पुलिस फोर्स तैनात की गई है। पुलिस अधिकारियों ने मामले की जांच निष्पक्षता और दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन देकर ग्रामीणों से शांति बनाए रखने का अपील की है। फिलहाल गांव में किसी भी स्थिति से निपटने के लिए भारी पुलिस फोर्स तैनात है। देर रात में अधिकारियों के कहने पर परिजनों और ग्रामीणों ने शव का अंतिम संस्कार किया।



लोगों से घटना की जानकारी लेतीं सांसद रुचि वीरा। ● अमृत विचार

## ...तो आम आदमी कहां सुरक्षित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मुरादाबाद से सपा सांसद रुचि वीरा ने शुक्रवार को ठाकुरद्वारा में हुए बवाल को लेकर पुलिस की भूमिका पर सवाल खड़े किये हैं। उन्होंने पुलिस कार्यशैली की तीखी आलोचना करते हुए कहा है कि जब रक्षक ही भक्षक बन जाएंगे तो जनता कहां और कैसे सुरक्षित रहेगी। सांसद रुचि वीरा ने ठाकुरद्वारा पहुंच कर मृतक चालक के परिजनों से मिलने के साथ ही ग्रामीणों से मिलकर उन्हें आश्वासन दिया कि पुलिस की उत्पीड़नात्मक कार्रवाई के खिलाफ वह हमेशा साथ हैं। सांसद रुचि वीरा शुक्रवार को आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन करने मामले में दायर मुकदमे में अपनी जमानत कराकर लौटते वक्त पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं।

**आज का मौसम**

छिटपुट बारिश की संभावना।

29.0° अधिकतम तापमान | 23.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06:06 | सूर्यास्त 06:05

श्री बालाजी एण्ड पार्टी
हमारे यहाँ श्रीमदभागवत कथा, श्रीराम कथा एवं समस्त धार्मिक प्रोग्रामों को संगीतमय कराने हेतु सम्पर्क करें।

भागवत आचार्य:- श्री शिव कुमार जी
मो.- 9410478735
पता- गोविन्द नगर, ब्लॉक-बी, मुरादाबाद-244001

# यूपीएस की खामियों को दूर करने की मांग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



पुरानी पेंशन योजना बहाली की मांग को लेकर प्रदर्शन करते रेलवे कर्मचारी।

- पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर धरना हुआ समाप्त

**अमृत विचार:** उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन द्वारा पुरानी पेंशन योजना बहाली और यूपीएस में खामियों को लेकर चल रहा धरना प्रदर्शन शुक्रवार पांचवें दिन विरोध प्रदर्शन करने के बाद समाप्त हो गया। जिसमें उरमू के पदाधिकारियों ने भारी संख्या में कर्मचारियों के साथ पुरानी पेंशन योजना बहाली और यूपीएस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

शुक्रवार को उरमू के मंडल मंत्री शलभ सिंह के निर्देश पर रेलवे कर्मियों ने मुरादाबाद दो ब्रांच गैंग हट नंबर 16 व 17 पर नई प्रस्तावित यूनाइटेड पेंशन (यूपीएस) पेंशन योजना का विरोध जताया। धरने पर बैठे रेलकर्मियों ने यूपीएस में खामियों को दूर करने और पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने की मांग की। धरने का संचालन एमबी स्टेशन शाखा अध्यक्ष आकाश ने किया। इस मौके पर नितिन, अरविंद कुमार, सिद्धार्थ शंकर, पीके भटनागर, सत्येंद्र सिंह, संजय राजे, हिमांशु मिश्रा, सत्य प्रकाश यादव, प्रेम सिंह, मोहित कुमार, मूलचंद मीना, शुभम वर्मा, विजय कुमार, सतीश कुमार, अनुज कुमार, आदेश कुमार, देव प्रकाश, अतुल कुमार, संदीप कुमार, गौरव कुमार, राजकुमार, राधेश्याम, सुनील कुमार सैनी, श्याम बहादूर, अजय कुमार, सतपाल, भूपेंद्र व केदार शंकर आदि शामिल रहे।

## छात्र-छात्राएं निर्धारित करें जीवन का लक्ष्य

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मुरादाबाद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) में 6 से 27 सितंबर तक 2024-2025 सत्र के नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का शुक्रवार को समापन हुआ। वक्ताओं ने अपने अनुभव साझा किया। डायरेक्टर डॉ. रोहित गर्ग ने कहा कि 21 दिनों का यह इंडक्शन प्रोग्राम काफी सफल रहा। उन्होंने छात्रों को अपना लक्ष्य निर्धारित करने की सलाह दी। कहा कि छात्रों को हमेशा सकारात्मक रहना चाहिए क्योंकि हमारे विचार हमारे जीवन को दर्शाते हैं। संस्थान के निदेशक डॉ. रोहित गर्ग, अप्लाइड साइंस विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मनीष सक्सेना, कोआर्डिनेटर डॉ ललित मोहन त्रिवेदी ने अतिथियों को सम्मानित किया गया। संचालन सुचिता सक्सेना ने किया।

# सांसद रुचि वीरा को मिली जमानत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**आचार संहिता उल्लंघन**

- लोस चुनाव के दौरान सांसद समेत पांच पर दर्ज हुआ था केस
- एमपी-एमएलए कोर्ट से मिली पांचों को जमानत

**अमृत विचार:** आचार संहिता उल्लघंन के मामले में शुक्रवार को एमपी-एमएलए कोर्ट ने सांसद रुचि वीरा समेत पांच लोगों को जमानत दी है। 2024 लोकसभा चुनाव के दौरान भड़काऊ भाषण देने और आचार संहिता के उल्लघंन पर पांचों के खिलाफ नागफनी थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। गुरुवार को सांसद रुचि वीरा समेत पांचों एमपी-एमएलए कोर्ट में पेश हुए थे। जहां से कोर्ट ने पांचों को जमानत दे दी।

लोकसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता का पालन कराने के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए फ्लाइंग सर्विलांस टीम (एफएसटी) और स्टेटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) का गठन किया गया था। मुरादाबाद एसएसटी प्रभारी शिव मोहन ने नागफनी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि आठ अप्रैल 2024 को दोपहर के समय उन्हें सूचना मिली कि नागफनी थाना क्षेत्र के डेहरिया मोहल्ले में रहने वाले असद मौलाई के यहां बिना अनुमति सभा चल रही है। असद मौलाई पूर्व विधायक राहत मौलाई के पुत्र और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हैं। वह कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष भी रह चुके हैं। सूचना पर एफएसटी टीम डेहरिया पहुंची जहां रुचि वीरा करीब 80 लोगों को संबोधित कर रहीं थीं। संबोधन से पहले उनका स्वागत भी किया गया। जब प्रत्याशी से सभा की अनुमति के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कोई अनुमति नहीं दिखाई। साथ ही यह भी कहा कि घर में कार्यक्रम हो रहा है इसलिए यह आचार संहिता के उल्लंघन का मामला नहीं है। हालांकि एफएसटी प्रभारी के अनुसार इस तरह बिना अनुमति के जनसभा करना चुनाव की आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन था। इस संबंध में शिवमोहन की तहरीर पर सपा प्रत्याशी रुचि वीरा और असद मौलाई समेत पांच आरोपियों पर मामला दर्ज किया गया था। शुक्रवार को रुचि वीरा समेत पांचों एमएपी-एमएलए कोर्ट में पेश हुए। इसके बाद एमपी-एमएलए कोर्ट ने सांसद रुचि वीरा समेत पांचों को मामले में जमानत दे दी।

**एक नजर**

### उर्स में कव्वालों ने बांधा समा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर के पीलीकोठी स्थित हजरत शाह मोहम्मद इस्हाक मियां के उर्स में सुबह से ही अकीदतमंदों का तांता लगा रहा। फजर की नमाज के बाद कुरान ख्वानी हुई। दोपहर चादर एवं गुल पोशी कई गई। असर की नमाज के बाद कुल शरीफ की महफिल सजाई गई। रात ईशा की नमाज के बाद कव्वाली की महफिल सजी। जिसमें देर रात तक कव्वालों ने कलाम पेश कर समा बांध दिया। इस मौके पर कमाल इस्हाकी, जमाल इस्हाकी, हाजी इकबाल आदि शामिल रहे। देर रात में हाफिज हम्जा जमाल इस्हाकी ने मुल्क में अमन की दुआ कराई।

### ग्राम चौपाल में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**बिलारी, अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम देवीपुर नगला और फतेहपुर नत्था में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें बीडीओ चैतन्य पाठक ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। खंड विकास अधिकारी चैतन्य कुमार पाठक ने बताया कि ग्राम चौपाल में ग्रामीणों को योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

# ओवरब्रिज निर्माण को कराएं निरीक्षण

## सुव्यवस्थित यातायात को साप्ताहिक बाजार स्थानांतरित करने का निर्देश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



अपने कार्यालय सभागार में बैठक करते मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने शुक्रवार को अपने कार्यालय सभागार में मंडलीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक ली। उन्होंने इसमें उद्यमियों की समस्याओं के बारे में जानकारी कर उसके निस्तारण का निर्देश दिया। मंडलायुक्त ने मुरादाबाद के पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 24 पर प्रेम वंडर लैंड के समीप स्थित सम्पार संख्या 413-ए पर दूसरे चरण में अतिरिक्त डबल लेन उपरिगामी सेतु के निर्माण करने के मामले में मंडल रेल प्रबन्धक के प्रतिनिधि द्वारा नया प्रस्ताव शुरू करने की जानकारी पर उप परियोजना प्रबन्धक उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम को निर्देश दिया कि वह संयुक्त निरीक्षण कर रिपोर्ट दें।

बैठक में मोहम्मदपुर बस्तौर, सम्भल रोड मुरादाबाद पर नाले के निर्माण सम्बंधी प्रकरण पर मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की सचिव अंजूलता ने बताया कि इस नाले के लिए वर्तमान में भूमि उपलब्ध न होने और सड़क मार्ग को 4 लेन बनाने का प्रस्ताव है। इसलिए वर्तमान में नाला निर्माण का प्रस्ताव स्वीकृत करना उचित नहीं है। महानगर में मुख्य मार्ग पर लगने वाली साप्ताहिक बाजारों के कारण हो रही यातायात संबंधी समस्या पर मंडलायुक्त ने इन बाजारों को दूसरी जगह स्थानांतरित करने का निर्देश अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार को दिया।

साथ ही ई-कचरा का उठान कराते हुए उसके रिसाइक्लिंग का बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित कराने के लिए कहा। बैठक में उद्यमियों ने साइबर अपराध के मामलों के बारे में मंडलायुक्त को बताया। जिस पर उन्होंने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से समन्वय के साथ साइबर सुरक्षा से जुड़े मामलों में ठोस कदम उठाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि एमओयू से सम्बन्धित विभागों के अधिकारी जीबीसी रेडी इकाइयों में जिनके द्वारा वाणिज्यक उत्पाद प्रारम्भ नहीं हुआ है, वहां प्राथमिकता के आधार पर प्रक्रिया कर वाणिज्यिक उत्पादन प्रारम्भ कराएं।

बैठक में उपायुक्त प्रशासन सुभेश तिवारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अनिल कंसल, प्रोजेक्ट मैनेजर उप्र ब्रिज कार्पोरेशन शशिकान्त, एरिया मैनेजर यूपीसीडा येशु मौर्या, अधीक्षक अभियंता लोनिवि एसपी सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर एनएचएआई चिन्नप्पा, मुख्य अभियंता बिजली राकेश मोहन, सहायक विकास आयुक्त सेज विकास यादव, क्षेत्रीय अधिकारी उप्र प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड आशुतोष चौहान के अलावा चेयरमैन यंग एंट्रप्रेन्योर सोसायटी जेपी सिंह, नोमान मंसूरी आदि उद्यमी मौजूद रहे।

## आगजनी करने वाले आरोपी हिरासत में पूछताछ जारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** गलशहीद थाना क्षेत्र में आगजनी के मामले में पुलिस आरोपियों की शिनाख्त में जुटी है। शुक्रवार को पुलिस ने कई आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। वारदात में शामिल आरोपियों की वाडियो फुटेज से भी पहचान की जा रही है।

थाना क्षेत्र के मोहल्ला खोकरान सराय किशनलाल निवासी तौफीक अहमद का बेटा हस्सान(16 वर्ष) अपने छोटे भाई के साथ बुधवार रात चांद वाली मस्जिद की ओर जा रहा था। इसी दौरान आरोपी ने किशोर से कार में बैठने के लिए कहा था। किशोर डरकर वहां से भाग गया था। इसके बाद पड़ोसी आरिफ का बेटा आदिल(14 वर्ष) देखकर आरोपी उसे जबरदस्ती खींचकर कार में बिठाने का प्रयास किया था। इतने में किशोर ने शोर मचाना शुरू कर दिया। चंद मिनटों में सैकड़ों लोगों की भीड़ जुट गई थी। बिना सोचे समझे भीड़ ने आरोपी युवक पर हमला कर दिया। इतने में बेकाबू भीड़ ने आरोपी कार में फूंक दी। पुलिस ने रामपुर के टांडा का रहने वाले आरोपी नसीर मौके से गिरफ्तार कर लिया था। हस्सान के पिता ने मामले में आरोपी के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था।

# दरोगा के बेटे पर कार चढ़ाने के प्रयास का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**कार्रवाई**

- शराब पीने के लिए पैसे मांग रहा था आरोपी, जेल भेजा
- वारदात में प्रयुक्त उसकी कार भी बरामद कर ली

**अमृत विचार:** शराब के लिए पैसे न देने पर दरोगा के बेटे और भांजे पर कार चढ़ाकर मारने की कोशिश करने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी अलविन सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के आशियाना कॉलोनी निवासी सतीश कुमार यूपी पुलिस में दरोगा हैं। उनका बेटा शिवम और शामली के कैराना थाना क्षेत्र के पावटी कला निवासी भांजा सोनू कुमार नोएडा में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। बीते छह सितंबर को रात करीब एक बजे शिवम व सोनू अपने दोस्तों दिपेश, इशान महरोत्रा, कुश यादव और मनू मित्तल के साथ नोएडा से आशियाना आ रहा था। मझोला थाने के सामने पानी की बोतल लेने के लिए कार रोके थे तभी वहां मौजूद सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के कोर्ट रोड निवासी अलविन सिंह ने अपने साथियों के साथ मिलकर सोनू और शिवम से भद्रता की। इनसे ब्लू लेबल शराब की बोतल मांगी या उसकी कीमत देने को कहा। शराब के लिए पैसे देने से इनकार करने पर आरोपियों ने गाली गलौज की। बाद में जब सोनू और शिवम अपनी कार में बैठने लगे तभी अलविन ने उसके ऊपर कार चढ़ा दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। में उसे दिल्ली के मेदांता में भर्ती कराया गया, जहां वह कई दिन तक कोमा में रहा।

अभी भी उसका उपचार चल रहा है। इस मामले में पुलिस ने सोनू की तहरीर पर अलविन सिंह और उसके अज्ञात साथियों पर जानलेवा हमला समेत अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया था। तभी से आरोपी फरार चल रहा था। एसएचओ मझोला मोहित चौधरी ने बताया कि शुक्रवार को पुलिस टीम ने आरोपी अलविन सिंह को गिरफ्तार कर वारदात में प्रयुक्त उसकी कार भी बरामद कर ली। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# दुनियाभर के देशों में टीएमयू की बेटियों ने जमाई धाक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**उपलब्धि**

- टीएमयू की पास आउट छात्राओं ने साझा किए अनुभव

**अमृत विचार:** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी से पास आउट छात्राएं दुनिया के कई देशों में नामी गिरामी कंपनियों में अहम जिम्मेदारी संभाल रही हैं। नॉर्थ इंडिया के इस प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान के 23 बरस के सफर से हीरे की तरह चमकने वाली छात्राओं की इस ऐतिहासिक सफलता से कुलाधिपति सुरेश जैन गदगद हैं। उन्हें अपने छात्राओं पर गर्व है। इनमें मशहूर पार्श्व गायक सोनू निगम की कजिन दिल्ली की डॉ. शिवांगी निगम भी शामिल हैं। टीएमयू से डॉक्टरेट डॉ. शिवांगी नीदरलैंड में बतौर एजुकेशनल कंसल्टेंट के पद पर सेवाएं दे रही हैं।

2012 की एमबीबीएस एल्युमिना डॉ. राधिका माथुर अमेरिका में फ्लोरिडा के नामचीन हॉस्पिटल में इंटरनल मेडिसिन रेजीडेंस फिजिशियन के रूप में सेवाएं दे रही हैं। सेहत के प्रति हमेशा संजीदा अहमदाबाद निवासी डॉ. माथुर कहती हैं कि टीएमयू के संग माता-पिता के सपनों को धरातल पर मूर्त रूप दे रही हूं। 2014 में कम्प्यूटर साइंस की पासआउट काव्या जोशी लंदन में बतौर डेटा साइंटिस्ट कार्यरत हैं। 2018 की नर्सिंग एल्यूमिना महिमा मसीह लंदन में बतौर रजिस्टर्ड एडल्ट नर्स कार्य कर रही हैं। कानपुर की मसीह कहती हैं कि फैकल्टी का गाइडेंस, सघन प्रैक्टिकल ट्रेनिंग मेरी सफलता का राज है। यूपी की आंचल जैन दुबई में अकाउंटस एक्जिक्यूटिव के पद पर हैं। 2014 में रेडियोलॉजी में यूजी पास आउट एनसीआर की हिना कहती हैं कि टीएमयू का परिवेश अतुलनीय है।

## बाढ़ से सदर तहसील के 10578 किसान प्रभावित

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** बाढ़ की विभीषिका में सदर तहसील के 33 गांवों के 10,578 किसान प्रभावित हुए हैं। इनके फसलों के नुकसान की सर्वे रिपोर्ट आने के बाद इन्हें मुआवजा दिलाने की पहल होगी।

जिलाधिकारी अनुज सिंह ने बाढ़ व अतिवृष्टि के चलते जिले में फसल नुकसान का सर्वे कराने का आदेश दिया था। सर्वे की रिपोर्ट में तहसील सदर क्षेत्र के बाढ़ एवं अतिवृष्टि के कारण फसल नुकसान के सर्वे में 33 गांवों के 10,578 किसान चिह्नित हुए हैं। इनके फसल नुकसान का आकलन हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार तहसील सदर क्षेत्र में 1932.37 हेक्टेयर धान की फसल का रकबा बाढ़ से प्रभावित हुआ है। जबकि 60.2 हेक्टेयर उड़द फसल की फसल प्रभावित हुई। 12.2 हेक्टेयर भूमि कटान का प्रभावित रकबा चिह्नित किया गया है। इसी प्रकार तहसील कांठ में 33 प्रतिशत से कम और ठाकुरद्वारा में 10- 15 प्रतिशत फसल नुकसान की पुष्टि हुई है।

# चार बाइक चोर गिरफ्तार, 10 बाइकें बरामद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



पकड़े गए बाइक चोर व बरामद बाइकें। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** मझोला थाना पुलिस ने चार युवकों को गिरफ्तार कर बाइक चोर गैंग का खुलासा किया है। इनमें एक आरोपी मुरादाबाद के मैनाठेर और तीन संभल के रहने वाले हैं। आरोपियों के पास से पुलिस ने चोरी की दस बाइकें बरामद की हैं, जिसे शहर में अलग-अलग जगह से चोरी किया गया था।

एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए नियमित रूप से अभियान चल रहा है। इसी अभियान के तहत शुक्रवार सुबह एसएचओ मझोला मोहित चौधरी और टीपीनगर चौकी प्रभारी एसआई अर्जुन सिंह व एसआई जितेंद्र कुमार की टीम ने चार युवकों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों में मैनाठेर निवासी मोहम्मद फहीम, संभल कोतवाली के फतुल्लासराय निवासी साजिद, संभल के ही हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव बटउओ ततारपुर निवासी जफसर अली और संभल कोतवाली के बेगम सराय निवासी मोहम्मद अहमद शामिल हैं। आरोपियों के कब्जे से चोरी की बाइकें बरामद की गईं। इनमें से तीन बाइकें मझोला थाना क्षेत्र से ही चोरी की गईं थीं। जबकि एक अमरोहा के डिडौली थाना क्षेत्र से चुराई गई थी। एसपी सिटी के अनुसार पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह चारों आपस में दोस्त हैं। अपने महंगे शौक पूरे करने के लिए कुछ समय से गिरोह बनाकर बाइकों को चोरी करते थे। चोरी करने के बाद उसे छिपाकर कहीं खड़ी करके देते थे। मौका पाकर उसकी नंबर प्लेट, चेचिस नंबर आदि बदल कर उसे औने-पौने दाम पर बेच देते थे। जो भी रकम मिलती थी उसे चारों आपस में बांट लेते थे। आरोपियों के पास से चो बाइकें मिली है उसे भी अलग-अलग जगह से चोरी करके एकत्रित कर रखी थी। चारों आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

### चार बाइकों के साथ तीन चोर गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना पुलिस ने तीन ऑटो लिफ्टरों को गिरफ्तार कर चोरी की चार बाइक बरामद की है। दो आरोपी सिविल लाइंस और एक मझोला का रहने वाला है। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि तीनों आरोपी अपने महंगे शौक पूरा करने और नशे के लिए चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। तीनों को जेल भेज दिया गया है। एसएचओ सिविल लाइंस मनीष सक्सेना के नेतृत्व में एसआई संजय कुमार सिंह और एसआई अनुज कुमार की टीम ने शुक्रवार को चेकिंग के दौरान सिविल लाइंस के आंबेडर कालोनी हरथला निवासी विजय सिंह, हरथला शिवमंदिर निवासी शिवम और मझोला के गांव मनोहरपुर निवासी अंकित कुमार को गिरफ्तार किया।

## 100 मीटर की दूरी तक नहीं बिकेंगे पान मसाला

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जनपद की शैक्षिक संस्थाओं के साथ ऑनलाइन जागरूकता गोष्ठी हुई। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने जिला स्तरीय एनकोर्ड समिति की बैठक के दौरान दिए गए निर्देशों के अनुरूप नशा मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत ऑनलाइन गोष्ठी में 50 से अधिक शैक्षिक संस्थाओं के प्राचार्य, प्रधानाचार्यों ने प्रतिभाग किया। जिसमें नशा मुक्त भारत अभियान के विषय में जानकारी प्रदान की गई। शुक्रवार को नशा मुक्त अभियान के विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं स्टाफ को अभियान से जोड़े रखने के साथ शैक्षिक संस्थाओं को नशा मुक्त भारत बनाने के लिए सरकार द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करने की बात पर जोर दिया गया। सभी शैक्षिक संस्थानों में प्रधानाचार्य, प्राचार्य की अध्यक्षता में पांच सदस्य टीम गठित की जाएगी। जो नशा मुक्त भारत अभियान की जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान करने तथा उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगी।

**ट्रेड शो** — स्टालों पर पहुंच रहे विदेशी ग्राहक, घरेलू सजावट के साथ-साथ हैंडीक्राफ्ट आइटम पसंद कर रहे विदेशी ग्राहक

# महानगर के निर्यातकों व शिल्पकारों को मिल रहे बड़े आर्डर

कार्यालय संवाददाता, मुरादबाद



ट्रेड शो में स्टॉल पर जानकारी करते विदेशी ग्राहक। ● अमृत विचार

> मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीतल नगरी के शिल्पकारों और निर्यातकों को एक अच्छा प्लेटफार्म दिया है। मुरादाबाद समेत प्रदेश के अन्य जनपदों के कारोबारियों को अच्छा कारोबार मिलेगा। ट्रेड शो में काफी बड़े देशों के ग्राहक हिस्सा ले रहे हैं। शिल्पकारों और निर्यातकों को अच्छा कारोबार मिल रहा हैं।
>
> -नवेद खान, निर्यातक

- ट्रेड शो में जनपद के 100 से ज्यादा शिल्पकारों ने हिस्सा लिया
- दो दिन और चलेगा शो, अच्छे आर्डर मिलने की संभावना

**अमृत विचार:** ग्रेटर नोएडा में उत्तर प्रदेश सरकार व इंडिया एक्सपो मार्ट के तत्वावधान में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो से महानगर के निर्यातकों को अच्छा कारोबार मिल रहा है। ट्रेड शो में जनपद के 100 से ज्यादा शिल्पकारों ने हिस्सा लिया है। जिसमें कुछ निर्यातक भी शामिल हैं। पीतल नगरी के कारोबारियों के स्टाल पर विदेश ग्राहक पहुंच रहे हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार व इंडिया एक्सपो मार्ट के तत्वावधान में 25 सितंबर से ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट पर यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 29 सितंबर तक चल रहा है। एक्सपोर्ट के मेलों के माध्यम से विदेशी ग्राहकों के साथ ज्यादातर पीतल नगरी के निर्यातक ही रूबरू हो रहे हैं। विदेशी ग्राहकों के ऑर्डर भी निर्यातकों पर बरसते हैं, लेकिन यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के प्लेटफार्म पर मुरादाबाद के शिल्पकारों को भी विदेशी खरीदारों से सीधे रूबरू होने का मौका इस बार मिला है।

ट्रेड शो में विदेशी ग्राहक उनके स्टाल पर पहुंचकर उत्पाद देख रहे हैं और खरीदारी के लिए उन्हें ऑर्डर दे रहे हैं। शो में यूरोप समेत कई देशों से पहुंचे ग्राहकों के ऑर्डर शिल्पकारों के स्टाल पर पहुंच रहे हैं।

नेशनल अवार्ड प्राप्त मुरादाबाद के शिल्पकार इकराम हुसैन ने ट्रेड शो में अपना स्टाल लगाया है। इकराम हुसैन को ब्रोनोई के खरीदार ने 2000 से अधिक नक्काशी युक्त पीतल की प्लेट्स तैयार करने का ऑर्डर दिया। पहली बार विदेशी खरीदार से ऑर्डर मिलने पर इकराम हुसैन काफी खुश हैं। वहीं निर्यातक नजमुल इस्लाम ने बताया कि उनके स्टॉल पर विदेश के ग्राहक आ रहे हैं।

उन्होंने बताया कि वह पीतल के फूलदान बनाते हैं। ओडीओपी से उनके उत्पादों को नई पहचान मिल रही है। शो अभी दो दिन और चलेगा, जिससे और अच्छे आर्डर मिलने की उम्मीद है।

# रेलवे ट्रैक पर होगी गश्त: प्रकाश डी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



अधकारियों संग बैठक करते अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे। ● अमृत विचार

- अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे बोले- यात्रियों की सुरक्षा को बढ़ाएंगे ट्रेनों में स्क्वायड

**अमृत विचार:** पिछले दिनों रेलवे ट्रैक पर पत्थर व अन्य सामान रखने जैसी घटनाओं को रोकने के लिए राजकीय रेलवे पुलिस, रेलवे सुरक्षा बल और सिविल पुलिस मिलकर रात में गश्त करेंगे। इसके अलावा यात्रियों की सुरक्षा के लिए ट्रेनों में स्क्वायड बढ़ाने का काम किया जा रहा है। यह बात अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे प्रकाश डी ने शुक्रवार को जीआरपी लाइन में कहीं।

शुक्रवार को अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे समीक्षा के लिए जीआरपी लाइन पहुंचे। जहां एसपी रेल आशुतोष शुक्ला ने अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ उनका स्वागत किया। जिसके बाद जीआरपी के जवानों ने उन्हें सलामी दी। अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे ने समीक्षा में उन्होंने मौजूद अधिकारियों को अपराधियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा के साथ रेल यात्रियों को जागरूक करने के लिए के लिए अभियान चलाएं। रामपुर और मुरादाबाद जीआरपी थाने के पुलिस कर्मियों को सम्मानित भी किया। जिसके बाद वह पत्रकारों से रूबरू हुए। उन्होंने कहा कि रात के समय ट्रेनों व रेलवे ट्रैक पर कोई घटना न हो, इसके लिए राजकीय रेलवे पुलिस, रेलवे सुरक्षा बल और सिविल पुलिस को मिलकर गश्त करने के आदेश दिए गए हैं।

इस मौके पर एसपी रेल आशुतोष शुक्ला व एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## शहर में आज



☞ गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में इन्वेस्टर्स अवेयरनेस पर व्याख्यान दोपहर 12 :00 बजे।

☞ विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा आंबेडकर पार्क से मंडलायुक्त कार्यालय पर पहुंचकर ज्ञापन दिया जाएगा पूर्वाह्न 11 :00 बजे।

☞ वंदे भारत (संस्कार संस्कृति संवाहक) की ओर से सरदार भगत सिंह की जयंती पर अभिनंदन कार्यक्रम स्वतंत्रता सेनानी भवन कंपनी बाग में शाम 4 :00 बजे।

# गांवों में सफाई व्यवस्था की देखरेख के लिए बनाए गए नोडल अधिकारी

- सीडीओ ने संचारी रोगों की रोकथाम के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव ने गांवों में संचारी रोगों की रोकथाम के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। उन्हें गांवों की सफाई व्यवस्था की देखरेख के लिए नोडल अधिकारी बनाया है।

शुक्रवार को जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा ने बताया कि एक अक्टूबर से एक महीने के लिए गांवों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। बड़ी ग्राम पंचायतों में अतिरिक्त श्रमिक लगाए जाएंगे। वैसे तो सफाई अभियान जिले की 643 ग्राम पंचायतों में चलाया जाएगा। लेकिन, जिन गांवों में अधिक गंदगी काफी समय से बनी हुई है उन्हें चयनित कर प्राथमिकता से साफ-सफाई कराई जाएगी। सीडीओ ने संचारी रोगों की रोकथाम के चलाए जाने वाले अभियान को सफल बनाने के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों को खंड बार नोडल अधिकारी बनाया है। मुरादाबाद ब्लॉक पर डीपीआरओ वाचस्पति झा, भगतपुर ब्लॉक में जिला विकास अधिकारी जीवी पाठक, छजलैट ब्लॉक की जिम्मेदारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार को दी गई है। जबकि डिलारी ब्लॉक की मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कंसल, ठाकुरद्वारा ब्लॉक की परियोजना निदेशक डीआरडीए निर्मल कुमार द्विवेदी, कुंदरकी ब्लाक की जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र गौतम, बिलारी की जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी तथा मूंढापांडे ब्लॉक की जिम्मेदारी उपायुक्त स्वतःरोजगार आरपी भगत को सौंपी है। सभी खंड विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत व पंचायत सचिवों की भी जिम्मेदारी तय की गई है।

## पेड़ से लटका मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**काशीपुर, अमृत विचारः** एक युवक का शव जैतपुर रोड पर लीची के बाग में पेड़ से लटका मिला। सूचना पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजनों ने युवक की हत्या किए जाने का शक जताया है। पुलिस इस मामले में कुछ युवकों से पूछताछ कर रही है। कुंडेश्वरी निवासी विकास उर्फ भूरा (20) पुत्र दीपक सिंह गुरुवार रात से गायब था। शुक्रवार की सुबह कुंडेश्वरी के कुछ लोग टहलने के लिए जैतपुर रोड स्थित लीची के बाग की तरफ गए तो वहां एक बाग में विकास उर्फ भूरा का शव पेड़ से टी शर्ट के सहारे लटका मिला। ग्रामीणों की सूचना पर कुंडेश्वरी चौकी प्रभारी चंदन सिंह बिष्ट पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अविवाहित बताया गया है। परिवार में उसके पिता दीपक के अलावा मां धर्मवती व दो भाई हैं।

### लाइनपार रामलीला मैदान में मुकुट पूजन के बाद शाम को हुई भजन संध्या

# मैं तो लाडला खाटू श्याम वाले का...पर झूमे लोग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** लाइनपार के रामलीला मैदान में शुक्रवार को मुकुट पूजन के साथ रामलीला मंचन शुरू हो गया। पंडित जगदंबा ने पूजन कराने के बाद रामलीला का मंचन करने वाले कलाकारों का भी तिलक कर सम्मान किया। पूजन के दौरान जय श्री राम का जयघोष होता रहा। बिजली का कनेक्शन न मिलने पर जनरेटर का सहारा लेना पड़ा।

मुख्य यजमान दिल्ली से आए राधा गोयल सपत्नीक रहे। आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। राजीव प्रकाश बंसल, सुरेंद्र कुमार अग्रवाल, संदीप बंसल, रोहित बंसल, रोबिन अग्रवाल, अनुज अग्रवाल समेत मंचन करने वाले दारा ग्रुप के कलाकार भी मौजूद रहे। शाम को मंच पर रामलीला मैनेजिंग कमेटी के तत्वावधान में श्याम सेवा समिति ने मंच पर खाटू श्याम की भजन संध्या की गई। जिसकी शुरुआत भगवान गणेश की वंदना और अन्य देवी देवताओं के आह्वान से की गई। जिसमें मीत सिंह, अंकित अंजाना और दिल्ली से आए विवेक शर्मा मुख्य भजन गायक रहे। इन्होंने पहला भजन कीर्तन है रात खाटू श्याम का, सुनाकर माहौल भक्तिमय कर दिया।

जिसके बाद मैं तो लाडला खाटू श्याम वाले का, भजन सुनाकर सभी को झूमने के लिए विवश कर दिया। भजन गायकों ने गाया दीनानाथ मेरी बात मनवा देना तो लोग झूमने लगे। अब चरमता की ओर बढ़ते हुए भजन मेरी बिगड़ी मेरा खाटू श्याम बाबा ही बनाएगा तो पूरा पंडाल झूमने लगा। हालांकि मैदान में पानी भरा होने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। भजन संध्या में समिति के अध्यक्ष पुनीत अग्रवाल एवं उपाध्यक्ष लक्ष मदान सहित पूरी टीम शामिल रही।



लाइनपार रामलीला मैदान में मुकुट पूजन करते श्री रामलीला समिति के सदस्य। ● अमृत विचार

## एक नजर

### नगर पालिका ने किया सेल्फी प्वाइंट का आरंभ

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर में पालिकाध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी के नेतृत्व में वेस्ट टू वंडर के अंर्तगत सेल्फी प्वाइंट का शुभारंभ किया गया। शुक्रवार को नगर पालिका द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ नगर पालिकाध्यक्ष इरफान सैफी व अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य की अध्यक्षता में किया गया। साथ ही वेस्ट टू वंडर के अंतर्गत सेल्फी प्वाइंट का शुभारंभ किया गया। इस दौरान पालिकाध्यक्ष ने कहा कि स्वच्छता का प्रभाव सीधा हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है। उन्होंने आमजन से स्वच्छता ही सेवा अभियान में भाग लेने की अपील की। वही अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के 10 वर्षों की सफलतापूर्वक पूर्णता के उपलक्ष्य में मनाया जा रहा है।

### बैंक को लगाया चार करोड़ का चूना

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** अल्मोड़ा अर्बन कोआपरेटिव बैंक में फर्जी रजिस्ट्री को बंधक बनाकर करोड़ों का चूना लगाने का मामला सामने आया है। आरोप था कि दंपति ने जिन संपत्ति को दिखाकर लोन लिया था। उन संपत्तियों में उनका नाम ही दर्ज नहीं है। पुलिस ने सहायक महाप्रबंधक की दायर याचिका पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अल्मोड़ा अर्बन कोआपरेटिव बैंक शाखा के सहायक महाप्रबंधक संजय सिंह बिष्ट ने बताया कि वर्ष 2016 को रामजी बिहार कॉलोनी देवलचौड़ हल्द्वानी निवासी दंपति विशाल सिंह व स्वीटी सिंह बैंक शाखा में आए। इस दौरान उन्होंने पंतनगर में मैसर्स ऑल नाम की फर्म का पार्टनर बताते हुए कारोबारी के लिए एक हॉल खरीद के लिए लोन का आवेदन किया।

# आय में वृद्धि को श्री अन्न की खेती करें किसान

### पंचायत भवन में मंडल एवं जनपद स्तरीय तिलहन मेला प्रदर्शनी एवं कृषक गोष्ठी का आयोजन

- पराली न जलाने का किया आह्वान, मंडलायुक्त ने किसानों को बांटीं तौरिया के बीज की किट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** पंचायत भवन सभागार में मण्डल एवं जनपद स्तरीय तिलहन मेला प्रदर्शनी एवं त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम योजना के अन्तर्गत कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने जहां किसानों से पराली न जलाने का आह्वान किया, वहीं आय में वृद्धि के लिए श्री अन्न (मिलेट्स) की खेती करने के लिए प्रेरित किया।

रविवार को मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह, संयुक्त कृषि निदेशक जीवन प्रकाश और उप निदेशक कृषि संतोष कुमार द्विवेदी ने संयुक्त रूप से जनपद स्तरीय कृष्क गोष्ठी व कृषि प्रदर्शनी मेले का फीता काटकर आरंभ किया। इसके बाद मंच पर पहुंचे मंडलायुक्त का आयोजकों ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इसके बाद दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती की वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कृषि विभाग द्वारा आयोजित गोष्ठी पंचायत भवन सभागार और कृषि मेला परिसर लगाया गया। परिसर में तिलहन मेला प्रदर्शनी में मुरादाबाद मण्डल के सभी जनपदों के स्टॉल लगाए गए। मण्डलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने नकली तेल से बचने के लिए तिलहनी फसलों के उत्पादन पर जोर दिया। वहीं उन्होंने प्राकृतिक खेती की तरफ वापस आकर परिश्रम करने करने की बात कही। स्वयं के लिए सम्मान की भावना रखने के लिए कृषकों को प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने पराली न जलाए जाने तथा उसे सड़ाकर खाद बनाने के लिए कृषकों को प्रेरित किया। मिलेट्स की खेती किये जाने से होने वाले लाभ तथा मिलेट्स में पाये जाने वाले पोषक तत्वों, मूल्य संवर्द्धन करके आय में वृद्धि की विस्तृत जानकारी देते हुए मिलेट्स (श्री अन्न) की खेती किये जाने के लिए भी कृषकों को प्रेरित किया गया। मण्डलायुक्त ने किसानों को तोरिया बीज की मिनी किट का भी वितरण किया। उप निदेशक कृषि संतोष कुमार द्विवेदी ने जनपद में चल रही कृषि विभाग की योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। जिसमें तिलहन फसलों एवं मक्का के आच्छादन में वृद्धि करते हुए वैज्ञानिक तरीके से खेती करके उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि किये जाने के लिए कृषकों को प्रोत्साहित किया। कृषकों को अवगत कराया कि संकर मक्का, पॉपकॉर्न मक्का, बेबी कॉर्न मक्का एवं स्वीट कॉर्न मक्का का लक्ष्य आवंटित किया गया है। जिसके बीजों पर अनुदान की व्यवस्था भी की गई है। इसका मूल्य संवर्द्धन करके अच्छी आय प्राप्त की जा सकती है।

कृषि विज्ञान केंद्र ठाकुरद्वारा एवं बिलारी के वैज्ञानिकों एवं टीएमयू के प्रोफेसर द्वारा वैज्ञानिक तरीके से खेती किये जाने पर विस्तृत चर्चा की गयी। कृषि एवं कृषि सहयोगी विभाग के अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग में संचालित योजनाओं की जानकारी प्रदान की।

संयुक्त कृषि निदेशक जीवन प्रकाश ने विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए तिलहनी फसलों एवं मक्का उत्पादन हेतु कृषकों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में अपर निदेशक (पशुपालन) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, उप निदेशक कृषि रामपुर शैलेन्द्र कुमार, उप निदेशक कृषि अमरोहा डॉ. राम प्रवेश, जिला कृषि अधिकारी डॉ. राजेन्द्र पाल, भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ. योगेन्द्र कुमार समेत मण्डल के अन्य जनपदों से आए हुए अधिकारी एवं कर्मचारी तथा किसान प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



पंचायत भवन सभागार में गोष्ठी में किसानों को संबोधित करते मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह। ● अमृत विचार



पुलिस गेम्स क्लब में हुई टेनिस प्रतियोगिता में मैच के दौरान शॉट लगाता खिलाड़ी।

# पुलिस अकादमी में एचएस चड्ढा मेमोरियल टूर्नामेंट का आगाज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** एचएस चड्ढा मेमोरियल चैंपियंस कप टूर्नामेंट की शुरूआत शुक्रवार को हुई। जिसका आरंभ डॉ. बीआर आंबेडकर पुलिस एकेडमी के पुलिस गेम्स क्लब में मुख्य अतिथि डीआईजी बाबूराम ने किया।

अंतर्राष्ट्रीय टेनिस संघ द्वारा संचालित व ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को एचएस चड्ढा मेमोरियल चैंपियंस कप टूर्नामेंट की शुरूआत हुई। टूर्नामेंट के सचिव अवनीश रस्तोगी ने बताया कि पहले दिन का मैच करन दुग्गल एवं दिलीप मोहन के बीच हुआ। इस मैच में करन दुग्गल को वॉक ओवर मिला। दूसरा मैच डॉ. अतुल नाथ एवं अंकुश अग्रवाल के बीच खेला गया। जिसमें डॉ. अतुल नाथ को वॉक ओवर मिला। तीसरा मैच देवेंद्र चावला एवं शिव मोहन शर्मा के बीच खेला गया। जिसमें शिव मोहन 6-4 व 6-2 से जीते। उन्होंने बताया कि यह टूर्नामेंट दो अक्टूबर तक चलेगा। इस मौके पर एएसपी हरेंद्र यादव, टेनिस एसोसिएशन के संरक्षक सरदार गुरजीत सिंह चड्ढा, एसोसिएशन अध्यक्ष, संजीव जैन, आईटीएफ रेफरी, एंटन डिसूजा, अनुज सोनी, डॉ. पीके गुप्ता, चरनजीत शामिल रहे।

## नाबालिग बेटे की हत्या का आरोपी पिता गिरफ्तार

**बाजपुर, अमृत विचारः** नाबालिग बेटे की हत्या के मामले में पुलिस ने मृतक की चाची की तरफ से प्राथमिकी पंजीकृत करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मोहल्ला गांधीनगर सुल्तानपुर पट्टी निवासी आशा पत्नी स्व.सुरेंद्र सिंह ने गुरुवार की देर रात पुलिस को बताया कि उसके जेठ प्रेमशंकर ने अपने बड़े लड़के 13 वर्षीय विवेक की हत्या कर दी और घर में गड्ढा खोदकर उसे दफनाने की फिराक में था। पुलिस मौके पर पहुंची तो मृतक विवेक का शव घर के अंदर चारपाई पर लहूलुहान स्थिति में पड़ा हुआ था और प्रेमशंकर भी मौके पर मौजूद मिला। आरोपी ने पूछताछ करने पर बताया कि उसने अपने लड़के विवेक को लोहे की कमानी व गला घोट कर मार दिया। पुलिस ने घटनास्थल से हत्या में प्रयुक्त लोहे की कमानी, गला घोटने में प्रयुक्त गमछा, फावड़ा आदि बरामद कर लिया।

# हनी ट्रैप में फंसाकर युवक से मांगी पांच लाख की रंगदारी

**अपराध**

- युवती से कराई दोस्ती, फिर बना डाला वीडियो
- पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** कोतवाली इलाके के रहने वाले एक युवक को हनी ट्रैप में फंसाकर लाखों की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। आरोप था कि दंपति ने युवती से मुलाकात कराने के बाद चोरी छिपे वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मॉडल कॉलोनी के रहने वाले एक युवक ने बताया कि 15 दिन पहले उसकी मुलाकात एक दंपति से हुई थी। जहां आरोपी राहुल उर्फ सूरज ने धोखे से काली नगर स्थित एक घर पर बुलाया। जहां दंपति ने उसकी मुलाकात एक युवती से करवाने के बाद कमरे में बंद कर दिया। उन्होंने बताया कि युवती ने रजामंदी से शारीरिक संबंध बनाए, लेकिन दंपति ने कमरे में कैमरा लगाकर वीडियो बना ली। इसके बाद से ही आरोपी दंपति वीडियो भेजकर बदनाम करने और झूठा मुकदमा दर्ज करवाने की धमकी देने लगे। आरोप था कि दंपति ने पांच लाख नहीं देने पर वीडियो वायरल करने की धमकी देनी शुरू कर दी। आरोप था कि दंपति ने सांठगांठ कर युवती के साथ मिलकर हनी ट्रैप में फंसा कर रंगदारी और बदनाम करने की धमकी देनी शुरू कर दी है। साजिश के बाद से ही वह मानसिक अवसाद से गुजर रहा है और आर्थिक स्थिति भी मजबूत नहीं होने के कारण पांच लाख रुपये भी देने में सक्षम नहीं है।

## बिजनेस पार्टनर बता बैंक के हड़पे साढ़े तीन करोड़

**रुद्रपुर, अमृत विचारः** इंस्पिरेशन सर्विस का पार्टनर बताकर लोन के नाम पर करोड़ों रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। आरोप था कि बंधक रजिस्ट्री से लेकर दशाई गई दंपति भी फर्जी निकले। जिसके बाद पुलिस ने सहायक महाप्रबंधक द्वारा याचिका व न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है।

अल्मोड़ा अर्बन कोऑपरेटिव बैंक शाखा के सहायक महाप्रबंधक संजय सिंह बिष्ट ने बताया कि वर्ष 2016 में छड़ायल नयागांव बद्री विशाल कॉलोनी हल्द्वानी निवासी जीवन चंद्र और आइडिया कॉलोनी किच्छा रोड ग्राम कोठा निवासी शुचि भारद्वाज बैंक में आए और मैसर्स इंस्पिरेशन सर्विसेज का पार्टनर बताते हुए कारोबार के लिए भवन खरीद पर ऋण देने का आवेदन किया। आवेदनकर्ता पार्टनर ने साढ़े तीन करोड़ रुपये का लोन प्राप्त कर लिया।

# आश्वासन पर शिक्षकों का धरना स्थगित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला शाखा का प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष सर्वेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा से मिला। दांग स्कूल परिसर स्थित कार्यालय में शिक्षकों की लंबित समस्याओं पर चर्चा हुई। वार्ता के बाद 28 सितंबर को प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन को स्थगित कर दिया गया है।

वित्त एवं लेखाधिकारी को सौंपे 13 सूत्रीय ज्ञापन पर बिंदुवार वार्ता में चर्चा हुई। जिसमें 31 मार्च 2024 को सेवानिवृत्त हुए परिषदीय शिक्षकों की शेष पत्रावलियां निराकरण कर शीघ्र कोषागार भेजे जाने, अंतर्जनपदीय व जनपद के अन्य शिक्षकों के लंबित एरियर बिल शीघ्र स्वीकृत करने, स्वीकृत चयन वेतनमानों को जांच बाद उसी माह के वेतन में लगाने, पुरानी पेंशन धारक शिक्षकों की सामान्य भविष्य निधि खातों की लेखा पर्चियां शीघ्र वंचित विकास खंडों में वितरित कराने, सामान्य भविष्य निधि खातों से ऋण प्राप्त करने की प्रक्रिया को सरल बनाने, एनपीएस धारक शिक्षकों के प्रान खातों में फंड मैनेजर बदले जाने की जांच कराने आदि मांग शामिल रही।

जिलाध्यक्ष ने बताया कि वार्ता के बाद निर्णय लिया गया कि 28 सितम्बर को प्रस्तावित शिक्षकों के धरना-प्रदर्शन को अगले निर्देश तक स्थगित किया जाता है। प्रतिनिधिमंडल में जिलामंत्री धर्मेंद्र प्रताप सिंह, संयुक्त मंत्री प्रदीप शर्मा, उपाध्यक्ष सुरजीत सिंह यादव, ठाकुरद्वारा ब्लॉक के मंत्री त्रिवेंद्र कुमार, मुरादाबाद ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप यादव शामिल रहे।



वित्त एवं लेखाधिकारी से वार्ता करते उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

## संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता का समापन

**कांठ, अमृत विचारः** नगर के डीएसएम इंटर कॉलेज में चल रही दो दिवसीय संकुल स्तरीय बालक वर्ग खेल प्रतियोगिता का समापन हुआ।

संकुल स्तरीय बालक वर्ग खेल प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़ में आकाश शर्मा, 200 मीटर दौड़ में मोहम्मद अनस, 400 मीटर दौड़ में विशाल शर्मा, 800 मीटर दौड़ में आकर शर्मा, 1600 मीटर दौड़ में वास्तु, 3000 मीटर दौड़ में प्रदीप कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक में सत्यम, चक्का फेंक में अभिषेक, भाला फेंक में विशाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ऊंची कूद में आदित्य कुमार, लंबी कूद में विकास तथा हैमर थ्रो में रजनीश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में रेहान, कपिल, गोविंद, भारत, विशेष, रिहान, सचिन, वंश त्यागी, अमन ने तथा सब जूनियर में अनस, तपिश, दीक्षित आदि ने अलग-अलग खेलों में प्रथम स्थान प्राप्त किए।




बैठक में जानकारी देते नगर पंचायत अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी।

# संचारी रोगों के प्रति किया जागरूक

कांठ, संवाददाता

**अमृत विचारः** नगर पंचायत ऊमरी कलां में संचारी रोग अभियान को लेकर नगर पंचायत के कर्मचारी एवं सभासदों को जागरूक किया गया।

शुक्रवार को संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत नगर पंचायत कार्यालय ऊमरी कलां में चेयरमैन मौहम्मद उस्मान अली तथा अधिशासी अधिकारी श्वेतांक सारस्वत के नेतृत्व में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 01 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलाये जाने वाले संचारी रोग नियन्त्र अभियान के तहत जानकारी दी गयी। वक्ताओं का कहना था कि संचारी रोग अभियान के प्रति अन्य लोगों को भी जागरूक करें। इस अवसर पर सभासद, ब्रांड एंबेसडर मोहम्मद ज़ीशान, लिपिक सुरेंद्र सिंह, जय कुमार, नज़म अहमद, परम सिंह, राहुल कुमार, अंकुर विश्नोई आदि उपस्थित रहे।

**सियासत** — प्रदेश अध्यक्ष के सपा नेताओं पर बयान के बाद स्थानीय स्तर पर पदाधिकारियों के निशाने पर सपा

# उपचुनाव : वोटर लिस्ट पर गरमाई राजनीति

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** कुंदरकी विधानसभा उप चुनाव की तारीखों की घोषणा भले ही नहीं हुई है। लेकिन, जिले में वोटर लिस्ट पर राजनीति गरम है। सपा के वोटरों के नाम काटे जाने के दावे को प्रशासन के द्वारा खारिज करने के बाद भाजपा हमलावर है। एक दिन पूर्व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने प्रकरण में सपा नेताओं को निशाने पर रखते हुए कहा था कि सपा का संवैधानिक संस्थाओं पर कोई भरोसा नहीं है। इनका केवल निगेटिव एजेंडा है। वहीं अब स्थानीय भाजपा नेता भी सपा पर मुखर होकर इस मुद्दे पर घेरने में लगे हैं।

पिछले दिनों समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक हाजी रिजवान द्वारा समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ वोट कटने को लेकर कलेक्ट्रेट पर प्रद र्शन किया था।

जिसमें जिला प्रशासन ने जांच कर बुधवार को अपना पक्ष स्पष्ट कर दिया था कि सपा के पूर्व विधायक द्वारा लगाए गए आरोप निराधार हैं। इसके बाद से भाजपा सपा पर हमलावर है। कुंदरकी विधानसभा उप चुनाव से पहले भाजपा सपा को इस मुद्दे पर घेरने में लगी है। शुक्रवार को भाजपा के प्रदेश मंत्री अमित वाल्मीकि ने भी कहा कि भाजपा प्रदेश में होने वाले विधानसभा के उप चुनाव में सभी 10 सीटों पर जीत दर्ज करेगी।

वहीं भाजपा के जिलाध्यक्ष आकाश पाल का कहना है कि सपा का काम केवल झूठा आरोप लगाना है। उनके दावे को खुद जिला प्रशासन ने नकार कर जांच में गलत साबित कर दिया है। इससे सपा के नेता बेनकाब हो गए हैं। भाजपा मुद्दों व जनहित, जन कल्याण की राजनीति करती है। इसलिए जनता उसका समर्थन कर चुनाव में जीत दिलाती है। कुंदरकी विधानसभा में भाजपा की जीत होगी।

### उपचुनाव में जुटी कांग्रेस, 15 को होगा सम्मलेन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने हैं। जिसमें जनपद की कुंदरकी विधानसभा भी शामिल है। कुंदरकी विधान सभा पर उपचुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी के साथ कांग्रेस भी अपनी तैयारियों में लगी है। जिसके लिए कांग्रेस द्वारा कई नेताओं को जिम्मेदारी भी दी गई है। कुछ दिन पहले कांग्रेस ने उपचुनाव में चुनाव लड़ने के ईच्छुक नेताओं के बायोडाटा भी लिया है। जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद ने बताया कि कुंदरकी उपचुनाव में पार्टी हाईकमान के आदेश पर तैयारियां की जा रही है। उन्होंने बताया कि आगामी 15 अक्टूबर को कुंदरकी में कांग्रेस का एक बड़ा सम्मेलन होने जा रहा है। जिसमें सीतापुर के राकेश राठौर व अन्य बड़े नेता शामिल होंगे।

# ओवैसी पर महमूद मदनी के बयान का कई संगठनों ने किया विरोध

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** एआईएमआईएम के सांसद असदुद्दीन ओवैसी पर महमूद मदनी द्वारा एक न्यूज चैनल पर दिए बयान के बाद उनका विरोध शुरू हो गया है। एआईएमआईएम के जिला प्रवक्ता सय्यद तारिक अनवर ने महमूद मदनी के बयान की मजम्मत करते हुए कहा कि महमूद मदनी एक मतलब परस्त इंसान है।

सय्यद तारिक अनवर ने मीडिया को दिए गए बयान में कहा कि महमूद मदनी वह इन्सान है जिसने जमीयत की दौलत पाने के लिए अपने ही चाचा से बगावत कर दी थी। जबकि जमीयत का एक एक पैसा मुसलमानों का पैसा है न कि इनके बाप-दादा की जागीर। यह पैसा जिसे मुसलमानों ने जमीयत को गरीब मजलूमों की मदद के लिए दिया है, लेकिन यह लोग एयर कंडीशन कमरों में और बड़ी बड़ी कारो में कौम का पैसा खर्च कर रहे हैं। ऑल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन के शहर सदर साहिल शम्सी उर्फ देशभक्त ने महमूद मदनी के बयान पर गुस्से का इजहार किया है। महमूद मदनी अपनी दुकान चलाने के लिए न्यूज चैनल पर जाकर ओवैसी को बदनाम करना चाहते हैं जो कि उनकी एक नाकाम कोशिश है। वहीं नागरिक जनकल्याण समिति के अध्यक्ष फिरोज खान ने महमूद मदनी के इंटरव्यू में कही गई बातों की निंदा करते हुए कहा महमूद मदनी वह शख्स है, जिसे अमरोहा में जनता ने नकार दिया था और वह अपनी जमानत तक नहीं बचा पाए थे। जबकि असदुद्दीन ओवैसी कई बार से सांसद हैं, उनके ऊपर उनके द्वारा की गई टिप्पणियां मदनी की नफरत को जाहिर करता है।

## एक नजर

### विजयी खिलाड़ियों को दिया सम्मान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जनपद मेरठ में आयोजित सीबीएसई नॉर्थ जोन जूडो टूर्नामेंट में आरएसडी पब्लिक स्कूल के यश दिवाकर, गुनी चौधरी, मान्या शर्मा, लगन यादव, आराध्या, अंशुमन चौधरी, सुरम्या ने मेडल जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। टूर्नामेंट में विजयी खिलाड़ियों के लिए शुक्रवार को आरएसडी एकेडमी पब्लिक स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बधाई देने वालों में निदेशक डॉ. विनोद कुमार, डॉ. जी कुमार, डॉ. गौरव, डॉ. अजय शर्मा, डॉ. गरिमा शर्मा, डॉ. मयंक शर्मा व प्रधानाचार्य अभिषेक शर्मा शामिल रहे।

### खिलाड़ियों को मिलेगा लक्ष्मीबाई पुरस्कार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जनपद के खिलाड़ियों को वर्ष 2023-2024 लक्ष्मण व रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इस सम्मान में खिलाड़ियों की उपलब्धि के आधार पर दिव्यांग जन, सामान्य वर्ग व वेटरन वर्ग भी शामिल होंगे। क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी नरेश चंद्र यादव ने बताया कि इस पुरस्कार के लिए खिलाड़ी को उप्र बोनाफाइड रेजीडेन्ट होना चाहिए।

### मोनिका अध्यक्ष व सचिव बनी प्रियंका

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शुक्रवार को गोल्डन लायनेस नवीन क्लब मुरादाबाद का अधिष्ठापन समारोह धूमधाम से मनाया गया। इनऑगरेशन सेरेमनी सुमन कौशिक ने की व इंस्टॉलेशन शिखा गुप्ता द्वारा कराया गया। पूर्व अध्यक्ष अंशु सिंह ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष मोनिका गुप्ता को क्लब का कार्यभार सौंपा। सचिव प्रियंका अग्रवाल व कोषाध्यक्ष मीनाक्षी शर्मा को चुना गया। इस मौके पर क्लब की कार्यकारी सदस्यों को भी शपथ दिलाई गई। संचालन रेखा अग्रवाल ने किया। इस मौके पर रूबी बेदी, उमा यादव, रुबी जैन, अंजलि गौर, मधु बंसल, शशि शाह, बिना अरोड़ा, शीतल चावला, सुदेश आर्य व लक्ष्मी अग्रवाल शामिल रहे।

### बाधित रहेगी आपूर्ति

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अधिशासी अभियंता नरेंद्र सिंह ने बताया कि शनिवार को वितरण खंड द्वितीय के तीन फीडरों की बिजली आपूर्ति स्मार्ट सिटी के कार्य के चलते बाधित रहेगी। दौलतबाग के दो बड़े फीडरों की शुक्रवार की देर रात 3 बजे से सुबह 7 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

## स्वास्थ्य केंद्र मुख्तियारपुर नवादा का जनपद और प्रदेश में पहला स्थान

संवाददाता, कांठ

- कायाकल्प योजना में मिला स्थान डाक्टरों व कर्मियों में हर्ष

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य केंद्र मुख्तियारपुर नवादा ने कायाकल्प योजना में राज्य में जनपद स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। उपकेंद्र के प्रथम आने पर सीएचसी प्रभारी ने कर्मचारियों को पुरस्कृत करने का निर्णय लिया है।

जनपद में 253 उप स्वास्थ्य केंद्र हैं, जिनमें कायाकल्प योजना में ग्राम मुख्तियारपुर नवादा का राज्य व जनपद स्तर पर भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रथम स्थान दिया गया है। कायाकल्प योजना का उद्देश्य सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र में उनके प्रदर्शन को पुरस्कृत करके हर जगह स्वच्छता बनाए रखना है। मुख्तियारपुर नवादा में डॉ. मुकेश कुमार, संगिनी किरण लता, प्रभारानी, बीना शिक्षा, आमना, आशाएं एवं एएनएम शना के अथक प्रयास से परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा राज्य व जनपद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रथम स्थान दिया गया है।

उपकेंद्र के प्रथम स्थान प्राप्त होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव चौधरी, डॉ. आरिफ, बीपीएम चंद्रशेखर यादव ने उपकेंद्र पर पहुंचकर कर्मचारियों को बधाई देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। सीएचसी चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि उपकेंद्र में तैनात कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जाएगा और विभाग द्वारा अनेक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

## कांग्रेस हमेशा आरक्षण को खत्म करने पर तुली रही, संवैधानिक प्रक्रिया का किया दुरुपयोग

# राहुल का बयान बेतुका, देश विरोधी ताकतों को मजबूत करने में लगे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री अमित वाल्मीकि ने कहा कि राहुल गांधी ने आरक्षण को लेकर बेतुका बयान दिया है। वह देशविरोधी ताकतों को मजबूत करने के लिए अनर्गल प्रलाप करते हैं। जबकि हकीकत यह है कि कांग्रेस हमेशा आरक्षण की विरोधी रही है। वह अपने राजनीतिक उद्देश्यों को साधने के लिए संवैधानिक प्रक्रिया का भी दुरुपयोग करती रही है।

भाजपा के प्रदेश मंत्री शुक्रवार को बुद्धि विहार स्थित पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू ने डॉ. आंबेडकर को हराने व कमजोर करने की हर कोशिश की। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने अपनी हालिया विदेश यात्रा के दौरान कहा था कि वह ''आरक्षण हटा देंगे'' यह वही धुन है जो राहुल गांधी का परिवार नेहरू के जमाने से गाता आ रहा है। कांग्रेस पार्टी ने 57 वर्षों तक देश पर शासन किया। लेकिन, इस दौरान उसने अपने राजनीतिक उद्देश्यों को साधने के लिए संवैधानिक प्रक्रियाओं का दुरुपयोग किया और सामाजिक उद्देश्यों की उपेक्षा की। कांग्रेस ने कभी भी संविधान के मूलभूत आरक्षण सिद्धांतों को सही भावना और रूप में लागू करने की राजनीतिक इच्छा शक्ति नहीं दिखाई। नेहरू ने डॉ. भीमराव आंबेडकर के सामाजिक व राजनीतिक जीवन को समाप्त करने का षड्यंत्र किया। उन्होंने कहा कि विदेश में जाकर राहुल गांधी ने आरक्षण और सिख समाज को लेकर गलत बयान दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत में सिख सुरक्षित नहीं है, यह देश की विदेशों में छवि खराब करने का प्रयास है, भाजपा इसे कतई सफल नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकारों ने हमेशा अनुसूचित जाति जनजाति को मजबूत करने में कार्य किया। कांग्रेस के आरक्षण विरोधी होने के उदाहरण देते हुए प्रदेश मंत्री ने कहा कि राजीव गांधी ने मंडल कमीशन की रिपोर्ट का विरोध किया। उन्होंने मुसलमानों के आरक्षण की वकालत की थी। जबकि भाजपा समाज के हर वर्ग को मजबूती प्रदान करने में लगी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में लगे हैं।

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश कुमार पाल, साध्वी गीता प्रधान, जिला महामंत्री कमल प्रजापति, जिला मीडिया प्रभारी संजय ढाका, अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष देवराज जाटव, रविंद्र रैदास आदि मौजूद रहे।



पत्रकारों से बातचीत करते भाजपा के प्रदेश मंत्री अमित वाल्मीकि। ● अमृत विचार

# बारिश की आशंका में घंटों बाधित रही महानगर की बिजली आपूर्ति

## लोगों को सुबह से बिजली कटौती के चलते हुई परेशानी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** बिजली विभाग द्वारा अधिक क्षमता के बताकर बदले जा रहे उपकरण बेहद नाजुक साबित हो रहे है। उपकरणों की स्थिति को देखकर विभाग के अधिकारियों ने हल्के से बादल देखते ही विद्युत आपूर्ति बंद करानी शुरू कर दी है। शुक्रवार को भी यही स्थिति रही। घिरे बादलों को देखकर पांच बजे से आपूर्ति बंद कर दी गई। जिससे दीवान का बाजार, चौरासी घंटा, तहसील स्कूल आदि में की बिजली आपूर्ति सुबह 9 बजे तक गुल रही।

बरसात में बिजली आपूर्ति की बदहाली से लोग परेशान हैं। कई बार विभाग के अधिकारियों ने बारिश की हल्की बूंदाबांदी में उपकरण फुंकने के डर से बिजली आपूर्ति बंद कर दी तो कहीं ट्रांसफार्मरों में फाल्ट हो गए। कानून गोयान, लाकड़ी वालान मोहल्ले की विद्युत आपूर्ति जीआईसी विद्युत केंद्र से दी जाती है। शुक्रवार को जीआईसी विद्युत केंद्र के बाहर रखे ट्रांसफार्मर के फ्यूज और इंसुलेटर फुंक गए। जिससे दोनों मोहल्ले में बिजली आपूर्ति दोपहर दो बजे तक बंद रही। वहीं गलशहीद थाने के बाहर रखे ट्रांसफार्मर की 12 बजे ओवरलोडिंग के कारण लीड फुंकने से आपूर्ति दो बजे तक बाधित रही। गुड़िया मोहल्ले में ट्रांसफार्मर के कनेक्टर में खराबी के चलते 10 बजे से 12 बजे तक बिजली आपूर्ति गुल रही। दीवान बाजार और तहसील स्कूल मंडी चौक मोहल्ले में ट्रांसफार्मर का फ्यूज उड़ने से 2 बजे तक आपूर्ति ठप रही।


गलशहीद मोहल्ले में ट्रांसफार्मर की जली लीड को बदलते बिजली कर्मचारी।

> बारिश के साथ चलने वाली हवा से एचटी और एलटी लाइनों पर पेड़ गिर जाते हैं। जिससे तारों के आपस में टकराने से ट्रांसफार्मर का फ्यूज उड़ने और कनेक्टर बर्स्ट होने से ट्रांसफार्मर में बड़ी खराबी का खतरा बना रहता है। बारिश के आसार देखते ही बिजली सप्लाई बंद करनी पड़ती है। शुक्रवार सुबह से बारिश के आसार बन रहे थे। इसलिए आपूर्ति बंद करा दी गई थी। कुछ स्थानों पर फाल्ट से बिजली आपूर्ति बंद रही। **-मनीष चोपड़ा,** अधीक्षण अभियंता नगरीय

## कार सवारों ने किया छात्र के अपहरण का प्रयास, तहरीर दी

**कुंदरकी, अमृत विचार :** शुक्रवार को थाना क्षेत्र के अंतर्गत ट्यूशन पढ़कर घर लौट रहे छात्र को जंगल में कार सवारों द्वारा अगवा करने के प्रयास किया गया। छात्र के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

थाना क्षेत्र के ग्राम इमरतपुर सिरसी निवासी नफीस अहमद के अनुसार उसका 13 वर्षीय बेटा गुल फरीद कुंदरकी स्थित एक इंटर कॉलेज में कक्षा 6 का छात्र है। शुक्रवार की शाम 5:30 बजे ट्यूशन पढ़कर साइकिल से घर लौट रहा था। बताया कि कार सवार पांच व्यक्तियों द्वारा लम्मरदार फार्म हाउस के पास उसके बेटे को अपहरण करने की नीयत से पकड़ लिया। मौका पाकर उसका बेटा उन लोगों की गिरफ्त से छूटकर गन्ने खेत में भाग गया। बाद में किसी तरह बेटा घर पहुंचा और घटना की जानकारी दी। जब वह घटनास्थल पर पहुंचे तो वहां पर साइकिल और उसका स्कूल बैग पड़ा हुआ था। थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि वह किसी कार्य से बाहर हैं। उनको घटना की पूर्ण जानकारी नहीं है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।



संवेदना द किड्स कॉटेज में प्रतियोगिता में सम्मानित बच्चे व अतिथि। ● अमृत विचार

# फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में छाए सोफिया, गौरांशी और उमैमा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- संवेदना द किड्स कॉटेज में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**अमृत विचार:** संवेदना द किड्स कॉटेज में शुक्रवार को अंतः शाला प्रतियोगिता के अंतर्गत नृत्य एवं फैंसी ड्रेस समेत कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें पूरे विद्यालय को रंग बिरंगी थीम पर सजाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन करके विद्यार्थियों के स्वागत नृत्य से हुई। नृत्य प्रतियोगिता में अनिका मेहरा व अनन्य प्रशांत प्रथम, कुंज व धान्वी द्वितीय तथा हिदाया व आरवी तृतीय स्थान पर रहे। राइटिंग प्रतियोगिता में अनिका, गौरांशी व शिवन्या प्रथम, जुनैरा, मरहबा व रुद्रांश द्वितीय तथा सर्वज्ञ, अनायजा व इतिका तृतीय स्थान पर रहे। ड्राइंग में नव्या, गौरांशी, तक्ष प्रथम, हिदाया, आयत, उमैमा द्वितीय, तन्वी, फवाद व यति तीसरे स्थान पर रहे। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में सोफिया, गौरांशी व उमैमा प्रथम, आरवी, अविका व अर्पिता द्वितीय, जुनैरा, मरहबा व इतिका तृतीय स्थान पर रहे। विशिष्ट अतिथि जेआर गर्ल्स इंटर कालेज की प्रवक्ता इंदु अग्रवाल, समाजसेविका व नृत्य एवं कला विशेषज्ञ प्रीति आनंद और विद्यालय की निर्देशिका कैप्टन डॉ. मीनू मेहरोत्रा ने प्रतिभागी बच्चों की हौसला अफजाई की। आभार प्रधानाचार्या श्रुति गुप्ता ने ज्ञापित किया। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों की प्रतिभा निखारने में मदद मिलती है। संचालन शिक्षिका फकिया ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिकाओं ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# डेलीगेट के 61 पर्चे खारिज, हंगामा

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार:** बिलारी सहकारी गन्ना समिति के सामान्य निकाय चुनाव में 422 डेलीगेट पदों के लिए गुरुवार को 607 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था। शुक्रवार को पर्चों की जांच हुई। जिनमें 61 पर्चे खारिज निकले। वही एक ही संचालक क्षेत्र हाजीपुर में 10 पर्चे खारिज किए गए। जिसपर किसानों ने हंगामा किया। जिनमें पिंटू, संजीव, अजय, केतेंद्र, कविता, रुक्मेश, शीशपाल, कृपाल, नरेश और अजय सिंह हैं। किसानों ने कहा कि निर्वाचन अधिकारी ने उन्हें पर्चे खारिज होने की कोई जानकारी नहीं दी। इस पर निर्वाचन अधिकारी आनंद कुमार नायक ने बताया कि शनिवार की सुबह गन्ना समिति में पर्चे खारिज होने का स्पष्टीकरण चस्पा कर दिया जाएगा। शुक्रवार की सुबह से ही गन्ना समिति परिसर में भारी भीड़ मौजूद रही। भीड़ को देखकर प्रशासन ने सुबह से ही बड़ी संख्या में पुलिस बल गन्ना समिति परिसर में तैनात कर दिया। एडीएम प्रशासन सत्यम मिश्रा, एसडीएम विनय कुमार सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकार राजेश कुमार तिवारी व कोतवाली प्रभारी लखपत सिंह पूरे दिन मुस्तैद रहे।


बिलारी में वैध पर्चों की सूची देखते लोग।

- पूरे दिन गन्ना समिति में रही भारी भीड़, प्रशासन रहा चौकन्ना

### डेलीगेट चुनाव को लेकर रही गहमागहमी

**कांठ, अमृत विचार :** सहकारी गन्ना समिति में डेलीगेट चुनाव के लिए फार्म वितरण किए गए थे। जांच उपरांत 12 नामांकन फॉर्म रद हुए हैं। इनमें से अनेक डेलीगेट निर्विरोध चुने जाने तय हैं। सहकारी गन्ना समिति के सचिव खेत सिंह ने बताया कि इन पदों के लिए 523 नामांकन फॉर्म वितरण किए गए थे जिसमें से 476 लोगों ने अपने नामांकन फार्म कार्यालय में प्रस्तुत किये थे। 47 व्यक्तियों ने फार्म जमा नहीं किये। संयुक्त खंड विकास अधिकारी गिरीश पतं जो निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि बताया कि 476 नामांकन फॉर्म जमा किए गए थे उनकी जांच करने पर 12 नामांकन फॉर्म रद्द किए गए हैं। 464 व्यक्ति अपने मतों का प्रयोग करेंगे जबकि 244 डेलीगेट चुने जाने हैं। जो व्यक्ति निर्विरोध होंगे उनकी सूची शनिवार को उपलब्ध कराई जाएगी।

## एफएसएसएआई लाइसेंस बनवाने के लिए लगी होड़

**कांठ, अमृत विचार:** राशन डीलर के लिए एफएसएसएआई लाइसेंस अनिवार्य कर दिए गए हैं। लाइसेंस बनवाने के लिए राशन डीलरों की होड़ लगी है। क्षेत्रीय खाद्य सुरक्षा अधिकारी धर्मपाल सिंह ने शासन के निर्देश पर राशन डीलरों को एफएसएसएआई लाइसेंस बनवाना अनिवार्य कर दिया है। ग्राम डेहरा स्थित बलराम सिंह सैनी राशन डीलर की दुकान पर राशन डीलर हुए। यहां 35 राशन डीलरों ने ऑनलाइन लाइसेंस के लिए आवेदन किया। आवेदन शुल्क 100 रुपये रखा गया है। इस मौके पर प्रदेश सचिव बृजेश चौधरी, तहसील अध्यक्ष कविता राठी आदि मौजूद रहे। क्षेत्रीय खाद्य सुरक्षा अधिकारी कांठ धर्मपाल सिंह ने बताया कि लाइसेंस बनवाने के लिए डीलर कोई सुविधा शुल्क न दें तथा लाइसेंस नहीं बनवाने वाले राशन डीलरों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी।


विजयी प्रतिभागी को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

# प्राथमिक विद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार:** न्याय पंचायत करनपुर की खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय इग्राह कंपोजिट में किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी डिलारी भूपेश सिंह दिनकर द्वारा दीप प्रज्वलन कर क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया।

प्राथमिक व जूनियर वर्ग में बालक-बालिका वार विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें विजेता प्रतिभागियों को खंड शिक्षा अधिकारी, एआरपी जितेंद्र सिंह, एआरपी अजयराज सिंह व इंचार्ज प्रधानाध्यापक कुलदीप कुमार द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रेमपाल सिंह, आलोक कुमार, सुमित कुमार यादव, तेजपाल सिंह, नृपेन्द्र कुमार, प्रधानाध्यापक नफीस अहमद, केशव कुमार, विश्वजीत मलिक, सुधीर कुमार, मनीष गौरव, कौशल शर्मा, कुलदीप, मीनाक्षी, शिखा रानी, शबाना परवीन आदि का योगदान रहा।

## सार संक्षेप

### आज बंद रहेगा अमरोहा नवादा रेलवे फाटक

**कांठ, अमृत विचार :** रेलवे विभाग द्वारा ट्रैक की आपात मरम्मत के लिए शनिवार को प्रातः 8:00 से शाम 6:00 बजे तक मुख्तियारपुर नवादा अमरोहा रेलवे फाटक बंद रहेगा। रेलवे विभाग द्वारा संपर्क संख्या 433 सी रेलवे स्टेशन के कुछ दूरी पर रेलवे विभाग द्वारा रेलवे ट्रैक की आपात मरम्मत कराई जाएगी। इस संबंध में रेलवे के सेक्शन इंजीनियर एसके सिंह ने उप जिलाधिकारी कांठ, थाना प्रभारी निरीक्षक, रेलवे सुरक्षा बल आदि को पत्र प्रेषित कर ट्रैफिक के संचालन की व्यवस्थाएं अन्य मार्ग से करने के लिए कहा है। उन्होंने बताया कि शनिवार को सुबह 8:00 से शाम 6:00 तक रेलवे ट्रैक का मरम्मत कार्य होगा और एक दिन के लिए आवागमन बंद रहेगा।


बिलारी पहुंचने पर विधायक हाजी मो. फ़हीम इरफान का स्वागत करते कार्यकर्ता।

### विस की समिति में सदस्य नामित होने पर किया स्वागत

**बिलारी, अमृत विचार :** बिलारी विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान को विधानसभा सचिवालय उत्तर प्रदेश संसदीय अनुभाग से जारी अधिसूचना के अनुसार मुरादाबाद से सरकारी आश्वासनों संबंधी समिति के एकमात्र सदस्य के रूप में नामित होने पर सपा कार्यकर्ताओं ने कैंप कार्यालय पर उनका स्वागत किया। इस दौरान विधायक ने बताया कि उत्तर प्रदेश विधानसभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली 2023 के नियम 201(1) के अंतर्गत विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सरकारी आश्वासनों संबंधी समिति का सदस्य नामित किया है। बताया कि उनके पिता भी इसी समिति के सदस्य रह चुके हैं। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष शाहनवाज आलम शानू, खुशनवाज खान, सभासद आमिल सिद्दीकी, रामबाबू यादव प्रधान, रियाज प्रधान, अबरार हुसैन, कसीम आजाद, अनीश प्रधान, माजिद अंसारी प्रधान, रविंद्र प्रधान, चिराग अग्रवाल, वकार यूनिस प्रधान, अभिनव आदि मौजूद रहे।

### संचारी रोग के प्रति किया जागरूक

**बिलारी, अमृत विचार :** ब्लॉक सभागार में खंड विकास अधिकारी चैतन्य कुमार पाठक ने सफाई कर्मचारी को संचारी रोग अभियान के प्रति जागरूक किया। साथ ही साफ सफाई को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उ इस दौरान एडीओ पंचायत दूजेंद्र सिंह के अलावा सत्यप्रकाश, राधे मोहन, कृष्ण कुमार, रंजीत कुमार, अजय कुमार, लल्लू सिंह, बबीता, ममता आदि मौजूद रहे।

### उपचार के दौरान 4 वर्षीय बच्ची की मौत

**कुंदरकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव निवासी 4 वर्षीय बच्ची की दिल्ली के अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। बच्ची की मौत का कारण गला घोटू बीमारी बताया गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम अहमदनगर जैतवारा निवासी मोहम्मद शहरोज की 4 वर्षीय पुत्री सायरा को सात दिन पहले बुखार आया था। इसके बाद परिजनों द्वारा निजी डॉक्टर से दवा ली गई थी। बताया गया कि इस दौरान बच्ची के गले में दर्द और सूजन हो गई। जिसके बाद उसे सांस लेने में दिक्कत हुई तो परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए। जहां से सायरा की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल से भी दिल्ली को रेफर कर दिया गया। जहां महर्षि वाल्मीकि अस्पताल में इलाज के दौरान गुरुवार की रात्रि बच्ची की मौत हो गई। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। बच्ची चार बहनों में तीसरे नंबर की थी। मां मुहाजरीन सहित परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है। बच्ची को शुक्रवार को गांव के ही कब्रिस्तान में दफनाया गया।


रामलीला रंगमंच पर आरती करते समिति के सदस्य। ● अमृत विचार

# नारद मोह और विष्णु लीला का किया सफल मंचन

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** रामलीला मंचन अस्थाई समिति द्वारा कराई जा रही रामलीला के द्वितीय दिवस नारद मोह विष्णु लीला का मंचन किया गया।

नगर स्थित रामलीला ग्राउंड में श्री रामलीला मंचन अस्थाई समिति द्वारा रामलीला का मंचन प्रारंभ हो गया है। जिसका शुभारंभ पब्लिक इंटर कॉलेज पट्टी मौढा कांठ के प्रबंधक डॉ. पुरुषोत्तम कुमार ने फीता काटकर किया। रामलीला मंचन के द्वितीय दिवस श्री रामलीला आदर्श युवा मण्डल ग्राम बजरिया, बरेली द्वारा नारद मोह विष्णु लीला का मंचन किया गया। इस दौरान भाजपा नेता मुकेश महेश्वरी, कुँवर सुरेन्द सिंह विश्नोई, धर्मपाल सिंह, राधेश्याम भुईयार, निपेंद्र, सनी कश्यप, ब्रह्मपाल सिंह, नीरज चौहान, प्रदीप चौहान आदि मौजूद रहे।

**आयोजन** नगर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में उमड़ रही भारी भीड़

# गोवर्धन लीला का वर्णन सुन मंत्र मुग्ध हुए श्रद्धालु

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार:** नगर बिलारी के पौडा खेड़ा मंदिर प्रांगण में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास आचार्य ओम कृष्ण शास्त्री ने माखन चोरी व गोवर्धन लीला की कथा का वर्णन किया।

कथा व्यास ने कहा कि भगवान कृष्ण ने इंद्र का अहंकार दूर किया एवं गिरिराज जी महाराज का छप्पन भोगों द्वारा भोग लगाकर पूजन कराया। उन्होंने कहा कि भगवान ने 7 दिन तक लगातार गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिका उंगली पर उठाया तभी से भगवान का छप्पन भोग लगाए जाने लगा। कथा व्यास ने कहा कि भगवान कृष्ण ने गोपियों के अविद्या रूपी वस्त्र को चुराया और उनसे कहा कि जल में वरुण देवता का वास है। इसलिए वस्त्र उतार कर स्नान नहीं करना चाहिए। उन्होंने रुक्मिणी मंगल की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान कृष्ण का रुक्मिणी के साथ विवाह हुआ। भागवत कथा में मुख्य यजमान आशीष जादौन-गीतिका जादौन, सत्यम जादौन-संध्या जादौन, पीयूष गोयल- मेघा गोयल महंत राहुल सांवरिया रहे। श्रीमद भागवत कथा सेवा समिति के डॉ. देवेंद्र शर्मा, ध्रुव शर्मा, राजू गुप्ता एडवोकेट, अभिषेक पाण्डेय सभासद, तरुण कपूर, मोहनलाल शर्मा, गंगा प्रसाद राजेश, पंकज चौहान लोकेश शर्मा, अनुराग शर्मा, दुष्यंत चौहान आदि व्यवस्था में रहे। प्रसाद की व्यवस्था सतीश शर्मा, सुधीर गुप्ता-नीलम गुप्ता, गौरव शर्मा, तिलक राज चांदना, सुशीला चांदना, शेखर सक्सेना, मोना सक्सेना, वेदप्रकाश वर्मा, सीता वर्मा, शोभा दीक्षित, सारिका सक्सेना द्वारा की गई।



कांठ के नींगू नंगला में कथा सुनाते कथाव्यास पं. रामकृष्ण दास। ● अमृत विचार

### प्रभु श्रीराम जन्म, प्रह्लाद की कथा का वर्णन

**कांठ, अमृत विचार :** ग्राम नींगू नंगला में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर पं. रामकृष्ण दास महाराज ने भगवान राम के जन्म की कथा सुनाई। कथा के दौरान उन्होंने भक्त प्रह्लाद और भगवान विष्णु के अवतार नरसिंह की कथा का भी वर्णन किया। इस कथा में उन्होंने भगवान राम की लीलाओं और उनके जीवन से जुड़ी प्रेरणादायक घटनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने भक्त प्रह्लाद के अटूट विश्वास और भगवान नरसिंह द्वारा उसकी रक्षा के प्रसंग का वर्णन कर श्रोताओं को अभिभूत कर दिया। इस अवसर कमेटी के सदस्य सतेंद्र शर्मा, केशव शर्मा, कृष्णकांत शर्मा, तपेंद्र शर्मा और सुशील शर्मा सहित बड़ी संख्या में भक्तजन आयोजन उपस्थित रहे।

## एक नजर

### यतीमखाना प्रकरण में विवेचक की जिरह पूरी

**रामपुर, अमृत विचार :** एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में यतीमखाना प्रकरण में शुक्रवार को विवेचक की जिरह पूरी हो गई। अब इस मामले में एक अक्टूबर को सुनवाई होगी। सपा शासन काल में यतीमखाने में बने मकानों पर बुलडोजर चलवाने और लूटपाट करने के मामले में आजम खां और रिटायर्ड सीओ आलेहसन सहित कई सपाइयों पर रिपोर्ट दर्ज हुई थी। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में हो रही है। एडीजीसी सीमा सिंह राणा ने बताया कि विवेचक जसपाल सिंह से जिरह पूरी हो गई है।

### शत्रु संपत्ति मामले में सुनवाई 4 अक्टूबर को

**रामपुर,अमृत विचार :** शत्रु संपत्ति से जुड़े मामले में शुक्रवार को सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले में 4 अक्टूबर को सुनवाई होगी। सपा नेता आजम खां के खिलाफ वर्ष 2019 में कई मुकदमे दर्ज हुए थे। इनमें शत्रु संपत्ति कब्जाने का भी मामला है। इसमें जौहर ट्रस्ट के चेयरमैन आजम खां समेत अन्य सदस्यों को नामजद किया था।विवेचना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में चल रही है। शुक्रवार को सुनवाई नहीं हो सकी अब 4 अक्टूबर की तारीख लगाई है।

### आम के हरे पेड़ काटने में पिता-पुत्र पर रिपोर्ट दर्ज

**भोट, अमृत विचार :** अवैध रूप से आम के हरे पेड़ काटने में पिता और पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। रामपुर रेंज के वन रक्षक राजीव कुमार ने शिकायती पत्र में पुलिस को बताया कि क्षेत्र के इंड्रा गांव निवासी ग्रामीण ने सूचना दी थी। माशूक अली व उसके पुत्र हबीब हुसैन ने आम के बाग में खंड़े आठ हरे पेड़ों का कटान किया है। सूचना पर उप क्षेत्रीय वन अधिकारी की टीम ने मौके की जांच की तो आम के आठ हरे पेड़ कटे पाए थे। मौके से पेड़ों की लकड़ी भी गायब थी। टीम ने कटे वृक्षों की जड़ों की चौड़ाई नाप कर आरोपियों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है।

---

### 7 उद्यमियों ने लगाए स्टॉल, विदेशी लोगों को पसंद आ रहे जरी जरदोजी, पैचवर्क, कार्पेट उत्पाद, ऑर्डर मिलने से अच्छे व्यापार की उम्मीद

# ग्रेटर नोएडा में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में रामपुर के हुनर का जलवा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क स्थित इंडिया एक्सपो एंड मार्ट में चल रहे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में रामपुर के जरी जरदोजी, पैचवर्क, कार्पेट वर्क का जलवा दिखा रहा है। इसमें यहां के उद्यमियों को अच्छे ऑर्डर मिलने की उम्मीद है। ट्रेड शो में रामपुर के भी 7 उद्यमियों के स्टॉल सजे हैं। आईआईए के चेयरमैन श्रीष गुप्ता बताते हैं कि एमएसएमई पोर्टल पर 4.91 करोड़ उद्यम पंजीकृत हैं। इसमें 1.85 करोड़ महिलाएं शामिल हैं। इससे 21.17 करोड़ लोगों को रोजगार मिल रहा है।

इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) के चेयरमैन ने बताया कि भारत एवं प्रदेश सरकार का फोकस उद्योगों के विकास पर बढ़ा है। सरकार एमएसएमई को काफी सुविधाएं प्रदान कर रही है। स्थानीय प्रशासन, जिलाधिकारी और उद्योग कार्यालय इनके प्रोत्साहन में जुटा हुआ है। कई सब्सिडी की योजनाएं सरकार लाई हैं। एमएसएमई में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। बताते हैं कि सरकार ने उद्यमियों को काफी अवसर दिए हैं। एमएसएमई मंत्रालय शीघ्र ही भारत सरकार की योजना के अंतर्गत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों के लिए अंतर्राष्ट्रीय ट्रेड फेयर भी आयोजित करने जा रही है। आईआईए भी सुविधाएं प्रदान कर रहा है। प्रदर्शनियों में छोटे नगरों के उद्योगों को अवसर मिलता है वे अपने प्रोडक्ट को प्रदर्शित कर सकें और आर्डर ले सकें। जरी जरदोजी, पैच वर्क, वॉइलन, हेंडीक्राफ्ट का रामपुर बड़ा केंद्र है। उद्यमियों को भी इस ट्रेड शो से लाभ होगा।


ग्रेटर नोएडा में लगे कार्पेट के स्टॉल पर नौशाद अहमद से हाथ मिलाते केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह।


ट्रेड शो में लगे पेचवर्क के स्टॉल पर मौजूद उद्यमी।


यूआईटीएस में हमारा हैंडलूम और बैडशीट का स्टॉल लगा है। काफी अच्छा कारोबार हो रहा है। वियतनाम, ओमान, अफ्रीका, तुर्की और जिम्बाबवे के लोगों ने खूब खरीदारी की है। 29 सितंबर तक माल निर्यात करने के लिए आर्डर मिलने की भी उम्मीद है। – नौशाद अहमद, नौशाद हैंडलूम

#### यूपी आईटीएस में रामपुर के लगे हैं ये स्टॉल

- मैसर्स अंसार हैडलूम, मोहल्ला टांडोला, प्रोप्राइटर अब्दुल कदीर (हैडलूम, बैडशीट)
- नौशाद अहमद कार्पेट वर्क, जूटिया, प्रोप्राइटर, नौशाद अहमद (कार्पेट वर्क)
- ए जेड एंटरप्राईजेज बगीचा गाजी मुजफ्फर खां, फहीम खां (हैंडीक्राफ्ट आइटम)
- इरा क्रिएशन वीआईपी कॉलोनी, प्रोप्राइटर, इरा कपूर (हैंडमेड प्रोडक्ट)
- एमीगोज स्टूडियो, जीना इनायत खां, प्रोप्राइटर, फराह (ओडीओपी हैंडीक्राफ्ट)
- आरएमयू ट्रेडर्स तालाब निहालुद्दीन, प्रोप्राइटर हबीब अहमद खां (हैंडीक्राफ्ट)
- आरएस इंटरनेशनल, प्रोप्राइटर मिनी अग्रवाल (हैंडीक्राफ्ट)


यूआईटीएस में रामपुर के उद्यमियों को काफी ऑर्डर मिलने की उम्मीद है। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन भी उद्यमियों को लाभ दिलाने के लिए प्रयासरत है। विदेशियों ने उद्यमियों को बड़े आर्डर दिए हैं। इससे रामपुर में काम चमेगा। – श्रीष गुप्ता, चेयरमैन आईआईए


उद्यमियों के माल की ब्रांडिंग हुई है और कई देशों से रामपुर के उद्यमियों को बड़े आर्डर मिले हैं। इससे उद्यमियों का कारोबार चमकेगा। ट्रेड शो के माध्यम से विदेशियों ने रामपुर के हुनर को देखा है। इससे काफी लाभ मिलने की संभावनाएं हैं। – मुकेश कुमार, उपायुक्त उद्योग


यूआईटीएस में लगे अपने स्टॉल पर मौजूद इरा कपूर।

ग्रेटर नोएडा में हैंडीक्राफ्ट का शो रूम है। इसमें विदेशी खूब खरीदारी कर रहे हैं। वे विजिटिंग कार्ड लेकर जा रहे हैं। उनका कहना है कि जितना माल चाहिए होगा वे फोन पर बुक करा देंगे। ट्रेड शो में नेम फेम खूब मिला है और आर्डर मिलने की उम्मीद है। – इरा कपूर, इरा क्रिएशन

---

# दुष्कर्म का आरोपी साजिद भगोड़ा घोषित

### किशोरी का अपरहण कर दुष्कर्म का मामला, पुलिस ने अलीनगर गांव में कराई मुनादी

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचारः** किशोरी का अपहरण और दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी अस्पताल संचालक पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित करने के बाद उसकी गिरफ्तारी न होने पर कोर्ट ने भगोड़ा घोषित किया है। इस पर पुलिस ने शुक्रवार को मुनादी कराकर आरोपी साजिद अली पाशा के घर पर नोटिस चस्पा किया है। शीघ्र गिरफ्तारी नही हुई तो संपत्ति कुर्क की जाएगी।

तहसील क्षेत्र के एक गांव निवासी 15 वर्षीय किशोरी को दो युवक 31अगस्त को कार से अपहरण कर ले गए थे। मामले में दो युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने 5 सितंबर को किशोरी को बरामद कर एक युवक को कार के साथ गिरफ्तार किया था। किशोरी ने कोतवाली क्षेत्र के गांव अलीनगर उत्तरी स्थित ग्रीन सिटी हास्पिटल के संचालक साजिद अली पाशा और उसके साथी उत्तराखंड के थाना बाजपुर गांव कनौरा निवासी मुदस्सर पर कार से अपहरण करने का आरोप लगाया था।

साजिद पर जगह जगह ले जाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों के नाम जोड़कर पकड़े गए आरोपी मुदस्सर को जेल भेज दिया था। जबकि मुख्य आरोपी साजिद अली पाशा फरार है। पुलिस अधीक्षक ने साजिद पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया था। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। आरोपी की गिरफ्तारी और समर्पण न करने पर कोर्ट ने शुक्रवार को आरोपी साजिद अली पाशा को भगोड़ा घोषित किया। पुलिस को मुनादी कराकर उसके आवास पर नोटिस चस्पा करने के निर्देश दिए।

सीओ अतुल कुमार पांडे व कोतवाल संदीप त्यागी पुलिस बल के साथ आरोपी के ग्रीन सिटी हास्पिटल व अलीनगर उत्तरी स्थित मैरिज हाल बीएस गार्डन पहुंच गए। आरोपी को भगोड़ा घोषित कर मुनादी करा उसके घर पर नोटिस चस्पा कर दिया। बताया कि 22 दिन से वह पुलिस को चकमा दे रहा है। सीओ अतुल कुमार पांडे ने बताया कि अगर आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी या फिर उसने कोर्ट में समर्पण नहीं किया तो उसकी संपत्ति की कुर्की की जाएगी। अदालत के आदेश का पालन कराया जा रहा है।


घर पर नोटिस चस्पा करते सीओ अतुल कुमार पांडे और कोतवाल। ● अमृत विचार

## आगापुर में घर से तीन लाख का सामान चोरी

**रामपुर, अमृत विचारः** आगापुर गांव में गुरुवार रात चोर बंद घर से नकदी, जेवर सहित तीन लाख रुपये का सामान ले गए। सूचना के बाद मौक पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से जानकारी ली।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के गांव आगापुर निवासी पकंज दुबई में रहकर नौकरी करते हैं। उनकी पत्नी और सास मकान में रह रहीं थीं। पकंज की पत्नी कुछ दिन पहले मायके चली गई थी। सास भी किसी काम से कहीं गई थी। घर में ताले पड़े थे। चोर मौका पाकर गुरुवार रात ताला तोड़कर घर के अंदर घुस गए। अलमारी में रखा जेवर और सामान ले गए। जब लोगों ने मकान के गेट का ताला टूटा देखा तो पकंज के भाई पप्पू को जानकारी दी। यहां पहुंचे पप्पू ने घर में प्रवेश किया तो सामान बिखरा पड़ा था। सोने का हार, कुंडल समेत तीन लाख का सामान गायब था। उधर, आगापुर में पहले भी चोरी की कई घटनाएं हो चुकी हैं लेकिन पुलिस घटनाओं का अब तक खुलासा नहीं कर सकी है।

# सड़क हादसे में घायल छात्रा की उपचार के दौरान मौत

संवाददाता, सैफनी

**अमृत विचारः** चार दिन पहले सड़क हादसे में घायल हुई छात्रा की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने उसका शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर रिपोर्ट दर्ज की है।

मृतका के दादा रामभजन ने तहरीर में पुलिस को बताया कि कासमनगला गांव निवासी बेटे सुभाष की आठ वर्षीय पुत्री नंदनी बिसौली तालाब मोड़ के पास स्थित स्कूल में पढ़ती थी। मंगलवार को वह स्कूल से घर आ रही थी। तभी रास्ते में बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी। मुरादाबाद स्थित अस्पताल में उसका उपचार चल रहा था। शुक्रवार सुबह छात्रा ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मृतक के दादा की तहरीर पर कुंदरकी के रामनगला गांव निवासी बाइक चालक चिराग के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### सड़क हादसे में दंपति समेत तीन लोग घायल

**मसवासी, अमृत विचार :** टांडा बाजपुर मार्ग पर दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। इसमें पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें काशीपुर से मुरादाबाद हायर सेंटर रेफर किया गया है। पति की हालत नाजुक बताई जा रही है। गांव सेडू का मझरा नानकार रानी निवासी अहमद हसन पत्नी नाजरीन के साथ स्वार की ओर से शाम लगभग 7 बजे अपने गांव लौट रहा था। मानपुर उत्तरी के पास टांडा-बाजपुर मार्ग पर पीछे से आ रहे एक बाइक सवार ने ओवरटेक करने का प्रयास किया तो दोनों बाइकों की भिड़ंत हो गई। हादसे में अहमद हसन व उसकी पत्नी नाजरीन घायल हो गई। राहगीरों ने घायलों को बाजपुर के अस्पताल भिजवाया। लेकिन हालत गंभीर होने पर काशीपुर के हायर सेंटर रेफर किया गया। वहां से मुरादाबाद के लिए रेफर कर दिया गया है। अहमद हसन की हालत नाजुक बताई जा रही है।

---


इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की बैठक में मौजूद उद्योग एवं व्यापार बंधु।

# उद्योग बंधुओं की बैठक में उठा नाला निर्माण का मुद्दा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु एवं व्यापार बंधु की बैठक हुई। इसमें आईआईए के चेयरमैन श्रीष गुप्ता ने कैपिटल सिब्सिडी, स्वाति कैम्फर, शशिकांता मेटल कास्ट से जुड़ी समस्याएं रखीं। गांधी समाधि से बाम्बे पैलेस तक नाला निर्माण कराने का मुद्दा भी उठाया।

कलेक्ट्रेट में शुक्रवार दोपहर हुई जिला उद्योग बंधु एवं व्यापार बंधु की बैठक में उद्योग व्यापार से संबंधित समस्याएं जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह के समक्ष रखी गईं। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) के चेयरमैन ने कहा कि बरसात में नाला न होने के कारण पानी कॉलोनी में भर जाता है। गंदा पानी प्रतिष्ठानों एवं कॉलोनी में एकत्र हो जाता है। जिससे कि बीमारी भी फैलती है। उद्यमी वीरेंद्र जिंदल ने डिबडिबा इंडस्ट्रियल एरिया में लगातार बिजली की ट्रिपिंग व रोस्टिंग का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। बैठक में एक बड़े इंडस्ट्रियल एरिया की मांग भी रखी गई। एक ट्रामा अस्पताल की एनओसी का मुद्दा भी उठाया गया। बैठक में मनीष पाठक, निहारिका जैन, मनोज गर्ग, व्यापारी नेता शैलेन्द्र शर्मा, संदीप सोनी, वीरेंद्र जिंदल, ठाकुर देवेंद्र सिंह आदि रहे।

## वरदान अल्ट्रासाउंड सेंटर को किया सील

**बिलासपुर, अमृत विचारः** प्रशासन ने सीएचसी मार्ग स्थित अवैध रूप से चल रहे अल्ट्रा साउंड सेंटर को सील कर दिया। इस कार्रवाई से हड़कंप मचा है। इस दौरान कुछ लोग अपने सेंटर बंद करके भाग गए।

शुक्रवार दोपहर नायब तहसीलदार राजेश कुमार और चिकित्सक डॉ. ओमपाल सिंह के नेतृत्व में एक टीम ने नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मार्ग स्थित वरदान अल्ट्रा साउंड सेंटर पर छापा मार दिया। टीम ने यहां अभिलेखों का सत्यापन किया। सेंटर से संबंधित जरूरी कागज दिखाने को कहा लेकिन, सेंटर संचालक कोई भी अभिलेख नहीं दिखा पाए। चिकित्सक भी अनुपस्थित मिला। इस पर टीम ने अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील कर दिया। एसडीएम हिमांशु उपाध्याय ने बताया कि अल्ट्रा साउंड सेंटर को सील कर दिया गया है। जल्द ही आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। कार्रवाई से खलबली मची रही।

# इच्छा मृत्यु की गुहार लगाने वाली महिला से क्राइम ब्रांच टीम ने की पूछताछ, भरोसा दिया

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** मां-बेटी द्वारा मुख्यमंत्री से इच्छा मृत्यु की गुहार लगाने की जानकारी मिलने के बाद शुक्रवार को सीओ, क्राइम ब्रांच और एसओ भोट महिला के घर पहुंचे। उससे बातचीत कर कार्रवाई का भरोसा दिया।

भोट थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला का कहना था 25 मई को सचिन, मनीष के खिलाफ दुष्कर्म करने का मामला दर्ज हुआ था। इस मामले की विवेचना भोट की तत्कालीन एसओ निशा खटाना कर रही थीं। आरोप है कि उन्होंने गवाहों और महिला के बयान दर्ज नहीं कराए। आरोपियों से मिलकर 12 दिन में फाइल को बंद कर दिया था। महिला ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट में मामला दाखिल किया था। सुनवाई के बाद कोर्ट ने 27 अगस्त को भोट पुलिस को पुनः विवेचना करने का आदेश दिया था। लेकिन भोट एसओ यह रहीं कि हमारे पास कोई आदेश नहीं आया है। कागज आने पर फोन करके तुम्हें बता दिया जाएगा। महिला ने 11 सितंबर को पत्रावलियां डीआईजी, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष और एसपी को भेज दी थीं। कोई कार्रवाई नहीं होने पर महिला ने गुरुवार को मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर इच्छा मृत्यु की अनुमति मांगी थी। इस मामले को लेकर शुक्रवार को पुलिस सतर्क हो गई। सीओ बिलासपुर रवि खोखर, क्राइम ब्रांच की टीम महिला के घर पहुंची। महिला से पूछताछ कर उसे कार्रवाई का भरोसा दिया। खुफिया विभाग भी सक्रिय हो गया है।

### श्मशान की भूमि से मिट्टी खोदने पर विवाद, दौड़ी पुलिस

**मसवासी, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव भूबरा मुस्तेहकम के मझरा सीतारामपुर में पानी की टंकी से श्मशान घाट तक 12 सौ मीटर मार्ग का निर्माण कराया था। इस दौरान जेसीबी चालक ने गलती से श्मशान की भूमि से मिट्टी खोद ली। इससे गांव में हंगामा हो गया। किसी ने दो समुदायों के बीच विवाद की झूठी सूचना दी। इस पर चौकी इंचार्ज मनोज कुमार मिश्रा भारी पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे। जांच में समुदायों के बीच विवाद का मामला झूठा निकला। चौकी इंचार्ज ने ग्रामीणों को समझाकर शांत करा दिया। हालांकि कुछ देर बाद कोतवाल संदीप त्यागी भी मौके पर पहुंच गए लेकिन तब तक मामला शांत हो चुका था।

### जांच के दिए आदेश

**मसवासी, अमृत विचार :** मुरादाबाद मार्ग स्थित अंग्रेजी व देशी शराब की दुकानों पर शराब ओवर रेट बेचने की शिकायत को लेकर आबकारी निरीक्षक ने जांच की। इसमें ओवररेट पर बिक्री सही पाई गई। लेकिन अभी सेल्समैन के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। शुक्रवार को क्षेत्र के कुछ लोगों ने देशी व अंग्रेजी शराब की दुकान पर ओवर रेट शराब की बिक्री को लेकर हंगामा किया था। शुक्रवार शाम आबकारी निरीक्षक रामधरपाल ने डीएम के निर्देश के बाद मौक पर पहुंचकर जांच की है।

## सार संक्षेप

### महिला को पीटकर घर निकाला, सात पर रिपोर्ट

**रामपुर, अमृत विचार :** दहेज में तीन लाख रुपये और बाइक नहीं मिलने पर ससुराल वालों ने महिला को पीट करके घर से निकाल दिया। महिला ने जेठ पर दुष्कर्म के प्रयास का आरोप भी लगाया है। इस मामले में पति सहित सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। गंज थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला के अनुसार, मोहल्ला घेर हजरत नूर निवासी युवक से ढाई साल पहले उसकी शादी हुई थी। इसके बाद ससुराल वालों ने तीन लाख रुपये और एक बाइक की मांग कर दी। मांग पूरी नहीं होने पर मारपीट की। पति ने तीन तलाक देकर दूसरी शादी कराने की धमकी दी। आरोप है कि जेठ उस पर गलत निगाह रखता है और छेड़खानी करता है। कमरे में आकर दुष्कर्म करने का प्रयास भी किया था। 2 अगस्त को वह मायके आई हुई थी। तभी ससुराल वाले मायके आ गए। यहां दहेज की मांग कर उसे मारा पीटा। बाद में महिला ने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने पति समेत सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।


मैराथन दौड़ के बाद मौजूद खिलाड़ी। ● अमृत विचार

### खिलाड़ियों ने सफाई करके दिया स्वच्छता का संदेश

**रामपुर, अमृत विचार :** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत शुक्रवार को मैराथन दौड़ का आयोजन सुबह 6 :30 बजे हुआ। मैराथन दौड़ का आरंभ ओलंपियन आरएस रावत ने हरी झंडी दिखाकर किया। खिलाड़ियों ने सफाई करके स्वच्छता का संदेश दिया। शुक्रवार को गांधी समाधि से लेकर आंबेडकर पार्क तक मैराथन दौड़ हुई। स्वच्छता दौड़ में जनपद के विभिन्न स्कूल, कॉलेज के छात्र-छात्राओं, खेलो इंडिया, आवासीय क्रीड़ा छात्रावास के खिलाड़ियों ने भाग लिया। समापन स्थल पर खिलाड़ियों ने सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस मौके पर पीटीआई तुषार शर्मा, मनोज कुमार, सुहेल, मोहम्मद फहीम आदि मौजूद रहे।

### आज से होगा रामलीला का मंचन

**बिलासपुर, अमृत विचार :** श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष रवि गोयल ने बताया कि 29 सितंबर से 52 वां रामलीला का मंचन होगा। कमेटी के अध्यक्ष ने जानकारी दी कि नगर के मोहल्ला सोमवार की बाजार स्थित श्री रामलीला कमेटी के तत्वावधान में 52 वां वार्षिकोत्सव 29 सितंबर से शुरू होगा जोकि, 13 अक्टूबर तक जारी रहेगा। इस दौरान बाहर से आए कलाकारों द्वारा श्री रामलीला का मंचन किया जाएगा। कहा कि 29 सितंबर को मुख्य अतिथि बलदेव सिंह औलख, विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी और पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल कार्यक्रम का आरंभ करेंगे। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया।

### अफजलगढ़ पुलिस ने युवती को किया बरामद

**बिलासपुर, अमृत विचार :** अफजलगढ़ थाने की पुलिस ने नगर में छापा मारकर एक युवती को बरामद कर लिया। उसे अपने साथ वापस ले गई। शुक्रवार शाम बिजनौर जनपद की अफजलगढ़ पुलिस ने नगर की हंस विहार कालोनी में एक मकान से युवती को बरामद किया। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि अफजलगढ़ निवासी एक युवती का नगर निवासी एक युवक के साथ सोशल मीडिया पर प्रेस प्रसंग चल रहा था। दोनों का प्रेम परवान चढ़ा तो युवती परिवार को बिना बताए घर से भाग कर यहां आ गई। यहां वह अपने प्रेमी के साथ रहने लगी। युवती की तलाश में लगे परिजनों ने अफजलगढ़ पुलिस को तहरीर देकर उसे बरामद करने की मांग की थी।

---

**विवाद** अभद्र व्यवहार के विरोध में अधीक्षण अभियंता कार्यालय के सामने धरने पर बैठे थे व्यापारी

# माफी मांगने पर व्यापारियों ने धरना किया खत्म

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शैलेंद शर्मा से अधीक्षण अभियंता ने अभद्र व्यवहार किया था। इससे गुस्साए व्यापारी अधीक्षण अभियंता कार्यालय के सामने बेमियादी धरने पर बैठ गए थे। गुरुवार रात 10:30 बजे अधीक्षण अभियंता ने अपनी गलती मान ली। इसके बाद व्यापारियों ने बेमियादी धरना समाप्त किया।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष पीड़ित उपभोक्ताओं और व्यापारियों के साथ पनवड़िया बिजली घर स्थित विद्युत कार्यालय पर अधीक्षण अभियंता महफूज आलम से मिलने पहुंचे थे। आरोप है कि जिलाध्यक्ष के साथ उन्होंने बदतमीजी कर दी। इससे व्यापारी भड़क गए थे। उन्होंने अधीक्षण अभियंता कार्यालय के बाहर बेमियादी धरने का ऐलान कर दिया था। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ने कहा कि विद्युत कर्मचारी अपने ऑफिस पर नहीं मिलते हैं। लोग कार्यालय के चक्कर लगाकर चले जाते हैं। बिलों में गड़बड़ी पाई जा रही है। अधीक्षण अभियंता का व्यवहार अच्छा नहीं है।

व्यापारियों का काम करना नहीं चाहते। उनका कहना है कि जनपद में विद्युत चेकिंग के नाम पर अधिकांशतः अवर अभियन्ता स्तर पर अनियमितता, धांधली, अन्याय व अत्याचार का बोलबाला है। देर रात तक व्यापारियों को मनाने की पूरी कोशिश चलती रही। पहले अधिशासी अभियंता तृतीय कर्मवीर सिंह ने व्यापारियों के बीच बैठकर अधीक्षण अभियंता की ओर से खेद जताया। लेकिन व्यापारियों के इनकार कर किया था। रात 10 बजे अधीक्षण अभियंता महफूज आलम ने धरना स्थल पर पहुंचकर अपने शब्दों को वापस लेते हुए खेद जताया। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ने देर रात 10:30 बजे बेमियादी धरना खत्म करने का ऐलान कर दिया। इस दौरान जिला महामंत्री शाहिद शम्सी, शोएब मोहम्मद खान, वाजिद अली, इमरान, सलीम, शाकेब अहमद, हारिस शम्सी, बिलाल शम्सी, फैसल, हबीब फारुख, सउद, उजैर अहमद आदि मौजूद रहे।


अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन देते व्यापारी।

# चोरी की गई बाइकें बरामद, 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचारः** पुलिस ने चोरी की 3 बाइकें बरामद कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

शुक्रवार सुबह कोतवाल संदीप त्यागी को सूचना मिली कि उत्तराखंड के केलाखेड़ा की ओर से चोरी की बाइकों के साथ आरोपी आ रहे हैं। इस पर कोतवाल ने पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस बिजली घर के कच्चे रास्ते पर पहुंची। केलाखेड़ा मार्ग की ओर आ रहे बाइक सवारों को रुकने का इशारा किया तो वे भागने लगे। पुलिस ने आरोपियों का पीछा किया तो वे बाइकें छोड़कर खेतों में भाग गई। लेकिन पुलिस ने तीन आरोपियों को दबोच लिया। 3 बाइकें बरामद कर कोतवाली ले आई। पूछताछ करने पर आरोपियों ने अपना नाम उत्तराखंड के थाना गदरपुर गांव डौंकपुरी नाल चक्की निवासी जफर, गांव मीरापुर निवासी बेचा पुत्र रियासत और नगर के मोहल्ला नौगजा निवासी जुबैर बताए हैं। आरोपियों ने एक बाइक मसवासी निवासी आलम व दो बाइकें उत्तराखंड से चोरी की गई बताई हैं। कोतवाल संदीप त्यागी ने बताया कि 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।


गिरफ्तार किए गए आरोपी।

## एक नजर

### राघवेंद्र बने जिला विद्यालय निरीक्षक

**रामपुर, अमृत विचार :** कुछ दिन पहले ही बागपत से आए बेसिक शिक्षा अधिकारी राघवेंद्र सिंह को पदोन्नत करके जिला विद्यालय निरीक्षक बना दिया गया है। शुक्रवार को जिला विद्यालय निरीक्षकों की सूची जारी की गई है। इसमें रामपुर में तैनात बेसिक शिक्षा अधिकारी राघवेंद्र सिंह का नाम भी शामिल है। उनका भी प्रमोशन हुआ। बीएएस के परिचतों ने उन्हें बधाई दी।

### फैजी खां हेड ब्वॉय और अनुरीत कौर बनीं हेड गर्ल

**बिलासपुर, अमृत विचार :** एसडीएस ज्योति मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में फैजी खां को हेड ब्वॉय, कार्तिक सिंह को वाइस हेड ब्वॉय, अनुरीत कौर को हेड गर्ल और अज्मी सैफी को वाइस हेड गर्ल चुना गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य नुक्ता प्रसाद गंगवार ने हेड बॉय और हेड गर्ल को बैच लगाकर सम्मानित किया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर उप प्रधानाचार्य राखी वाधवान, को-ऑर्डिनेटर सिमरन कौर, कल्पना वर्मा, केयूरिका गंगवार, साक्षी शर्मा, नम्रता, पलक, सुराज जहां, नन्दिनी, रिमझिम माहिरा, बीना, राधेश्याम आर्य, राजकुमार, मनोज आदि मौजूद रहे।

### गांजा बेचने के शक में युवक को उठाया, छोड़ा

**मसवासी, अमृत विचार :** आबकारी विभाग की टीम नगर के मोहल्ला भूबरा में युवक को उठाकर ले गई। गांव से बाहर ले जाकर टीम ने उसे छोड़ दिया। इस दौरान उसके परिजन आबकारी विभाग की टीम के पीछे चल दिए। मोहल्ले से बाहर मुख्य मार्ग पर पहुंचकर युवक के परिजनों ने आबकारी विभाग की टीम से साजबाज शुरू कर दी। बाद में टीम युवक को छोड़कर चली गई। आबकारी निरीक्षक रामधर सिंह पाल ने बताया कि मोहल्ले में चरस, गांजा बेचे जाने की शिकायत पर छापामार कार्रवाई की गई थी। एक युवक को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया था। चेतावनी देने के बाद युवक को छोड़ दिया गया है।

### बाइक चोरी, दी तहरीर

**रामपुर,अमृत विचार :** सिविल लाइन निवासी सनी का कहना है कि उसके भाई शिब्बू की बाइक डायमंड टाकीज के पास स्थित एक पेंट स्टोर से चोरी हो गई। जानकारी मिलने के बाद युवक के होश उड़ गए। उसने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# रजा कॉलेज में पेश कीं सांस्कृतिक विरासत की झलकियां

## छात्राओं ने लोक नृत्य कर सबका मन मोहा, नैक पीयर टीम का किया स्वागत, विजेताओं का हुआ सम्मान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को हुई सांस्कृतिक संध्या में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांध दिया। सरस्वती वंदना- सुरभि रस्तोगी, गणेश वंदना अक्षय, अक्की अकादमी ग्रुप, स्वागत गीत और वंदना, किरन, तरुणा जोगेश, कुलगीत-तरुणा जोगेश, रागिनी पंडित ने प्रस्तुत किए। चिंकी राजपूत ने एकल नृत्य प्रस्तुति दी। देशभक्ति लोक नृत्य में रागिनी, राधा, सोनिया, मुस्कान, नैनसी, कशिश, काजल, निशा, निधि पाल एवं काजल ने सबका मन मोह लिया।

कॉलेज में नैक मूल्यांकन एवं प्रत्यायन समिति की पीयर टीम का दो दिवसीय दौरे का आरंभ उत्साह के साथ हुआ। अध्यक्ष कुलपति, गुरु जंभेषवर यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी हिसार डॉ. राधे श्याम शर्मा, डॉ. राजेंद्र सोनकावड़े, डॉ. ससीम कविराज ठाकुर का प्राचार्य डॉ. जागृति मदान धींगड़ा महाविद्यालय नैक कॉर्डिनेटर डॉ. सीमा तेवतिया ने स्वागत किया। पीयर टीम के सदस्यों ने कार्यक्रम के अनुसार, अपने दौरे का आरंभ किया। महाविद्यालय की पुरातन छात्र परिषद की ओर से कार्यक्रम में पुरातन छात्र परिषद समिति के सदस्यों, पूर्व छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों के साथ टीम ने परिषद का गठन किया। उसकी गतिविधियों, कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के पुरातन छात्रों के तौर पर प्रसिद्ध शायर अजहर इनायती, शकील गौस, एमआईएमटी निदेशक डॉ. शादाब खान, निवर्तमान प्राचार्य मोहम्मद असलम खान, डॉ. माधुरी रस्तोगी, डॉ. एजाज अली, प्राध्यापक डॉ. सुमन लता, डॉ. जेबी नाज, डॉ. वंदना शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता मामून शाह, अभिभावकों में डॉ. सबीहा परवीन एवं शहर के अन्य लोग उपस्थित रहे। नवेद इंतखाब शाज, खुशनूद अलवीरा, स्वालेहा, उरूबा, आशका शादाब ने जिले की सांस्कृतिक विरासत की झलकियों को प्रस्तुत किया।

आदिल ने शरीर सौष्ठव का प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक संध्या में मंच संचालन दानिया और बाशा ने किया गया। नैक पियर टीम दौरे के दूसरे दिवस महाविद्यालय में निदेशक उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश डॉ. अमित भारद्वाज का आगमन हुआ। इस दौरान नैक पियर टीम एवं निदेशक ने महाविद्यालय की कार्यशैली का निरीक्षण किया। क्रीड़ा सचिव डॉ. मुजाहिद अली ने बैडमिंटन खेल कराया। इस अवसर पर महात्मा ज्योतिबा फुले विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ. संजीव कुमार कुमार मौजूद रहे।


नैक टीम के सदस्यों के साथ कॉलेज का स्टाफ।


खिलाड़ियों के साथ मौजूद नैक टीम के सदस्य।

# सफाई जीवन का महत्वपूर्ण पहलू

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुनीता जायसवाल ने कहा कि सफाई हमारे जीवन का महत्वपूर्ण पहलू है। स्वच्छता इसलिए भी आवश्यक है कि हम बीमारियों से मुक्त रहे।

राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को स्वच्छता अभियान के तहत महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों एवं सावित्रीबाई फुले संस्कृतिक क्लब की ओर से महाविद्यालय में कार्यक्रम हुआ। स्वच्छता जागरूकता के लिए पोस्टर प्रतियोगिता हुई। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियों में डॉ. प्रीति लता एवं डॉ. मोहम्मद कासिम ने छात्रों को सफाई व कूड़े के निस्तारण के बारे में भी जानकारी दी। प्लास्टिक के इस्तेमाल से होने वाले नुकसान के बारे में बताया। प्रतियोगिता में शामिल सभी छात्राओं ने स्वच्छता से जुड़े विभिन्न विषयों पर पोस्टर बनाए एवं अपने वातावरण को साफ-सुथरा बनाने और पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया। विदुषी, मेघा, एलिजा, सिमरन, सायमा, सलोनी, अलिफजा, जुबैदा, अंजलि, ज्योति, नैना आदि स्वयं सेविकाओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ.आलोक गुप्ता और डॉ. सोनू पूरी शामिल रहीं। संस्कृतिक क्लब की संयोजिका डॉ.अंकिता ने इस अवसर पर कहा कि हमें अपने आसपास के वातावरण के साथ-साथ अपने स्वभाव एवं संस्कार को भी निर्मल रखना चाहिए। कार्यक्रम में डॉ. अनीता अग्रवाल,प्रोफेसर सबीहा परवीन, डॉ. निशात बानो, डॉ. रजिया परवीन, डॉ. नरेंद्र सिंह, डॉ.मनोरमा, डॉ. प्रतिभा यादव, डॉ. जया कुमारी आदि मौजूद रहीं।


कॉलेज सभागार में पोस्टर दिखातीं छात्राएं।

- स्वच्छता जागरूकता के लिए कराई गई पोस्टर प्रतियोगिता

# मिलावटखोरों के खिलाफ कार्रवाई में लाएं तेजी : डीएम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- खाद्य सुरक्षा, औषधि प्रशासन की समिति की बैठक में दिए निर्देश

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने सहायक आयुक्त सुनील कुमार शर्मा से कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में लगने वाले सभी हाट व साप्ताहिक बाजारों में मसाले के आपूर्तिकर्ताओं और स्ट्रीट फूड वेंडर्स के खाद्य पदार्थों की जांच कराएं। ग्राम पंचायत व जिला पंचायत से संबंध में स्थापित कर रोस्टर बनाकर निरंतर चेकिंग अभियान चलते हुए उनके विरुद्ध कार्रवाई करें।

कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई। इसमें जिलाधिकारी ने कहा कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी व्यापारियों के सहयोग से लाइसेंस के लिए शिविर लगाकर लक्ष्य निर्धारित करें। जिलाधिकारी ने विशेष खाद्य पदार्थ जैसे खाद्य तेल, दालें, मसालों एवं दुग्ध उत्पादों के विरुद्ध सघन अभियान चलाते हुए प्रवर्तन की कार्रवाई में तेजी लाने को कहा। उधर, नशीले पदार्थों के सेवन व बिक्री की रोकथाम के लिए गठित जनपद स्तरीय एन कॉर्ड समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने जिला आबकारी अधिकारी से कहा कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि और नारकोटिक्स विभाग की एक टीम गठित कर अधिक से अधिक निरीक्षण करे। नशीली दवाओं का धंधा करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करें। औषधि निरीक्षक को निर्देश दिए कि मेडिकल स्टोर पर छापेमारी करें। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एसपी सिंह, जिला आबकारी अधिकारी सुशील कुमार शर्मा, डीएफओ राजीव कुमार, अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा आदि रहे।

## सार-संक्षेप

### आवेदकों को ऋण वितरण करें बैंकर्स : डीएम

**रामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, ओडीओपी, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के कार्यों की समीक्षा की। बैंकर्स से कहा कि वित्तीय वर्ष में दिए गए लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत लक्ष्य को पूरा करें। जिला उद्योग केंद्र द्वारा संचालित एमवाईएसवाई एवं ओडीओपी ऋण योजनाओं को उच्च प्राथमिकता देकर सभी पत्रावलियों का निस्तारण एक सप्ताह के अंदर कराने पर जोर दिया। कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को जनपद स्तरीय बैंकर्स कमेटी की बैठक में जिलाधिकारी ने बैंकर्स से कहा कि वे अपनी बैंक शाखाओं से आवेदकों को ऋण वितरण करना तय करें। जिन योजनाओं की ऋण संबंधी पत्रावली भेजी गई है, उन्हें नियमानुसार स्वीकृत करें। सरकारी पोर्टल पर लंबित समस्त ऋण पत्रावलियों का निस्तारित किया जाए। जिलाधिकारी ने बैठक में लगातार अनुपस्थित रहने वाले बैंक के अधिकारियों से नाराजगी जताई। बैंक के जिला समन्वय के विरुद्ध नोटिस जारी करने के लिए अग्रणी जिला प्रबंधक से कहा।


लोगों को तंबाकू से होने वाले नुकसान के बारे जानकारी देती टीम।

### तंबाकू से होने वाले नुकसान की दी जानकारी

**रामपुर, अमृत विचार :** तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ की ओर से तंबाकू मुक्त युवा अभियान के तहत गांव बघी, केसरपुरा, ननकार और अजयपुर में विभिन्न कार्यक्रम हुए। इसमें तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के जिला सलाहकार डॉ. शहजाद हसन खां ने तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने पर जोर दिया। तंबाकू से होने वाली बीमारियां, नुकसान, इससे बचाव और इलाज के बारे में जानकारी दी। तंबाकू नियंत्रण समिति का गठन ग्राम स्तर पर किया गया। बताया कि जनपद में तंबाकू मुक्त युवा अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत जल्द ही अन्य ग्रामीणों को भी तंबाकू मुक्त घोषित किया जाएगा।


प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित करते जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली।

### शिक्षा गुणवत्ता के लिए प्रयोग करें प्रशिक्षण की जानकारी

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली ने कहा कि प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी को शिक्षा की गुणवत्ता के लिए सदुपयोग किया जाए। प्रशिक्षण संपन्न होने पर डीआईओएस ने प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए। राजकीय रजा इंटर कालेज में चल रहे विद्यालय प्रबंध एवं विकास समिति (एसएमडीसी) का दो दिवसीय प्रशिक्षण का कार्यक्रम शुक्रवार को संपन्न हुआ। मास्टर ट्रेनर फारेहा खान ने प्रशिक्षण प्रारंभ किया। समग्र शिक्षा अभियान, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 तथा विद्यालय प्रबंध एवं विकास समिति के गठन, प्रकिया, समितियां, उपसमितियों के बारे में जानकारी दी। विद्यालय योजना, उद्देश्यों की प्राप्ति, समस्त वित्तीय अभिलेख के रख-रखाव के बार में भी बताया। राजकीय रजा इंटर कालेज के प्रधानाचार्य अभिलाष कुमार के संयोजन में हुए प्रशिक्षण में प्रधानाचार्य योगेन्द्र पाल सिंह, डॉ. अरविन्द कुमार गौतम, रचना चतुर्वेदी, मोहन स्वरूप गंगवार, फैजान सईद, अतुल कुमार, जुवैद खां, सलीम यूसुफ जैदी, लालता प्रसाद गंगवार, अंजू सिंह आदि रहे।

### रामलीला का आज उद्घाटन करेंगे विधायक

**स्वार, अमृत विचार :** श्री सनातन धर्म रामलीला कमेटी की ओर से रामलीला का मंचन शनिवार से शुरू होगा। इसका उद्घाटन स्वार टांडा विधायक शफीक अहमद अंसारी करेंगे। रविवार की साप्ताहिक बाजार स्थित रामलीला ग्राऊंड में श्री रामलीला का मंचन कराया जाएगा। इसकी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। मंचन श्री श्री 1008 श्री महादेव सरकार आदर्श रामलीला कला मंच झांसी बुंदेलखंड के कलाकार करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पालिका अध्यक्ष रेशमा परवीन अंसारी करेंगी। यह जानकारी सनातन धर्म रामलीला कमेटी के अध्यक्ष कपिल कुमार ने दी है।


एसडीएम विकास कुमार वर्मा को पुष्पगुच्छ देते व्यापारी।

### व्यापार मंडल ने नए उपजिलाधिकारी का किया स्वागत

**टांडा, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को नए उपजिलाधिकारी विकास कुमार वर्मा का स्वागत किया। उन्हें पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया। मालूम हो कि जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने दो दिन पूर्व उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह का उपजिलाधिकारी के पद पर शाहबाद स्थानांतरण कर दिया है। उनकी जगह डिप्टी कलेक्टर विकास कुमार को टांडा का उपजिलाधिकारी बनाया गया है। इस अवसर पर व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष हाजी शकील,हाजी मुशर्रफ अली,हाजी समद, तस्लीम अहमद,हाजी अब्दुल रशीद, सलीम कसगर मोहम्मद तोसीफ आदि मौजूद रहे।


कार्यालय का उद्घाटन करते राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबर खां। ● अमृत विचार

# कमेटी का जल्द ही होगा ऐलान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** ऑल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबर खान ने कहा कि खान शोएब यूनुस ने जिस दिन से प्रदेश की कमान संभाली है फेडरेशन मजबूत हो रही है। अब जल्द ही तहसीलों की कमेटी का ऐलान किया जाएगा।

बरेली गेट स्थित जिला कार्यालय पर मसरूर मियां ने कहा कि खान शोएब यूनुस की कोशिशों से सबसे अधिक देवरिया में 55 लोग फेडरेशन की सदस्यता ले चुके हैं। कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में जिला कार्यालय खोले जाने की मुहिम में खान शोएब ने सभी जिलाध्यक्षों को सर्कुलर जारी किया था। शुक्रवार को जिलाध्यक्ष फिरोज खान ने बरेली गेट के पास स्थित मस्जिद जहूरउद्दीन में जिला कार्यालय की स्थापना कराई। प्रदेश अध्यक्ष फैजान खान को जिला वरिष्ठ महासचिव मनोनीत करते हुए प्रमाण पत्र सौंपा। तहसीलों की कमेटी का जल्द ही ऐलान होगा। मास्टर फिरोज ने कहा कि जिले में मजबूत कमेटी तैयार करेंगे। कार्यक्रम में मास्टर बाबू खान, राहत जान, मसरूर मियां, शबाब खान, अर्शी खान, मोहम्मद कासिम आदि रहे।

## लेखपाल पर होगी विभागीय कार्रवाई

**बिलासपुर, अमृत विचार :** एंटी करप्शन टीम की कार्रवाई से तहसील में दूसरे दिन शुक्रवार को भी अफरा-तफरी मची रही। लेखपाल द्वारा घूसखोरी को लेकर चर्चा हुई।

गुरुवार को तहसील में एंटी करप्शन टीम ने एक लेखपाल को 4000 रुपये की घूस लेते हुए दबोच लिया था। लेखपाल केविंदर सिंह ने एक किसान से 6 हजार 500 रुपये में वारिसान प्रमाण पत्र बनाने की बात कही थी। किसान ने उसे 4000 रुपये दिए थे। बाकी रुपये वारिसान प्रमाण पत्र बनने के बाद दिए जाने थे। लेकिन, एंटी करप्शन टीम ने लेखपाल को पकड़ लिया था। तहसील परिसर में अधिवक्ता, लोग इसी घटना की चर्चा करते नजर आए। एसडीएम हिमांशु उपाध्याय ने इस प्रकरण में विधिक कार्रवाई का निर्देश दिया है। उनका कहना है कि लेखपाल के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी।

# रामलीला का मंचन आज से शुरू

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** श्री सनातन रामलीला कमेटी की ओर से उत्सव पैलेस में श्री रामलीला महोत्सव को लेकर कमेटी के अध्यक्ष विष्णु शरण अग्रवाल ने कहा कि भारत सनातन संस्कृति का देश है। इसमें सदा से धर्म व आध्यात्म सर्वोपरि रहा है। श्री राम चरित मानस पूज्य तुलसीदास कृत एक ऐसा आदर्श व्यवहार सम्पन्न ग्रन्थ है, इसके आधार पर भारतीय जन मानस अपने उज्ज्वल चरित्र का निर्माण करता है। ऋषियों की इस परम्परा को चरितार्थ करने के लिए श्री सनातन रामलीला कमेटी श्री राम के आदर्श चरित्रों व लीलाओं का विमोचन प्रत्येक वर्ष रामलीला रंगमंच से मथुरा के प्रतिष्ठित मंडल से कराती है।

कमेटी के अध्यक्ष ने शुक्रवार को उत्सव पैलेस में हुई प्रेसवार्ता में बताया कि शनिवार से 13 अक्टूबर तक रात्रि सत्र में रामलीला के कार्यक्रमों का आयोजन होगा। 14 अक्टूबर को मां भगवती का जागरण दुर्गा के मधुर गान के साथ प्रस्तुत किया जाएगा। कमेटी के महामंत्री वीरेंद्र गर्ग ने बताया कि सनातन धर्म में कुरीतियां उत्पन्न हुई हैं जो हमारे धर्म ग्रन्थों में कहीं भी नहीं हैं। यदि हम रामायण कालीन समय पर नजर डाले तो प्रभु श्री राम ने निषाद, माता शबरी, सुग्रीव, हनुमान, जामवंत को साथ लेकर ही लंकापति रावण पर विजय प्राप्त की थी। बताया कि शनिवार को जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र रामलीला महोत्सव का रात्रि 9 बजे फीता काटकर आरंभ करेंगे। इस दौरान सुनील कुमार गोयल सोनी ताऊ, सुभाष चन्द्र अग्रवाल ठेकेदार, वेद प्रकाश वर्मा, निर्भय कुमार गर्ग, कमलेश कुमार अग्रवाल,शैलेन्द्र कुमार गोयल आदि मौजूद रहे।


श्री सनातन रामलीला के बारे में जानकारी देते कमेटी के पदाधिकारी।

- जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक फीता काटकर करेंगे आरंभ

**कथा** पितृ पक्ष की मुक्ति के लिए जीव को करना चाहिए श्राद्ध

# रक्षा के लिए श्रीकृष्ण सारथी बनें : पंडित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** कथा वाचक पंडित कन्हैयालाल शर्मा ने भक्तों को बताया कि भगवान हर पल उनकी रक्षा करते हैं। यदि सच्चे मन से जीव भगवान की भक्ति करें, तो उनके लिए लाभ ही लाभ है। कथा से पहले सह यजमान सीमा सक्सेना व दीपक सक्सेना ने पूजन कराया।

गो सेवा गोपाल सेवा समिति की ओर से आदर्श कॉलोनी में स्थित आदर्श धर्मशाला में कथा का आयोजन कराया जा रहा है। इसमें कथा वाचक पंडित कन्हैयालाल शर्मा ने द्रौपदी के चीरहरण का सुंदर वर्णन किया। कहा कि लाक्षाग्रह से पांडवों के जीवन की रक्षा की। पांडवों के लिए भगवान श्रीकृष्ण सारथी बनकर उनकी रक्षा किए। कौरव और पांडवों के युद्ध में श्रीकृष्ण उनके साथ रहे। श्राद्ध पक्ष के महत्व को बताते हुए कथा वाचक ने कहा कि पितृ पक्ष की मुक्ति के लिए जीव को श्राद्ध करना चाहिए। शिव पार्वती विवाह के बारे में भक्तों को बताया। उसके बाद झांकी निकाली गई। प्रहलाद के चरित्र का वर्णन किया गया। इस मौके पर संदेश कुमार, नरेश शर्मा,नरेश गुप्ता, हरि बहादुर, रुपवती, राजकुमार आदि मौजूद रहे।


कथा सुनाते कथा वाचक पंडित कन्हैया लाल।

### कलेक्ट्रेट में आज करेंगे भजन कीर्तन

**रामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय शिव शक्ति सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में शुक्रवार को सिविल लाइन स्थित कार्यालय पर जिला कार्यकरिणी की बैठक मंडल प्रभारी मुरादाबाद वीरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने शनिवार को कलेक्ट्रेट में होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाने पर जोर दिया। कहा कि राष्ट्रीय शिव शक्ति सेना के पदाधिकारी व शिव भक्त जिला कार्यालय पर प्रात: 10 बजे एकत्र होंगे। पूर्वाह्न 11:30 बजे भजन कीर्तन करते हुए कार्यालय से स्टार चौराहा होते हुए जिला अधिकारी कार्यालय के सामने भजन कीर्तन करेंगे। मंदिर की जमीन को कब्जा मुक्त कराने की मांग करेंगे। इस मौके पर शिव नरेश तोमर, राजेन्द्र प्रसाद लोधी, विनोद कुमार, गेंदन लाल सैनी, गुरमन जीत, नीलम आदि रहे।

## शिक्षकों की समस्याओं का होगा निस्तारण

**रामपुर,अमृत विचार:** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष रवेन्द्र गंगवार के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राघवेंद्र सिंह से 2 सितंबर को मिला था।

शिक्षकों ने ज्ञापन सौंपा था। जिसकी कॉपी उच्च अधिकारियों को दी गई थी। जिसमें मुरादाबाद मंडल के अपर आयुक्त ने पत्र का संज्ञान लेते हुए समस्याओं के निस्तारण के लिए एडी बेसिक बुद्धप्रिय सिंह ने बीएसए को शिक्षक समस्याओं के निस्तारण के लिए पत्र लिखा था। इसके अलावा महासंघ के पदाधिकारी कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख से मिलकर उनको ज्ञापन सौंपा था।जिसके बाद शुक्रवार को बीएसए ने शिक्षक समस्याओं के निस्तारण को पटल सहायकों व समन्वयकों को निर्देश दिए हैं। ताकि समस्याओं का निस्तारण हो सके।

# श्री सुखमणि के पाठ से संगत निहाल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** गुरु नानक देव जी के ज्योति ज्योत दिवस एवं संत भाई जी बाबा की सालाना याद में 3 दिन चलने वाले कार्यक्रमों में शुक्रवार सुबह 5 बजे से श्री सुखमणि साहिब का पाठ हुआ। इसके बाद शबद कीर्तन से संगत निहाल हुई।

सिविल लाइंस स्थित गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा में सुबह 9 बजे तक शब्द कीर्तन हुए और अरदास हुई। अपराह्न 3 बजे से 6 बजे तक समस्त स्त्री सत्संग सभाओं ने श्री सुखमणि साहिब के पाठ एवं शबद कीर्तन किए। गुरु नानक देव जी के ज्योति जोत दिवस पर शुक्रवार रात्रि 9 बजे से 10 बजे तक विशेष दीवान सजा। इसमें बाहर से आए रागी जत्था भाई परमजीत सिंह मुंबई वालों ने शबद कीर्तन किया। रात्रि 10 बजे अरदास के बाद प्रसाद वितरण किया। इससे पहले रात्रि 8 बजे से 9 बजे तक सहज पाठ भी हुए। अंतिम दिन शनिवार सुबह 8:30 बजे से 9 बजे तक श्री अखंड पाठ साहिब की समाप्ति होगी। इससे पहले तड़के 4 बजे से श्री सुखमणि साहिब का पाठ होगा। शबद कीर्तन के बाद 10 बजे अरदास होगी। दूसरा दीवान 10:30 बजे से दोपहर 3 बजे तक सजेगा। रागी जत्था शबद कीर्तन करेगा। दोपहर 3 बजे अरदास के बाद अटूट लंगर बरता जाएगा कार्यक्रम में दर्शन सिंह खुराना, गुरचरण सिंह आहुजा मीत प्रधान, महेंद्र सिंह होरा, अमरजीत सिंह, राधे श्याम अरोड़ा, जसमीत सिंह, धनवंत सिंह, पपिंदर सिंह, संतोक सिंह, राज सिंह, सेवादार राजा सिंह, परमजीत सिंह, सचिन सिंह आदि उपस्थित रहे।


गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा में मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

- शबद कीर्तन के बाद हुई अरदास आज भी होगा कार्यक्रम

## तहसील परिसर में पति को पीटा, कमीज फाड़ी

**शाहबाद, अमृत विचार:** घरेलू हिंसा के विवाद में अलीगढ़ से तारीख पर आई महिला ने पति की पिटाई कर दी। इससे तहसील परिसर में अफरा-तफरी मच गई। महिला ने पति की कमीज भी फाड़ दी। ढकिया चौकी क्षेत्र के ओसी गांव निवासी युवती की शादी अलीगढ़ निवासी युवक के साथ हुई थी।

आरोप है कि युवक ने दूसरी शादी कर ली और पहली पत्नी को घर से निकाल दिया। तब से घरेलू हिंसा का विवाद शुरू हो गया। गुरुवार दोपहर अलीगढ़ से पति तारीख पर आया हुआ था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। पति पर अभद्रता का आरोप लगाते हुए पत्नी ने पति की जमकर पिटाई कर दी। बाद में लोगों ने पहुंचकर मामले को रफा-दफा करा दिया।

यद्यत्संदृश्यते लोके सर्वं तत्कर्मसम्भवम्।
सर्वां कर्मानुसारेण जन्तुर्भोगान्भुनक्ति वै ॥

लोगों के बीच जो सुख या दु:ख देखा जाता है, कर्म से पैदा होता है। सभी प्राणी अपने पिछले कर्मों के अनुसार आनंद लेते हैं या पीड़ित होते हैं।

## संपादकीय

# पुतिन की धमकी

यूक्रेन पर रूस के युद्ध का अंत कहीं नजर नहीं आ रहा है। फरवरी 2022 में रूस ने यूक्रेन पर हमला किया था। इस हमले के बाद यूरोप में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सबसे बड़ा संघर्ष शुरू हो गया। तब से रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने कई बार हस्तक्षेप करने वाले किसी भी देश के खिलाफ परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की धमकियां जारी की हैं। रूस ने एक बार फिर से यूक्रेन और नाटो देशों को परमाणु बम की धमकी दी है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने परमाणु सिद्धांत में बदलाव के लिए कहा है। इससे रूस अब गैर परमाणु हथियार संपन्न देश के खिलाफ भी परमाणु हथियार का इस्तेमाल कर सकेगा। यही नहीं अगर रूस पर भीषण हवाई हमला होता है तो रूस परमाणु हमला कर सकेगा। रूस की इस धमकी से एक बार फिर से दुनिया में चिंता बढ़ गई है। क्योंकि रूस के परमाणु सिद्धांत में संशोधन यूक्रेन युद्ध में शामिल होने के मामले में पश्चिम को अब तक की सबसे कड़ी चेतावनी है। रूस के पास वर्तमान समय में 5,580 परमाणु हथियार हैं और उसने 1710 एटम बमों को तैनात कर रखा है। यह दुनिया में सबसे ज्यादा हैं।

गुरूवार को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में विश्व नेताओं, वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों और नागरिक समाज के प्रतिनिधियों ने परमाणु निरस्त्रीकरण को एक वैश्विक प्राथमिकता बताया है और इसके लिए नए सिरे से प्रतिबद्धता व्यक्त की है। उन्होंने आगाह किया कि शीत युद्ध के बदतरीन दिनों के बीत जाने के बाद अब फिर परमाणु हथियारों की स्याह छाया नजर आ रही है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुटेरेश ने चिंता जताई कि परमाणु मुद्दे पर तनातनी और बयानबाज़ी हो रही है और परमाणु हथियारों के इस्तेमाल के लिए धमकियां दी जा रही हैं। हथियारों की होड़ फिर से भड़कने की आशंका है। 20 देशों के समूह ने 2022 और 2023 में संयुक्त बयानों में खतरों को रेखांकित करते हुए कहा कि परमाणु हथियारों का उपयोग और उपयोग की धमकियां अस्वीकार्य हैं। ऐसे में भू-राजनीतिक तनावों के विशेष संदर्भ में वैश्विक परमाणु निरस्त्रीकरण प्रयासों की वर्तमान स्थिति पर चर्चा आवश्यक है। साथ ही भारत को अपने राष्ट्रीय सुरक्षा हितों को वैश्विक निरस्त्रीकरण लक्ष्यों के साथ संतुलित करना चाहिए। सभी देशों को इस मुद्दे की तात्कालिकता को समझना होगा। अमेरिका और नाटो देशों को परमाणु प्रतिशोध की धमकी देने और उत्तेजक परमाणु अभ्यासों से बचना चाहिए। चूंकि अमेरिका और यूरोपीय नेता यूक्रेन को रूस को पीछे हटाने के लिए जरूरी हथियार मुहैया करा रहे हैं, इसलिए उन्हें सावधानी से अपने सैन्य समर्थन को संतुलित करना चाहिए और तनाव बढ़ने से बचने के लिए समन्वय करना चाहिए।

# सरकारी खाद्यान्न खरीद में पारदर्शिता



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

एमएसपी का लाभ प्राप्त करने वाले किसानों की सीमित संख्या होने के कारण कभी-कभी एमएसपी के बारे में कहा जाता है कि यह औचित्यहीन प्रतीत होता है, परंतु बात इतनी सीधी नहीं है। प्रश्न यहां यह उठता है कि यदि एमएसपी औचित्यहीन है तो फिर भला आज किसान इसके लिए उद्वेलित क्यों हैं?

न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत किसानों से धान /बाजरा /ज्वार/मक्का की खरीद प्रारंभ होने वाली है। वस्तुतः न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के संबंध में हमेशा से किसानों की मांगें उठती रही हैं और सरकार द्वारा इस संबंध में निरंतर परिवर्तन और सुधारकर उन्हें अधिकाधिक लाभ पहुंचाने की कोशिश की जाती रही है। यहां यह बताना श्रेयस्कर होगा कि भारत सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष किसानों को उनकी उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य प्राप्त कराने के उद्देश्य से खरीफ और रबी सीजन में कुल 23 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। यह कृषि लागत और मूल्य आयोग की अनुशंसा पर आधारित होता है।

केंद्र सरकार ने किसानों की फसलों को उचित कीमत दिए जाने के उद्देश्य से वर्ष 1965 में कृषि लागत और मूल्य आयोग का गठन किया गया था। भारत में सर्वप्रथम 1966-67 में एमएसपी दर लागू की गई थी। तबसे हरेक साल इसमें सुधार और विस्तारीकरण के उपाय किए जाते रहे हैं। हालांकि उस समय देश में खाद्यान्न उत्पादन की अल्पता थी और भारत खाद्यान्न आयातक देशों में गिना जाता था,परंतु आज भारत खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर हैं और कई खाद्यान्नों का निर्यात करता है। ओपन मार्केट पॉलिसी आने के बाद किसानों को सीधे बाजारों में अपनी उपज बेचने का मौका मिला है। आज ई-नाम मंडी व्यवस्था के अंतर्गत पूरे देश के व्यापारी कहीं भी किसी भी मंडी के खाद्यान्न की खरीद बिक्री कर सकते हैं,जिससे पारदर्शिता एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का शुभारंभ हुआ है।

जाहिर है कि एमएसपी योजना की महत्ता के दृष्टिगत ही बदलते समय के साथ उत्तर प्रदेश सरकार के खाद्य तथा रसद विभाग द्वारा संचालित न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत किसानों से किए खाद्यान्न की खरीद विभाग के कंप्यूटरीकरण के साथ सबकुछ ऑनलाइन एवं पारदर्शी हो गया है। इस योजना से बिचौलियों की भूमिका समाप्त कर दी गई है। पहले जिनके जमीन भी नहीं थे या जो किसान नहीं थे,वे भी किसी और की जमीन के कागज लगाकर और किसी दूसरे के बैंक खाते में पैसा भेजकर योजना का गलत लाभ लेने की कोशिश करते थे। सर्वप्रथम उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इसको लक्षित करते हुए ऑनलाइन ई उपार्जन सिस्टम लागू किया गया, जो एंड टू एंड कंप्यूटराइजेशन के मामले में देशभर में एक प्रकार का यूनिक सिस्टम बनकर उभरा है। इसके लिए सर्वप्रथम किसानों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की व्यवस्था की गई और उनके पंजीकरण को राजस्व विभाग के भू लेख पोर्टल से लिंक किया गया। इससे किसानों के जमीन की सत्यता प्रमाणित होने लगी और फर्जीवाड़ा और बिचौलियों पर रोक लग गई। हालांकि गन्ना विभाग से डाटा शेयरिंग का कार्य अभी भी किया ही जा रहा है। ऑनलाइन पंजीकरण को किसान अपने आधार लिंक मोबाइल नंबर के माध्यम से करा सकता है, जिस पर ओटीपी के माध्यम से वेरीफिकेशन की व्यवस्था है। ऑनलाइन सिस्टम से पहले किसानों को चेक के माध्यम से भुगतान किया जाता था,जो बियरर होता था। इसे पहले एकाउंट पेयी सिस्टम में लाया गया फिर आरटीजीएस के माध्यम से सीधे किसानों के बैंक खाता मे भेजा जाने लगा, लेकिन सबसे फूल प्रूव सिस्टम तब लाया गया,जब भारत सरकार के ऑनलाइन पोर्टल पीएफएमएस के माध्यम से एनपीसीआई (नेशनल पेमेंट कारपोरेशन आफ इंडिया) मैप्ड और वेरीफाइड बैंक एकाऊंट में किसानों को उनकी उपज के मूल्य की धनराशि भेजी जाने लगी। यह ऐतिहासिक कदम था, देश में पहली बार किसी राज्य में किसानों को उनकी उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य पीएफएमएस सिस्टम से दिया जाने लगा है। अन्य राज्यों ने भी अब इसी को अपनाने का निश्चय किया है। क्रय केंद्रों पर भी वास्तविक किसानों से खरीद हो यह सुनिश्चित करने के लिए ई पाप (इलेक्ट्रॉनिक प्वाइंट आफ परचेज) मशीन की व्यवस्था की गई है,जिस पर किसान अपना बायोमेट्रिक करने के बाद ही अपनी उपज बेच सकता है। क्रय केंद्रों से राइस मिलों की ऑनलाइन टैगिंग एवं जीपीएस युक्त वाहनों के माध्यम से खाद्यान्न प्रेषण करने की व्यवस्था लागू की गई है,जिसकी ऑनलाइन ट्रैकिंग भी हरेक स्तर से की जा सकती है।

> उत्तर प्रदेश में लगभग 2.33 करोड़ किसान हैं। इनमें 1.85 करोड़ सीमांत और लगभग तीस लाख लघु किसान हैं। इसके अनुसार लघु व सीमांत किसानों की संख्या 2.15 करोड़ हैं, जो कुल किसानों का लगभग 93 प्रतिशत है। अधिकतर लघु और बड़े किसानों द्वारा ही क्रय केंद्रों पर खाद्यान्न बेचा जाता है, जो कुल किसानों का लगभग 20 प्रतिशत है।

पूरे सरकारी खरीद सिस्टम का एंड टू एंड कंप्यूटराइजेशन के माध्यम से ई उपार्जन सिस्टम बनाया गया है, जिसमें किसानों से खाद्यान्न खरीद के ऑनलाइन पंजीकरण सिस्टम से लेकर टोकन जेनरेशन, तयशुदा तिथि को क्रय केंद्र पर खरीद, ऑनलाइन जेनरेटेड रसीद, ऑनलाइन वेरिफिकेशन के बाद पीएफएमएस (पब्लिक फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम) के माध्यम से सीधे बैंक खाते में भुगतान, राइस मिलों द्वारा ऑनलाइन प्राप्ति/प्रेषण भारतीय खाद्य निगम डिपो पर प्राप्ति सभी एक ऑनलाइन चेन सिस्टम से जोड़ दिया गया है। उत्तर प्रदेश में लगभग 2.33 करोड़ किसान हैं। इनमें 1.85 करोड़ सीमांत और लगभग तीस लाख लघु किसान हैं। इसके अनुसार लघु व सीमांत किसानों की संख्या 2.15 करोड़ हैं,जो कुल किसानों का लगभग 93 प्रतिशत है। अधिकतर लघु और बड़े किसानों द्वारा ही क्रय केंद्रों पर खाद्यान्न बेचा जाता है, जो कुल किसानों का लगभग 20 प्रतिशत है। इसके लिए सरकार द्वारा जारी क्रय नीति में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि लघु और सीमांत किसानों से प्राथमिकता के आधार पर खरीद की जाए। न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के संबंध में गठित शांता कुमार कमेटी के अनुसार मात्र 6 प्रतिशत किसान ही अपनी उपज को इस योजना के अंतर्गत सरकारी क्रय केंद्रों पर बेचते हैं, शेष ओपन मार्केट में बेचते हैं। हालांकि कुछ समय पूर्व इस निष्कर्ष को सतही मानते हुए आइआइटी दिल्ली की रीतिका खेड़ा, प्रांकुर गुप्ता और सुधा नारायण द्वारा एक शोध पत्र जारी किया गया है,जिसके अनुसार लगभग 15-18 प्रतिशत किसानों द्वारा इसका लाभ उठाया जाता है,क्योंकि सभी किसानों द्वारा गेहूं/धान का उत्पादन नहीं किया जाता है तो हम यदि धान/गेहूं उत्पादन करने वाले किसानों में इसकी तुलना करेंगे तो सहभागिता बढ़ जाती है। इस शोध पत्र में आंकड़ों के साथ यह भी कहा गया कि जिन राज्यों ने खरीद व्यवस्था की विकेंद्रीकृत प्रणाली अपनाई है जैसे छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल आदि में लगभग 30-35 प्रतिशत किसानों द्वारा इस योजना का लाभ उठाया जा रहा है।

पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश आदि में यह प्रतिशत भी उच्च है। यहां यह तथ्य भी ध्यान देने योग्य है कि यदि किसानों को मार्केट में अच्छा प्राइस मिल रहा है तो वो भी इसी योजना का प्रतिफल है, परंतु हम आंकड़ों में उन किसानों को शामिल नहीं करते। उदाहरण स्वरूप गत वर्ष 90 प्रतिशत गेहूं बेचने वाले किसानों ने ओपन मार्केट को चुना, क्योंकि यहां मूल्य एमएसपी से अधिक था, अर्थात यहां तुलना भी हम एमएसपी से ही करते हैं। गत वर्षों में गेहूं खरीद के आंकड़ों पर हम नजर डालते हैं तो किसानों को ओपन मार्केट में न्यूनतम समर्थन मूल्य से अधिक पैसा मिला है। गेहूं को वो तो सरकारी क्रय केंद्रों पर बेचना ही नहीं चाहते, क्योंकि उससे ज्यादा मूल्य पर व्यापारी उनके घरों से उठाकर ले जाते हैं। इस तरह से देखें तो यहां पर न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना अपना उद्देश्य प्राप्त कर रही है और किसानों को उससे अधिक मूल्य मिल रहा है।

एमएसपी का लाभ प्राप्त करने वाले किसानों की सीमित संख्या होने के कारण कभी-कभी एमएसपी के बारे में कहा जाता है कि यह औचित्यहीन प्रतीत होता है,परंतु बात इतनी सीधी नहीं है। प्रश्न यहां यह उठता है कि यदि एमएसपी औचित्यहीन है तो फिर भला आज किसान इसके लिए उद्वेलित क्यों हैं? जाहिर है,उन्हें पता है कि मंडियों मे उनके खाद्यान्न की नीलामी जब होती है तो उसकी बोली का आधार एमएसपी ही होता है। प्रत्येक वर्ष बोली का रेट स्वतः एमएसपी में हुई वृद्धि के अनुरूप बढ़ जाता है। वस्तुतः पीडीएस और एमएसपी मार्केट रेट कंट्रोल करता है। पीडीएस के लाभार्थी भी तो एक दूसरे छोर से एमएसपी योजना से ही जुड़े हैं,क्योंकि यहां खरीदे गए खाद्यान्न का उपयोग ही अंत्योदय और पात्र गृहस्थी लाभार्थियों के मध्य किया जाता है।

## प्रसंगवश

# धार्मिक स्थलों की समस्या

भगवान राम के दरबार में एक दिन एक कुत्ता न्याय की गुहार लेकर आया। आरोप था कि एक ब्राह्मण ने अकारण उसे डंडे से मारकर चोट पहुंचाया है। ब्राह्मण तलब हुआ। उसने अपना अपराध स्वीकार करते हुए कहा कि कई दिनों से भूखा रहने के कारण उसे कुत्ते के अकारण भूंकने पर क्रोध आ गया, जिसके कारण उससे यह अपराध हो गया। धर्म संकट देखकर श्रीराम ने कुत्ते से कहा कि इस ब्राह्मण के दंड का अब तुम्हीं निर्धारण करो। कुत्ते ने बहुत सोच विचार कर कहा,महाराज! इस ब्राह्मण को किसी मठ का मठाधीश बना दिया जाए। सारी सभा अवाक्। भगवान मुस्कुराए। मंत्री ने कुत्ते से पूछा कि तुम इस ब्राह्मण को दंड दे रहे या पुरस्कार? कुत्ता श्रीराम की ओर मुखातिब हुआ और बोला,महाराज! पिछले जन्म में मैं मठाधीश ही था। कुत्ते की योनि में जन्म लेकर निरपराध डंडे खाने पड़ रहे हैं। धार्मिक स्थलों के प्रबंधकों के दायित्व बोध के लिए कथा।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

श्री तिरुपति बालाजी धाम अपने देश के सर्वाधिक समृद्ध धार्मिक स्थलों में से एक है। इस स्थिति में वहां के महाप्रसादम् में घालमेल करके किसी भी स्तर पर की गई मुनाफाखोरी अक्षम्य होनी चाहिए। जहां तक प्रसाद ग्रहण करने वाले भक्तों के अपवित्र होने का प्रश्न है,अपने शास्त्र इस बिन्दु पर काफी उदार हैं। हमारी गैर-जानकारी में किए गए किसी दूसरे के कुकर्म से हमारे सत्कर्म प्रभावित नहीं होते हैं। शास्त्रों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि किसी भी अनुष्ठान में की गई त्रुटियों का परिणाम पुरोहित को भुगतना पड़ता है, न कि यजमान को। राम दरबार की उपरोक्त कथा प्रमाण।

किसी भी यज्ञ, अनुष्ठान, पूजा-पाठ में सर्वप्रथम विघ्न विनाशक गणेश जी का आवाहन किया जाता है, ताकि अनुष्ठान निर्विघ्न समाप्त हो। समापन के पूर्व, अनुष्ठान के मध्य जाने-अनजाने हुई त्रुटियों लिए क्षमा याचना भी अनुष्ठान का ही एक अंग है। इन सब सावधानियों के बावजूद जो त्रुटियां हो जाती हैं,वे "वैगुण्यदोष" के रूप में क्षम्य हैं। तमाम प्रयास के बावजूद कुछ कमियों, त्रुटियों, अपराधों की संभावना बनी रहती है, जैसे हवन सामग्री,हवन की लकड़ी के अंदर सूक्ष्म कीड़े-मकोड़ों की उपस्थिति, प्रज्वलित हवन कुंड के आसपास उड़ते सूक्ष्म कीट-पतंगों का जल जाना आदि इत्यादि। इन्हें वैगुण्य, अर्थात अनजाने में हुए अपरिहार्य, दोष मानकर क्षम्य बताया गया है। अतएव अनजाने में दूषित प्रसाद ग्रहण करने का अपराध बोध वांछनीय नहीं है। अपनी अंतरात्मा की पुकार के अनुसार प्रायश्चित करने में भी कोई हर्ज नहीं।

दरअसल आजकल हमारे धार्मिक स्थलों की समस्या कुछ अलग है। तीर्थाटन गुजरे जमाने की बात होती जा रही,देशाटन भी पर्यटन का रूप ले चुका है। अब यह पर्यटन भी एक तरह से तीर्थाटन व देशाटन का कार्पोरेटाइजेशन हो चुका है, जिसमें आस्था व जिज्ञासा के स्थान पर उत्सव व आमोद-प्रमोद को वरीयता मिल रही है। कारपोरेट कल्चर का मूल स्वरूप अधिकाधिक विस्तार से एकाधिकार और मुनाफाखोरी है। सो प्रसाद जैसे पावन सामग्री में भी इन्हें हाथ आजमाने से कोई गुरेज नहीं। पर्यटन भी धीरे-धीरे अति की ओर अग्रसर है। पर्यटन के अतिरेक, ओवर टूरिज्म के दुष्परिणाम को देखते हुए वर्ष 2002 में ही समेकित विकास वर्ल्ड समिट, केपटाउन, में उत्तरदायित्व पूर्ण पर्यटन को "स्थानीय निवासियों के रहने व आगंतुकों के लिए बेहतर स्थान" के रूप में परिभाषित किया गया था। सभी सहभागियों का यह उत्तरदायित्व है कि वे ऐसे स्थलों की स्थानीय विरासत को अपनी अगली तथा उससे आगे आने वाली पीढ़ी के लिए यथावत सुरक्षित रखें। स्थानीय निवासी व आगंतुक पारस्परिक अनुभवों से लाभान्वित हों।

प्रो हारोल्ड गुडविन, "इंटरनेशनल सेंटर ऑफ रेसपांसिबल टूरिज्म" के अध्यक्ष हैं। उन्होंने कुछ दिनों पूर्व दिए गए अपने साक्षात्कार में बताया है कि किस तरह से ओवर टूरिज्म के चलते बार्सीलोना में बाहरी लोगों के अत्यधिक आवागमन करने के कारण स्थानीय लोग बेघर हो गए और कारपोरेट्स द्वारा संचालित होटलों में कर्मचारी के रूप में काम करने के लिए विवश हो गए हैं। केरल के भी कुछ हिस्सों में यही स्थिति बताई जाती है। इसी ओवर टूरिज्म के चलते,जो अब एक भेड़चाल का रूप ले चुका है, विगत के कई आकर्षक पर्यटन स्थल अपनी आभा खोते जा रहे हैं। उन्होंने वृंदावन के जैतवन व निधिवन को एक आदर्श पर्यटन स्थल बताया है, जहां कोलाहल से दूर उसकी आध्यात्मिक अस्मिता सुरक्षित है। उन्होंने यह भी अपेक्षा की है कि ऐसे पर्यटन स्थलों को ऐसा संरक्षण दिया जाए,ताकि उनका मूल स्वरूप सुरक्षित रह सके। पर्यटन स्थल स्थानीय लोगों की संपत्ति है,यह पांच सितारा होटलों के मालिकों व उसमें ठहरने वाले बाहरी लोगों की संपत्ति नहीं है।

जयंती

# भगत सिंह की क्रांति का पुनर्पाठ जरूरी



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

> भगत सिंह नास्तिक थे। उन्हें ईश्वर और धर्म की कठमुल्ला शास्त्रोक्त परंपराओं में विश्वास नहीं था। दलितों के लिए उनके संगठन के दरवाजे जातीय बराबरी के आधार पर खुले थे।

भगत सिंह स्वतंत्रता संग्राम के अकेले गैर कांग्रेसी योद्धा हैं, जिनकी ख्याति महात्मा गांधी के मुकाबले हो गई थी। उनकी फांसी के मुद्दे पर कांग्रेस लगभग आधे-आधे में बंट गई थी। असहमति के बावजूद गांधी के प्रति उनके मन में बेहद सम्मान था। भगत सिंह का कांग्रेस पर नैतिक पौरुषपूर्ण प्रभाव भी पड़ा था। वे गांधीवाद की ऐतिहासिक भूमिका को एक वैज्ञानिक यथार्थवादी की तरह आंकते थे।

लाहौर अधिवेशन में भगत सिंह ने कांग्रेस की ही सहमति से भगवतीचरण वोहरा द्वारा लिखा पर्चा बंटवाया भी था। उसमें विदेशी गुलामी से मुक्ति के लिए क्रांतिकारियों के हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के सशस्त्र संगठन द्वारा क्रांति के लिए संकल्पबद्धता का ऐलान था। नौजवानों को दिए संदेश में भगत सिंह ने इशारा भी किया था कि लाहौर अधिवेशन में कांग्रेस देश की आजादी के लिए जबर्दस्त लड़ाई की घोषणा करने वाली है। तब राष्ट्रीय इतिहास में कठिन क्षणों में नौजवानों के कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी आ पड़ेगी। चाचा सरदार अजीत सिंह, पिता किशन सिंह, लाला लाजपत राय, प्राचार्य छबीलदास, लाइब्रेरियन राजाराम शास्त्री के समर्थन और गांधी के आह्वान पर पढ़ाई छोड़कर स्वाधीनता आंदोलन में कूद पड़ने के बावजूद कांग्रेस के प्रस्तावों ने भगत सिंह के साथ न्याय नहीं किया।

भगत सिंह ने पूरी तौर पर सशस्त्र क्रांति को खारिज नहीं किया। उन्होंने साफ किया कि सशस्त्र क्रांति उस समय ही अनिवार्य विकल्प है, जब जनता पूरी तौर पर क्रांति के नियामक मूल्यों के लिए सुशिक्षित हो पाए। असेंबली में भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त ने बम के बदले क्रांति के अग्निमय शोलों से लकदक लाल पर्चे फेंके। वे किसी भी मुर्दा कौम में बगावत के स्फुलिंग भर सकते थे। सांडर्स की हत्या के बाद क्रांतिकारी पर्चे में साफ लिखा था कि उन्हें एक मनुष्य का खून बहाने में गहरा दुख है। जिन परिस्थितियों में शांति मार्च की अगुआई कर रहे लाला लाजपत राय को लाठियों से पीटकर मार डाला गया, उस घटना का बदला बौद्धिक के बदले यौद्धिक तरीके से ही कारगर ढंग से संसूचित किया जा सकता था। इससे ही अंग्रेज शासक में खौफ पैदा होता कि वह वहशी इरादों के साथ स्वतंत्रता सैनिकों की हत्या करने की कोशिश न करें।

'इंकलाब जिंदाबाद' मूलतः कम्युनिस्टों का नारा है। भगतसिंह ने इसके साथ जोड़ा था 'साम्राज्यवाद मुर्दाबाद' और 'दुनिया के मजदूरों एक हो।" असेंबली बमकांड पर दिए सनसनीखेज ऐतिहासिक बयान में भगत सिंह तथा बटुकेश्वर दत्त ने समाजवादी प्रतिबद्धता के बावजूद क्रांतिकारी आंदोलन का श्रेय गुरु गोविन्द सिंह, शिवाजी, कमाल पाशा, रिजा खां, जार्ज वाशिंगटन, गेरीबाल्डी, लायाफेर और लेनिन को भी दिया। भगत सिंह का कहना था-"मैंने एक आतंकवादी की तरह काम किया है,लेकिन आतंकवादी नहीं हूं। मैं तो ऐसा क्रांतिकारी हूं,जिसके पास एक लंबा कार्यक्रम और उसके बारे में सुनिश्चित विचार होते हैं। मैं पूरी ताकत के साथ बताना चाहता हूं कि मैं आतंकवादी नहीं हूं और कभी था भी नहीं, कदाचित कुछ उन दिनों को छोड़कर जब मैं अपने क्रांतिकारी जीवन की शुरुआत कर रहा था। मुझे विश्वास है कि हम ऐसे तरीकों से कुछ भी प्राप्त नहीं कर सकते हैं।"

भगत सिंह नास्तिक थे। उन्हें ईश्वर और धर्म की कठमुल्ला शास्त्रोक्त परंपराओं में विश्वास नहीं था। दलितों के लिए उनके संगठन के दरवाजे जातीय बराबरी के आधार पर खुले थे। किस्सा मुख्तसर है कि मुसलमानों के रूढ़ विश्वासों के कायम रहते झटका और हलाल किस्म के मांस को एक साथ परोसकर खिलाए जाने के रोमांचक प्रयत्न भी क्रांतिकारियों के बीच प्रफुल्ल होते रहते थे। भगत सिंह पहले आधुनिक महत्वपूर्ण वैचारिक थे,जो पूरी तौर पर प्रचलित मजहबी रूढ़ियों के दायरों से बाहर थे। अंग्रेज जल्लादों से बचने के लिए उन्होंने अपने केश काटकर दुर्गा देवी वोहरा के साथ कलकत्ता तक यात्रा की। कुछ सिखों ने आलोचना की कि पांच धार्मिक प्रतीकों में से केश को उन्होंने क्यों कटवा लिया? भगत सिंह ने धार्मिक जुमले में उन्हें निरुत्तर किया कि गुरु गोविंद सिंह का आदेश है कि अपने कौम और धर्म की रक्षा के लिए शरीर का अंग-अंग कटवा दो। मैंने उसी मकसद से केश कटवा दिए। मौका मिलेगा तो अगला अंग अपनी गरदन कटवा लूंगा।

आज भगत सिंह की क्रांति का पुनर्पाठ बेहद जरूरी है। भगत सिंह हमारी प्रशंसा के साथ-साथ शोधपूर्ण जिरह के आधार हैं। यदि वे आजाद भारत में होते तो स्थितियों का अपनी मौलिकता के साथ आकलन करते। देश तब उस आकलन से सहमत, असहमत या तटस्थ होने की अपनी भूमिका तलाशता।

# रेबीज के कारगर निवारण को जागरूकता जरूरी

दुनिया के 150 से अधिक देशों मुख्यतः एशिया और अफ्रीका में रेबीज एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है। संयुक्त राज्य अमेरिका के सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल के अनुसार दुनिया में प्रतिवर्ष लगभग 70,000 लोग रेबीज के कारण असामयिक मौत का शिकार होते हैं। रेबीज संक्रमण से होने वाली 99 प्रतिशत मौतें संक्रमित कुत्तों के काटने से होती हैं। रेबीज के कारण दुनिया में 40 प्रतिशत मौतें 5 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों में होती है। हालांकि रेबीज संक्रमण का संचरण बिल्लियों, लोमड़ी, सियार, नेवला जैसे जंगली जंतुओं से भी हो सकता है। रेबीज एक वायरल, जूनोटिक (जंतुजन्य) रोग है, जिसका यदि लक्षणों की शुरुआत होने से पहले इलाज न किया गया तो जानलेवा साबित हो सकता है। मानव और पालतू जंतुओं में रेबीज का संक्रमण मुख्यतया किसी संक्रमित जंतु के काटने अथवा उसके द्वारा नोचने, खरोंचने से अथवा संक्रमित जंतु के आंख, मुंह और खुले घाव के सीधे संपर्क में आने पर फैलता है। रेबीज वायरस केंद्रीय तंत्रिका प्रणाली को संक्रमित करता है और यदि इलाज में देरी हुई तो लक्षणों की शुरुआत के साथ मृत्यु की संभावना बढ़ जाती है। रेबीज से बचने के लिए इसके प्रति जागरूकता बहुत जरूरी है।



डॉ. कृष्णा नंद पांडेय
वरिष्ठ विज्ञान लेखक
नोएडा

भारत में गली-मोहल्ले में आवारा कुत्तों के आतंक की घटनाएं प्रायः प्रकाश में आती हैं। आवारा कुत्तों के झुंड द्वारा छोटे बच्चों को घेरकर काटने, नोचने के उदाहरण आए दिन देखने को मिलते हैं। यह झुंड खासकर वृद्धों,महिलाओं और बच्चओं को आसानी से शिकार बनाता है। अमेरिका जैसे देश में प्रतिवर्ष 7000 से अधिक रेबीज से संक्रमित होते हैं, जिनमें लगभग 10 व्यक्ति मौत का शिकार होते हैं। कुत्ते पालने के अधिकांश शौकीन आकर्षक नस्लों के विदेशी कुत्ते पालते हैं। जाहिर है उनका आयात किया जाता है। संयुक्त राज्य अमेरिका में कुत्तों की आयात प्रक्रिया कड़े नियमों के अनुपालन पर आधारित होती है। यही कारण है कि संयुक्त राज्य अमेरिका में वर्ष 2007 से आयातित संक्रमित कुत्तों से फैलने वाले रेबीज की घटनाओं पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है। आवारा कुत्ते द्वारा काटे जाने से बचाव मनुष्य के लिए बिल्कुल आसान है, फिर भी संक्रमित जंतुओं के काटने अथवा खरोचने की स्थिति में चिकित्सा विशेषज्ञ की परामर्श में इलाज कराना जरूरी होता है। अविलंब उपचार के द्वारा इससे होने वाली क्षति से बचा जा सकता है। पेट लवर्स अपने पेट्स के भोजन, स्वास्थ्य तथा उनकी स्वच्छता सफाई के प्रति बहुत सजग रहते हैं। फिर भी लोगों को दूसरों के पालतू कुत्तों से भी सजग और सावधान रहने की आवश्यकता होती है। पर्यटन स्थलों पर स्ट्रीट डॉग्स से बचना जरूरी है।

विश्व के अनेक देशों में अभी भी रेबीज के कारण बड़ी संख्या में लोगों और जंतुओं की मौतें होती हैं। प्रत्येक वर्ष 28 सितंबर को रेबीज से संबंधित किसी महत्वपूर्ण विषय यानी थीम पर केंद्रित "विश्व रेबीज दिवस" के रूप में मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य विश्व स्तर पर जन सामान्य में रेबीज संक्रमण के विषय में जानकारी, उनसे बचाव के तरीके, निर्धारित समय पर वैक्सीन लगवाने जैसे पहलुओं पर जागरूकता फैलाना होता है। 28 सितंबर को विश्व प्रसिद्ध फ्रेंच केमिस्ट और माइक्रो बायोलॉजिस्ट लुइस पाश्चर की पुण्यतिथि भी है, जिन्होंने प्रथम रेबीज वैक्सीन को तैयार किया था। उनके योगदानों के संस्मरण में रेबीज के कारगर निवारण की दिशा में समुदाय के लोगों में जागरूकता फैलाना और उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है। वर्ष 2024 के "विश्व रेबीज दिवस" के लिए निर्धारित विषय है 'ब्रेकिंग रेबीज बाउंड्रीज' यानी 'रेबीज की सरहदें तोड़ना'। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार रेबीज की सुरक्षा में व्यापक टीकाकरण अभियान, जागरूकता फैलाने और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने को सुनिश्चित कर हम भौगोलिक, सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक बाधाओं के रूप में सीमाएं तोड़ सकते हैं। रेबीज संक्रमण पर काबू पाने की दिशा में आने वाली रुकावटों को दूर करना इस वर्ष के लिए निर्धारित थीम का हिस्सा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वर्ष 2030 तक विश्व को कुत्तों से फैलने वाले रेबीज से होने वाली मौतें बिल्कुल समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए विभिन्न देशों के बीच पारस्परिक सहयोग करने के साथ-साथ सरकारों, स्वास्थ्य संगठनों, वेटरनरी सेवाओं और समुदायों को मिलकर काम करने की आवश्यकता है।

## सोशल फोरम

# तर्क करने का माद्दा

कोर्ट में केस चल रहा था। सारे सबूत अपराधी को गुनहगार ठहरा रहे थे। जब अपराधी से सफाई में कुछ कहने के लिए कहा गया तो उसने कहा-श्रीमान मैं गंगा स्नान कर अपने सारे पाप धो चुका हूं। अब चूंकि मैं पाप मुक्त हो चुका हूं,इसलिए मुझे दंड नहीं मिलना चाहिए।



तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

सवाल है कि कोई भी समाज क्या अपराधी को केवल इसलिए माफ कर देगा कि उसने गंगा स्नान कर लिया है। शायद कोई भी समाज ऐसा नहीं करेगा। तो आखिर ये कौन लोग हैं और कैसी ये सोच है,जो केवल स्नान से आपके पाप कटवाने का ठेका लिए घूमते हैं। समाज आस्था से आपके विश्वास से नहीं चलता। कोई भी स्वस्थ समाज चलता है, नियमों से, तर्कों के बलबूते।

आजादी के बाद भारत की प्रगति की राह में ये सबसे बड़ी बाधा रही कि हम एक तर्कशील समाज का निर्माण करने में असफल रहे। तर्क के ऊपर आस्था को महत्व देने का नतीजा है कि एक स्कूल में बच्चों की शुरुआत प्रार्थना से होती है और फिर क्लास में जाकर ये फिजिक्स और केमेस्ट्री पढ़ते हैं। न्यूटन, आइंस्टाइन और डार्विन को रटते हैं। रटते हैं यहां इसलिए कहा गया कि फिर यही लोग बड़े होकर रफैल पर नींबू मिर्च लटकाने से खुश होते हैं। दरअसल दिक्कत है कि जो समाज के अग्रणी लोग हैं,जिन पर समाज को दिशा देने की जिम्मेदारी है। वो सब खुद कर्मकांड में लिप्त हैं। शिक्षा हमें तार्किक बनाती है।

अंधविश्वास भगाती है, लेकिन आज एक शिक्षित व्यक्ति भी बिल्ली के रास्ता काटने पर सोचने लगता है। हमारी दिक्कत है कि हमने तर्कों पर हमेशा आस्था को महत्व दिया। अगर हमारी आस्था, विश्वास इतने ही मजबूत हैं तो तर्कों से डरना क्यों? जो विज्ञान हजारों साल पहले हुए डायनासोर्स के बारे में बता सकता है। वो आपके सारे अंधविश्वास और किस्से कहानियों की सत्यता भी परख सकता है। बशर्ते आपमें जानने और अपने ही विश्वासों की बखिया उधेड़ उस पर तर्क करने का माद्दा हो।

-फेसबुक वॉल से

# आईटी हब बैंगलोर

इन दिनों सिलिकॉन वैली के नाम से मशहूर हो चुके बैंगलोर में हूं। तमाम आईटी सेक्टर कंपनियों और अन्य सरकारी उपक्रमों के बड़े कार्यालय होने से इस जगमग क्षेत्र की रौनक देखने लायक है। आईटी कंपनियों के हब में देश के अनेक प्रांतों से आए युवा जगह-जगह चहल कदमी करते और ग्रुप्स में चाय पर चर्चा करते मिल जाएंगे। इलेक्ट्रोनिक सिटी में इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहनों की बहुलता से प्रदूषण काफी कम है। जगह-जगह कतार में खड़ी बैटरी वाली साइकिल जो मिरेकल के नाम से जानी जाती हैं। एक ऐप के जरिए पिन प्राप्त कर कम दूरी के लिए यूज करना बड़ा आसान है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

यहां गगन चुंबी इमारतें तो नहीं हैं, परंतु ऊंची-ऊंची इमारतों की भव्यता जरूर है। युवाओं और युवतियों के लिए बड़ी संख्या में पीजी मिल जाएंगे जो स्थानीय लोगों का साइड बिजनेस भी है। देश के सभी प्रांतों के युवाओं की उपस्थिति से अंग्रेजी, हिंदी, कन्नड़, मराठी, बंगला, भोजपुरी, तमिल, तेलगु आदि भाषाओं का मिश्रण सुना जा सकता है। यहां ओला या उबर के मुकाबले रैपिडो के माध्यम से बाइक, ऑटो और कैब का प्रयोग अधिक किया जाता है। वहीं देश की दुग्ध उत्पादन की दूसरी बड़ी कंपनी नंदनी का दूध अमूल के दूध के मुकाबले काफी ज्यादा होता है। स्थानीय दुकानदार भी इसी को प्रमोट भी करते देखे जा सकते हैं। शिक्षित लोगों का क्षेत्र होने से यूपीआई से पेमेंट बहुत ज्यादा है। 75 प्रतिशत लेन-देन इसी पद्धति से होता दिखाई दे रहा है।

कैश में लेन-देन काफी कम है। छोटे खुदरा दुकानदार, फड़ वाले, रेहड़ी वाले ऑटो पेटीएम पर ही पेमेंट लेना पसंद करते हैं। आईटी हब होने के साथ-साथ दुकानों, मॉल, घरेलू काम ऑटो और कार चलाने, स्विगी, ज़मोटो, ब्लिंकिट तथा सिक्युरिटी आदि के लिए अर्द्धकुशल और अकुशल सभी तरह के श्रमिकों की मांग बनी रहती हैं। बड़ी संख्या में प्रवासी यहां काम करते देखे जा सकते हैं। काश देश के अन्य बड़े शहरों में भी इस तरह का विकास हो सके।

## एक नजर

### ट्रैक्टर से भिड़ंत में एक बाइक सवार की मौत

**रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र के गवां बबराला मार्ग पर दूध डेयरी के समीप ट्रैक्टर और बाइक की आमने सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव न्यौरा निवासी महावीर व किशनपाल बाइक से बबराला की तरफ जा रहे थे। गवां बबराला मार्ग पर दूध डेयरी के समीप सामने से आ रहे ट्रैक्टर से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। इस हादसे में महावीर की मौत हो गई और किशनपाल गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर को छोड़कर मौके से फरार हो गया।

### मंदिर की भूमि पर अवैध दुकानें तोड़ रहे मजदूर

**संभल, अमृत विचार :** शहर में बहजोई मार्ग पर राधाकृष्ण मंदिर की भूमि पर बनी दुकानों को तोड़ने का काम शुरू हो गया। शुक्रवार को कई मजदूर निर्माण को तोड़ने में जुटे नजर आए। डीएम डॉ.राजेंद्र पैंसिया के निर्देश पर एसडीएम विनय कुमार मिश्र ने राधाकृष्ण मंदिर की भूमि को कब्जामुक्त कराया था। जांच में यह बात भी सामने आई थी कि भूमि पर बनी दुकानों पर भी अवैध कब्जा है। एसडीएम ने मंदिर की भूमि, दुकानें कब्जाने और बेचने के मामले में दंपति समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अब लोगों ने दुकानों के निर्माण को तोड़ने का काम शुरू करा दिया है। शुक्रवार को कई मजदूर निर्माण को तोड़ने में जुटे रहे।

### बाइक और स्कूटी की भिड़ंत में मां बेटा घायल

**जुनावई, अमृत विचार :** बदायूं जिले के गांव भज्जी की मढैया निवासी आकाश शुक्रवार को मेरठ स्थित रिश्तेदारी से मां फूलवती के साथ बाइक पर सवार होकर घर जा रहा था। आकाश बाइक लेकर जैसे ही मेरठ बदायूं मार्ग पर गांव जुनावई चौराहे के पास पहुंचा। अचानक से आकाश की बाइक के सामने महिला स्कूटी लेकर आ गई। इससे पहले आकाश बाइक पर नियंत्रण कर पाता। बाइक और स्कूटी की टक्कर हो गई। जिससे सड़क पर गिरकर आकाश व फूलवती घायल हो गए। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर फूलवती को मेडिकल कालेज अलीगढ़ रेफर कर दिया।

## बबराला स्टेशन पर दो दिन नहीं रुकेंगी ट्रेनें

**बबराला, अमृत विचार :** बबराला स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग का काम होने के कारण रेल प्रशासन ने कई रेल ट्रेनों का रेगुलेशन व निरस्तीकरण करने का निर्णय लिया है।

स्टेशन अधीक्षक ने बताया कि गाड़ी संख्या 04375 (अलीगढ़-बरेली) व गाड़ी संख्या 04376 (बरेली-अलीगढ़) 29 सितंबर एवं 30 सितंबर को निरस्त रहेगी। वहीं, एनआई कार्य के कारण सूबेदारगंज-देहरादून 14113, अलीगढ़-गजरौला 04393, बरेली-अलीगढ़ 04376, अलीगढ़-बरेली 04375, बरेली-अलीगढ़ 04378, अलीगढ़-बरेली 04377 और बरेली-लोकमान्य तिलक टर्मिनल 14324 को 28 सितंबर और 29 सितंबर को बबराला स्टेशन पर नहीं रोका जाएगा। ये सभी ट्रेनें राजघाट नरोरा स्टेशन पर रुकेंगी। वहीं 28 सितंबर को गाड़ी संख्या 14314 डीएन बबराला स्टेशन के स्थान पर राजघाट नरोरा स्टेशन पर रुकेगी। 28 और 29 सितंबर को बबराला स्टेशन पर गाड़ी नहीं रुकेंगी।

### ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट में लगे संभल के आधा दर्जन से अधिक निर्यातकों के स्टाल

# विदेशियों को लुभा रहे हड्डी सींग से बने हस्तशिल्प उत्पाद

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

**अमृत विचार :** ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में लगे इंटरनेशनल ट्रेड शो में संभल और सरायतरीन में हड्डी-सींग से बने हस्तशिल्प उत्पादों की धूम मची है। विदेशी बायर्स स्टालों पर पहुंचकर न सिर्फ हस्तशिल्प उत्पादों की खरीदारी कर रहे हैं बल्कि आर्डर देने के लिए भी कदम बढ़ा रहे हैं। माहौल को लेकर निर्यातक उत्साहित नजर आ रहे हैं। निर्यातकों का कहना है कि ट्रेड शो से कई बड़े आर्डर मिलने की उम्मीद है। जिससे कारोबार को पंख लग सकते हैं।

ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में चल रहे इंटरनेशनल ट्रेड शो में संभल के सरायतरीन निवासी कमल कौशल वार्ष्णेय की फर्म नीलकंठ इंटरप्राइजेज का स्टाल लगा है। स्टाल पर डेकोरेशन से संबंधित सामान उपलब्ध हैं। जिन्हें स्थानीय लोगों के अलावा विदेशी बायर्स खूब पसंद कर रहे हैं। इसी तरह जुबैद का हेबिन क्राफ्ट, मोहम्मद आसिफ का डेकासा डेकोर, शाह आलम के स्टाल भी लगे हैं। जीआई टैग के संभल हार्न क्राफ्ट और संभल बोन क्राफ्ट के स्टाल भी इंटरनेशनल ट्रेड शो में लगाए गए हैं। इन स्टालों पर ज्वैलरी, फोटो फ्रेम के अलावा घरों को सजाने के लिए तमाम सजावटी सामान की उपलब्धता है। विदेशी बायर्स स्टालों पर पहुंचकर हस्तशिल्प उत्पादों के कायल हो रहे हैं। ऐसे उत्पादों को पसंद करते हुए खरीद भी रहे हैं। कई विदेशी बायर्स ने तो निर्यातकों से संपर्क करते हुए हस्तशिल्प उत्पादों के बारे में जानकारी हासिल की है और बड़े आर्डर देने के लिए कदम भी बढ़ाए हैं। निर्यातकों को उम्मीद है कि यह ट्रेड शो कारोबार की दृष्टि से अच्छा रहेगा। कई आर्डर मिलने से कारोबार तरक्की कर सकेगा।



नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में लगा संभल का हैंडीक्राफ्ट स्टाल।



हमारे स्टाल पर डेकोरेशन से संबंधित सामान है। स्टाल पर लोगों की भीड़ देखी जा रही है। लोग सामान को पसंद करके खरीद भी रहे हैं। उम्मीद है कि ट्रेड शो से कारोबार अच्छा होगा।

-कमल कौशल वार्ष्णेय



स्थानीय लोगों के अलावा विदेशी बायर्स स्टाल पर आकर हार्न बोन का सामान पसंद कर रहे हैं। फोटो फ्रेम, ज्वैलरी खूब लुभा रही है। पहले की तुलना में इस बार कई आर्डर मिलने की उम्मीद है।

-मोहम्मद आसिफ

# हमले के बाद ग्रामीणों ने सियार को मार डाला

## घायल किशोरी व ग्रामीण को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा, वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची

**कार्यालय संवाददाता, संभल/सौंधन**

**अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र में जंगली जानवर ने हमला कर किशोरी और ग्रामीण को घायल कर दिया। खौफ के माहौल के बीच भड़के ग्रामीणों ने लाठी डंडे लेकर सियार को मार डाला। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया। ग्रामीणों द्वारा जंगली जानवर के हमले की सूचना देने के बाद वन विभाग की टीम भी पहुंची।

थाना क्षेत्र के गांव ततारपुर घोसी निवासी अजब सिंह की बेटी डोली (13 वर्ष) शुक्रवार को शाम करीब चार बजे घर का कूड़ा डालने के लिए कुछ दूरी पर पहुंची। कूड़ा डालने के बाद जैसे ही डोली वापस घर आने के लिए चली तो बाजरा के खेत से निकले जंगली जानवर ने उस पर हमला कर दिया। पास में ही मकान की छत पर बैठी शकुंतला देवी ने नजारा देखा तो शोर मचाया। आसपास के ग्रामीण मौके की तरफ दौड़ पड़े। ग्रामीणों ने किसी तरह किशोरी को बचाया और जंगली जानवर खेतों में भाग गया। घायल किशोरी को ग्रामीण घर ले गए। करीब आधा घंटे के बाद गांव की रजनेश (38 वर्ष) पुत्र प्यारे जंगल से घास लेकर घर लौट रहा था। रास्ते में जंगली जानवर ने रजनेश पर भी हमला कर दिया। शोर मचाया तो ग्रामीण मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक जंगली जानवर के हमले में रजनेश बुरी तरह घायल हो गया। गुस्साए ग्रामीणों ने लाठी डंडे लेकर जंगली जानवर की तलाश शुरू कर दी। ग्रामीणों ने एक जंगली जानवर को मार दिया। घटना के बाद घायल डोली और रजनेश को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया। सूचना पर वन विभाग के दरोगा यादव चंद्र वेदवाल और थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार मलिक पहुंचे। वन दरोगा यादव चंद्र वेदवाल ने बताया कि जंगली जानवर द्वारा दो लोगों को घायल करने की सूचना मिली थी। मौके पर जाकर देखा गया है। जिस जानवर को ग्रामीणों द्वारा मारा गया है, वह सियार है। ग्रामीणों की मानें तो इसी जानवर ने हमला किया था। जानवर के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।



चारपाई पर लेटी जंगली जानवर के हमले में घायल युवती।

### दो गांवों में जंगली जानवर की दस्तक से खौफ

**संभल, अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव ततारपुर घोसी और मल्लाह मुस्तफाबाद में जंगली जानवर द्वारा हमला किए जाने के बाद खौफ का माहौल बन गया। डरे सहमे ग्रामीण बच्चों और पशुओं की सुरक्षा को लेकर परेशान हैं। ग्रामीणों ने अधिकारियों से गांवों में सुरक्षा का माहौल बनाने की मांग की है। वहीं असमोली की सपा विधायक पिंकी यादव ने एक्स पर संदेश लिखकर सरकार से घायलों को उपचार के साथ ही जंगली जानवर को पकड़वाने की मांग की है।

### मल्लाह मुस्तफाबाद में भी जंगली जानवर का हमला

**सौंधन, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव मल्लाह मुस्तफाबाद निवासी किशनलाल पुत्र रंजीत शुक्रवार को दोपहर करीब दो बजे धान की फसल की रखवाली के लिए खेत पर बने मचान के पास मढ़ैया में बैठा था। बताते हैं कि वहां पहुंचे जंगली जानवर ने किशनलाल पर हमला किया। शोर मचाने पर आसपास खेतों से किसान पहुंचे लेकिन तब तक जंगली जानवर भाग गया। घायल हुए किशनलाल का उपचार कराया गया।



जंगली जानवर के हमले में घायल ग्रामीण।

## सार-संक्षेप

### चौराहे पर ठुमके लगवाने वाला डांस टीचर गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** चौराहे पर म्यूजिक बजाकर डांस को लेकर पुलिस ने उस डांस टीचर को गिरफ्तार कर लिया जो अपने स्टूडेंट के साथ चौराहे पर डांस कर रहा था। गुरुवार की रात आठ बजे सोशल मीडिया पर सदर कोतवाली क्षेत्र के शंकर चौराहे पर अचानक कुछ युवक पहुंचे और रील बनाने के लिए म्यूजिक बजाते हुए डांस शुरु कर दिया। डांस करते युवकों को देखकर चौराहे पर लोगों की भीड़ इकट्ठा होने लगी थी। जिससे चौराहे पर जाम जैसे हालत बन गए। वहीं चौराहे से पैदल गुजरने वाली महिलाओं व युवतियों को असहज महसूस हुआ। इस घटना को लेकर अमृत विचार ने शुक्रवार के अंक में –युवकों ने चौराहे पर म्यूजिक बजाकर लगाए ठुमके–शीर्षक से प्रकाशित के साथ खबर को प्रकाशित किया तो अधिकारियों ने घटना का संज्ञान लिया। इसके बाद पुलिस ने चौराहे पर डांस कराने वाले डांस टीचर आशू निवासी शहजादी सराय को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली प्रभारी अनुज कुमार तोमर ने बताया कि डांस सिखाने वाले युवक का शांतिभंग की धारा में चालान किया गया है।




जागरूकता रैली निकालते बहजोई महाविद्यालय के छात्र–छात्राएं।

### रैली निकाल कर पॉलिथीन के खिलाफ जगाई अलख

**बहजोई, अमृत विचार :** बहजोई महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तहत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम पखवाड़े के अंतर्गत एकल उपयोग प्लास्टिक संग्रह के तहत छात्र–छात्राओं ने स्वच्छता रैली निकाली। रैली को डीआईओएस बेदराम, सचिव अजय कुमार आयरन व प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र कुमार गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही स्वयंसेवियों ने बहजोई के भगवंतपुर वाली देवी मंदिर परिसर, बहजोई रेलवे स्टेशन परिसर एवं कांठ बाजार आदि जगहों पर जाकर पॉलीथिन को इकट्ठा किया। पॉलीथिन संग्रह में प्रथम स्थान पर सानिया की टीम रहीं जिसका नेतृत्व सलोनी रस्तोगी ने किया। द्वितीय स्थान पर रजनी शर्मा की टीम रही जिसका नेतृत्व प्रीति शर्मा ने किया। जबकि तृतीय स्थान पर शशिबाला की टीम रही जिसका नेतृत्व तृप्ति आर्य ने किया। इस दौरान भगवान सिंह चौहान, मनोज कुमार यादव, दीप्ति रानी, संजय कुमार, सलोनी रस्तोगी, डॉ. बलवीर सिंह, पूजा शर्मा, प्रीति शर्मा, श्रीनिवास सिंह यादव, रामतीरथ, नेमपाल सिंह यादव, गौरव वार्ष्णेय, तृप्ति आर्य आदि मौजूद रहे।



बहजोई में चिकित्सा शिविर परीक्षण कराने के बाद दवा लेते रोगी।

### चिकित्सा शिविर में 315 मरीजों का हुआ उपचार

**बहजोई, अमृत विचार :** बाबू मुकुट बिहारी लाल जैन सेवा न्यास द्वारा मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के चिकित्सकों की देखरेख में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बीपी, शुगर, ब्लड प्रेशर, बोन डेंसिटी जांच एवं मरीज को दवाओं का वितरण किया गया। चिकित्सा शिविर का शुभारंभ आरएसएस के विभाग प्रचारक शरद कुमार ने अहिंसा और करुणा के प्रेरक भगवान महावीर के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। संयोजक सम्भव जैन ने बताया कि शिविर में 315 मरीजों का उपचार किया गया। शिविर में मैक्स हॉस्पिटल के जनरल फिजिशियन डॉ. सतीश आदि ने परामर्श दिया। इस दौरान अध्यक्ष सुनील जैन, उपाध्यक्ष संजय कुमार जैन, ट्रस्ट के संरक्षक संजय जैन, विकास वार्ष्णेय, अमन कुमार, मीतेश जैन, नकुल प्रताप सिंह, विभोर जैन, नागेश सिंह, अखिलेश कुमार, डा. मनोज कुमार, अक्षय सिंह, नेत्रपाल, अंकित कुमार आदि ने सहयोग किया।

### प्लाट में मूर्ति के मामले को लेकर रिपोर्ट दर्ज

**संभल, अमृत विचार :** संभल कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला खग्गू सराय में प्लाट में मूर्ति निकलने के बाद पूजा अर्चना करने के मामले में धार्मिक उन्माद फैलाने के उद्देश्य से मूर्ति प्लाट में डालने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज की गई है। नखासा थाना क्षेत्र के मुहल्ला खग्गूसराय निवासी फईम अहमद ने गुरुवार की देर रात सदर कोतवाली में तहरीर देकर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। कहा कि कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला कोटपूर्वी निवासी राकेश गुप्ता का प्लाट मुहल्ला महमूद खां सराय में स्थित है। थोड़े दिन पहले प्लाट को राकेश गुप्ता से फईम अहमद ने खरीद लिया था। आरोप है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने कब्जा करने व धार्मिक उन्माद फैलाने के इरादे से दरवाजा तोड़कर प्लाट में रात को खंडित मूर्तियां डाल दीं। जब खंडित मूर्तियां हटाने को कहा तो अज्ञात व्यक्ति ने फईम अहमद से बीस लाख रुपये की मांग की। तहरीर मिलने पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। वहीं प्लाट में स्थापति मूर्ति पर लोगों के पूजा अर्चना करने का सिलसिला जारी है।

### ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण की उठी मांग

**संभल, अमृत विचार :** मानव विकास जनसेवा समिति के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम विनय कुमार मिश्र को सौंपा। कहा कि संभल क्षेत्र में फिरोजपुर के किले की कुछ अवशेष बचे हैं। गांव सौंधन मोहम्मदपुर का किला, पुराना किले के चारों गेट व मियां सराय किले का गेट जर्जर अवस्था में हैं, जो कभी भी गिर सकते हैं। प्राचीन किले की दीवार का हिस्सा और चक्की का पाट गिर चुका है। कहा कि चौहर कुआं और तोता मैना कब्र समेत सभी का सौंदर्यीकरण कराया जाए। संभल को पर्यटन नगरी घोषित करने की मांग भी की। इस दौरान डॉ.मुहम्मद नाजिम, यासीन अंसारी, रविराज चाहल एडवोकेट, मोहसिन अली, कमांडर अली आदि रहे।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते समिति से जुड़े लोग।

## रास्ते से अतिक्रमण नहीं हटने पर ग्रामीणों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

**संवाददाता, बहजोई**

**अमृत विचार :** गांव बमनेटा में रास्ते से अतिक्रमण हटाने गई टीम अतिक्रमण हटाए बिना वापस लौट आई। आक्रोशित ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। डिप्टी कलेक्टर से ग्रामीणों की नोकझोंक भी हुई।

गांव बमनेटा में रास्ते से अतिक्रमण हटाने को लेकर ग्रामीणों ने दो दिन पहले कलेक्ट्रेट में एक ग्रामीण का शव रखकर हंगामा किया था। जिला प्रशासन से गांव के रास्ते से अतिक्रमण हटाकर रास्ता बनाए जाने की मांग की थी। तब प्रशासन ने चार दिन में अतिक्रमण हटाने का आश्वासन दिया था। ग्रामीणों का आरोप है कि शुक्रवार को राजस्व विभाग की टीम गांव में अतिक्रमण हटाने पहुंची थी। लेकिन वहां से नापजोख करके ही वापस लौट आई। विरोध में ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पर जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और वह डीएम दफ्तर के बाहर धरने पर बैठ गए। डिप्टी कलेक्टर आनंद कटारिया ने ग्रामीणों को शांत किया। वहीं चंदौसी तहसीलदार भी मौके पर पहुंचे। कुछ और समय देने की अपील की तो ग्रामीण मान गए।



बहजोई में कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करतीं बमनेटा की महिलाएं।

## बाइक सवार चार लोगों ने युवती का किया अपहरण

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार:** रजपुरा थाना क्षेत्र में मां के साथ खेत से चारा लेने गई युवती का बाइक सवार चार लोगों ने अपहरण कर लिया। मां की तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला बुधवार को अपनी 18 वर्षीय बेटी के साथ जंगल से पशुओं के लिए चारा लेने गई थी। युवती पास में लगे नलकूप पर पानी पीने गई थी। महिला का कहना है कि तभी दो बाइकों पर सवार होकर आए चार व्यक्तियों ने उसकी बेटी को खींचकर बाइक पर बैठा लिया। चीखने चिल्लाने की आवाज को सुनकर मां के पहुंचने से पहले ही बाइक सवार युवती का अपहरण कर ले गए। तहरीर मिलने पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस मामले को प्रेम प्रसंग से जुड़ा मान रही है। थाना प्रभारी अमरपाल सिंह ने बताया कि इस मामले की जांच की जा रही है।

# झोलाछाप के इलाज से नवजात की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

**कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा**

**अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र के कस्बा गवां में झोलाछाप के इलाज से चार दिन के नवजात की शिशु की मौत हो गई। गुस्साए परिजनों ने जमकर हंगामा करते हुए कार्रवाई की मांग उठाई। हंगामे के दौरान झोलाछाप भाग निकला। मामला संज्ञान में आने पर स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी ने संबंधित क्लीनिक समेत तीन क्लीनिकों को सील करने की कार्रवाई की।

थाना क्षेत्र के गांव सिंघौली कल्लू निवासी पंकज शर्मा पुत्र गौरीशंकर ने दिक्कत होने पर चार दिन के नवजात शिशु को कस्बा गवां में स्थित मनोज कुमार क्लीनिक में भर्ती कराया था। गुरुवार को देर रात झोलाछाप के इलाज के दौरान नवजात शिशु की मौत हो गई। नवजात शिशु की मौत पर परिजन भड़क गए। परिजनों ने जमकर हंगामा करते हुए झोलाछाप पर कार्रवाई की मांग उठाई। इस बीच झोलाछाप डॉक्टर भाग गया। मामला थाने तक भी पहुंचा। घटना की जानकारी स्वास्थ्य विभाग को हुई तो नोडल अधिकारी डॉ. विरास यादव मौके पर पहुंच गए। नोडल अधिकारी ने मनोज कुमार के क्लीनिक के अलावा श्री हरि बाबा बच्चा क्लीनिक, अनिल चाइल्ड हेल्थ केयर क्लीनिक को सील कर दिया। नोडल अधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर क्लीनिकों को सील किया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।




गवां में बच्चे की मौत के बाद अस्पताल के बाहर एकत्र लोग।

**आयोजन** | डीएम–एसपी ने बड़ा मैदान पर पहुंचकर तैयारी का लिया जायजा, देर शाम तक तैयारी को अंतिम रूप दिया गया

# जिले के स्थापना दिवस पर कल्कि महोत्सव का आज होगा आगाज

**संवाददाता, बहजोई (संभल)**

**अमृत विचार :** जनपद के स्थापना दिवस पर प्रथम बार कल्कि महोत्सव का भव्य शुभारंभ शनिवार को होगा। कार्यक्रम की भव्यता बनाने को लेकर दिनभर तैयारी का दौर जहां एक और चलता रहा। डीएम,एसपी ने आयोजन स्थल पर पहुंचकर तैयारी का जायजा लेकर अधिकारियों को सभी तैयारियां समय से पूरा करने के निर्देश दिए।

आज शनिवार को जनपद का स्थापना दिवस है। इसको लेकर पहली बार जिला प्रशासन जनपद में स्थापना दिवस के मौके पर कल्कि महोत्सव का आयोजन बहजोई के बाद मैदान पर कर रहा है। शनिवार को इसका भव्य शुभारंभ होगा। वॉटरप्रूफ पंडाल बनाया गया है जिसे कर्मचारी पूरी तरह से तैयार करने को लेकर देर रात तक जुटे रहे। देर शाम तक तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा था। पंडाल में जिला प्रशासन ने 2000 लोगों बैठने की व्यवस्था की है। इस पूरे महोत्सव में शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। पूरे जिले भर के पूरे महोत्सव का आनंद लें इसके लिए इंटरनेट मीडिया का भी सहारा लिया जा रहा है। इंटरनेट मीडिया पर इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा।

डीएम राजेंद्र पैंसिया व एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई बड़ा मैदान आयोजन स्थल पर पहुंच गए। जहां उन्होंने तैयारी में जुटे अधिकारी एडीएम प्रदीप वर्मा व अन्य अधिकारियों से तैयारी के बारे में जानकारी की। उन्होंने जहां पार्किंग स्थल पर पहुंचकर वाहनों के आवागमन को लेकर पुलिस को निर्देश दिए तो वही पंडाल में एंट्री को भी लेकर अधिकारियों से जानकारी कर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर 100 पुलिसकर्मियों को लगाया जाएगा। 4 सेक्टर बनाए गए हैं जिनकी जिम्मेदारी थाना प्रभारी पर रहेगी।



बहजोई में महोत्सव की तैयारियों पर चर्चा करते डीएम,एसपी व अन्य अधिकारी।



कल्कि महोत्सव के लिए बनाया गया विशाल पंडाल।

### मालिनी अवस्थी की भजन संध्या से होगा आरंभ

**बहजोई, अमृत विचार :** 28 सितंबर को जहां सुबह 11 बजे के लगभग पीएम कुसुम योजना पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना पर चर्चा होगी तो दोपहर 2:00 से 4:00 बजे तक ग्राम प्रधान सम्मेलन में ग्रामीण विकास में पंचायती राज विभाग योजनाओं पर चर्चा की जाएगी। 4:30 बजे से 7:00 तक स्कूली बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी विद्यालय नवोदय विद्यालय के अलावा निजी एवं शासकीय विद्यालय वृद्ध आश्रम का कार्यक्रम आश्रम पद्धति विद्यालय के कार्यक्रम होंगे। वही शाम 7:30 बजे से रात्रि 10:00 तक उद्घाटन कार्यक्रम होगा। जिसमें संस्कृत भजन संध्या मालिनी अवस्थी के द्वारा की जाएगी।

## परीक्षित व समीक ऋषि संवाद की कथा सुनाई

**संभल, अमृत विचार:** श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा के दूसरे दिन कथा वाचक ने राजा परीक्षित व समीक ऋषि संवाद की कथा सुनाई।

सिंहपुरसानी में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा के दूसरे दिन वृंदावन से आए कथा वाचक त्रिशांत कृष्ण शास्त्री महाराज ने राजा परीक्षित व समीक ऋषि संवाद का वर्णन सुनाया। कहा कि एक बार राजा परीक्षित वन में गए हुए थे। प्यास लगने पर राजा परीक्षित ने तपस्या में लीन समीक ऋषि से पानी मांगा। समाधि में होने की वजह से समीक ऋषि राजा परीक्षित को पानी नहीं पिला सके। अपमान समझकर राजा परीक्षित ने मरा हुआ सांप उठाकर समीक ऋषि के गले में डाल दिया। क्रोधित होकर ऋषि पुत्र ने राजा परीक्षित को श्राप दिया कि आज से सातवें दिन तक्षक नामक सर्प आएगा और राजा परीक्षित को जलाकर भस्म कर देगा।



संभल के गुरुद्वारे में गुरुवाणी कीर्तन करते ज्ञानी बलविंदर सिंह व सूरज सिंह।

### गुरुनानक देव का ज्योति ज्योत पर्व मनाया

**संभल, अमृत विचार :** गुरुद्वारा श्री गुरुनानक दरबार में सिख धर्म के प्रथम गुरु गुरुनानक देव का ज्योति ज्योत पर्व श्रद्धा एवं भक्ति भावना से शोकमयी वातावरण में मनाया गया। गुरुद्वारा में ज्ञानी बलविंदर सिंह, सूरज सिंह आदि ने गुरुवाणी का कीर्तन किया। बुजुर्गों की याद में अरदास की गई। कहा गया कि गुरु नानक देव संसार की यात्रा एवं लोगों का उद्धार करते हुए अंतिम समय करतारपुर साहिब में बिताया। संसार के जीवों को उपदेश देते हुए करतारपुर साहिब की धरती रावी नदी के किनारे आलोप हो गए, जहां ऐतिहासिक गुरुद्वारा बना हुआ है। आखिर में गुरु का अटूट लंगर हुआ। वीर खालसा सेवादल, महिला सुखमनी सोसाइटी ने सेवा की। इस दौरान हरदीप सिंह, गुरजीत सिंह, धर्म सिंह, हरज्ञान सिंह, कुलवीर सिंह, सुरजीत सिंह, गुरविन्दर सिंह, विनोद, सचिन, मुन्नालाल, गंगाविशन, अजीत सिंह, अभीत सिंह, कुलदीप सिंह, सुरेंद्र सिंह, हरप्रीत सिंह, जसजीव सिंह, गुरदीप सिंह, ओमप्रकाश, सुरेंद्र कौर, मोहन कौर, सुखविन्दर कौर, मंजीत कौर, जगजीत कौर, करमजीत कौर, सोनिया, कंचन कौर आदि रहे।

## एक नजर

### चन्दौसी में आज आठ घंटे बंद रहेगी बिजली

**चन्दौसी, अमृत विचार :** विद्युत विभाग द्वारा शनिवार को पॉवर हाउस उपकेंद्र पर कार्य किया जाएगा। जिससे 9 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। एसडीओ प्रथम अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि विद्युत लाइन प्रणाली के सुदृढीकरण का कार्य किया जा रहा है। जिसमें नए पोल व तार लगाने का कार्य किया जा रहा है। शनिवार को पॉवर हाउस बिजली घर के मुंसिफ रोड, मयूर विहार, सीएचसी परिसर की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

### बच्ची की गला घोंटू से मौत की आशंका

**असमोली, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के गांव शकरपुर की मिलक सोत में दस साल की बीमार बच्ची की इलाज के दौरान मौत हो गई। कहा जा रहा है कि दम घोंटू बीमारी से बच्ची की मौत हुई है। गांव शकरपुर की मिलक निवासी मुशाहिद की दस साल की बेटी रिफा को कुछ दिन पहले बुखार आया था। परिजन निजी चिकित्सक से बच्ची का इलाज करा रहे थे। शुक्रवार को बच्ची को गले में सांस की दिक्कत हुई। परिजन डाक्टर के पास ले जाते उससे पहले ही बच्ची की मृत्यु हो गई। परिवार वालों का कहना है कि गला घोंटू की बीमारी में लड़की की मृत्यु हुई है।

### छुट्टा पशु से टकराई बाइक, दो लोग घायल

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के गांव गैलुआ निवासी मजदूर राजेश शुक्रवार की शाम सात बजे बाइक पर सवार होकर एक अन्य व्यक्ति के साथ संभल से मजदूरी करने के बाद घर जा रहे थे। थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग पर गांव खग्गूपुरा के पास बाइक के आगे अचानक से छुट्टा पशु आ गया। जिससे राजेश की बाइक छुट्टा पशु से टकरा गई। इस दौरान सड़क पर गिरकर राजेश व उसका साथी घायल हो गए।

### महिला के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज

**बदायूं, अमृत विचार :** गांव नगला भिंड निवासी रामवीर व्यक्ति ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 25 मई 2023 को दोपहर चार बजे उनकी पत्नी प्रेमवती दिल्ली से वापस गांव आ रही थीं। मुजरिया चौराहे पर रोडवेज बस से उतरकर अपने गांव की ओर बढ़ी। रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे लोगों ने प्रेमवती को जान से मारने की नीयत से उसका अपहरण कर लिया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली हैं।

# महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

## जहर खाने की सूचना महिला ने फोन करके पति को दी, घरेलू विवाद के चलते उठाया कदम

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव असालतपुर जारई में घरेलू विवाद के चलते महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। महिला ने जहर खाने की सूचना फोन पर पति को दी। घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। घटना से परिवार में कोहराम मचा है।

गांव असालतपुर जारई निवासी तेजेंद्र सिंह मेहनत मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता है। वह अपनी पत्नी नीतू 25 वर्ष व दो पुत्रों के साथ रहता है। चार दिन पहले तेजेंद्र अपनी पत्नी नीतू को मायके से लेकर आया था। शुक्रवार की सुबह युवक अपने काम पर चला गया। पत्नी सुबह को बच्चों को स्कूल छोड़कर घर आ गई। जबकि ससुर व सास भी किसी कार्य से घर बाहर थे। दोपहर 12 बजे महिला ने घरेलू विवाद के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया और अपने पति को फोन करके जहरीला पदार्थ खाने की सूचना दी। सूचना मिलने पर आनन-फानन में पति घर पहुंचा और पत्नी को निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया। करीब 1.30 बजे महिला ने दम तोड़ दिया। परिजन महिला का शव घर ले आए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस मायके वालों आने का इंतजार कर रही थी। घटना की सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार सिंह भी पहुंचे। उन्होंने परिजनों से जानकारी ली।

**आत्महत्या**

- चार दिन पहले तेजेंद्र पत्नी को मायके से लेकर आया था


संभल के रजपुरा में युवक का शव मिलने के बाद मौके पर मौजूद पुलिस व ग्रामीण।

### पेड़ पर फंदे से लटका मिला युवक का शव

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में युवक का शव खेत में शीशम के पेड़ पर फंदे से लटका मिला। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। थाना क्षेत्र के गांव भीकमपुर जैनी निवासी रौदास उर्फ काले (22 वर्ष) पुत्र नत्थू सिंह गुरुवार को शाम खाना खाने के बाद घर से खेत पर छुट्टा पशुओं से धान फसल की रखवाली के लिए गया था। रौदास चार भाइयों में सबसे छोटा था। शुक्रवार को सुबह के समय रौदास का शव खेत में शीशम के पेड़ पर रस्सी के फंदे से लटका मिला। खेतों की तरफ जा रहे ग्रामीणों ने शव लटका हुआ देखा तो खलबली मच गई। सूचना मिलने पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए और कोहराम मच गया। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि युवक का शव फंदे से लटका हुआ मिला है। प्रथम दृष्टया आत्महत्या के जैसा प्रतीत हो रहा है।

### सीएमओ को निरीक्षण में गैरहाजिर मिले 16 कर्मचारी, काटा वेतन

**गुन्नौर, अमृत विचार :** गुन्नौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का सीएमओ ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ को नियमित और संविदा सहित 16 कर्मचारी गैरहाजिर मिले। नाराजगी जाहिर करते हुए एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। वहीं फार्मासिस्ट दीपक यादव की सराहना की।

शुक्रवार को सीएमओ डॉ. तरुण पाठक ने गुन्नौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर निरीक्षण करने पहुंचे। कर्मचारी कम दिखाई दिए तो उन्होंने सबसे पहले उपस्थिति दर्ज रजिस्टर चेक किया। तमाम कर्मचारी गैर हाजिर देख सीएमओ का पारा चढ़ गया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ.पवन सिंह से कहा कि कैसे अस्पताल चला रहे हो। वहीं सीएमओ ने मॉनिटरिंग विंग देखा और वहां पर बताया कि अभी साफ सफाई की जरूरत है। इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसके बाद उन्होंने इमरजेंसी वार्ड देखा। सीएमओ ने कहा कि यहां पर अभी स्वास्थ्य सेवाएं सुधारने की जल्द ही व्यवस्था की जाएगी।


रेलवे स्टेशन पर अधिकारियों से जानकारी करते डीआरएम राजकुमार।

## डीआरएम ने किया रेलवे स्टेशन पर सौंदर्यीकरण के कार्य का निरीक्षण

संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** डीआरएम मुरादाबाद ने रेलवे स्टेशन पर सौंदर्यीकरण के कार्य का निरीक्षण कर तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके बाद स्टेशन का निरीक्षण कर व्यवस्था देखी व अभिलेख भी चेक किए। डीआरएम क्षेत्रीय रेलवे प्रशिक्षण संस्थान में निर्माणाधीन छात्रावास भी देखा।

शुक्रवार की शाम सवा चार बजे डीआरएम मुरादाबाद राजकुमार अपने स्पेशल ट्रेन से रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। जहां स्टेशन अधीक्षक आशीष मिश्रा व प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य मोनू लूथरा ने उनका स्वागत किया। डीआरएम ने रेलवे स्टेशन परिसर में अमृत योजना के तहत चल रहा सौंदर्यीकरण का निरीक्षण किया। साथ ही ठेकेदार से कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। कहा कि निर्माण कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बाद रेलवे स्टेशन पर अभिलेख चेक किए। डीआरएम क्षेत्रीय रेलवे प्रशिक्षण संस्थान भी पहुंचे। वहां निर्माणाधीन छात्रावास का निरीक्षण किया। इसके बाद वह स्पेशल ट्रेन से मुरादाबाद के लिए रवाना हो गए।

### मारपीट में पिता-पुत्र सहित चार के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**चन्दौसी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गणेश कॉलोनी में 25 सितंबर की रात हुए झगड़े में पीड़ित की ओर से दो नामजद सहित चार लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

गणेश कॉलोनी गली नं. 6-बी निवासी रवि पुत्र राजू ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा है कि 25 सितंबर की रात 10.30 बजे वह किसी कार्य से गली नंबर 6 में गया था। तभी विट्टन व उसके पुत्र पराग वार्ष्णेय डंडे व लोहे की राड लेकर आ गया और हमला कर दिया। कॉलोनी के ही दो लोगों ने उसे हमलावरों से बचाया। हमला करने वालों में पिता-पुत्र के साथ दो अन्य अज्ञात लोग भी थे। आरोपी गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर विट्टन व उसके पुत्र पराग वार्ष्णेय सहित दो अज्ञात के विरुद्ध मारपीट के मामले में रिपोर्ट दर्ज की है। उक्त घटना का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ था।

## जमीन के विवाद में बड़े भाई को गोली मारकर किया घायल

संवाददाता, संभल/रजपुरा

**अमृत विचारः** धनारी थाना क्षेत्र में जमीन के विवाद को लेकर छोटे भाई ने घेर में सो रहे बड़े भाई को गोली मारकर घायल कर दिया। हालत गंभीर होने पर ग्रामीण को जिला अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस ने पिता पुत्र सहित तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र के गांव गढ़ा निवासी रफेद्दीन व जमील दोनों सगे भाई पास में स्थित अलग अलग मकान में पत्नी व बच्चों सहित रहते हैं। रफेद्दीन व जमील के बीच पिछले काफी समय से जमीन का विवाद चला आ रहा है। गुरुवार की रात रफेद्दीन घेर में सो रहा था। आरोप है कि रात एक बजे जमील बड़े भाई के घेर में पहुंचा और चारपाई पर सोते समय गोली मारकर रफेद्दीन को घायल कर दिया। गोली चलने की आवाज सुनकर परिजन व आसपास के लोग जागकर मौके पर आ गए। देखा तो गोली लगने से रफेद्दीन खून से लथपथ बेहोश अवस्था में चारपाई पर पड़ा था। पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल कर साक्ष्य इकट्ठा किए। थाना प्रभारी नरेश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर जमील व उसके बेटे दानिश और एक अज्ञात सहित तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### दस बीघा जमीन के बंटवारे का है विवाद

**संभल, अमृत विचार :** गढ़ा निवासी रफेद्दीन के बेटे इरशाद ने बताया कि गांव के पास दस बीघा जमीन स्थित है। बंटवारा होने के बाद यह जमीन रफेद्दीन के हिस्से में आ गई थी। जबकि गांव से थोड़ी दूर स्थित जमीन जमील के पास है। गांव के पास वाली जमीन महंगी होने की वजह से जमील उसमें हिस्सा मांगता था। इसी बात को लेकर विवाद है।

## सार-संक्षेप


शहीद भगत सिंह प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते समिति के लोग। ● अमृत विचार

### समारोह पूर्वक मनाई क्रांतिकारी भगत सिंह की जयंती

**चन्दौसी, अमृत विचार :** महापुरुष स्मारक समिति व सर्वसमाज जागरुकता अभियान की ओर से क्रांतिकारी भगत सिंह की जयंती स्टेशन रोड स्थित भगत सिंह स्मारक पर धूमधाम से मनाई गई। पदाधिकारियों ने उनके प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। मुख्य अतिथि व अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि क्रांतिकारी भगत सिंह देश को आजाद कराने के लिए फांसी पर चढ़ गए। सन् 1928 साइमन कमीशन का क्रांतिकारी लाला लाजपत राय विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। तब अंग्रेज अफसर स्कॉट ने लाठीचार्ज का आदेश दिया। जिसमें लाला लाजपतराय गंभीर रूप से घायल हो गए, बाद में उनकी मृत्यु हो गई। 7 अक्टूबर 1930 को भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव को फांसी की सजा सुनाई गई। इस अवसर पर सुरेश चंद्र शर्मा, चौधरी शिव सिंह, बाबू लाल, डॉ. जितेंद्र वर्मा, मनोज सिंघल, लक्ष्मी नारायण शर्मा, प्रमोद कुमार गुप्ता, एनके शर्मा, वेदराम मौर्य, सुभाष चंद्र दुबे, गेंदन लाल, हरदयाल सिंह, राजीव अग्रवाल, अनिल कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।


सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण समिति के पदाधिकारी को सम्मानित करते अतिथि।

### पौधरोपण करने वाले संघ के सदस्यों को किया सम्मानित

**चन्दौसी, अमृत विचार :** प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण समिति की ओर से एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आरंभ किया था। शुक्रवार को एक माह की समाप्ति पर कर्मचारी संघ की ओर से गोशाला रोड पर कार्यक्रम का आयोजन कर पौधे लगाने वाले कर्मचारियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। संघ के अध्यक्ष हितेश पाल सिंह ने बताया कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत चन्दौसी यूनिट द्वारा 1200 पौधों का रोपण किया गया। साथ ही अन्य लोगों को भी पौधरोपण करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डीके सिंह, चरण सिंह यादव, अश्वनी सक्सेना, जसवीर सिंह, राजीव कुमार, राकेश कुमार, मेखराज सिंह, दुष्यंत कुमार, सुधीर कुमार, जागेश पाल सिंह, विनय कुमार आदि मौजूद रहे।


छात्रों के बनाएं मॉडल को देखता निर्णायक मंडल।

### एसएम इंटर कालेज में लगी बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी

**चन्दौसी, अमृत विचार :** एसएम इंटर कालेज में विद्यालय स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों द्वारा बनाएं गए मॉडलों का निरीक्षण किया गया। शुक्रवार को कालेज में हॉल में 52 वीं राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी विज्ञान प्रवक्ता विपिन कुमार के निर्देशन में किया गया। जिसमें छात्रों ने कचरा प्रबंधन, आपदा प्रबंधन, संसाधन प्रबंधन, प्राकृतिक खेती, यातायात व संचार, गणितीय मॉडलिंग एवं कंप्यूटेशन सोच और भोजन, स्वास्थ्य और स्वच्छता आदि विषयों पर मॉडल प्रस्तुत किए। जिसमें जूनियर वर्ग में विशाल प्रथम, अवधेश बाबू द्वितीय व विजय तृतीय स्थान पर रहे। सीनियर वर्ग में भानुप्रताप प्रथम, वेदप्रकाश द्वितीय व अभिनव भारती तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में विपिन कुमार, नेमचन्द्र, चन्द्रवीर, मो. इमरान व अनूप सिंह रहे। प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर रुपेश कुमार, मनोज कुमार, एके सिंह, सत्यपाल, रामप्रकाश, ममता शर्मा, विनीता रानी, नेहा श्रीवास्तव, खम्मन सिंह, जटाशंकर आदि मौजूद रहे।

### स्वच्छता के प्रति छात्राओं को किया जागरूक

**चन्दौसी, अमृत विचार :** एनकेबीएमजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से मिशन सक्षम आंगनबाड़ी कार्यक्रम पोषण 2.0 योजना के अंतर्गत एनीमिया ग्रोथ, मॉनिटरिंग, पूरक आहार पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अलका रानी अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित करके किया। नोडल अधिकारी डॉ. रीता सिंह ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों के जरिए पात्र लाभार्थियों को पूरक पोषक दिया जाता है। इस योजना के तहत पोषण व स्वास्थ्य से जुड़ी कई तरह की सुविधा दी जाती है। जबकि अपराह्न को स्वच्छता अभियान मिशन के तहत स्वच्छता संस्कार के 11वें दिन छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई की। जिसमें छात्राओं को बताया कि वह अन्य लोगों को यह संदेश दे कि भारत को स्वच्छ बनाना है, यह तब संभव हो सकता है। जब हम इसको अपने स्तर से स्वच्छता को अपने मन में ठान ले कि हम किसी भी तरीके से अपने आसपास गंदगी नहीं फैलनी है। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शीतल गहलोत आदि मौजूद रहे।

## घर में घुसकर मारपीट करने में दोषी को तीन वर्ष की सजा

संवाददाता, चन्दौसी

- अदालत ने 2200 रुपये का जुर्माना भी लगाया

**अमृत विचार :** गुन्नौर थाना क्षेत्र के गांव में किसान की पुत्री के मामले में अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट की न्यायालय ने आरोपी को तीन वर्ष कारावास की सजा सुनाई है।

विशेष सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता शालिनी ने बताया कि गुन्नौर थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने 5 मई 2017 को पुलिस को तहरीर दी थी। जिसमें बताया था कि 5 मई 2017 की रात आठ बजे वह अपनी परचून की दुकान पर बैठा था। जबकि उसकी पत्नी पड़ोस में गई हुई थी। कुछ देर दुकान पर बैठे व्यक्ति के पास उसकी पुत्री का फोन आया। उसकी पुत्री ने बताया कि घर के अंदर एक युवक घुस आया है और जिसके पास तमंचा है। आरोपी युवक तमंचे के बल पर शादी करने का दबाव बना रहा है। पुत्री की बात सुनकर वह घर पहुंचा। वहां आरोपी युवक पुत्री को तमंचे से डरा धमका रहा था तथा जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर रहा था। तभी घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके से अनूप निवासी बबराला को गिरफ्तार किया। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट न्यायालय में दाखिल कर दी। मामले की सुनवाई अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट रागिनी के न्यायालय में हुई। जिसमें दोषी को घर में घुसकर मारपीट करने व गालियां देने के आरोप में तीन वर्ष के कारावास की सजा व 2200 रुपये अर्थदंड लगाया है। साथ ही एससीएसटी एक्ट व तमंचा रखने के आरोप में दोषमुक्त कर दिया।

### बिजली का कनेक्श नहीं था, करा दी चोरी की रिपोर्ट

**बदायूं, अमृत विचार :** गांव में बिजली व्यवस्था न होने के बाद भी एक जेई ने 80 साल की विधवा महिला के नाम पर बिजली का कनेक्शन दर्शाकर बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज करा दी। महिला के बेटे राम किशोर ने संबंधित जेई को नोटिस भेजा तो जेई ने फोन करके धमकाया तो राम किशोर कोर्ट की शरण में गए। कोर्ट के आदेश पर जेई और दो अन्य कर्मचारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

थाना हजरतपुर क्षेत्र के गांव मौर्य नगला के मजरा मलूकपुर निवासी राम किशोर ने कोर्ट में वार दायर करके कहा कि उनकी गांव में साल 2021 से पहली बिजली की व्यवस्था नहीं थी और न ही गांव में किसी का बिजली कनेक्शन था। बिजली विभाग के जेई ने उनकी 80 साल की विधवा मां पर बिजली कनेक्शन दर्शाकर उनके 16 दिसंबर 2017 को उनके खिलाफ थाना हजरतपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी जबकि उनके मां ने कोई भी कनेक्शन नहीं लिया था।

## जिले में 40 केंद्रों पर होगी धान खरीद

कार्यालय संवाददाता, संभल


संभल मंडी समिति के बाहर लगीं ट्रैक्टरों व अन्य वाहनों की कतारें।

- एक अक्टूबर से 31 जनवरी तक होगी खरीद, तैयारियां शुरू

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार की व्यवस्था के तहत संभल जिले में 1 अक्टूबर से धान की खरीद शुरू होगी। धान खरीद के लिए 40 क्रय केंद्र खोले जाएंगे। केंद्रों पर धान की खरीद को लेकर तैयारी तेज कर दी गई है।

जिला प्रशासन ने धान खरीद के लिए क्रय केंद्रों को स्वीकृति दी है। डिप्टी आरएमओ संजीव कुमार राय ने बताया कि जिले में 40 क्रय केंद्रों पर धान की खरीद होगी। तहसील संभल क्षेत्र में 14, चंदौसी में 16 और गुन्नौर में 10 क्रय केंद्र रहेंगे। कॉमन धान प्रति क्विंटल 2300 रुपये और ग्रेड वन धान प्रति क्विंटल 2320 रुपये में खरीदा जाएगा। एक अक्टूबर से 31 जनवरी 2025 तक धान की खरीद होगी। उन्होंने बताया कि किसानों से रजिस्ट्रेशन के आधार पर धान खरीदा जाएगा। जिन किसानों ने पूर्व में धान या गेहूं बेचने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है, उन्हें दोबारा नवीनीकरण कराना होगा। जबकि जिन किसानों ने इस प्रक्रिया को नहीं अपनाया है उन्हें नया पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि धान क्रय केंद्रों को लेकर तैयारी चल रही है। जल्द ही क्रय केंद्रों के लिए बैनर, इलेक्ट्रानिक कांटा, बोरा तथा अन्य इंतजाम कर लिए जाएंगे। बताते चलें कि पिछले दिनों हुई बारिश से धान की फसल को नुकसान हुआ। किसान बची हुई धान की फसल को लेकर मंडी समितियों में पहुंच रहे हैं। वहां किसानों को मजबूरी में औने पौने दाम पर धान बेचना पड़ रहा है। धान फसल को लेकर किसानों की उम्मीद पूरी नहीं होती दिख रही है।

### महिला को पति ने पीटा

**बदायूं, अमृत विचार :** मोहल्ला वेदाटोला निवासी सदफ ने तहरीर देकर बताया कि 23 सितंबर को वह अपने पति से चल रहे मुकदमा के चलते मध्यस्थता केंद्र पर गई थीं। जहां महिला के पति मोहल्ला नई सराय निवास जुनैद खान पुत्र निसार ने उसे लात-घूंसे और डंडे से पीटा।

**सूचना**

मेरे पांच पुत्र व एक पुत्री में से एक पुत्र रईस गलत संगत में पड़ गया है, जो मेरे साथ झगड़ा करता हैं, मैं अपने इस पुत्र की पत्नी नाजरीन व उसके तीन पुत्र जैनव, विशाल, अयान सहित इन सभी को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुए सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। इन सभी के द्वारा किये गये कुकृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। **हारून पुत्र अब्दुल हमीद निवासी :- मौ0 पृथ्वीगंज, तह0:- कांठ, जिला मुरादाबाद।**

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम मोहम्मद ज़ीशान (MOHAMMAD ZESHAN) से बदलकर मोहम्मद ज़ीशान (MOHAMMAD ZEESHAN) रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

**-मोहम्मद ज़ीशान पुत्र श्री महफूज़ अली, उझारी, जनपद अमरोहा**

**संबंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र लवकुश को गलत आचरण के चलते अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उससे मेरा व परिवार का कोई वास्ता नहीं।

**-डालचंद सिंह पुत्र वल्लू सिंह निवासी बंदेवाली मड़ैया, ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**

**अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, रामपुर**

पत्रांक:-2792/ई-निविदा सूचना/24-25 दिनांक 21.09.2024

**अल्प कालीन ई-निविदा सूचना/प्रेस नोट**

महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रा0ख0, लो0नि0वि0, रामपुर के क्षेत्रान्तर्गत कुल 01 कार्य (बिलासपुर रूद्रपुर मार्ग से धनौरा मोड़ से पईपुरा गोदी, गुलालपुर, मंगतपुर नानकपुरी मार्ग पर यूटीलिटी शिफ्टिंग इलेक्ट्रिक पोल्स आदि हटाने का कार्य-चतुर्थ आमंत्रण) हेतु ऑनलाइन निविदा श्रेणी 'क' (निदेशालय, विद्युत सुरक्षा से लाइसेंस प्राप्त) कार्य हेतु पंजीकृत निविदादाताओं से दिनांक 30.09.2024 प्रात: 10 बजे से दि0 07.10.2024 अपरान्ह 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित सभी नियम / शर्तें तथा विवरण वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(कृष्ण वीर)
अधिशासी अभियन्ता, प्रा0ख0, लो0नि0वि0, रामपुर

**आयोजन** — प्रजापति समाज सेवा समिति के जिला अध्यक्ष सोमपाल सिंह ने फीता काटकर किया उद्घाटन

## रामलीला में कलाकारों ने किया सीता हरण का मंचन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी


सीता हरण का मंचन करते कलाकार।

**अमृत विचार :** थाना बनियाठेर के ग्राम बनियाखेडा में हो रही रामलीला के छठे दिन सीता हरण की लीला का मंचन किया। जिसे देखने के लिए आस-पास ग्रामीण देर रात तक बैठे रहे।

श्री आदर्श युवक रामलीला समिति के तत्वाधान में शिव मंदिर पर हो रही रामलीला का प्रजापति समाज सेवा समिति संभल के जिला अध्यक्ष सोमपाल सिंह प्रजापति के द्वारा फीता काटकर आरंभ किया गया। रामलीला के प्रथम दृश्य में दिखाया गया कि एक सोने के मृग को देखकर मां सीता का मन उस मोहित हो जाता है, वह प्रभु राम से उसकी खाल लाने के लिए जिद करने लगती है। राम मृग के पीछे जाते हैं, लेकिन काफी देर तक नहीं आते है। यह सब रावण का रचाया खेल था। थोड़ी देर बाद मां सीता लक्ष्मण को भेज देती है। लक्ष्मण जाने से पूर्व लक्ष्मण रेखा खींच कर जाते हैं। उनके जाने के बाद रावण साधु के रूप में पहुंचता है, और आवाज लगाकर भिक्षा मांगता है। मां सीता रावण को लक्ष्मण रेखा के अंदर से ही भिक्षा देती हैं। जिस पर रावण रुष्ट हो जाता है। साधु को क्रोधित देख मां सीता लक्ष्मण रेखा लांघ भिक्षा देनी जाती है। जिस पर रावण साधु के रूप छोड़कर वास्तविक स्वरूप में आ जाता है और मां सीता का हरण कर लेता है। रामलीला में उमेश चंद्र प्रजापति, कमल सिंह प्रजापति, देवेंद्र मौर्य, सुशील जैन, अनुज गिरी, कपिल कुमार प्रजापति, महेश पाल मौर्य आदि का सहयोग रहा।

### लव-कुश ने किया वाल्मीकि रामायण का अध्ययन


वाल्मीकि रामायण कथा का वाचन करतीं डॉ. लवी मैत्री।

**चन्दौसी, अमृत विचार :** श्री गीता सत्संग भवन में वाल्मीकि रामायण का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को कथा के तीसरे दिन कथा वाचक डॉ. लवी मैत्री ने कहा कि संसार में धर्म की स्थापना करने के लिए भगवान विष्णु अनेक अवतार ग्रहण करते हैं और संसार का भार उतार कर संसार को अपने रूप में बनाते हैं। कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने सोचा कि भगवान राम के पुत्र ही रामायण का वाचन करेंगे तो पूर्ण रूप से यह मान लिया जाएगा कि किस प्रकार से मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ने सारी मर्यादाओं का पालन किया। इस प्रकार से भगवान श्रीराम के पुत्र लव व कुश मर्यादाओं का पालन करते हुए वाल्मीकि रामायण का अध्ययन करते हैं। इस अवसर पर राहुल कुमार अग्रवाल, सुनील कुमार, विपिन कुमार, जिवेंद्र कुमार, विनय कुमार, अनूप कुमार अग्रवाल, अनिल कुमार, प्रदीप कुमार, सोम प्रकाश कसेरे आदि मौजूद रहे।

## मकानों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन बनी मुसीबत

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- एक महिला छत पर बाल सुखाने के दौरान करंट की चपेट में आ चुकी है

**अमृत विचार :** नगर पालिका क्षेत्र के मोहल्ला लोधियान में मकानों के ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजर रही हैं। जिससे हादसा होने का खतरा बना हुआ है। जबकि एक महिला छत पर बाल सुखाने के दौरान करंट की चपेट में आ चुकी है।

मोहल्ला लोधियान में मकानों के ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। उक्त हाईटेंशन लाइन एक नलकूप तक जा रही है। जो छत के लिंटर से सात फिट की ऊंचाई पर है। लोग अपने मकानों के ऊपर कपड़े तक नहीं सुखा सकते हैं। हाईटेंशन लाइन गुजरने से लोग छतों पर जाने से डरते हैं। सप्ताह भर पहले मोहल्ला लोधियान निवासी महिला बीना छत पर बाल सुखा रही थी। तभी अचानक तौलिया में उतरे करंट लगने से महिला झटका खाकर नीचे गिर गई। मोहल्ले के लोग कई बार विद्युत विभाग से उक्त हाईटेंशन लाइन हटाने को शिकायत कर चुके हैं। मगर समस्या का समाधान नहीं होने से लोगों में रोष व्याप्त है। बताया कि उनके मकानों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के कारण लोग मकानों के ऊपर दूसरी मंजिल नहीं बना सकते।

> मोहल्ला लोधियान में गुजर रही हाईटेंशन लाइन काफी पुरानी है। लाइन खिंचने के बाद लोगों ने मकान बना लिए हैं। फिलहाल हाईटेंशन लाइन हट तो नहीं सकती।
>
> **-अजय कुमार शुक्ला, एसडीओ प्रथम, विद्युत विभाग**

## एक नजर

### पालिका अध्यक्ष ने निर्माण कार्य का किया आरंभ

**हसनपुर, अमृत विचार** : नगर पालिका के वार्ड तीन के निवासियों द्वारा गली का निर्माण करने की मांग की थी। वार्डवासियों की मांग को ध्यान में रखते हुए पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी द्वारा 250 मीटर लंबी गली का निर्माण कराया जा रहा है। गली का निर्माण लगभग 16 लाख की लागत से कराया जा रहा है। शुक्रवार को पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने फीता काटकर निर्माण कार्य का आरंभ किया। उन्होंने ठेकेदार से गली निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखने के निर्देश दिए। इस मौके पर मयंक अग्रवाल, संजय शर्मा, प्रशांत सैनी, शराफत अली, करन सिंह, शेर मोहम्मद आदि मौजूद है।

### योजना के तहत बागवानी के लिए मिलेगा अनुदान

**अमरोहा, अमृत विचार** : जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि किसानों सूचित करते हुए कहा कि उद्यान विभाग में संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन प्रथम आवक-प्रथम पावक सिद्धांत पर किया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2024-25 में किसानों की आय दोगुनी करने के तहत उद्यान विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश व भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। इस योजना में फल क्षेत्र विस्तार के तहत आम, अमरूद, ड्रैगन फ्रूट, स्ट्रॉबेरी उद्यान रोपण के लिए अनुदान एवं फूलों की खेती के तहत गेंदा का बीज, मसाला कार्यक्रम में लहसुन, प्याज व मसाला मिर्च का बीज संकर शाकभाजी के तहत फूलगोभी, पत्ता गोभी, शिमला मिर्च, टमाटर व खीरा का बीज उपलब्ध कराया जाएगा।

### कुत्तों व बंदरों के हमले में छह लोग घायल

**हसनपुर, अमृत विचार** : तहसील क्षेत्र के गांवों में कुत्तों व बंदरों के हमले में मासूम समेत छह लोग घायल हो गए। शुक्रवार को कुत्तों एवं बंदरों के हमले में कई लोग घायल हो गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे घायल मुबारकपुर निवासी शिवराज, सैदनगली निवासी पुष्पेंद्र, हसनपुर निवासी कृष्णा देवी, अजय कुमार, उगरोली निवासी नन्हे, फैयाजनगर निवासी पुष्पेंद्र, ढक्का निवासी गुड्डू ने एंटी रेबीज लगवाया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. ध्रुवेंद्र सिंह ने बताया कि कुत्ते व बंदरों के हमले में घायल हुए आधा दर्जन से अधिक लोगों को एंटी रेबीज का इंजेक्शन लगाया गया है।

# बाइक रैली निकालकर दिया स्वच्छता का संदेश

## स्वच्छ भारत मिशन के 10 वर्ष पूरे होने पर पालिकाकर्मियों ने निकाली रैली, लोगों को किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार** : शुक्रवार को नगर पालिका परिषद अमरोहा द्वारा स्वच्छता संदेश बाइक रैली का आयोजन किया गया। जिसको पालिका अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार ने झंडी दिखाकर रवाना किया।

अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार ने बताया कि 10 वर्ष पहले महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर 2014 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संपूर्ण भारतवर्ष को स्वच्छ एवं विकसित राष्ट्र बनाने की संकल्प के साथ स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत की थी। इस मिशन के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसके तहत शुक्रवार को बाइक रैली निकाली गई। ईओ डॉ. बृजेश सिंह ने रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। बाइक रैली से स्वच्छता का संदेश के लिए नगर के जेएस इंटर कॉलेज फील्ड से आईएम इंटर कॉलेज चौराहा होते हुए गांधी प्रतिमा पर रैली का समापन हुआ। इस मौके पर पालिका के सभी अधिकारी कर्मचारी एवं आमजन मौजूद रहे।



अमरोहा में बाइक रैली निकालते पालिकाकर्मी। ● अमृत विचार



विद्यालय परिसर में श्रंखलाबद्ध खड़े विद्यार्थी। ● अमृत विचार

### श्रीराम पब्लिक इंटर कॉलेज में छात्राओं को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**अमरोहा, अमृत विचार** : नगर पालिका परिषद अमरोहा एवं आईटीसी मिशन सुनहरा कल के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत चल रहे स्वच्छता पखवाड़े में श्रीराम इंटर कॉलेज में सभी छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। उनको स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में योगदान देने की अपील की गई। कॉलेज के प्रधानाचार्य वंश गुप्ता ने सभी को स्वच्छता शपथ दिलाई। कार्यक्रम में स्वच्छता ही सेवा को लेकर बच्चों द्वारा श्रृंखला बनाई गई। इस मौके पर पुष्कर सिंह, आशू शर्मा, शिवकुमार, अमित कुमार, अर्बन कोऑर्डिनेटर एवं आईटीसी मिशन सुनहरा कल से शाहबाज अहमद उपस्थित रहे।



कलेक्ट्रेट में खड़े सीज ट्रैक्टर। ● अमृत विचार

# अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई में एक लाख से अधिक वसूले

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार** : अवैध खनन के खिलाफ अभियान चलाते हुए प्रशासन ने एक लाख रुपये से अधिक की वसूली की है। साथ ही डिडौली में अवैध खनन करते पाए गए एक ट्रैक्टर को भी सीज किया गया है।

जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व बृजेश कुमार त्रिपाठी द्वारा जिले भर में अवैध खनन को लेकर चेकिंग अभियान चला गया। इस दौरान कार्यवाई के साथ एक लाख 13 हजार 650 रुपए भी वसूले गये। अभियान के दौरान डिडौली थाना क्षेत्र में अपर जिला अधिकारी द्वारा तीन ट्रैक्टरों को सीज करने के साथ 25,000 रुपये की राजस्व वसूली की। बताते चलें कि पहले भी दो दिन जिला अधिकारी के निर्देश पर जनपद में अवैध खनन के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया गया था। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रत्येक तहसील में टीम लगाकर खनन माफिया के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# गंगा में उतराता मिला युवक का शव

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार** : दरियापुर खादर गांव के पास गंगा में युवक का शव उतराता मिला है। शव चार से पांच दिन पुराना बताया जा रहा है। मछलियों ने युवक के शरीर के कई अंगों को खा लिया है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस शव की शिनाख्त कराने के प्रयास में जुटी है।

शुक्रवार सुबह क्षेत्र के गांव दरियापुर खादर के पास गंगा के किनारे करीब 18 वर्षीय युवक का शव उतराता मिला। वहीं शव मिलने की जानकारी पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव की शिनाख्त करवाने की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली। लोगों के अनुसार गंगा में युवक का शव पीछे से बहता हुआ दरियापुर खादर के पास पहुंचा है। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि शव की शिनाख्त करवाने की कोशिश करने तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



शव मिलने की जानकारी पर मौके पर एकत्र लोग व पुलिस। ● अमृत विचार

### ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**गजरौला, अमृत विचार** : ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मोहल्ला गंगानगर निवासी जय (27) पुत्र रामचंद्र आटो चलाता था। गुरुवार देर रात जय रेलवे स्टेशन के पास टहलने के लिए गया था। इसी बीच ट्रेन की चपेट में आकर जय की मौत हो गई। हादसे की जानकारी पर मौके पर राहगीरों की भीड़ एकत्र हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जीआरपी चौकी इंचार्ज राजीव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## सार-संक्षेप

### उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड करेगा सम्मानित

**अमरोहा, अमृत विचार** : जिला ग्रामोद्योग अधिकारी गजेंद्र सिंह ने बताया है कि उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड इकाइयों तथा विभाग द्वारा संचालित प्रशिक्षण योजना अंतर्गत विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण प्राप्त उद्यमियों को सम्मानित करेगा। जिनकी इकाइयां न्यूनतम 3 वर्ष पहले स्थापित हुई हों व निरंतर कार्यरत हों। उन्हें खादी एवं ग्रामोद्योग पुरस्कार दिए जाएंगे। पुरस्कारों के अंतर्गत राज्य स्तर पर गठित चयन समिति प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कारों के उद्यमियों को क्रमशः 40 हजार, 30 हजार एवं 20 तथा मंडल स्तर पर प्रथम द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार के लिए चयनित उद्योगों को क्रमशः 15 हजार, 12 हजार तथा 10 हजार रुपए प्रदान किया जाएंगे।



प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण करतीं एसडीएम सुनीता सिंह।

### एसडीएम ने किया सरकारी स्कूलों का औचक निरीक्षण

**हसनपुर, अमृत विचार** : शुक्रवार को जिलाधिकारी के आदेश पर उप जिलाधिकारी सुनीता सिंह ने तहसील क्षेत्र के गांव शाहपुर कलां के प्राथमिक एवं जूनियर स्कूल का औचक निरीक्षण किया। उप जिलाधिकारी ने स्कूल में सफाई रखने के साथ ही होमवर्क दिए जाने के निर्देश दिये। शिक्षकों को बच्चों का होमवर्क की संख्या बढ़ाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सरकार बच्चों को निशुल्क ड्रेस दे रही है तो सभी बच्चे स्कूलों में ड्रेस पहन कर आएं। उन्होंने कहा की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी। यदि ऐसा मामला प्रकाश में आया तो कार्रवाई करने में भी देर नहीं होगी।



वेयरहाउस का निरीक्षण करतीं जिलाधिकारी निधि गुप्ता व साथ में अन्य।

### जिलाधिकारी ने किया वेयरहाउस का निरीक्षण

**अमरोहा, अमृत विचार** : जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने राजनीतिक दलों के पार्टी पदाधिकारियों की उपस्थिति में ईवीएम और वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी और पार्टी पदाधिकारियों की उपस्थिति में विधानसभा वार प्रत्येक वेयरहाउस को खोलकर देखा गया और सीलिंग की कार्रवाई की गई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व बृजेश त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव, भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री चंद्रभान भाटी एवं बहुजन समाज पार्टी के प्रतिनिधि मौजूद रहे।



पंचायत में मौजूद किसान।

### किसानों की समस्याओं का समाधान करे सरकार : नरेश

**हसनपुर, अमृत विचार** : भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा की पंचायत गांव कोटा में योगेश शर्मा के आवास पर हुई। शुक्रवार को पंचायत में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में गन्ने का मूल्य 450 रुपए प्रति क्विंटल होना चाहिये। एमएसपी गारंटी कानून बनाने को लेकर किसानों से चर्चा की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि एमएसपी गारंटी कानून बनाने को लेकर सरकार जुमलेबाजी कर रही है। अगर सरकार अपनी मनमानी से बाज नहीं आई तो भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा एक बड़ा आंदोलन करके फिर से दिल्ली की ओर चलने का काम करेंगे। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार को राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने चेतावनी देते हुए कहा कि चुनाव के दौरान जो वादा उत्तर प्रदेश के किसानों के साथ किया थे। वह अभी तक अधूरे हैं उन्हें तुरंत पूरा करवाया जाये। बाढ़ से किसानों का जो भी फसलों का नुकसान हुआ है। जिला प्रशासन नुकसान का आकलन करके किसानों को जल्द से जल्द उचित मुआवजा दिलाए। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजयवीर सिंह, चंद्रपाल सिंह, देवेंद्र सिंह, मयंक धारीवाल, शीशपाल सिंह, नितिन गोस्वामी, सोमपाल सिंह, पंचम सिंह, दिनेश शर्मा, बृजपाल सिंह, लालू शर्मा, भागेंद्र सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

### दैहिक एवं भौतिक कष्टों को नष्ट करती है भागवत कथा

**हसनपुर, अमृत विचार** : हथियाखेड़ा के चामुंडा मंदिर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के पहले दिन कथा व्यास श्याम प्रभु दास ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा मोक्षदायिनी है। भागवत कथा मनुष्य के दैहिक और भौतिक कष्टों की नष्टकारिणी और जीवन में ज्ञानमंगल सुख प्रदान करने वाली है। भागवत कथा दैविक पुण्यलाभ प्रदान करने के साथ-साथ मनुष्य को निष्काम भक्ति के भाव से जोड़ती है, जिसके चलते मानवता का प्रतिपादन करते हुए मानव जीवन धन्य हो जाता है। चामुंडा मंदिर में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के पहले दिन शुक्रवार को महापुराण का महात्म्य बताते हुए ब्रज रसिका संत श्याम प्रभु दास ने कथा श्रवण से होने वाले लाभ के बारे में भक्तजनों को समझाया। कहा की प्रेम ही संसार का सार है और यह जगत इसी से बंधा हुआ है। इसके पूर्व कथा व्यास का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस मौके पर प्रकाश सिंह, होते सिंह, सोमपाल सिंह, मंगला सिंह, राम अवतार सिंह, परम सिंह, जगदीश ठेकेदार, डोरी लाल, गोपाल, छत्रपाल, ओम प्रकाश सहित महिलाएं, बच्चे बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



कथा व्यास श्याम प्रभु दास।




महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते चेयरमैन व अन्य।

### गृहणियों व सफाईकर्मियों को किया सम्मानित

**मंडी धनौरा, अमृत विचार** : शुक्रवार को पालिका के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने स्वच्छ घरों की गृहणियों तथा वार्ड में सफाई कार्यों में लगे सफाई कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। शुक्रवार को हुए कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने बताया कि सफाई अभियान को निरंतर चलाने को लेकर पालिका अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। जिसके तहत पालिका के सफाई निरीक्षक अपने-अपने सफाई जोन में निरंतर सफाई कराएंगे और निदेशालय से लाइव जुड़े रहेंगे। जहां राज्य स्तर पर बने कंट्रोल रूम को जानकारी उपलब्ध कराते हुए सफाई कार्य का भी ऑनलाइन अवलोकन कराएंगे। उन्होंने अधीनस्थों को निर्देश दिए कि अभियान को सफल बनाने के लिए मेहनत व ईमानदारी के साथ काम किया जाए। इस अवसर पर दुलीचंद गिहार, अंशुल, सोनू कुमार, विशाल शर्मा, कृष्ण कुमार, महेन्द्र कुमार, निशांत सहित आदि मौजूद रहे।

# देश की तरक्की में बाधक है नशा

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार** : शुक्रवार को नगर के शेरपुर रोड स्थित अमर सिंह डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के अन्तर्गत रैली निकाल कर ग्रामवासियों को जागरूक किया। इस रैली में छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। हाथों में पम्फलेट और बैनर-पोस्टर लेकर छात्रों ने लोगों से नशा न करने की अपील की और बैनर पोस्टर के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।

इस दौरान महाविद्यालय प्रबन्धक अशोक सैनी ने नशे को नकारात्मक बताते हुए कहा कि नशा समाज को खोखला कर देता है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी देश के विकास में बड़ी भूमिका अदा करती है। अगर युवा ही नशे की गर्त में चले जाएंगे तो देश की तरक्की में बाधा बन जाएंगे। नशा मुक्त भारत अभियान में हर व्यक्ति को योगदान देते हुए सरकार का सहयोग करना चाहिए। प्राचार्य डॉ. अशोक कटारिया ने कहा कि किसी भी चीज का अधिक प्रयोग नशा है। नवयुवकों की ऊर्जा रचनात्मक एवं नवोन्मेषी कार्यों में लगनी चाहिए, परन्तु झूठी अधुनिकता के नाम पर वह अपने जीवन के साथ खेल रहे हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी मुर्शरफ खान ने सभी स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं को नशा मुक्त भारत बनाने के लिये नशा मुक्ति के लिये शपथ दिलाई। इस अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्षा अनीता सैनी, डॉ. विनीत शर्मा, पूनम शर्मा, राजाराम, निसार अहमद, समरपाल सैनी, निशिन सैनी, मेहरुनिशा, शिवा सैनी, सहित आदि मौजूद रहे।




नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता रैली निकालते छात्र-छात्राएं व शिक्षक।

● छात्र-छात्राओं ने रैली निकाल नशा मुक्त भारत की शपथ ली

## चीनी मिल के डेलीगेट के लिए हुए नामांकन

**हसनपुर, अमृत विचार** : दि किसान सहकारी चीनी मिल के डेलीगेट के चुनाव की सरगर्मी तेज हो गई है। डेलीगेट का चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों ने नामांकन कराया है।

शुक्रवार को दि किसान सहकारी चीनी मिल के डेलीगेट के चुनाव के लिए नामांकन कराने के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों के समर्थित कार्यकर्ता पहुंच गये। डेलीगेट की 200 सीटों के लिए 4 बजे तक 225 के करीब प्रत्याशियों ने 12 काउंटरों पर नामांकन कराया था। शनिवार को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच होगी। 1 अक्टूबर को नामांकन पत्रों को वापस किया जाएगा तथा उसी दिन 1 अक्टूबर को प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित किये जाएंगे। 4 अक्टूबर को डेलीगेट का चुनाव होगा। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष रामकिशोर सिंह चौहान ने भी डेलीगेट चुनाव लड़ने के लिए नामांकन भाजपा नेताओं के साथ पहुंचकर कराया है।




विद्यालय में कमरे के दरवाजे पर लगा ताला और बच्चों के रखे बस्ते।

# प्रधानाध्यापिका छुट्टी पर विद्यालय में लटका ताला

संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार** : संविलियन विद्यालय में तैनात प्रधानाध्यापिका छुट्टी पर गईं तो विद्यालय की चाबी भी साथ ले गईं। जिसके कारण स्कूल देर से खुला।

जोया ब्लाक के गांव हसनपुर कलां में संविलियन विद्यालय में प्रधानाध्यापिका रीना छुट्टी पर थीं। वह विद्यालय के कमरों की चाबी भी साथ ले गईं। छात्र-छात्राएं विद्यालय खुलने का इंतजार करते रहे। छात्र-छात्राओं को विद्यालय के बाहर खड़ा देख, मौके पर ग्राम प्रधान के पति प्रवीण कपासिया एवं ग्रामीण इकट्ठे हो गए। करीब साढ़े नौ बजे प्रधानाध्यापिका का पुत्र चाबी लेकर विद्यालय पहुंचा तब जाकर छात्र-छात्राएं विद्यालय के अंदर पहुंचे। खंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद्र ने बताया कि प्रधानाध्यापिका रीना रानी का फोन आया था। उन्हें जानकारी मिली है। जांचकर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा।

**आयोजन** रोटरी क्लब भरतियाग्राम एवं जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन के तहत पोषण संबंधी हुआ कार्यक्रम

# बच्चों को नुक्कड़ नाटक एवं गीतों से पोषक तत्वों की दी जानकारी

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार** : रोटरी क्लब भरतियाग्राम एवं जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन के तहत शुक्रवार को गांव तिगरिया खादर स्थित कंपोजिट विद्यालय में पोषण माह के तहत कार्यक्रम के समापन पर बच्चों को पोषक तत्वों के बारे में जानकारी दी। नुक्कड़ नाटक एवं गीतों से पोषण पदार्थों के उपयोग का आह्वान किया। बच्चों को उपहार भी भेंट किए गए।

शुक्रवार को कंपोजिट विद्यालय तिगरिया खादर में रोटरी क्लब भरतियाग्राम के अध्यक्ष सुनील दीक्षित एवं सचिव डॉ. सुजिंदर फोगाट ने बच्चों को पोषक तत्वों के बारे में बताया। उन्होंने बच्चों को जंकफूड से दूर रहने की सलाह दी। हरी सब्जियों एवं विटामिन युक्त पदार्थों का सेवन करने का आह्वान किया। इससे पूर्व प्रधानाध्यापक डॉ. पृथी सिंह के नेतृत्व में गांव में जागरूकता रैली भी निकाली गई। इस मौके पर रोटरी क्लब भरतियाग्राम के प्रेसीडेंट इलेक्ट देंवेद्र बंसल, सेक्रेटरी इलेक्ट सतेंद्र चौधरी, शिक्षक यशपाल सिंह, छवि सिंघल, सुधा रानी, रेखा रानी, संजीव कुमार के साथ ही जेबीएफ के सुमित गर्ग, नवनीत सिंह, दीपक कुमार, सोनू, रजनी आदि भी मौजूद रहे।




बच्चों को पुरस्कार देते जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन के पदाधिकारी।



निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभाग करतीं छात्राएं।

### झम्मन लाल पीजी कॉलेज में निबंध प्रतियोगिता आयोजित

**हसनपुर, अमृत विचार** : शुक्रवार को झम्मन लाल पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीति शर्मा के निर्देशन में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत स्वच्छता का महत्व विषय पर निबंध प्रतियोगिता हुई। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवी व अन्य छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें प्रथम स्थान पर सिद्धि बीए फर्स्ट सेमेस्टर, द्वितीय स्थान पर विश्वा और तृतीय स्थान पर सौरव कुमार बीए प्रथम सेमेस्टर रहे। निर्णायक मंडल में डॉ. गीतांजलि शर्मा, विवेक शर्मा, बबीता त्यागी और एमके भारती रहे। इस अवसर पर स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए अंग्रेजी के प्रवक्ता पंकज कुमार और डॉ. शिवा शर्मा ने कहा कि हमें प्रतिदिन अपने शरीर की स्वच्छता का भी विशेष ध्यान रखना चाहिये, जैसे प्रतिदिन नहाना, स्वच्छ कपड़े पहनना, नाखून काटना आदि अपने आसपास के वातावरण को भी स्वच्छ रखें।

## बेटे ने मां को धारदार हथियार से किया घायल

**हसनपुर, अमृत विचार** : नगर के मोहल्ला निवासी बेटे ने मां को धारदार हथियार मारकर घायल कर दिया। महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बेटे के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

मोहल्ला लालबाग बंजारान निवासी महिला रुखसाना परवीन पत्नी मरहूम इरशाद अहमद घायल अवस्था में बेटे सुऐब के साथ कोतवाली पहुंची। यहां उन्होंने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसके बड़े बेटे ने उससे एक लाख बीस हजार रुपये उधार लिए थे। उसने शुक्रवार को रुपए मांगे तो वह गाली गलौज करने लगा। जब उन्होंने गाली गलौज करने का विरोध किया तो धारधार हथियार से हमला कर दिया। आरोपी ने बीच बचाव करने आए छोटे बेटे को भी पीटा। पुलिस ने घायल महिला से तहरीर लेने के बाद उसे नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकल के लिए भेजा है। कोतवाली पुलिस ने बताया गया कि तहरीर मिली है। जांच पड़ताल कर मामले में अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### पिंक शौचालय के पानी के टैंक में घुसा बंदर

**नौगांवा सादात, अमृत विचार :** शुक्रवार को सामुदायिक पिंक महिला शौचालय की छत पर रखे पानी के टैंक में बंदर घुस गया। वायरल वीडियों में पानी के टैंक में अंदर घुसकर बाहर निकल रहा बंदर दिखाई दे रहा है। इस टैंक का पानी पिंक महिला शौचालय में प्रवाहित किया जाता है। बंदरों का जूठा पानी मानव शरीर के लिए हानिकारक है। लेकिन अधिकारी इस और कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। किसी भी जिम्मेदार व्यक्ति ने भी इस टैंक को ढकवाने की कोशिश नहीं की।

### झोलाछापों पर कार्रवाई का आईएमए ने किया समर्थन

**अमरोहा, अमृत विचार :** झोलाछापों के खिलाफ प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई का इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने समर्थन किया है। आईएमए अध्यक्ष रमेश सिंह सैनी के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर उनके कार्यों की सराहना की। कहा कि जिले में अवैध रूप से संचालित निजी अस्पताल व क्लिनिकों को बंद किया जाना चाहिए। इस दौरान आईएमएस सचिव डॉ. पंकज बादल, डॉ. शकील फारूक, डॉ. देवेंद्र सिरोही, डॉ. एसके चौधरी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# आबकारी टीम ने जोया में एक लाख की अवैध शराब पकड़ी

## आरोपी की कार सीज की, रजबपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** आबकारी टीम ने चेकिंग के दौरान जोया टोल प्लाजा के करीब एक लाख रुपये की कीमत की अवैध शराब पकड़ी है। पुलिस ने कार को सीज करते हुए आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज की है।

शुक्रवार को जिला आबकारी अधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे टीम के साथ दिल्ली-मुरादाबाद हाईवे पर जोया में टोल प्लाजा के पास चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने टोल के पास से अवैध शराब से लदी एक कार को पकड़ा। आबकारी विभाग के अधिकारियों के मुताबिक कार में करीब 1 लाख रुपये की अलग-अलग ब्रांड की विदेशी शराब की कुल 116 बोतलें बरामद की हैं। विभाग ने कार्रवाई करते हुए दिल्ली के मालवीय नगर निवासी वाहन चालक परमानंद पुत्र मधु मंगल सिंह के खिलाफ थाना रजबपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई है। चेकिंग के दौरान अवैध शराब को पकड़ने में प्रवर्तन दल मुरादाबाद के सहायक आबकारी आयुक्त गंगाराम, जिला आबकारी अधिकारी जितेंद्र कुमार पांडेय एवं आबकारी निरीक्षक चेतना पवार शामिल रहीं।



बरामद अवैध शराब व आबकारी टीम।

### फलफूल रहा अवैध शराब का कारोबार

**अमरोहा, अमृत विचार :** जिला आबकारी अधिकारी जितेंद्र कुमार पांडेय के नेतृत्व में शुक्रवार को करीब एक लाख रुपये की अवैध शराब बरामद की गई। जनपद के खादर क्षेत्र के दर्जनों गांवों में अवैध रूप से बनाई जा रही कच्ची शराब का कारोबार फलफूल रहा है। हालांकि आएदिन पुलिस कच्ची शराब बनाने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी करती है। लेकिन उसके बावजूद भी कच्ची शराब का कारोबार रुक नहीं रहा।

### भाकियू शंकर चलाएगा स्वच्छता अभियान

**डिडौली, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (शंकर) ने शुक्रवार को डिडौली में पंचायत की। जिसमें संगठन के सैकड़ों कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने पंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता पखवाड़े के तहत 1 अक्टूबर को भाकियू शंकर गंगा धाम तिगरी में हवन यज्ञ कर स्वच्छता अभियान चलाएगी। जिसमें आम जनता की भागीदारी भी रहेगी। उन्होंने कहा कि भाकियू शंकर संगठन द्वारा लंबे समय से तिगरी से ब्रजघाट तक गंगा रीवर फ्रंट बनाते हुए तिगरी को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने की मांग की जाती रही है। गंगाजल की स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए तिगरी में विद्युत शवदाह गृह बनवाने व गजरौला में ट्रामा सेंटर की स्थापना को लेकर भी संगठन आवाज उठाता रहा है। इस दौरान कार्यक्रम में सुशील कुमार, रघुवीर सिंह, सतपाल सिंह, वीर सिंह, विजय सिंह, रामचंद्र सिंह, धर्मवीर सिंह, राकेश रतनपुर, रतन सिंह, राजवीर गुर्ज़र, नन्हें सिंह, भोकन सिंह, सुभाष सिंह, अतुल, मुज़फ्फर अली, गौतम आर्य आदि लोग मौजूद रहे।



भूमि एवं झंडा पूजन करते विधायक एवं पालिका अध्यक्ष।

# रामलीला मंचन से पहले किया भूमि व झंडा पूजन

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** श्री शिव महामंडल रामलीला समिति द्वारा रामलीला मंचन से पहले भूमि एवं झंडा पूजन किया गया। पूजन के बाद प्रसाद का भी वितरण किया गया।

शुक्रवार को श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर के निकट रामलीला मैदान में रामलीला समिति द्वारा भूमि एवं झंडा पूजन किया गया। यहां वृंदावन के कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया जाएगा। एक अक्टूबर से रामलीला का मंचन शुरू होगा। 5 अक्टूबर को राम बारात निकाली जाएगी। 12 अक्टूबर को पुतला का दहन होगा। 13 अक्टूबर को भारत मिलन होगा। उसके बाद 14 अक्टूबर को राजगद्दी का मंचन होगा। भूमि एवं झंडा पूजन में विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी एवं पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी मौजूद थे। इस अवसर पर राकेश अग्रवाल, पुनीत अग्रवाल, योगेंद्र शर्मा, गिरधारी लाल सैनी, जयपाल सैनी, अंकुर अग्रवाल, वेद प्रकाश यादव, दिनेश अग्रवाल, लोकेश अग्रवाल, विनोद भोज, विशाल शर्मा, राजकुमार अग्रवाल मौजूद थे।

### व्यापारी की बरामदगी को एसपी से मिले व्यापारी

**अमरोहा/हसनपुर, अमृत विचार :** शुक्रवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का प्रतिनिधिमंडल नगर निवासी संदीप अग्रवाल आढ़ती के गुमशुदगी के मामले में पुलिस अधीक्षक से मिला एवं जल्द से जल्द उनकी बारामदगी को लेकर ज्ञापन सौंपा।

व्यापारी संदीप अग्रवाल विगत पांच सितंबर से लापता है। उनकी कोई खबर नहीं है और परिवार को भी उनकी कोई सूचना नहीं है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के निवेदन पर हसनपुर थाना में उनकी गुमशुदगी की एफआईआर दर्ज की गई थी। लेकिन अभी तक कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया है। शुक्रवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी पुलिस अधीक्षक से मिले तथा उनके समक्ष जल्द से जल्द व्यापारी संदीप अग्रवाल को तलाश करने की मांग की। इस अवसर पर जिला महामंत्री अमित अग्रवाल, नगर अध्यक्ष हसनपुर मनोज गोयल, जागेश चौहान, राजकुमार अग्रवाल ट्रांसपोर्ट वाले, असलम हुसैन आदि मौजूद रहे।




रैली निकालते शिव इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राएं वसाथ में शिक्षक।

# संचारी रोगों से बचाव के लिए सफाई पर ध्यान दें

संवाददाता, गजरौला

- संचारी रोगों के नियंत्रण के लिए निकाली जन जागरूकता रैली

**अमृत विचार :** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत शिव इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने संचारी रोगों के नियंत्रण के लिए नगर में जन जगरूकता रैली निकाली। रैली को प्रधानाचार्य डॉ. शलभ भारद्वाज ने झण्डी दिखाकर रवाना किया।

शुक्रवार को रैली विद्यालय प्रांगण से प्रारंभ होकर इंदिरा चौक, बस्ती, मानसरोवर कॉलोनी, यश पब्लिक इंटर कॉलेज मार्ग, जवाहर नगर से खादगूजर तिराहा होते हुए विद्यालय में आकर सम्पन्न हुई। प्रधानाचार्य ने बताया कि यदि हम अपने घरों व आसपास सफाई नहीं रखेंगे तो बारिश के बाद विभिन्न संचारी रोग हमें घेर लेंगे। हमें संचारी रोगों से बचाव के लिये साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि भोजन करने से पहले भी हमें हाथ जरूर धोने चाहिए।

इस अवसर पर गगन अग्रवाल, नरेश दत्त शर्मा, हरिओम शर्मा, अवधेश कुमार, विशाल अग्रवाल, पुष्पेंद्र सिंह, जयविंदर, नरेंद्र, जसपाल, धर्मेंद्र, अनिल यादव, नवनीत, बृजेश आदि शिक्षक रैली में बच्चों को उत्साहित करते हुए चल रहे थे। रैली में विद्यार्थियों ने नारे भी लगाए।

# 70 लाख के फर्जीवाड़े की शिकायत

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के राष्ट्रीय सचिव सुमित नागर के नेतृत्व में महिलाएं तहसील मुख्यालय पर एकत्र हुईं। यहां उन्होंने एसडीएम चंद्रकांता को शिकायती पत्र देकर एक महिला पर निजी कंपनियों से पैसा दिलाने के नाम पर करीब 70 लाख रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की।

शुक्रवार को नगर निवासी महिलाएं तहसील मुख्यालय पर एकत्र हुईं। उन्होंने एसडीएम चंद्रकांता को शिकायती पत्र देकर एक महिला पर करीब 70 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। महिलाओं ने बताया कि नगर के मोहल्ला शिवपुरी निवासी महिला ने उनसे समूह वाली निजी कंपनियों से पैसा दिलाने के नाम पर उनकी आईडी दस्तावेज ले लिए लेकिन पैसा नहीं दिलाया। अब जब निजी कंपनी के रिकवरी एजेंट वसूली के लिए उनके घर पहुंच रहे हैं तो उन्हें इसकी जानकारी हुई। ऐसा एक दो नहीं बल्कि कई महिलाओं के साथ हुआ है। आरोपी महिला ने क्षेत्र की कई महिलाओं की आईडी पर करीब 70 लाख रुपए का फर्जीवाड़ा किया है। जिसकी कुछ किस्तें आरोपी महिला द्वारा जमा भी की गई हैं, लेकिन बाद में महिलाओं के साथ धोखाधड़ी करने वाली महिला अपना मकान बेचकर परिवार के साथ फरार हो गई। पीड़ित महिलाओं ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर मामले में कार्रवाई की मांग की है। शिकायती पत्र पर निशा, रोजी, आंसू, प्रवेश, हरबती, इमरान, भगवती, कविता, कुसुम, संतोष, रेनू, ताजरीन, आशा, इमराना, निशा, शबनम, सितारा, पूनम, अंजू आदि महिलाओं के हस्ताक्षर थे।



एसडीएम को शिकायती पत्र देते भाकियू लोकशक्ति के पदाधिकारी।

- फर्जीवाड़ा कर घर बेचकर फरार हो गई आरोपी महिला

# फैक्ट्रीकर्मी की हत्या में पांच दोषियों को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** फैक्ट्रीकर्मी की हत्या करने वाले पांच आरोपियों को कोर्ट ने दोषी करार देते हुए उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोषियों पर 1.25 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

हत्या की घटना थाना गजरौला क्षेत्र के गांव मुरीदपुर में 15 अप्रैल 2011 को हुई थी। मूलरूप से बिहार के बक्सर जिले के राजपुर थाना क्षेत्र के गांव रौनी निवासी अमरेंद्र गजरौला की एक फैक्ट्री में सुपरवाइजर थे। वह पत्नी पूजा और तीन बच्चों के साथ गजरौला में ही रहते थे। 15 अप्रैल 2011 को अमरेंद्र का शव थाना क्षेत्र के गांव मुरीदपुर अटारी निवासी राम सिंह के खेत में ट्यूबवेल के पास पड़ा हुआ मिला था। पुलिस ने मामले में वाराणसी जिले के लक्सा थाना क्षेत्र के नई सड़क सूरजकुंड निवासी अमित श्रीवास्तव, चंदौली जिले के धानी थाना क्षेत्र के गांव बहोरा चंदेल निवासी हरिशंकर, रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव काफूरपुर निवासी सरजीत व गजराज तथा गजरौला थाना क्षेत्र के गांव वारसाबाद निवासी दीपक गिरी को गिरफ्तार करते हुए चालान किया था। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने गजरौला के एक होटल के पीछे पेड़ से रस्सी से लटकाकर अमरेंद्र की हत्या करने के बाद शव ट्यूबवेल के पास छिपाने की बात कबूल की थी। हत्याकांड की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश त्वरित द्वितीय ज्योति की अदालत में चल रही थी। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी अपर जिला शासकीय अधिवक्ता अमित कुमार वशिष्ठ ने की। गुरुवार को अदालत ने दीपक गिरी, गजराज, सरजीत, हरिशंकर व अमित श्रीवास्तव को दोषी करार दिया था। अदालत ने पांचों दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई और 1.25 लाख रुपये का जुर्माना लगाया।

## उत्तराखंड-आसपास

# हरिद्वार में पुलिस से मुठभेड़ में दो बदमाशों को लगी गोली

ब्यूरो, हरिद्वार

- गुरुवार देर रात दवा फैक्ट्री में फायरिंग कर मचाई थी दहशत

**अमृत विचार :** गुरुवार रात सिडकुल क्षेत्र स्थित दवा फैक्ट्री में ताबड़तोड़ फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने शुक्रवार सुबह मुठभेड़ के बाद दबोच लिया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी। वहीं दवा फैक्ट्री में फायरिंग में कई लोग छर्रे लगने से घायल हुए। उनका निजी अस्पताल में उपचार कराया गया है।

शिवालिक नगर क्षेत्र में गुरुवार की रात राहुल, धनुष, मोहित, विकास अंबरीश आदि कुलदीप बिश्नोई व आयुष तोमर के साथ बैठकर शराब पी रहे थे। उसी दौरान इनके बीच किसी बात पर झगड़ा हो गया। झगड़ा बढ़ने लगा तो राहुल व उसके साथी वहां से चले गए लेकिन आयुष व कुलदीप के ग्रुप ने पीछा कर प्रमुख दवा फैक्ट्री के गेट के पास उन पर फायर कर दिया। छर्रे लगने से घायल हुए तो वे लोग खुद को बचाने के लिए फैक्ट्री के गेट के अंदर चले गए। आयुष व कुलदीप आदि ने गेट के घुसकर भी फायरिंग जारी रखी, जिससे बीच बचाव कर रहे फैक्ट्री कर्मियों को भी छर्रे लग गए। इसके बाद हमलावर धमकी देते हुए फरार हो गए। हमलावरों के जाने पर सभी घायलों को अस्पताल ले जाया गया।

घटना की जानकारी मिलते ही एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल ने हमलावरों को तलाशने के निर्देश दिए।

शुक्रवार सुबह करीब 07:30 बजे हर्बल चौक पर सिडकुल पुलिस को बुलेट मोटर साइकिल पर 03 संदिग्ध आते दिखाई दिए। उन्हें रुकने को कहा गया तो बाइक सवार वहां से भाग खड़े हुए। आगे जाकर पुलिस ने बाइक सवारों को घेर लिया। घिरने पर बाइक सवारों ने फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में आयुष तोमर व कुलदीप बिश्नोई पैर में गोली लगने से घायल हो गए, जबकि उसका तीसरा साथी मौके से फरार हो गया। कुलदीप बिश्नोई (24) रोशनाबाद का और आयुष तोमर बागपत जिले के ग्राम सिलसली का रहने वाला है।

# तिगरी मेले में सड़कें चौड़ी प्रकाश की व्यवस्था हो बेहतर

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** तिगरी के गंगा मेला को लेकर जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ बैठक की। कहा कि जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूरी कर 30 अक्टूबर तक कार्य पूरे हो जाएं।

शुक्रवार को जिलाधिकारी निधि गुप्ता की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में गंगा तिगरी मेला के आयोजन के संबंध में बैठक हुई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी विभागों से तैयारियों की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी धनौरा को निर्देश देकर कहा कि 15 अक्टूबर तक खेतों को खाली करा दिया जाए। जिस विभाग को जो टेंडर कराना है वह टेंडर प्रक्रिया 15 तक अक्टूबर तक पूर्ण कर लें और 16 अक्टूबर से कार्य प्रारंभ कर 30 अक्टूबर तक पूरी तैयारी कर लें। कहा की टाइमलाइन का सभी अधिकारी विशेष ध्यान रखें। जिलाधिकारी ने कहा कि मेला में फोन नेटवर्क की बड़ी समस्या रहती है। इसके लिए अपर जिलाधिकारी न्यायिक वाई-फाई की व्यवस्था करें। जिलाधिकारी ने कहा कि अगली बैठक तिगरी में होगी सभी अधिकारी तैयारी कर लें। जिलाधिकारी ने कहा कि मेला में रोड, प्रकाश, घाट की अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व बृजेश त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक माया शंकर यादव, परियोजना निदेशक अमरेंद्र प्रताप सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# शिक्षा विभाग में कागजों में हो रहा काम:डीएम

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी निधि गुप्ता ने बेसिक शिक्षा विभाग की बैठक कर समीक्षा की। इस दौरान कई खामियां मिलने पर जिलाधिकारी ने बीएसए मोनिका सिंह को चेतावनी दी। कहा कि एक महीने में विभागीय कार्यों के साथ शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करें।

शुक्रवार को जिलाधिकारी निधि गुप्ता की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग की योजनाओं, कार्यक्रमों, शिक्षा की गुणवत्ता, ऑपरेशन कायाकल्प, मिड डे मील, विद्यालय निरीक्षण सहित अन्य कार्यक्रमों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जो रिपोर्ट दिखाई जा रही है, वह वास्तविक नहीं है। केवल कागजों में ही काम हो रहा है। कहीं पर भी ऑपरेशन कायाकल्प के तहत कार्य नहीं कराया गया है। साफ सफाई नहीं है, शौचालय नहीं बने हैं। शिक्षा की गुणवत्ता ठीक नहीं पाई जा रही है। अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जाता है, लेकिन वह भी गुणवत्ता पूर्ण नहीं होता है। जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त कर निर्देश दिए कि एक महीने का समय दिया जा रहा है सभी व्यवस्थाएं सुधार लें। अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें। अक्टूबर माह से नया शेड्यूल अधिकारियों का जारी किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, परियोजना निदेशक अमरेंद्र प्रताप, बेसिक शिक्षा अधिकारी मोनिका सिंह सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे ।



कलेक्ट्रेट में बैठक करतीं जिलाधिकारी निधि गुप्ता व साथ में विभागीय अधिकारी।

### 600 रुपये रिश्वत लेने में लेखपाल निलंबित

**बरेली/देवरनियां, अमृत विचार :** बहेड़ी तहसील में तैनात लेखपाल ने जमीन के बंटवारे के प्रमाण पत्र के लिए 600 रुपये की रिश्वत ली थी। भाजपा नेता ने उसकी वीडियो बनाकर एक्स पर मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी को पोस्ट की। वीडियो के आधार पर जिलाधिकारी ने जांच कराकर लेखपाल को निलंबित कर दिया है।

गांव नन्दपुर निवासी धर्मेन्द्र ने अंश प्रमाण पत्र बनवाने के लिए तहसील में आवेदन किया था। इसके बदले में लेखपाल केसर सक्सेना ने उनसे 600 रुपये लिए। भाजपा नेता विपिन गंगवार ने एक्स पर मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी को वीडियो पोस्ट कर कार्रवाई की मांग की। तहसीलदार की रिपोर्ट पर जिलाधिकारी ने लेखपाल को निलंबित कर दिया। एसडीएम बहेड़ी रत्निका श्रीवास्तव ने बताया कि लेखपाल ने किसी से 600 रुपये लिए थे और उसे निलंबित कर दिया गया है।

# मजदूर ने पत्नी की हत्या कर काट लिया खुद का गला

संवाददाता, बागेश्वर

- घायल नेपाली मजदूर की हालत गंभीर, हायर सेंटर रेफर

**अमृत विचार:** कपकोट थाना अंतर्गत गैरखेत गांव में मजदूरी कर रहे एक नेपाली मजदूर ने गुरुवार रात पत्नी की हत्या कर दी। इसके बाद उसने तीन मासूम बच्चों के सामने टाइल कटर से अपना गला काट लिया।

गैरखेत में नेपाली मजदूर अपने परिवार के साथ रहते हैं। जिनमें से नेपाल के मोहू जिले का मूल निवासी 35 वर्षीय सगुने कामी पुत्र अमरेक कामी पत्नी शारदा कामी (32) तथा अपने तीन बच्चों के साथ किराये के मकान में रहता है। गुरुवार रात सगुने कामी ने अपने परिवार के साथ बैठकर खाना खाया। बच्चों ने बताया कि खाने के दौरान किझगड़ा नहीं हुआ था। आधी रात में मजदूर सगुने ने गहरी नींद में सो रही अपनी पत्नी शारदा पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। इसके बाद वह बाहर आया तथा हंगामा मचाते हुए वहां खड़े वाहनों के शीशे तोड़ दिए। उसका शोर सुनकर पड़ोसी अन्य नेपाली भी वहां पहुंचे परंतु वह कुछ समझ नहीं सके। इसी दौरान वहशी बना मजदूर घर के अंदर गया और टाइल कटर मशीन से अपना गला काट दिया। इसके बाद अन्य नेपाली साथियों ने ग्रामीणों को इसकी सूचना दी तथा उसे जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में उसे हायर सेंटर रेफर दिया गया।

### पीएचडी साक्षात्कार का परिणाम नहीं आने से अभ्यर्थी हो रहे परेशान

**बरेली, अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के शोध निदेशालय ने पीएचडी में प्रवेश की तिथि 25 से 28 सितंबर प्रस्तावित की है लेकिन साक्षात्कार का परिणाम नहीं आने से अभ्यर्थी परेशान हैं। वहीं शोध निदेशालय प्रवेश की जल्द संशोधित तिथि जारी कर सकता है।

साक्षात्कार देने वाले अभ्यर्थियों का कहना है कि निदेशालय ने 10 सितंबर को प्रवेश तिथि निर्धारित की थीं। 21 सितंबर को प्रवेश साक्षात्कार समाप्त होने के बाद भी परिणाम नहीं जारी हो सके, ऐसे में वह बिना परिणाम के प्रवेश कैसे लेंगे। निदेशालय से अभ्यर्थियों को कोई जानकारी नहीं दी जा रही है, जिससे संशय की स्थिति है। इस संबंध में शोध निदेशक प्रो. सुधीर कुमार ने कहा कि साक्षात्कार का परिणाम तैयार किया जा रहा है। जल्द ही प्रवेश की संशोधित तिथि जारी की जाएगी।

# छेड़खानी की शिकायत पर पुलिस ने भी धमकाया, युवती ने नौकरी छोड़ी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- ऑफिस आते-जाते आएदिन रास्ता रोकते थे शोहदे
- पीछा छोड़ने के लिए 50 हजार रुपये मांगने का है आरोप

**अमृत विचार :** महिला सुरक्षा के दावों के उलट शोहदों से परेशान युवती को ही पुलिस की ओर से धमकाने की एक और घटना सामने आई है। रास्ते में लगातार छेड़खानी और रास्ता रोके जाने की शिकायत करने पहुंची युवती को दरोगा ने भी धमकाया तो उसे नौकरी छोड़कर घर बैठना पड़ा। अब वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर युवती की रिपोर्ट तो दर्ज कर ली गई है लेकिन उसे और उसके भाई को फर्जी केस में जेल भेजने की धमकी देने वाले दरोगा के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई।

प्राइवेट नौकरी करने वाली बारादरी इलाके की युवती के मुताबिक रामपुर बाग में उसके कार्यालय आते-जाते हुए वैभव वर्मा नाम का युवक चार-पांच साथियों के साथ कई महीनों से उसका पीछा कर रहा था। कई बार उसने उसका रास्ता रोककर उससे बात करने की कोशिश की। काफी समय अनदेखी करने के बाद भी वह बाज नहीं आया तो उसने सख्त विरोध जताया। इस पर वह उसे जान से मारने की धमकी देने लगा। 12 सितंबर को कार्यालय जाते समय वैभव वर्मा ने फिर चार-पांच साथियों के साथ उसका रास्ता रोक लिया और आगे न जाने देने पर अड़ गया।

युवती के मुताबिक पुलिस से शिकायत करने की बात कहने पर वह जान से मारने और परिवार को झूठे केस में फंसाकर जेल भिजवाने की धमकी देने लगा। इसके बाद पीछा छोड़ने के लिए उससे 50 हजार रुपये भी मांगे। पीड़िता के मुताबिक उसने कांकरटोला चौकी जाकर पुलिस से शिकायत की तो चौकी इंचार्ज वाकर अहमद ने उसे और उसके भाई को ही फंसाने की धमकी दी। इसके बाद उसने नौकरी छोड़ दी। बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत की। उनके आदेश पर थाना बारादरी में रिपोर्ट आरोपी वैभव और उसके साथियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। थाना प्रभारी अमित पांडे ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है। उधर, चौकी इंचार्ज वकार अहमद ने आरोपों को निराधार बताया।

### घर में नकब लगाकर पांच लाख रुपये की चोरी

**अमरोहा, अमृत विचार :** चोरों ने किसान के घर में नकब लगाकर 60 हजार की नकदी और जेवर सहित पांच लाख की चोरी कर ली।

घटना नौगांवा सादात क्षेत्र के गांव मिर्जापुर की है। गांव में किसान मुन्नू चौहान का परिवार गुरुवार रात घर के बरामदे में सो रहा था। इसी बीच किसी समय चोरों ने उनके मकान की दीवार में नकब लगा दिया। घर में घुसे चोरों ने 60 हजार की नकदी सहित सोना-चांदी के जेवरात व अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। परिजनों के सुबह जागने पर घटना की जानकारी हुई। परिवार के लोगों ने सामान गायब देखा तो उनके होश उड़ गए। घर में चोरी की जानकारी पर मौके पर ग्रामीण एकत्र हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की। फिलहाल पीड़ित ने मुकदमा दर्ज करने के लिए तहरीर दी है।

# 25 लाख घरों की छत पर लगेगा सोलर पैनल

## 2027 तक देश में 1 करोड़ घरों की छत पर सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार**ःसौर ऊर्जा के जरिए जनता को लगभग निःशुल्क बिजली देने का अभियान उप्र. में तेजी से आगे बढ़ रहा है। घर की छतों पर सोलर रूफ टॉप पैनल लगाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी 75 जिलों के लिए अलग-अलग लक्ष्य तय किया है। साल 2027 तक उप्र. में जहां 25 लाख घरों की छत पर सोलर पैनल लगेगा वहीं देश में 1 करोड़ घरों की छत पर सोलर पैनल लगाने की तैयारी है। मुख्यमंत्री खुद इस योजना की मॉनीटरिंग कर रहे हैं। इसी साल शुरू हुई पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत मात्र सात महीने में ही लखनऊ में सर्वाधिक रूफ टॉप पैनल इंस्टॉल किये गये हैं। इसी क्रम में वाराणसी, कानपुर, आगरा और कानपुर नगर टॉप फाइव में हैं।

हाल ही में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने पीएम सूर्य घर योजना की समीक्षा भी की है। समीक्षा के दौरान बताया गया कि प्रदेश में लखनऊ जनपद में सर्वाधिक 11,435 सोलर रूफ टॉप पैनल क्रियाशील कर दिये गये हैं। वहीं दूसरे नंबर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में इस योजना के अंतर्गत अबतक 4088 सोलर पैनल इंस्टॉल हो चुके हैं। ऐसे ही कानपुर में 1909, आगरा में 1364 और प्रयागराज में 1349 रूफ टॉप पैनल लगाये गये हैं।



- पीएम सूर्य घर योजना का लाभ लेने में लखनऊ प्रथम
- वाराणसी, कानपुर, आगरा और प्रयागराज क्रमश: टॉप फाइव में

### 17 लाख 75 हजार से अधिक रजिस्ट्रेशन

उप्र. में पीएम सूर्य घर योजना के लिए अबतक 17 लाख 75 हजार से अधिक रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। इनमें से 32 हजार से अधिक घरों में रूफ टॉप पैनल इंस्टाल किये जा चुके हैं। बता दें कि पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत एक किलोवॉट क्षमता के रूफ टॉप पर केंद्र सरकार की ओर से 30 हजार रुपए और प्रदेश सरकार की ओर से 15 हजार रुपए यानी कुल 45 हजार रुपए की सब्सिडी दी जा रही है। ऐसे ही दो किलोवॉट के लिए केंद्र द्वारा 60 हजार रुपए और प्रदेश सरकार द्वारा 30 हजार रुपए यानी कुल 90 हजार रुपए की सब्सिडी दी जा रही है। वहीं तीन किलोवॉट और उससे ऊपर के लोड के लिए केंद्र द्वारा 78 हजार रुपए और राज्य सरकार द्वारा 30 हजार रुपए यानी कुल 1 लाख 8 हजार रुपए की सब्सिडी जी जा रही है।

# पुलिसकर्मियों को जल्द मिलेंगी आवासीय सुविधाएं

- रामपुर के लिए 12.82 करोड़ की संस्तुति

**लखनऊ, अमृत विचार :** गृह विभाग ने पुलिसकर्मियों को आवासीय सुविधाएं देने के लिए कई प्रस्तावों को मंजूरी दी है। इनमें बड़े आवासों के साथ साथ फ्लैट भी बनाने का जिक्र है। बिजनौर के अफजलगढ़ में टाइप बी के 48 नग आवासों की मंजूरी दी गई है। इसके लिए 22.98 करोड़ की धनराशि जारी करने की भी संस्तुति कर दी गई है। रामपुर में अग्निशमन केंद्र के कार्मिकों के लिए भी लंबे समय से आवासीय व्यवस्था करने की मांग चल रही थी। ऐसी स्थिति में गृह विभाग ने रामपुर में आवासीय सुविधाओं के लिए 12.82 करोड़ रुपये की संस्तुति की गई है।

# न्यूनतम पेंशन नहीं बढ़ी तो आंदोलन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार**ः पेंशन बढ़ोतरी न करने और वृद्ध पेंशनरों के हितों की अनदेखी के विरोध में शुक्रवार को ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति ने भविष्य कर्मचारी निधि संगठन (ईपीएफओ) कार्यालय पर धरना दिया।महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा गीता वर्मा के नेतृत्व में केंद्रीय श्रम मंत्री के नाम का ईपीएफओ कमिश्नर नवीन कनौजिया को ज्ञापन दिया गया। मांगें पूरी न होने पर देश भर में आंदोलन करने की चेतावनी भी दी गई है।

धरना सभा में पेंशनरों ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें तरह-तरह की मुफ्त की घोषणाएं कर रही हैं, लेकिन जिन कर्मियों ने 30-35 वर्ष तक सेवा काल में पेंशन अंशदान दिया उनको 300 से 3 हजार पेंशन देकर अन्याय किया जा रहा है। पेंशनरों ने कहा कि उनकी न्यूनतम पेंशन 7500 रुपये प्रति महीना, महंगाई भत्ता और पति-पत्नी को मुफ्त चिकित्सा सुविधा की मांग पूर्ण की जाए। मांगें पूरी न होने पर देश भर में आंदोलन किया जाएगा। 1 अक्टूबर को मुंबई में होने वाली पेंशनरों की महारैली हरियाणा और महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव की दिशा तय करेगी। धरना सभा को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष केएस तिवारी, राष्ट्रीय सचिव राजीव भटनागर, प्रांतीय महामंत्री राजशेखर नागर, आरएन द्विवेदी आदि ने संबोधित किया।



गोमतीनगर में कर्मचारी निधि संगठन कार्यालय के बाहर अपनी मांगों को लेकर धरना देते ईपीएस 95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति के सदस्य। ● अमृत विचार

- पेंशनर्स ने ईपीएफओ कार्यालय पर दिया धरना, सौंपा ज्ञापन

# उप्र अनुसूचित आयोग के अध्यक्ष बने बैजनाथ रावत

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- 16 सदस्यों में बरेली के संजय सिंह व उमेश कठेरिया शामिल

**अमृत विचार**ः राज्य सरकार द्वारा उप्र. अनुसूचित जाति-जनजाति आयोग का नया अध्यक्ष पूर्व विधायक बैजनाथ रावत को बनाया गया है। आयोग में उपाध्यक्ष, पूर्व विधायक बेचन राम व सोनभद्र के जीत सिंह खरवार को बनाया गया है, साथ ही तीन महिला समेत 16 सदस्य नियुक्त किए गए हैं।

समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने शुक्रवार को सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आयोग के पदाधिकारी समाज के उत्थान के लिए कार्य करेंगे। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से अनुसूचित जाति-जनजाति को जोड़ने का प्रयास भी करेंगे।

### आयोग में नियुक्त सदस्य

मेरठ के हरेंद्र जाटव, नरेंद्र सिंह खजूरी, सहारनपुर के महिपाल वाल्मीकि, बरेली के संजय सिंह, उमेश कठेरिया, आगरा के दिनेश भारत, हमीरपुर के शिव नारायण सोनकर, औरैया की नीरज गौतम, लखनऊ के रमेश तूफानी, आजमगढ़ के तीजाराम, मऊ के विनय राम, गोंडा की अनिता गौतम, कानपुर के रमेश चंद्र, भदोही के मिठाई लाल, कौशाम्बी के जितेंद्र कुमार और अंबेडकर नगर की अनिता कमल।

# पिछले आठ वर्षों में नहीं निकली लोवर सबआर्डिनेट की भर्तियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कुल 17 विभागों की नौकरियां आती है लोवर सबआर्डिनेट के अंतर्गत
- अब परीक्षा का दायित्व अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को सौंपा

**अमृत विचार**ः सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा (लोवर सबआर्डिनेट) प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा (पीसीएस) के बाद दूसरी सबसे बड़ी परीक्षा मानी जाती है। इसके अंतर्गत करीब दो दर्जन विभागों में निरीक्षक स्तर के अधिकारियों का चयन होता है। लेकिन पिछले आठ वर्षों से यह परीक्षा और संबंधित पद कहीं खो गए हैं। पहले यह परीक्षा लोक सेवा आयोग के माध्यम से होता था लेकिन वर्ष 2018 में इसे अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को सौंप दिया गया। जिसके बाद एक बार भी न तो कोई वैकेंसी आई ना ही परीक्षा आयोजित किया गया। प्रतियोगी छात्रों ने मुख्यमंत्री योगी को पत्र लिखकर मांग किया है कि इसे फिर से लोक सेवा आयोग को दिया जाए।

**इस भर्ती परीक्षा के पदों का विवरण** : अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत(स्थानीय निकाय), कर अधिकारी (पंचायतीराज), विपणन एवं पूर्ति निरीक्षक (खाद एवं रसद), खांडसारी निरीक्षक (गन्ना आयुक्त), सहायक चकबंदी अधिकारी (चकबंदी विभाग),सहकारी निरीक्षक वर्ग 2/सहायक विकास अधिकारी (सहकारिता) (सहकारी समितियां), सहायक विकास अधिकारी 2 (खादी ग्रामोद्योग बोर्ड),अपर जिला सूचना अधिकारी हिंदी (निदेशालय सूचना एवं जनसंपर्क), जिला मद्यनिषेध एवं समाजोत्थान अधिकारी (मधनिषेध विभाग), नीलाम आयोजक एवं विपणन निरीक्षक (पशुपालन), सहायक कोषागार लेखाकार (कोषागार विभाग), मंडी निरीक्षक एवं मंडी पर्यवेक्षक ग्रेड 2 (मंडी परिषद), मनोरंजन कर निरीक्षक (राज्य कर विभाग),संकलन अधिकारी ( प्रमुख सम्पादक जिला गजेटियर विभाग ), राजस्व निरीक्षक ((स्थानीय निकाय), निरीक्षक, विधिक माप विज्ञान (उपभोक्ता संरक्षण, बांट एवं माप) आदि करीब 17 प्रकार के विभाग के पद आते हैं।

# इरफान सोलंकी मामले में 3 अक्टूबर को होगी सुनवाई

**विधि संवाददाता,प्रयागराजः** इलाहाबाद हाईकोर्ट में कानपुर की सीसामऊ सीट से समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी और उनके भाई रिजवान सोलंकी को मकान पर कब्जे के प्रयास में आगजनी के मामले में मिली सजा के खिलाफ दाखिल अपील और सजा बढ़ाने की सरकार की अपील पर शुक्रवार को सुनवाई नहीं हो सकी। कोर्ट ने सुनवाई के लिए अब 3 अक्टूबर की तिथि सुनिश्चित की है। अगली तिथि पर अपील के साथ अन्य मामलों की एक साथ सुनवाई होगी। मालूम हो कि जाजमऊ की डिफेंस कॉलोनी में नजीर फातिमा नाम की महिला का घर जलाए जाने के मामले में विधायक इरफान सोलंकी और उनके भाई रिजवान सोलंकी को एमपी/एमएलए कोर्ट ने 7 साल की सजा सुनाई थी।

# नियमों की अनदेखी करने पर अमरोहा के डीएम का तबादला

विधि संवाददाता,प्रयागराज

- स्पष्टीकरण के बिना गिरोह चार्ट को मंजूरी देने का मामला

इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में उचित स्पष्टीकरण के बिना गिरोह चार्ट को मंजूरी देने के मामले में अमरोहा के जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी को जिले से स्थानांतरित कर दिया गया है और उन्हें सचिवालय से संबद्ध कर दिया गया। इसके साथ ही उन्हें कोई फील्ड पोस्टिंग भी नहीं दी गई है।दरअसल संबंधित जिलाधिकारी ने दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए बिना तथा इसकी मंजूरी के लिए कोई औचित्य दर्ज किए बिना कई मामलों में आरोपियों के खिलाफ गिरोह चार्ट को मंजूरी दे दी थी, जो उत्तर प्रदेश गैंगस्टर और सामाजिक गतिविधि (रोकथाम) नियम, 2021 के साथ-साथ हाईकोर्ट द्वारा जारी दिशा निर्देशों के विपरीत हैं।

विवादित प्राथमिकी के गिरोह चार्ट को तैयार और अनुमोदित करते समय पुलिस अधीक्षक,अमरोहा और जिलाधिकारी, अमरोहा ने आवश्यक संतुष्टि दर्ज नहीं की जबकि गैंगस्टर एक्ट के तहत गिरोह चार्ट को अनुमोदित करने के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा संतुष्टि दर्ज करना आवश्यक है। कोर्ट ने कहा कि अमरोहा से ऐसे कई मामले आए हैं, जिनमें अधिकारियों ने नियम 2021 की अनदेखी की है। कोर्ट के आदेश के अनुसरण में जिलाधिकारी ने एक व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल किया, जिसमें उन्होंने स्वीकार किया कि वह लोस चुनाव में व्यस्त होने के कारण गैंग चार्ट को मंजूरी देते समय संतुष्टि दर्ज नहीं कर सके और पूर्व टाइप अनुमोदन पर हस्ताक्षर कर दिया।

# 53 जिलों के एआरटीओ प्रवर्तन का वेतन रोका

**लखनऊ, अमृत विचारः** प्रदेश के परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने आज बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रदेश के 53 जनपदों के एआरटीओ (प्रवर्तन) का सितंबर माह का वेतन रोकने के निर्देश जारी किए हैं।

यह जानकारी अपर परिवहन आयुक्त (प्रवर्तन) ए के सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1 जुलाई 2024 से 31 अगस्त 2024 तक प्रशमन शुल्क के निर्धारित लक्ष्य को प्रदेश के 53 जनपदों में प्राप्त नहीं किया जा सका,जिसके कारण एआरटीओ (प्रवर्तन) का सितंबर माह का वेतन रोके जाने का निर्णय मुख्यालय स्तर से लिया गया है। अपर परिवहन आयुक्त ने बताया कि मुख्यालय स्तर से लगातार निर्देश दिए जाते हैं कि प्रशमन शुल्क के निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त किये जाने के लिए फील्ड में तैनात अधिकारी प्रयास करें। लेकिन अधिकारी इसमें रुचि नहीं दिखा रहे हैं।

# 3 अक्टूबर से शुरू होगा मिशन शक्ति

**लखनऊ, अमृत विचारः** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने मिशन शक्ति फेज 5.0 के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर विस्तृत चर्चा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति, सरकार द्वारा संचालित विशेष अभियान है। मिशन शक्ति फेज-5.0 का शुभारंभ मुख्यमंत्री द्वारा आगामी शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिवस दिनांक 03 अक्टूबर, 2024 पर किया जायेगा।

# हज : ऑनलाइन आवेदन की समय सीमा 7 दिन बढ़ी

- 30 सितम्बर तक किया जा सकेगा हज के लिए आवेदन

**लखनऊ, अमृत विचार**। हज कमेटी ऑफ इंडिया मुम्बई ने हज-2025 के लिए ऑनलाइन हज अवेदन की समय सीमा 7 दिन बढ़ा दी है। हज जाने के लिए आवेदन की अंतिम तिथि पहले 23 सितम्बर थी, जिसे 30 सितम्बर कर दिया गया है।

हज आवेदक हज कमेटी ऑफ़ इंडिया की वेबसाइट https://hajcommittee.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। जिनका भारतीय अंतर्राष्ट्रीय पासपोर्ट 30 सितम्बर 2024 को या उससे पूर्व जारी हुआ हो व वैधता 15 जनवरी 2026 तक हो, ऐसे लोग हज के लिए आवेदन कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति के सचिव / कार्यपालक अधिकारी एसपी तिवारी ने बताया कि अवकाश के दिनों में भी कार्यालय ऑनलाइन आवेदन भरे जाने के लिए खुला रहेगा।

# स्कूल की समृद्धि के लिए दी छात्र की बलि

हाथरस, एजेंसी

- हाथरस जिले के निजी स्कूल का मामला, प्रबंधक समेत 5 गिरफ्तार

स्कूल के मालिकों ने अपने संस्थान को और अधिक 'समृद्ध' बनाने के लिए दूसरी कक्षा के एक छात्र की बलि दे दी। पुलिस ने स्कूल के मालिक और निदेशक के अलावा प्रधानाचार्य और दो शिक्षकों को भी हत्या में संलिप्त होने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि दूसरी कक्षा के छात्र की पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला है कि उसकी गला दबाकर हत्या की गई थी।

डीएल पब्लिक स्कूल के मालिक जसोधन सिंह ने विद्यालय के निदेशक और अपने बेटे दिनेश बघेल से संस्थान और परिवार की समृद्धि के लिए एक बच्चे की बलि देने को कहा। ऐसा माना जाता है कि जसोधन सिंह तंत्र-विद्या से जुड़ी चीजों में भरोसा करता है। प्रधानाचार्य लक्ष्मण सिंह और दो शिक्षकों रामप्रकाश सोलंकी और वीरपाल सिंह को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने पांच लोगों पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 103 (1) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

हाथरस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) अशोक कुमार सिंह ने बताया कि छात्र की पहचान कृतार्थ के रूप में हुई है और वह डीएल पब्लिक स्कूल में कक्षा दो में पढ़ता था। उन्होंने बताया कि शिक्षक रामप्रकाश सोलंकी, दिनेश बघेल और स्कूल के मालिक जसोधन सिंह ने 23 सितंबर को स्कूल के छात्रावास से कृतार्थ का अपहरण कर लिया था। जसोधन सिंह तंत्र साधना में भरोसा करता है और उसने अपने बेटे से स्कूल और परिवार की समृद्धि के लिए एक बच्चे की बलि देने को कहा था। अधिकारी ने बताया कि वे छात्र को बलि देने के लिए एक सुनसान स्थान पर ले गए, लेकिन छात्र जाग गया और रोने लगा। इसके बाद उन्होंने छात्र की गला घोंटकर हत्या कर दी। एक अन्य शिक्षक वीरपाल सिंह और स्कूल के प्रधानाचार्य लक्ष्मण सिंह भी वहां मौजूद थे।

### राष्ट्रीय बाल आयोग की टीम करेगी जांच

मामले का संज्ञान राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने भी लिया है। एनसीपीसीआर के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने कहा कि यह जघन्य अपराध लापरवाही का नतीजा है और माफी के काबिल नहीं है। उन्होंने कहा कि दिल्ली से राष्ट्रीय बाल आयोग की एक टीम जाएगी, जो राज्य बाल आयोग अध्यक्ष के नेतृत्व में इस घटना की जांच करेगी और हमें इसकी एक रिपोर्ट सौंपेगी। उन्होंने राज्य सरकार पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया और कहा कि शुरुआती तौर पर यह दिख रहा है कि नियमों की अवहेलना हुई है।

# मोहिंदर सिंह पांच अक्टूबर को तलब

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) लखनऊ इकाई ने नोएडा के फ्लैट खरीदारों से ठगी के मामले में पूर्व आइएएस अधिकारी मोहिंदर सिंह को पूछताछ के लिए पुनः तलब किया है। इससे पहले उन्हें बुधवार को बुलाया गया था, लेकिन वह नहीं पहुंचे और न ही उन्होंने ईडी को कोई जानकारी दी। बतादें कि ईडी ने छापेमारी में मोहिंदर सिंह के ठिकानों से बरामद संपत्तियों के दस्तावेजों की पड़ताल की थी। अब उनसे इन संपत्तियों में निवेश की गई रकम के स्रोत के बारे में पूछताछ हो सकती है।

## वर्ग पहेली-205

**बाएं से दाएं**

1. 1. निगोड़ा का स्त्रीवाची रूप 2. एक गाली के रूप में प्रयुक्त।
5. 1. बादल; मेघ 2. वह वंशज जो पितरों को जल देकर तृप्त करता है।
8. घरों में पानी भरने वाला और इससे प्राप्त पारिश्रमिक से जीविका चलाने वाला सेवक; पनहरा।
10. 1. मुद्राचलन; प्रचलित मुद्रा; सिक्का 2. किसी देश विशेष में प्रचलित मुद्रा या धन व्यवस्था।
11. 1. पुराने समय में बच्चों को पहनाई जाने वाली एक प्रकार की टोपी जिसमें चार तनियाँ या बंद लगे होते थे 2. अँगिया; चोली।

**ऊपर से नीचे**

2. एक प्रकार की पीली मिट्टी जिसका तिलक प्राय: वैष्णव लोग लगाते हैं।
3. राक्षस; असुर; दानव।
4. 1. आँख का एक रोग जिसमें अधिक प्रकाश के कारण आँखें चौंधिया जाती हैं और कभी अँधेरा
6. 1. आटे का पतला हलवा; लपटा 2. लेई 3. गाढ़ा तरल पदार्थ।
7. 1. समाप्त होना; बाकी न रहना 2. अदा कर दिया जाना।
9. 1. (रामायण) कैकेयी के गर्भ से उत्पन्न राजा दशरथ के पुत्र 2. दुष्यंत और शकुंतला का पुत्र भरत जिसके नाम पर इस देश का नाम भारतवर्ष पड़ा 3. एक प्रसिद्ध मुनि जो नाट्यशास्त्र के प्रधान आचार्य माने जाते हैं 4. लवा या भारद्वाज पक्षी।



## वर्ग पहेली -204 का हल



## सुडोकू -118

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | | | 7 | | 5 | 1 |
| | 4 | | | 8 | | | | 9 |
| | | 3 | | 2 | | 6 | | 7 |
| | 9 | | 4 | | | | | 6 |
| | 7 | 2 | | | | 5 | 3 | |
| 4 | | | | | 5 | | 7 | |
| 3 | | 9 | | 4 | | 8 | | |
| 1 | | | | 3 | | | 4 | |
| 7 | 2 | | 6 | | | 1 | | |

## सुडोकू - 117 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 8 | 5 | 1 | 4 | 2 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 7 | 9 | 5 | 6 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 9 | 3 | 6 | 8 | 2 | 1 | 5 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 5 | 6 | 1 | 3 | 2 |
| 3 | 9 | 6 | 2 | 8 | 1 | 5 | 4 | 7 |
| 5 | 1 | 2 | 4 | 7 | 3 | 9 | 6 | 8 |
| 9 | 3 | 8 | 5 | 1 | 7 | 4 | 2 | 6 |
| 2 | 5 | 4 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 सितंबर शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-एकादशी 14.49 तक तत्पश्चात द्वादशी।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्लेशा 29 सितंबर 03.38 तक तत्पश्चात मघा।

**मेष** — आज आत्मग्लानि जैसी महसूस हो तो मित्रों से बात करें वो आपका मनोबल बढ़ाएंगे। अपनी तरक्की को लेकर आशंकित रहेंगे। कर्मचारियों के ऊपर काम का काफी दबाव हो सकता है। खाली समय में कोई उपन्यास और कहानी आदि पढ़कर समय बिता सकते हैं।

**वृष** — आज संतान की शिक्षा में अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे। आनंद और उल्लास के साथ समय व्यतीत होगा। व्यवसाय में उत्तरोत्तर उन्नति के योग बन रहे हैं। दांपत्य संबंधों में काफी प्रगाढ़ता रहेगी। जीवनसाथी की सलाह से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा।

**मिथुन** — आज आपको लक्ष्यों के प्रति सजग रहना चाहिए। बैंकिंग से जुड़े लोगों को काफी काम करना पड़ेगा। जॉब में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी। परिवार में मंगल कार्यों की रूपरेखा बन सकती है। अप्रिय व्यक्तियों से मिलने के कारण कुपित हो सकते हैं।

**कर्क** — आज मनोनुकूल नौकरी ढूंढ रहे हैं तो आपको प्राप्त हो सकती है। प्रियजनों से आपको उपहार मिलने के योग बन रहे हैं। रोमांस और प्रेम के मामले में भाग्यशाली रहेंगे। कीमती वस्तुओं को खरीद सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आप व्यस्त होंगे, लेकिन सुरक्षा के साथ खिलवाड़ न करें।

**सिंह** — आज प्रियजनों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। व्यर्थ के कार्यों में अपना समय बर्बाद न करें। बातचीत के माध्यम से परेशानी सुलझाने का प्रयास करें। धन के मामले में आपको निराशा हाथ लग सकती है। आत्ममनन और विश्लेषण में समय जरूर लगाएं।

**कन्या** — आज लोग आपकी सलाह का अनुसरण करेंगे। काफी प्रसन्नता और संतुष्टि का अनुभव करेंगे। थोड़ी सी मेहनत में अच्छा परिणाम अर्जित करेंगे। घर पर अच्छा समय बिताएंगे। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन बेहद भाग्यशाली रहने वाला है।

**तुला** — आज पुराने विचारों को छोड़कर नए विचारों को अपनाएं। नया निवेश कर सकते हैं। अपनी इच्छाशक्ति के बल पर बिखरे हुए काम को बना लेंगे। आप लोगों के बीच प्रेरणा बनकर उभर सकते हैं। जॉब में बदलाव के विषय में सोच सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज बच्चों को नैतिक शिक्षा देंगे। साझेदारी के कार्यों के लिए समय उत्तम है। मल्टीनेशनल कंपनियों में काम कर रहे लोगों को बॉस से शाबाशी मिल सकती है। ऑनलाइन किसी बड़ी मीटिंग में शामिल होंगे।

**धनु** — आज आप विरोधाभास जैसी स्थिति में फंस सकते हैं। अपनी जिम्मेदारियों को निश्चित करने का प्रयास करें। पारिवारिक मामलों में बाहर के लोगों की राय न लें। धैर्य और विवेक से काम लेना बेहद जरूरी है।

**मकर** — आज नए काम की शुरुआत कर सकते हैं। आपको उच्च अधिकारियों का सहयोग मिल सकता है। व्यवसाय और करियर में स्थायीत्व देखने को मिलेगा। बिल्डर्स अपने प्रोजेक्ट्स को लेकर आश्वस्त रहेंगे। जीवनसाथी के प्रति अपना भाव अच्छा रखें।

**कुंभ** — आज आपकी जीवनशैली में सुधार होगा। किसी सहकर्मी से कोई गलती हो गई हो तो उसे क्षमा करें और उसे प्यार से समझाएं। एकाग्रता के साथ मेहनत करेंगे तो परिणाम अवश्य ही अच्छे मिलेंगे। व्यापार में नया अनुबंध हो सकता है।

**मीन** — आज आपसी संबंधों को प्रगाढ़ करने में आपका ध्यान रहेगा। आपके मन का बोझ घटेगा। जॉब के लिए इंटरव्यू का बुलावा आ सकता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए पौष्टिक भोजन और ताजे फलों का सेवन करें।

## आज की फिल्में

B4U Movies
पुलिस और मुजरिम — सुबह : 09.20
सिंह इज ब्लिंग — रात : 07.00

&pictures
इंडियन — सुबह : 10.39
द ताशकंद फाइल्स — रात : 08.00

Sony Pix
सैन एंड्रियास — दोपहर : 12.00
जर्नी 2 — रात : 07.45

Zee Cinema
किसी का भाई किसी की जान — सुबह : 10.26
फुकरे 3 — शाम : 04.54

Colors Cineplex
रावण राज — सुबह : 10.48
सूर्या द सोल्जर — रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर शाम : 04.54 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टीचर– बच्चों आई लव यू का आविष्कार किस देश में हुआ?
चिंटू (स्टूडेंट)– चीन में।
टीचर– वह कैसे?
स्टूडेंट– मैम, इसमें चीनी गुण हैं, न कोई गारंटी, न कोई वारंटी। चले तो जिदंगी भर, न चले तो घंटे भर।

कर्मचारी– सर बहुत बारिश हो रही है, आंधी आ रही है, लग रहा है आज तूफान आएगा, क्या आज छुट्टी ले सकता हूं?
बॉस– खुद ही सोच लो किससे दिनभर बेइज्जती करानी है, मुझसे या पत्नी से?
कर्मचारी– ठीक है सर, मैं आ रहा हूं।

## मुरादाबाद मंडी

दालें : दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 – 106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90से105 रुपये चना देसी : 60से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 रुपये राजमा लाल : 130 से140 रुपये राजमा चित्ता : 125 से 130 रुपये लोबिया लाल : 90से 110 रुपये लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये ।

## मेंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक– 960 फ्लैग– 1080 बोल्ड– 1140 डीएमओ– 88
**रामपुर :** शिवालिक–985 फ्लैग– 1100 डीएमओ–855 बोल्ड–1180

## सर्राफा

मुरादाबाद

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 78,200 |
| चांदी आभूषण | 92,000 |

# भारतीय अर्थव्यवस्था स्थिर आधार पर 7% की दर से बढ़ेगी : सीईए

### मुद्रास्फीति को ध्यान में रखते हुए मौजूदा कीमतों पर वृद्धि दर 11 प्रतिशत होगी

कोलकाता, एजेंसी

केंद्र सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन ने शुक्रवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था के स्थिर आधार पर 6.5 से सात प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य को देखते हुए यह वृद्धि दर सराहनीय है। बंगाल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (बीसीसीआई) द्वारा आयोजित कार्यक्रम को ऑनलाइन संबोधित करते हुए नागेश्वरन ने कहा कि वास्तविक रूप से अर्थव्यवस्था 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी, जबकि मुद्रास्फीति को ध्यान में रखते हुए मौजूदा कीमतों पर (नॉमिनल) वृद्धि दर 11 प्रतिशत होगी।



- वर्तमान वैश्विक संदर्भ में यह बेहद ही अच्छी उपलब्धि : नागेश्वरन

नागेश्वरन ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष में स्थिर आधार पर 6.5 से सात प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनी रहेगी। वर्तमान वैश्विक संदर्भ में यह बेहद अच्छी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि जबकि विश्व मध्यम अवधि की अनिश्चितताओं का सामना कर रहा है और वैश्विक व्यापार धीमा पड़ रहा है, भारत में कोविड-19 वैश्विक महामारी के प्रभावों से उबरना सरकार द्वारा अपनाई संतुलित राजकोषीय तथा मौद्रिक नीतियों के दम पर मजबूत हो गया है।

### चालू खाता शेष में कोई कमजोरी नहीं

नागेश्वरन ने कहा कि घरेलू बाजारों और बैंकिंग प्रणाली की अच्छी स्थिति से देश के चालू खाता शेष में कोई कमजोरी नहीं है। वृहद संकेतक स्थिरता का संकेत देते हैं। पूंजीगत व्यय में भारी बदलाव आया है, जीडीपी के मुकाबले बाह्य ऋण का अनुपात कम हुआ है और खुदरा मुद्रास्फीति कम हुई है। उन्होंने कहा कि इन सभी कारणों से देश की ऋण प्रणाली को उन्नत करने की आवश्यकता है।

# डेरिवेटिव्स : शेयर के दर में बदलाव पर लाभ का अवसर

इक्विटी डेरिवेटिव्स वित्तीय बाजारों में मुख्य भूमिका निभाते हैं, जो निवेशकों को शेयरों के मूल्य में बदलाव के आधार पर लाभ उठाने का अवसर देते हैं। ये ऑप्शंस और फ्यूचर्स, निवेशकों को अपनी जोखिम प्रबंधन रणनीतियों को लागू करने में मदद करते हैं। हालांकि, इनके साथ उच्च जोखिम भी जुड़ा होता है, जिसमें मार्केट उतार-चढ़ाव और समय सीमाएं शामिल हैं। सही जानकारी और रणनीति के साथ, डेरिवेटिव्स निवेशकों के लिए प्रभावशाली साधन बन सकते हैं, लेकिन सावधानी और ज्ञान जरूरी है। आइए इस पर नजर डालें...



**मार्केट वॉच :** इक्विटी डेरिवेटिव्स का मतलब शेयर बाजार में उपयोग होने वाले डेरिवेटिव्स की निगरानी करना। डेरिवेटिव्स ऐसे वित्तीय अनुबंध हैं जिनकी कीमत किसी अन्य संपत्ति, जैसे कि शेयरों, पर निर्भर करती है।

### निवेश के लाभ

**हेजिंग :** डेरिवेटिव्स का उपयोग निवेशक पोर्टफोलियो को बाजार के उतार-चढ़ाव से बचाने के लिए कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, पुट ऑप्शंस का उपयोग करके वे संभावित नुकसान से बच सकते हैं।
**लिवरेज :** डेरिवेटिव्स से निवेशक छोटी पूंजी के साथ बड़ी मात्रा में शेयरों का नियंत्रण पा सकते हैं। इससे संभावित लाभ बढ़ता है, लेकिन जोखिम भी बढ़ाता है।
**रिटर्न का विविधीकरण :** डेरिवेटिव्स का उपयोग विभिन्न रणनीतियों के माध्यम से रिटर्न उत्पन्न करने के लिए किया जा सकता है, जैसे कि स्ट्रैडल या स्ट्रैंगल ऑप्शंस।

### ऑप्शंस और फ्यूचर्स

**फ्यूचर्स :** ये अनुबंध हैं जिनमें दो पक्ष एक निश्चित तिथि पर एक निश्चित मूल्य पर शेयरों का आदान-प्रदान करने के लिए सहमत होते हैं।
**ऑप्शंस :** ये अनुबंध किसी को एक तय कीमत पर तय समय में शेयरों को खरीदने (कॉल) या बेचने (पुट) का अधिकार देते हैं, लेकिन यह अनिवार्य नहीं है।

**उच्च जोखिम :** डेरिवेटिव्स का उपयोग लिवरेज के माध्यम से होता है, जिससे लाभ के साथ नुकसान भी बढ़ सकता है। एक छोटे मूल्य परिवर्तन से बड़े नुकसान हो सकते हैं।
**जटिलता :** डेरिवेटिव्स के कई प्रकार और रणनीतियां होती हैं, जिनका समझना और सही से उपयोग करना चुनौतीपूर्ण होता है। गलत निर्णय लेने पर नुकसान हो सकता है।
**मार्जिन कॉल :** यदि बाजार आपके खिलाफ है, तो आपको मार्जिन खाते में अतिरिक्त पूंजी जमा करने के लिए कहा जा सकता है, जिससे वित्तीय दबाव बढ़ सकता है।

**कम लागत :** शेयरों की सीधी खरीदारी की तुलना में, डेरिवेटिव्स खरीदने की लागत आमतौर पर कम होती है, जिससे छोटे निवेशक भी भाग ले सकते हैं।
**सामरिक निवेश :** डेरिवेटिव्स का उपयोग विभिन्न सामरिक निवेश दृष्टिकोणों के लिए किया जा सकता है, जैसे कि कवरिंग शॉर्ट पोजीशंस या रिवर्स स्ट्रैटेजीज।
**लचीलापन :** डेरिवेटिव्स में कई प्रकार के अनुबंध होते हैं, जिससे निवेशकों को जोखिम सहिष्णुता और निवेश लक्ष्यों के अनुसार रणनीति बनाने की सुविधा मिलती है।
**ऑनलाइन रिसर्च :** विभिन्न वित्तीय वेबसाइटों जैसे कि याहू फाइनेंस, ब्लूमबर्ग और मनी कंट्रोल पर डेरिवेटिव्स से संबंधित जानकारी और अपडेट्स मिल सकते हैं।
**पुस्तकें :** वित्तीय बाजारों और डेरिवेटिव्स पर पुस्तकें पढ़ना अच्छा तरीका है। इनमें सिद्धांत, रणनीतियां और वास्तविक जीवन के उदाहरण शामिल होते हैं।
**कोर्स और वेबिनार :** कई ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जैसे कोरसेरा, यूडेमी और ईडीएक्स डेरिवेटिव्स पर पाठ्यक्रम देते हैं।
**ब्रोकर और वित्तीय सलाहकार :** ब्रोकर या वित्तीय सलाहकार से सलाह लेना भी अच्छा विकल्प है। वे व्यक्तिगत सलाह और मार्गदर्शन कर सकते हैं।
**मार्केट रिपोर्ट्स :** विभिन्न वित्तीय संस्थान और शोध संस्थान नियमित रूप से मार्केट वॉच रिपोर्ट्स जारी करते हैं। इनका अध्ययन करना भी सहायक होता है।
**ग्रुप्स :** निवेशक फोरम और सोशल मीडिया समूहों में अनुभव साझा कर सकते हैं और सवाल पूछ सकते हैं।

# एनएसई और बीएसई ने प्रभावी लेनदेन शुल्क किया संशोधित

नई दिल्ली, एजेंसी

- संशोधित दरें एक अक्टूबर से होंगी प्रभावित, सेबी की समान शुल्क अनिवार्यता पर उठाया गया कदम

प्रमुख शेयर बाजारों बीएसई और एनएसई ने शुक्रवार को नकद और वायदा एवं विकल्प सौदों के लिए लेनदेन शुल्क में संशोधन किए हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा शेयर बाजार समेत बाजार अवसंरचना से जुड़े संस्थानों के सदस्यों के लिए एक समान शुल्क संरचना अनिवार्य करने के बाद यह कदम उठाया गया।

शेयर बाजारों ने अलग-अलग परिपत्रों में कहा कि संशोधित दरें एक अक्टूबर से लागू होंगी। बीएसई ने इक्विटी वायदा-विकल्प खंड में सेंसेक्स और बैंकेक्स विकल्प अनुबंधों को लेनदेन शुल्क को संशोधित कर 3,250 रुपये प्रति करोड़ प्रीमियम कारोबार किया है। इक्विटी वायदा-विकल्प खंड में अन्य अनुबंधों के लिए लेनदेन शुल्क अपरिवर्तित रहेगा। सेबी ने जुलाई में बाजार अवसंरचना संस्थानों (एमआईआई) के शुल्कों के बारे में एक परिपत्र जारी किया था।

## क्षतिपूर्ति उपकर पर मंत्री समूह का गठन

**नई दिल्ली।** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद ने वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी की अध्यक्षता में 10 सदस्यीय मंत्री समूह का गठन किया है। यह मार्च 2026 में क्षतिपूर्ति उपकर समाप्त होने के बाद विलासिता तथा अहितकर वस्तुओं पर कर पर निर्णय करेगा। मंत्री समूह (जीओएम) में असम, छत्तीसगढ़, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, पंजाब, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और बंगाल के सदस्य हैं। यह 31 दिसंबर तक परिषद को रिपोर्ट सौंपेगा।जीएसटी में विलासिता व अहितकर वस्तुओं पर 28% कर के अलावा कई दरों पर क्षतिपूर्ति उपकर है।

# नवाचार में भारत ऊंचाइयों पर वैश्विक सूची में 39वां स्थान

नई दिल्ली, एजेंसी

- लोबल इनोवेशन इंडेक्स में 133 देश शामिल, 2015 में 81वें व गत वर्ष 40 में स्थान पर था भारत

देश में नई प्रौद्योगिकी और प्रक्रियाओं के क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास के बढ़ते प्रयास के साथ भारत लोबल इनोवेशन इंडेक्स 2024 में 133 देशों की सूची में भारत 39वें स्थान पर है। भारत 2015 में इस सूची में 81वें स्थान और पिछले साल 40 में स्थान पर था।

सूचकांक में भारत मध्य और दक्षिणी एशिया की 10 अर्थव्यवस्थाओं में पहले स्थान पर है। 2024 की सूची में स्वीटजरलैंड, स्वीडन और अमेरिका क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। सूची में नवाचार की दृष्टि से शीर्ष 10 देश में क्रमशः सिंगापुर, ब्रिटेन, दक्षिण कोरिया, फिनलैंड, नीदरलैंड ,जर्मनी और डेनमार्क है। 10 देश में सभी उच्च आय वर्ग के देश हैं। उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के निर्णायक नेतृत्व से प्रेरित होकर, भारत ने ये उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं।

## विशेष इस्पात को एक और पीएलआई योजना होगी शुरू : सचिव

**नई दिल्ली।** इस्पात सचिव संदीप पौंड्रिक ने कहा कि सरकार विशेष इस्पात के लिए पीएलआई योजना के एक और दौर पर काम कर रही है, क्योंकि पहले दौर की प्रतिक्रिया अनुरूप नहीं रही। शुक्रवार को भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के इस्पात शिखर सम्मेलन 2024 में पौंड्रिक ने कहा कि विशेष इस्पात ऐसा क्षेत्र है जहां काम की जरूरत है। सरकार इसे प्रोत्साहित करने को पीएलआई योजना लाई, लेकिन इसका उठाव उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा।

# विदेशी मुद्रा भंडार 692.30 अरब डॉलर की नई ऊंचाई पर

मुंबई, एजेंसी

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 20 सितंबर को समाप्त सप्ताह में 2.84 अरब डॉलर बढ़कर 692.30 अरब डॉलर के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 22.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 689.46 अरब डॉलर पहुंचा था।

भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.06 अरब डॉलर बढ़कर 605.69 अरब डॉलर हो गई। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव होता है। स्वर्ण भंडार का मूल्य 72.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 63.61 अरब डॉलर रहा।



- 2.84 अरब डॉलर की बढ़ोतरी गत सप्ताह 22.3 करोड़ डॉलर की हुई थी वृद्धि

## राष्ट्रीय

# आतंकियों को न कफन मिलेगा, न दो गज जमीन

### जम्मू कश्मीर के उधमपुर जिले में बोले मुख्यमंत्री योगी, पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों को दी चेतावनी

जम्मू, एजेंसी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों को चेतावनी देते हुए शुक्रवार को कहा कि देश में हिंसा भड़काने के किसी भी प्रयास से आतंकवादियों खात्मा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यह नया भारत है, जो आतंकवाद बर्दाश्त नहीं करेगा बल्कि उसे कुचल देगा, दफना देगा।

योगी ने उधमपुर जिले के रामनगर की रैली में कहा कि भारत आतंकवाद को कतई सहन नहीं करने (जीरो टॉलरेंस) की नीति पर है। यदि पाकिस्तान के समर्थन से कोई भी जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद फैलाने की कोशिश करेगा तो उसके पास न तो ओढ़ने को कफन होगा और न ही दफनाने के लिए दो गज जमीन होगी।



जम्मू कश्मीर के उधमपुर के रामनगर में रैली में मौजूद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

मुख्यमंत्री ने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण को डबल इंजन सरकार मॉडल की सफलता बताया। उन्होंने कहा कि यदि आप डबल इंजन सरकार का उदाहरण देखना चाहते हैं तो उत्तर प्रदेश में राम मंदिर है, जो 500 साल बाद बनाया गया। जब हमने राम मंदिर की प्रक्रिया शुरू की तो कुछ लोगों ने कहा कि यदि राम मंदिर का फैसला आया और निर्माण शुरू हुआ तो खून की नदियां बहेंगी। हमने कहा कि यह नया भारत है, जहां सुरक्षा सर्वोच्च है। योगी ने दावा किया कि साढ़े सात साल में उत्तर प्रदेश में दंगे की एक भी घटना नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि जम्मू-कश्मीर को भी ऐसे विकास का हिस्सा बनना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) पर आतंकवाद को बढ़ावा देकर राजनीतिक लाभ के लिए जम्मू-कश्मीर का शोषण करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार, आतंकवाद, अलगाववाद और वंशवाद के पुराने दिन वापस नहीं लौटेंगे। जनता ने इन तीनों परिवारों को विदाई देने का फैसला कर लिया है और चुनाव के बाद उनकी विदाई तय हो जायेगी।

### कश्मीर ने गोलियों को खारिज कर मतपत्रों को चुना



**जम्मू।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि जम्मू कश्मीर में बिना किसी हिंसा के चुनाव हो रहे हैं क्योंकि लोगों ने शांति एवं विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए गोलियों को खारिज कर मतपत्रों को चुना है। नड्डा ने कहा कि कश्मीर के युवा मुख्यधारा में शामिल हो गये हैं। जम्मू पहुंचे नड्डा ने कहा कि दो चरणों में मतदान शांतपूर्ण रहा। पिछले चुनावों के विपरीत इस बार कोई हिंसा, गोलीबारी या आतंकवादी हमला नहीं हुआ। नड्डा ने कहा कि कश्मीर के युवाओं ने आतंकवाद को खारिज कर दिया है। 370 के निरसन से पहले, हर साल 300–400 युवा आतंकी संगठनों में शामिल होते थे और आतंकवादी घोषित किए जाते थे।

### रेवाड़ी में चुनावी रैली के दौरान शाह ने राहुल गांधी से पूछा

# क्या एमएसपी का मतलब जानते हैं

रेवाड़ी, एजेंसी

किसानों के हितों को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राहुल गांधी पर शुक्रवार को निशाना साधते हुए पूछा कि क्या वह एमएसपी का मतलब भी जानते हैं? साथ ही उन्होंने कहा कि हरियाणा में भाजपा की सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर 24 फसलें खरीद रही है।

अमित शाह ने रेवाड़ी में चुनावी रैली में भ्रष्टाचार और आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस पर निशाना साधा। अमित शाह ने किसानों के मुद्दे पर कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि कुछ एनजीओ ने राहुल बाबा से कहा है कि एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) के नाम पर उन्हें वोट मिलेंगे। उन्होंने पूछा कि राहुल बाबा आप एमएसपी का पूरा नाम जानते हैं? क्या आप ये भी जानते हैं कि कौन-सी रबी की फसल है और कौन-सी खरीफ की फसल है? शाह ने कहा कि हरियाणा में भाजपा सरकार एमएसपी पर 24 फसलें खरीद रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के कांग्रेस नेता बताएं कि कौन सा कांग्रेस शासित राज्य इतनी फसलें खरीद रहा है। शाह ने पूछा कि कर्नाटक और तेलंगाना में एमएसपी पर कितनी फसलें खरीदी जा रही हैं? उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान धान की खरीद 1300 रुपये प्रति क्विंटल थी लेकिन अब 2300 रुपये प्रति क्विंटल पर है और अगर आप हरियाणा में भाजपा की सरकार चुनते हैं तो हम 3,100 रुपये (प्रति क्विंटल) पर धान खरीदेंगे। शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि यह मोदी सरकार है जिसने वन रैंक वन पेंशन की लंबित मांग को पूरा किया है। भाजपा ने हरियाणा में एक समान विकास किया है और 10 साल में भ्रष्टाचार खत्म हो गया है। भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस की सरकारें कट, कमीशन और भ्रष्टाचार के आधार पर चलती थीं जबकि डीलर, दलाल और दामाद राज करते थे।



- गृहमंत्री ने भ्रष्टाचार और आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरा
- बोले- हरियाणा सरकार एमएसपी पर खरीद रही है 24 फसलें

## एक नजर

### भागलपुर में एक और छोटा पुल ढहा

**भागलपुर।** बिहार में भागलपुर जिले के पीरपैंती प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को छोटे पुल का खंभा ढह गया। भागलपुर के जिलाधिकारी (डीएम) नवल किशोर चौधरी ने कहा कि पीरपैंती–बाबूपुर इलाके को बाखरपुर रोड से जोड़ने वाली सड़क पर छोटे पुल का खंभा शुक्रवार सुबह छह बजे थोड़ा नीचे गिर गया। पुल पर यातायात बंद है और तकनीकी विशेषज्ञ मरम्मत में लगे हुए हैं।

### निविदा घोटाला में ईडी ने की 22 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** ईडी ने पंजाब में कथित निविदा घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले की जांच में 22 करोड़ से अधिक की संपत्ति कुर्क की है। इस मामले में पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता भारत भूषण आशु गिरफ्तार है। अनंतिम आदेश के तहत मामले में शामिल लोगों की लुधियाना, मोहाली और खन्ना में अचल संपत्तियों के अलावा सावधि जमा, आभूषण और बैंक खातों को भी कुर्क किया गया है। ईडी ने कहा कि संपत्तियों का कुल मूल्य 22.78 करोड़ है।

### महाकाल मंदिर के सामने की दीवार ढही, दो की मौत

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश के उज्जैन में शुक्रवार शाम भारी बारिश से महाकाल मंदिर के सामने महाराजवाड़ा स्कूल भवन की दीवार का हिस्सा ढहने से एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। उज्जैन के जिलाधिकारी नीरज कुमार सिंह ने बताया कि भारी बारिश के कारण महाराजवाड़ा स्कूल की दीवार का एक हिस्सा ढह गया, जिसके नीचे चार लोग दब गए।

# बदलापुर आरोपी के शव को दफनाने के लिए स्थान की पहचान करे पुलिस

मुंबई, एजेंसी

- पिता की याचिका पर बॉम्बे हाईकोर्ट का निर्जन स्थान की तलाश का निर्देश
- शिंदे के समुदाय में शवों को दफनाने की प्रथा नहीं की दलील को ठुकराया

बॉम्बे हाईकोर्ट ने शुक्रवार को पुलिस को बदलापुर मामले के आरोपी अक्षय शिंदे के शव को दफनाने को निर्जन स्थान की पहचान का निर्देश दिया। आरोपी पुलिस की जवाबी गोलीबारी में मारा गया था। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति एमएम सथाये की पीठ ने कहा कि स्थान की पहचान होने पर पुलिस शिंदे के परिजनों को सूचना देगी।
कोर्ट ने अभियोजन पक्ष की इस दलील को रद कर दिया कि शिंदे के समुदाय में शवों को दफनाने की कोई प्रथा नहीं है तथा इसे उनके माता-पिता की इच्छा बताया। शिंदे के पिता ने बेटे के शव को दफनाने के लिए जगह की व्यवस्था का अनुरोध करते हुए कोर्ट का रुख किया। सरकारी वकील हितेन वेनेगांवकर ने बताया कि बदलापुर और पड़ोसी इलाकों के सभी कब्रिस्तानों ने शिंदे के शव को दफनाने से इनकार कर दिया है और इसका विरोध किया है।

### शीना बोरा हत्याकांड

## इंद्राणी की विदेश यात्रा की अनुमति रद

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने अपनी बेटी शीना बोरा की हत्या की आरोपी पूर्व मीडिया एक्जीक्यूटिव इंद्राणी मुखर्जी को विदेश यात्रा की सीबीआई की विशेष अदालत की ओर से दी अनुमति शुक्रवार को रद कर दी। यह आदेश न्यायमूर्ति श्याम सी चांडक की एकल पीठ ने सीबीआई की याचिका पर सुनवाई के दौरान पारित किया। सीबीआई ने इस आधार पर याचिका दायर की है कि इंद्राणी एक गंभीर अपराध के लिए मुकदमे का सामना कर रही हैं और उनके देश से भागने की संभावना है।

# प्रधानमंत्री के एकाधिकार मॉडल ने एमएसएमई को किया तबाह : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एकाधिकार मॉडल ने नौकरियां छीन लीं तथा सूक्ष्म , लघु एवं मध्यम उपक्रमों (एमएसएमई) को तबाह कर दिया है। राहुल ने पिछले दिनों जम्मू- कश्मीर में स्टार्टअप उद्यमियों से मुलाकात की थी और आज इसका वीडियो एक्स पर साझा किया।

राहुल गांधी ने पोस्ट किया कि जम्मू - कश्मीर के एक युवा स्टार्टअप मालिक की आंखों में निराशा भारत के अधिकांश उद्यमियों और छोटे - व्यवसाय मालिकों के संघर्ष को दर्शाती है। मोदी के एकाधिकार मॉडल ने नौकरियां छीन ली हैं, एमएसएमई को तबाह कर दिया है और लोगों को अवसरों से वंचित कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि खराब जीएसटी और नोटबंदी जैसी नीतियों से छोटे और मध्यम उद्योगों पर व्यवस्थित हमले ने उत्पादक से उपभोक्ता अर्थव्यवस्था में बदल दिया है। इस दर पर हम न तो चीन से प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं और न लोगों के लिए समृद्धि सुनिश्चित कर सकते हैं।



- लोस में नेता प्रतिपक्ष ने जम्मू- कश्मीर में स्टार्टअप उद्यमियों से मुलाकात का वीडियो एक्स पर किया साझा

## सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसलों के सारांश के साथ वेब पेज किया शुरू

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट अपने महत्वपूर्ण निर्णयों का सारांश उपलब्ध कराने को नया वेब पेज शुरू किया है। इस संबंध में कहा गया कि वेब पेज लैंडमार्क जजमेंट समरीज नागरिकों के लिए सुविज्ञ सूचना देने, कानूनी जागरूकता को बढ़ावा देने और कानून के साथ सार्वजनिक जुड़ाव को बढ़ाने के अदालत के व्यापक लक्ष्य के अनुरूप न्यायालय के महत्वपूर्ण निर्णयों को समझना आसान बनाता है।

इसमें कहा गया कि उच्चतम न्यायालय के फैसले देश भर में सार्वजनिक जीवन के विभिन्न क्षेत्रों को प्रभावित करते हैं। इसलिए न्यायालय अपने निर्णयों को सभी नागरिकों के लिए सुलभ बनाने के महत्व को पहचानता है। हालांकि, जटिल कानूनी भाषा और लंबे फैसले नागरिकों को न्यायालय के काम और निर्णयों को समझने में बाधा बन सकते हैं, और यहां तक कि महत्वपूर्ण निर्णयों के बारे में गलत धारणाएं भी पैदा हो सकती हैं। वेब पेज पर सार्वजनिक हित के महत्वपूर्ण फैसलों की वर्ष-वार सूची शामिल है।

## बिहार में स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस पर पथराव

**समस्तीपुर।** बिहार के समस्तीपुर रेलवे स्टेशन के पास स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस पर अज्ञात बदमाशों ने पथराव किया, जिससे पेंट्री कार सहित तीन कोच की खिड़कियों के शीशे टूट गए। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) सरस्वती चंद्रा ने बताया कि बीती रात नौ बजकर 50 मिनट पर जब स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस (जयनगर से नई दिल्ली-ट्रेन संख्या 12561) समस्तीपुर रेलवे स्टेशन के आउटर सिग्नल के पास पहुंची तभी कुछ बदमाशों ने ट्रेन पर पथराव किया।

# आतिशी, केजरीवाल की याचिका पर सोमवार को शीर्ष सुनवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

### मानहानि मामला

सुप्रीम कोर्ट मानहानि के मामले में हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और आप नेता अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा। दोनों नेताओं ने हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें मतदाता सूची से कुछ समुदायों के 30 लाख मतदाताओं के नाम कथित तौर पर हटाने के बारे में उनकी टिप्पणियों पर मानहानि का मामला रद करने से इनकार कर दिया गया था। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एस. वीएन भट्टी की पीठ ने शुक्रवार को भाजपा नेता राजीव बब्बर की ओर से पेश अधिवक्ता सोनिया माथुर की दलीलों पर गौर किया कि रिपोर्ट में उनके कैविएट का उल्लेख नहीं किया है और वे जवाब दाखिल नहीं कर सकीं, क्योंकि याचिका गुरुवार देर शाम सौंपी गई। पीठ ने सुनवाई के लिए सोमवार का दिन तय किया।

## एमसीडी की रिक्त सीट भाजपा ने जीती

**नई दिल्ली।** भाजपा ने दिल्ली नगर निगम की 18 सदस्यीय स्थायी समिति की एकमात्र रिक्त सीट पर शुक्रवार को निर्विरोध जीत हासिल की क्योंकि सत्तारूढ़ आप और कांग्रेस के पार्षदों ने चुनाव का बहिष्कार किया था। भाजपा उम्मीदवार सुंदर सिंह को पार्टी के सभी 115 पार्षदों के वोट मिले, जबकि आप की निर्मला कुमारी को कोई वोट नहीं मिला। स्थायी समिति दिल्ली नगर निगम के संबंध में निर्णय लेने वाली सर्वोच्च संस्था है। इस चुनाव परिणाम के साथ भाजपा के पास अब समिति में 10 सदस्य हैं।

# भारत माता की जय का नारा नफरती नहीं

बेंगलुरु, एजेंसी

- कर्नाटक हाईकोर्ट ने कहा- यह राष्ट्रीय एकता को देता है बढ़ावा

कर्नाटक हाईकोर्ट ने विभिन्न धार्मिक समूहों के बीच शत्रुता को रोकने के लिए दंडात्मक प्रावधानों का दुरुपयोग करने की निंदा करते हुए ''भारत माता की जय'' नारा लगाने के आरोप में पांच लोगों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को भी रद कर दिया है।

कर्नाटक के उल्लाल तालुक के निवासियों पर भारत माता की जय के नारे लगाने के आरोप में भारतीय दंड संहिता की धारा 153ए के तहत मामला दर्ज किया गया था। अदालत ने इस नारे को घृणा भाषण या धार्मिक वैमनस्य को बढ़ावा देने के लिए उपयुक्त नहीं माना। यह फैसला धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले भाषण की परिभाषा को स्पष्ट करने में महत्वपूर्ण है। न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना ने अपने फैसले में कहा कि यह मामला भारतीय दंड संहिता की धारा 153ए का अभूतपूर्व दुरुपयोग है। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि धारा 153ए के तहत आरोप साबित करने के लिए आवश्यक कोई भी तत्व इस मामले में मौजूद नहीं थे। उन्होंने कहा कि यह मामला धारा 153ए का क्लासिक दुरुपयोग है और यह केवल एक प्रतिकार के रूप में दर्ज किया गया था। भारत माता की जय का नारा लगाना किसी भी तरह से धार्मिक वैमनस्य को बढ़ावा नहीं देता है, बल्कि यह राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देता है।



## खेल डायरी

### चोटिल जॉश हल पाकिस्तान दौरे से हुए बाहर

**लंदन।** इंग्लैंड के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जॉश हल क्वाड चोट के कारण अक्टूबर में वाले पाकिस्तान दौरे से बाहर हो गए हैं। 20 वर्षीय हल ने इस महीने की शुरुआत में श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने ओवल में तीसरे टेस्ट में तीन विकेट लिए थे। इसी टेस्ट मैच के दौरान उन्हें चोट लगी थी। इसके बाद वे ऑस्ट्रेलिया के साथ इंग्लैंड की सीमित ओवरों की सीरीज से बाहर हो गए थे। चयनकर्ताओ ने हल की जगह किसी अन्य खिलाड़ी को टीम में नहीं जोड़ा है। पाकिस्तान दौरे के लिए क्रिस वोक्स, मैथ्यू पॉट्स, ओली स्टोन, गस एटकिंसन और ब्रायडन कार्स पाकिस्तान दौरे के लिए इंग्लैंड की 16 सदस्यीय टीम में तेज गेंदबाजी विकल्प हैं। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार हैमस्ट्रिंग चोट के कारण कप्तान बेन स्टोक्स के सा अक्टूबर से शुरू होने वाले पहले टेस्ट के दौरान गेंदबाजी करने की संभावना नहीं है। इंग्लैंड की पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट शृंखला सात अक्टूबर से मुल्तान में शुरू होगी और 15 अक्टूबर को दूसरे टेस्ट भी उसी मैदान पर खेला जायेगा। जबकि तीसरा टेस्ट 24 अक्टूबर को रावलपिंडी में होगा।

### त्रिसा-गायत्री की जोड़ी सेमीफाइनल में, श्रीकांत हारे

**मकाऊ।** भारत के किदांबी श्रीकांत शुक्रवार यहां मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल से बाहर हो गए लेकिन त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला जोड़ी सेमीफाइनल में पहुंची। मई में लगी चोट से वापसी कर रहे छठे वरीय श्रीकांत पुरुष एकल मुकाबले में हांगकांग के निग का लोंग एंगस के खिलाफ लय हासिल करने में संघर्ष करते दिखे और महज 31 मिनट में 16-21 12-21 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। त्रिसा और गायत्री की तीसरी वरीय जोड़ी ने महिला युगल क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे की छठी वरीय सु यिन हुई और लोन जिह युन की जोड़ी को 21-12 21-17 से शिकस्त दी। टूर्नामेंट में भारतीयों में अब बस त्रिसा और गायत्री की जोड़ी की ही चुनौती बची है। सेमीफाइनल में उनका सामना सिएह पेई शान और हुंग एन जु की चीनी ताइपे की जोड़ी से होगा। यह जोड़ी मई-जून में सिंगापुर ओपन सुपर 750 में भी अंतिम चार में पहुंची थी।

### शुभंकर की स्पेन ओपन में निराशाजनक शुरुआत

**मैड्रिड।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने यहां 2024 डीपी विश्व टूर पर स्पेन ओवन टूर्नामेंट के पहले दौर में तीन ओवर 74 के स्कोर से अपने अभियान की निराशाजनक शुरुआत की। अपने खेल की शरुआत बैक नाइन से करते हुए शर्मा ने पहले दो होल में डबल बोगी और बोगी कर दिया। वह इसके बाद 15वें होल में भी बोगी कर बैठे। इससे उनका स्कोर चार ओवर हो गया। शुभंकर को अब कट में जगह बनाने के लिए दूसरे दौर में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

### प्राणवी और त्वेसा की फ्रांस में औसत शुरुआत

**ड्यूविले (फ्रांस)।** भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स और त्वेसा मलिक ने लैकोस्टे ओपन डी फ्रांस शुरुआती दौर में एक ओवर 72 के समान कार्ड के साथ औसत प्रदर्शन किए। बारिश के कारण ये दोनों भारतीय खिलाड़ी संयुक्त रूप से 35वें स्थान पर है। प्राणवी चार बर्डी के मुकाबले पांच बोगी कर बैठी जबकि ने त्वेसा ने चार बोगी के मुकाबले तीन बर्डी लगाए। इंग्लैंड की बेल वार्डले, स्थानीय खिलाड़ी एम्मा ग्रेची और फॉर्म में चल रही कर्स्टन रुडगेली तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष पर है।

### युवराज संधू ताइपे में संयुक्त दूसरे स्थान पर

**ताइपे।** भारत के युवराज संधू ताइवान में येंगडर टीपीसी गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर सात अंडर 65 का शानदार कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। युवराज ने शुरुआती चार होल में तीन बर्डी लगाकर शानदार आगाज किया। उन्होंने आखिरी सात होल में पांच बर्डी और एक बोगी लगाकर 65 का कार्ड खेला। वह तालिका में शीर्ष पर काबिज थाईलैंड के सुतीपत प्रतीप्तिएंचाई (आठ अंडर 64) से एक शॉट पीछे है। चीनी-ताइपे के वांग वेई-ह्वान सात अंडर 65 का कार्ड खेल संधू के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। युवराज के अलावा टूर्नामेंट में भाग ले रहे अन्य खिलाड़ियों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। अजितेश संधू (67) और करणदीप कोचर (67) संयुक्त छठे स्थान पर हैं जबकि शिव कपूर (68) संयुक्त 14वें स्थान पर हैं। राशिद खान (70) संयुक्त 46वें, गगनजीत भुल्लर (71) संयुक्त 67वें कट में जगह बनाने की दौड़ में है। एसएसपी चौरसिया (75) संयुक्त 128वें, एस चिक्कारंगप्पा (76) संयुक्त 137वें और वरुण चोपड़ा (82) संयुक्त 150वें के लिए कट में प्रवेश करना मुश्किल होगा।

# बारिश बनी बाधा, धुला डेढ़ सत्र

## दूसरे टेस्ट के पहले दिन बांग्लादेश ने 166 मिनट में तीन विकेट के नुकसान पर बनाए 107 रन

- शुरूआती दो विकेट की सफलता आकाशदीप ने दिलाई, अश्विन को मिला एक विकेट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



विकेट लेने के बाद जश्न मनाते भारतीय टीम के खिलाड़ी। ● एजेंसी

**स्कोर बोर्ड**

**बांग्लादेश (पहली पारी) 107/3 35 ओवर**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जाकिर का जायसवाल बो आकाश दीप | 0 | 24 | 0/0 |
| शदमन इस्लाम पगबाधा आकाश दीप | 24 | 36 | 4/0 |
| मोमिनुल हक नाबाद | 40 | 81 | 7/0 |
| नजमुल हसन शंटो पगबाधा अश्विन | 31 | 57 | 6/0 |
| मुशफिकुर रहीम नाबाद | 6 | 13 | 1/0 |

अतिरिक्त: 6, विकेट पतन: 1-26, 2-29, 3-80

गेंदबाजी : बुमराह 9-4-19-0, सिराज 7-0-27-0, अश्विन 9-0-22-1, आकाश दीप 10-4-34-2

**अमृत विचार।** ग्रीनपार्क स्टेडियम में भारत-बांग्लादेश टेस्ट सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में पहले दिन शुक्रवार को बारिश बड़ी बाधा बनी रही। पहले दिन का डेढ़ सत्र का खेल बारिश में धुल गया। सुबह पहले सत्र में तो बारिश नहीं हुई, लेकिन सत्र समाप्त होते ही बारिश शुरु हो गई।

भारत को दोनों सफलता आकाशदीप ने दिलाई। भोजन के बाद के दूसरे सत्र में बांग्लादेश ने अपना तीसरा विकेट खोया। इस सत्र में अभी कुल 9 ओवर का ही खेल हो सका था कि तेज बारिश फिर बाधा बनी। तेज बारिश देखकर अंपायर्स ने खेल खत्म करने की घोषणा कर दी। पहले दिन 166 मिनट का ही खेल हो सका। बांग्लादेश ने पहली पारी में 35 ओवर में 3 विकेट खोकर 107 रन बनाए।

पहले दिन का मैच बारिश के कारण डेढ़ घंटे देरी से शुरु हुआ। टॉस जीतकर टीम इंडिया ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। जसप्रीत बुमराह व मो. सिराज की गेंदों का सामना करने में बांग्लादेश की ओपनर जोड़ी जाकिर व शादमान परेशान नजर आए। इसके बाद एक छोर पर अश्विन और दूसरे छोर पर आकाशदीप को लाते ही सफलता मिली। पारी के नौवें ओवर में आकाश दीप ने अपने पहले ओवर की तीसरी ही गेंद पर जाकिर हसन को (0) पर चलता किया। इसके बाद 29 रन के स्कोर पर आकाशदीप ने शादमान को बाहर का रास्ता दिखाया। इसके बाद मोमिन उल हक के साथ कप्तान नाजमुल शांतो सधे अंदाज में रन जुटाते रहे और खेल को पहले सत्र के अंत तक ले गए। पहले सत्र में कुल 26 ओवर डाले गए। बांग्लादेश ने लंच तक 2 विकेट खोकर 74 रन बना लिए थे। तीसरे विकेट के लिए 50 रन की साझेदारी हुई। लंच के बाद 29वें ओवर में अश्विन ने मेहमान कप्तान नाजमुल शांतों को 31 रन पर एलबीडब्ल्यू करके तीसरी सफलता दिलाई।



ग्रीनपार्क स्टेडियम में दूसरे सत्र के दौरान हुई बारिश के बाद मैदान को किया कवर। ● एजेंसी

# नतीजा निर्भर होगा अश्विन और जडेजा से कैसे निपटते हैं हमारे बल्लेबाज : मैक्सवेल

**नई दिल्ली।** ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल को लगता है कि आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि मेजबान टीम के बल्लेबाज भारत की शीर्ष स्पिन जोड़ी रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा से किस तरह निपटते हैं।



- ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन बोले- लगातार तीसरी शृंखला जीतना चाहेगी भारतीय टीम

भारत ने 2018-19 और 2020-21 के दौरे पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी और अब टीम की निगाहें लगातार तीसरी शृंखला कब्जाने पर लगी हैं। बल्कि भारत एशिया का एकमात्र देश है जिसने टेस्ट शृंखला में ऑस्ट्रेलिया को उसकी सरजमीं पर शिकस्त दी है। मैक्सवेल ने कहा कि अकसर अश्विन और जडेजा की जोड़ी खेल का नतीजा तय करती है। मैक्सवेल ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा मेरा मानना है कि लंबे समय तक अश्विन और जडेजा जैसे गेंदबाजों के खिलाफ खेलने के बाद ऐसा लगता है कि हमने लगातार इन दोनों का सामना किया है और अकसर उनके खिलाफ हमारा प्रदर्शन मैच का नतीजा तय करता है। मैक्सवेल हालांकि अब ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट क्रिकेट की योजना का हिस्सा नहीं हैं और 2017 में अपना अंतिम टेस्ट खेलने के बाद उन्होंने कहा कि उनके देश के बल्लेबाजों को भारत के सीनियर स्पिनरों के खिलाफ बेहतरीन बल्लेबाजी करनी होगी। अश्विन और जडेजा ने मिलकर 330 पारियों में 821 विकेट झटके हैं जिसमें से 50 दफा वे पांच विकेट झटक चुके हैं।

# मेदवेदेव ने बीजिंग में मोनफिल्स को हराया, अल्काराज एकतरफा जीते

बीजिंग, एजेंसी

डेनियल मेदवेदेव चीन ओपन के शुरुआती दौर में शुक्रवार को यहां फ्रांस के अनुभवी गेल मोनफिल्स की मुश्किल चुनौती से पार पाने में सफल रहे। रूस के इस तीसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने 92 मिनट तक चले मुकाबले में 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की। वहीं, कार्लोस अल्काराज ने पहले दौर में जियोवानी एमपेट्शी पेरीकार्ड के खिलाफ सीधे सेट में 6-4, 6-4 से एकतरफा जीत हासिल की।



लकी लूजर के तौर पर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने वाले रोमन सफीउलिन ने तीन बार के ग्रैंड स्लैम विजेता स्टेन वावरिंका को हराकर बड़ा उलटफेर किया। उन्होंने 6-3 6-4 से जीत दर्ज की। वह अगले दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर से भिड़ेंगे। महिला वर्ग में छठी वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो को चीन की वाइल्ड कार्ड धारक झांग शुआई ने 75 मिनट में 6-4, 6-2 से हराया। हुबर्ट हुर्काज तोक्यो में दूसरे दौर में अमेरिकी ओपन सेमीफाइनलिस्ट जैक ड्रेपर से हार गए। टेलर फ्रिट्ज और कैस्पर रूड पहले ही बाहर हो गए है। बेन शेल्टन भी मारियानो नवोन को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए।

# श्रीलंका ने बनाया 602 का बड़ा स्कोर

गाले, एजेंसी

कामिंडू मेंडिस (नाबाद 182), दिनेश चांदीमल (116), कुसल मेंडिस (नाबाद 106) की शतकीय पारियों के दम पर श्रीलंका ने दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को पांच विकेट पर 602 रन बनाने के बाद पारी घोषित करने के बाद न्यूजीलैंड के 22 रन पर दो विकेट चटकाते हुए मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है।



- कामिंडू मेंडिस ने खेली नाबाद 182 रनों की पारी चांदीमल और कुसल ने भी जड़े शतक

शतक के बाद दर्शकों का अभिवादन करते कुसल ● एजेंसी

श्रीलंका ने कल के तीन विकेट पर 306 रन से आगे खेलते हुए अभी 22 रन ही जोड़े थे कि ग्लेन फिलिप्स ने एंजलो मैथ्यूज (88)को आउट कर पवेलियन भेज दिया। श्रीलंका का पांचवां विकेट 402 रन पर धनंजय डीसिल्वा (44) के रूप में गिरा। कप्तान धनजय डी सिल्वा के आउट होने के बाद मैदान पर आए कुसल ने 148 गेंद का सामना करते हुए अपना शतक पूरा किया। कुसल ने टेस्ट करियर का 10वां शतक जड़ा। शतक पूरा करने के लिए मेंडिस ने छह चौके और तीन छक्के लगाए। कुसल ने कामिंदु मेंडिस के साथ छठे विकेट के लिए 200 रन की साझेदारी की। कामिंडू मेंडिस ने 250 गेंदों में 16 चौके और चार छक्के लगाते हुए (नाबाद 182) रनों की पारी खेली। श्रीलंका ने दूसरे दिन 602 रन पर पारी घोषित की। कामिंदु मेंडिस (नाबाद 182) और कुसल मेंडिस (106) रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड की ओर से ग्लेन फिलिप्स ने तीन विकेट लिये। वहीं टीम साउदी ने एक बल्लेबाज को आउट किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में टॉम लेथम (2) का विकेट गवां दिया।

# ड्वेन ब्रावो ने सभी प्रारूपों से संन्यास लिया, मेंटोर बनकर केकेआर से जुड़े

नई दिल्ली, एजेंसी

वेस्टइंडीज के दिग्गज हरफनमौला खिलाड़ी ड्वेन ब्रावो ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की है। वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीम कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से मेंटोर (मार्गदर्शक) के तौर पर जुड़ेंगे जिससे चेन्नई सुपरकिंग्स के साथ उनका लंबे समय तक चला जुड़ाव खत्म हो गया।



- वेस्टइंडीज के हरफनमौला ने छोड़ दिया चेन्नई का साथ

विश्व कप विजेता 40 साल के ब्रावो केकेआर में गौतम गंभीर की जगह लेंगे जिन्होंने इस साल की शुरुआत में भारत के मुख्य कोच का पद संभालने के लिए यह भूमिका छोड़ दी थी। ब्रावो को चोट के कारण कैरेबियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र से बीच में ही हटना पड़ा था। उन्होंने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर लिखा आज वह दिन है जब मैं उस खेल को अलविदा कह रहा हूं जिसने मुझे सब कुछ दिया है। एक पेशेवर क्रिकेटर के रूप में 21 साल यह एक अविश्वसनीय यात्रा रही है। सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह है कि मैं अपना सपना इसलिए जी सका क्योंकि मैंने इस खेल को हर कदम पर शत प्रतिशत दिया। उन्होंने कहा मैं इस रिश्ते को जारी रखना चाहूंगा, लेकिन अब वास्तविकता का सामना करने का समय आ गया है।

# चोट ठीक है, अगला बड़ा लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप

सोनीपत, एजेंसी

भारतीय स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने आगामी सत्र के लिए शत प्रतिशत फिट होने का वादा करते हुए शुक्रवार को कहा कि उनका अगला लक्ष्य 2025 तोक्यो विश्व चैम्पियनशिप में पोडियम पर जगह हासिल करना है। ओलंपिक में दो बार के पदक विजेता नीरज ब्रुसेल्स में डायमंड लीग के फाइनल में दूसरे स्थान रहे थे। वह मौजूदा सत्र को समाप्त कर स्वदेश वापस आ गये हैं।

तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले नीरज ने पेरिस ओलंपिक में रजत पदक अपने नाम किया। वह लगातार दो ओलंपिक में पदक जीतने वाले भारत के पहले ट्रैक एवं फील्ड एथलीट हैं। इस 26 साल के खिलाड़ी ने हरियाणा खेल विश्वविद्यालय की मिशन ओलंपिक 2036 पर आयोजित एक सम्मेलन के मौके पर कहा मेरा सत्र अब खत्म हो गया है। अगले साल का सबसे बड़ा लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप है और हम इसके लिए अभी से तैयारी शुरू कर देंगे। ओलंपिक हमेशा हमारे दिमाग में रहता है, उसके लिए हमारे पास चार साल हैं। विश्व चैंपियनशिप अगले साल 13 से 21 सितंबर तक आयोजित होने वाली है। चोपड़ा पूरे साल मांसपेशियों की चोट से जूझते रहे और इससे ओलंपिक और डायमंड फाइनल दोनों में उनका प्रदर्शन प्रभावित हुआ। डायमंड लीग फाइनल में उन्होंने टूटे हुए बाएं हाथ के साथ भी प्रतिस्पर्धा की थी।

### यह साल चोटों से भरा रहा है, नए सत्र के लिए पूरी तरह से फिट हो जाऊंगा

सत्र के अंत में डॉक्टरों से सलाह लेने की बात कही थी ताकि यह तय किया जा सके कि चोट से उबरने के लिए सर्जरी की जरूरत होगी या नहीं। चोपड़ा ने फिटनेस के बारे में पूछे जाने पर चोट की चिंताओं को नजरअंदाज करते हुए कहा कि अपनी तकनीक में सुधार करने पर ध्यान दे रहे हैं। मेरे लिए यह साल चोटों से भरा रहा है लेकिन अब चोट अब ठीक है। मैं नए सत्र के लिए पूरी तरह से फिट हो जाऊंगा। तकनीकी मुद्दे भी हैं लेकिन हम उन पर काम करेंगे। मैं अपनी तकनीक में सुधार करने पर ध्यान दूंगा। मैं भारत में भी अभ्यास करना पसंद करता हूं लेकिन जब प्रतियोगिताएं शुरू होती हैं तब मेरे लिए विदेश में अभ्यास करना सही रहता है। भारतीय खिलाड़ियों के ओलंपिक में छह पदक जीते लेकिन इसमें कोई स्वर्ण पदक नहीं था। इसके बारे में पूछे जाने पर चोपड़ा ने कहा हमारे कई खिलाड़ी चौथे स्थान पर थे, लेकिन इस बार हमने पैरालंपिक में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया और कई पदक जीते। आने वाले समय में हमें ओलंपिक और पैरालंपिक दोनों में मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद है।



## बॉलीवुड हलचल

# फिल्म वेट्टैयन द हंटर का हिंदी टीजर रिलीज

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत की आने वाली फिल्म वेट्टैयन द हंटर का हिंदी टीजर रिलीज हो गया है। टीजे ज्ञानवेल के निर्देशन में बनी फिल्म वेट्टैयन में रजनीकांत की मुख्य भूमिका है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन की भी अहम भूमिका है। अमिताभ और रजनीकांत ने अंधा कानून, गिरफ्तार और हम जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। यह जोड़ी 33 साल के बाद साथ नजर आएगी। वेट्टैयन द हंटर का हिंदी टीजर रिलीज हो गया है। टीजर में अमिताभ बच्चन और रजनीकांत टॉप लेवल के एक अधिकारी की भूमिका में नजर आ रहे हैं। रजनीकांत जहां एनकाउंटर स्पेशलिस्ट हैं। वहीं अमिताभ भी अहम भूमिका में नजर आ रहे हैं। लाइका प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म वेट्टैयन में रजनीकांत और अमिताभ बच्चन के अलावा राणा दग्गुबाती फहद फाजिल, मंजू वारियर, दुशारा विजयन, रितिका सिंह, जीएम सुंदर, रोहिणी, राव रमेश, रमेश थिलक, रक्षण और अन्य सितारे शामिल हैं। इस फिल्म में संगीत अनिरुद्ध रविचंदर का है। वेट्टैयन 10 अक्टूबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



### पुष्पा 2: द रूल के सेट पर पहुंचे एसएस राजामौली

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने निर्देशक एसएस राजामौली पुष्पा 2 द रूल के सेट पर पहुंचे और निर्देशक सुकुमार के साथ तस्वीर खिंचवाईं। इस साल की सबसे प्रतीक्षित फिल्म पुष्पा 2 द रूल के धमाकेदार टीजर और गानों के रिलीज के साथ, यह फिल्म वास्तव में सबसे बड़ा फिनोमेना बन चुकी है, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस सबके बीच, निर्देशक एसएस राजामौली ने पुष्पा 2 द रूल के सेट पर दौरा किया और सुकुमार के साथ तस्वीर खिंचवाई। इन दोनों निर्देशकों के बीच इस आइकोनिक मुलाकात का पल कैद करते हुए, टीम ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर साझा की और लिखा सेट्स से एक आइकोनिक तस्वीर #पुष्पा, भारतीय सिनेमा का गर्व <bha>@</bha>एसएस राजामौली ने सबसे बड़े मास फिल्म- #पुष्पा2 द रूल के सेट पर दौरा किया। पुष्पा 2 द रूल का प्रदर्शन 6 दिसंबर 2024 को विश्वभर के सिनेमाघरों में होने वाला है। इस फिल्म को सुकुमार ने निर्देशित किया है और इसे माइट्री मूवी मेकर्स द्वारा प्रोड्यूस किया जा रहा है। फिल्म में मुख्य भूमिकाओं में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फ़हद फासिल शामिल हैं। संगीत टी-सीरीज द्वारा प्रस्तुत किया गया है।

### एक्टर नहीं बनना चाहती हैं नव्या नवेली नंदा

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की नातिन और श्वेता बच्चन की बेटी नव्या नवेली नंदा एक्टर नहीं बनना चाहती हैं। नव्या नवेली नंदा शोबिज़ का हिस्सा नहीं हैं। इसके बावजूद, नव्या का बहुत बड़ा फैनबेस है। उनका पॉडकास्ट, व्हाट द हेल नव्या? अपने दो सफल सीज़न के साथ हिट रहा है। नव्या अपने पिता निखिल नंदा के नक्शेकदम पर चल रही हैं और अपने फैमिली बिजनेस में शामिल हो गई हैं। नव्या नवेली नंदा हाल ही में इंडिया टुडे मुंबई कॉन्क्लेव 2024 में शामिल हुई थीं। इस दौरान उन्होंने बताया है कि वह एक्टर नहीं बनना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि यह फैसला पूरी तरह से उनकी पसंद का है। चाहे मैं किसी भी बैकग्राउंड से आती हूं, मैं हमेशा से यही करना चाहती थी। मैं उन सभी अवसरों के लिए आभारी हूं जो आज मेरी रियलिटी हैं। भारत में कई लोगों के लिए ये रियलिटी नहीं है. मैं कभी भी एक्टिंग नहीं करना चाहती थी। नव्या नवेली नंदा ने ये भी बताया कि आईआईएम अहमदाबाद में दाखिला लेने के बाद उन्होंने ट्रोलिंग से कैसे डील किया था।

# अंडर-17 चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में नेपाल से भिड़ेगा भारत

**थिम्पू।** आत्मविश्वास से भरी भारत की अंडर-17 फुटबॉल टीम शनिवार को यहां सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में नेपाल से भिड़ेगी। भारतीय टीम को इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट में अपनी शानदार फॉर्म बरकरार रखने की उम्मीद है जिसने बांग्लादेश को 1-0 और मालदीव को 3-0 से शिकस्त दी तथा ग्रुप ए तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई।

नेपाल ने भूटान के खिलाफ अपने अंतिम मैच में आखिर में किए गोल की बदौलत जीत हासिल कर ग्रुप बी तालिका में पाकिस्तान के बाद दूसरा स्थान हासिल किया और सेमीफाइनल में जगह बनाई। वहीं पाकिस्तान का सामना शनिवार को दूसरे सेमीफाइनल में बांग्लादेश से होगा। भारत को अपने मुकाबलों के बीच काफी आराम मिला जिसमें सेमीफाइनल की तैयारी के लिए उन्हें पूरे तीन दिन मिले।

# डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर में भारत ने छह स्वर्ण सहित 27 पदक जीते

नई दिल्ली, एजेंसी

- लड़कियों ने अंडर-19 और अंडर-15 वर्गों में सभी पोडियम स्थान किए हासिल

भारत ने युवा टेबल टेनिस खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के बूते सऊदी अरब के दम्मम में डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर प्रतियोगिता में छह स्वर्ण सहित 27 पदक जीते। लड़कियों ने अंडर-19 और अंडर-15 वर्गों में सभी पोडियम स्थान हासिल किये। इससे भारत ने सात रजत और 14 कांस्य पदक भी अपने नाम किए।

भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) ने कहा कि प्रतियोगिता में टेबल टेनिस की दिग्गज टीमों के प्रमुख खिलाड़ी शामिल नहीं थे लेकिन देश के खिलाड़ियों ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया। लड़कियों के अंडर-19 वर्ग में भारत की सुहाना सैनी, तनीषा कोत्चा, सयाली वानी और प्रीथा वर्तिका ने क्लीन स्वीप किया। लड़कों की अंडर-19 स्पर्धा में अंकुर भट्टाचार्जी ने रजत जीता जबकि पीबी अभिनंद और जोश मोदी ने कांस्य पदक अपनी झोली में डाले। वहीं लड़कों की अंडर-17 श्रेणी में प्रियानुज भट्टाचार्य को चीनी ताइपे के लियू शिह-मिंग से करीबी अंतर से हारने के कारण रजत पदक से संतोष करना पड़ा जबकि अभिनंद ने एक और कांस्य पदक हासिल किया। एम हंसिनी ने सिंड्रेला दास को हराकर लड़कियों का अंडर-17 फाइनल जीता तो दिव्यांशी बोमिक और जेनिफर वर्गीज ने क्रमशः कांस्य पदक जीते। लड़कों की अंडर-15 श्रेणी में भारत के सार्थक आर्य ने कांस्य पदक हासिल किया और वहीं लड़कियों की इसी श्रेणी में काव्या भट्ट, हंसिनी, सिंड्रेला और दिव्यांशी ने क्लीन स्वीप किया।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## रोमांचकारी लहरें



समुद्री हलचल के बीच ऊंची लहरे अकसर रोमांचित करती हैं। इंग्लैंड के काउंटी डरहम के सीहैम हार्बर में शुक्रवार को लाइटहाउस से लहरें टकराईं जिन्हें कैमरे में कैद किया गया। एजेंसी

## अमेरिका में भारतीय मूल के न्यायाधीश के खिलाफ मामला दर्ज

**ह्यूस्टन।** अमेरिका में अपने चुनाव के परिणाम को प्रभावित करने के उद्देश्य से खुद के बारे में गलत जानकारी देने के लिए फोर्ट बेंड काउंटी के न्यायाधीश केपी जॉर्ज को गुरुवार शाम को जेल भेज दिया गया। फोर्ट बेंड काउंटी के न्यायिक रिकॉर्ड के अनुसार, न्यायाधीश के तौर पर अपने चुनाव के दौरान मतदाताओं को रिझाने के उद्देश्य से सोशल मीडिया पर फैलाई गई गलत जानकारी से जुड़े कदाचार के लिए शाम 7:17 बजे जॉर्ज के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। एक बयान में कहा गया है कि उन्हें निजी मुचलके पर जेल से रिहा किया गया, साल 2022 में अपने चुनाव अभियान के दौरान, जॉर्ज ने दावा किया था कि वह नस्लवादी और जेनोफोबिक हमलों के शिकार हुए थे।

# मेरा भारत को बाहर करने का एजेंडा कभी नहीं रहा

## मालदीव के राष्ट्रपति मोइज्जू ने कहा- राष्ट्र में विदेशी सेना की उपस्थिति थी गंभीर समस्या

माले, एजेंसी

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने भारत को बाहर करने (इंडिया आउट) के किसी भी एजेंडे से इनकार करते हुए कहा कि उनके राष्ट्र में विदेशी सेना की उपस्थिति द्वीपीय देश के लिए एक गंभीर समस्या थी। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र में शामिल होने के लिए अमेरिका पहुंचे मुइज्जू ने गुरुवार को प्रिंसटन विश्वविद्यालय के कार्यक्रम डीन्स लीडरशिप सीरीज में एक सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की।

मालदीव के समाचार पोर्टल अधाधू डॉट कॉम ने उनके हवाले से कहा हम किसी भी समय, किसी भी देश के खिलाफ कभी नहीं रहे।



यह भारत को बाहर करना (इंडिया आउट) नहीं है। मालदीव के लोगों को अपने देश में विदेशी सेना की उपस्थिति से एक गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा था। मुइज्जू ने कहा, मालदीव के लोग नहीं चाहते कि एक भी विदेशी सैनिक देश में रहे।

### पिछले साल नवंबर से ही तनावपूर्ण हो गए थे दोनों देशों के संबंध

भारत और मालदीव के बीच संबंध पिछले साल नवंबर से ही तनावपूर्ण हो गए थे, जब चीन के प्रति झुकाव रखने वाले मुइज्जू ने मालदीव के राष्ट्रपति का पदभार संभाला था। मुइज्जू ने भारत से कहा था कि वह देश द्वारा उपहार में दिए गए तीन विमानन प्लेटफॉर्म का संचालन कर रहे लगभग 90 भारतीय सैन्य कर्मियों को वापस बुला ले। भारत ने 10 मई तक अपने सैन्य कर्मियों को वापस बुला लिया और उनकी जगह डोर्नियर विमान और दो हेलीकॉप्टरों के संचालन के लिए असैन्य कर्मियों को तैनात कर दिया।

### कहा- नेता हो या आम व्यक्ति किसी का भी अपमान बर्दाश्त नहीं

मालदीव के राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि उन्होंने सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अपमान करने के लिए मालदीव के उपमंत्रियों के खिलाफ कार्रवाई की थी। माइज्जू ने कहा कि मैंने स्पष्ट संदेश दिया था कि वह किसी का भी इस तरह अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे, चाहे वह नेता हो या कोई आम व्यक्ति। हर इंसान की अपनी प्रतिष्ठा होती है। इस साल की शुरुआत में मालदीव के युवा मंत्रालय के उप मंत्रियों को सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अपमानजनक पोस्ट करने की वजह से निलंबित कर दिया गया था।

## एक नजर

### प्रख्यात लेखक व कवि केकी एन दारूवाला का निधन

**नई दिल्ली।** अंग्रेजी के मशहूर कवि और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी केकी एन दारूवाला का लंबी बीमारी और निमोनिया के बाद 87 वर्ष की आयु में दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हो गया। उनकी बेटी अनाहिता कपाड़िया ने बताया कि उन्हें एक साल पहले स्ट्रोक हुआ था और तब से उनकी तबीयत ठीक नहीं थी। स्ट्रोक से जुड़ी समस्याएं थीं, लेकिन इस बार स्ट्रोक नहीं पड़ा था, बल्कि निमोनिया से उनकी मृत्यु हुई। लघु कथाओं के लिए भी प्रसिद्ध दारूवाला के परिवार में दो बेटियां अनाहिता और रूकवेन, दामाद और चार नाती-नातिन हैं। अंतिम संस्कार शुक्रवार को शाम 4:30 बजे खान मार्केट के निकट पारसी आरामगाह में किया जाएगा।

### हैरी पॉटर में काम कर चुकीं अभिनेत्री मैगी का निधन

**लंदन।** हैरी पॉटर और डाउनटन एबे में अपने किरदार से पहचान बनाने वाली अभिनेत्री मैगी स्मिथ का 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया। मैगी स्मिथ ने 1969 में 'द प्राइम ऑफ मिस जीन ब्रॉडी' के लिए ऑस्कर जीता और 'डाउनटन एबे' में विधवा 'काउंटेस ऑफ ग्रांथम' के रूप में 21वीं सदी में एक बार फिर प्रशंसकों के दिलों में जगह बनाई। उन्हें अक्सर उस पीढ़ी की सर्वश्रेष्ठ ब्रिटिश अभिनेत्री माना जाता था, जिसमें वैनेसा रेडग्रेव और जूडी डेन्च भी शामिल थीं। 'जीन ब्रॉडी' के लिए उन्हें 1969 में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अकादमी अवॉर्ड और ब्रिटिश अकादमी (बाफ्टा) पुरस्कार भी मिला।

### यूक्रेन को आठ अरब डॉलर की सैन्य सहायता की घोषणा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने गुरुवार को यूक्रेन के लिए लंबी दूरी के हथियारों और एक अतिरिक्त पैट्रियट वायु रक्षा प्रणाली सहित लगभग आठ अरब डॉलर मूल्य की सैन्य सहायता की घोषणा की। व्हाइट हाउस से जारी बयान में यह जानकारी दी गयी।

### चीन की परमाणु ऊर्जा से संचालित पनडुब्बी डूबी

**वॉशिंगटन।** उपग्रह से प्राप्त तस्वीरों से पता चला है कि परमाणु ऊर्जा से संचालित चीन की निर्माणाधीन हमलावर पनडुब्बी घाट के पास डूब गई। अमेरिका के एक वरिष्ठ रक्षा अधिकारी ने यह जानकारी दी।

# जयशंकर ने प. एशिया, यूक्रेन का उठाया मुद्दा

## विदेश मंत्री जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र प्रमुख गुतारेस और महासभा अध्यक्ष यांग से की मुलाकात

न्यूयॉर्क, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस और संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के नए अध्यक्ष फिलेमोन यांग से अलग-अलग मुलाकात की तथा विविधता में एकता, शांति एवं मानव कल्याण के यांग के दृष्टिकोण का समर्थन करते हुए पश्चिम एशिया और यूक्रेन में संघर्ष का मुद्दा उठाया। जयशंकर संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र में भाग लेने के लिए अमेरिका में हैं और उन्होंने गुरुवार को महासभा के सत्र से इतर गुतारेस और यांग से मुलाकात की।

जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस के साथ बात करना हमेशा खुशी की बात होती है। विश्व के नेताओं ने रविवार को सर्वसम्मति से भविष्य का समझौता को अंगीकार किया, जिसमें 15 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधार करने का वादा किया गया तथा इसे और अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण, समावेशी, पारदर्शी, कुशल, प्रभावी, लोकतांत्रिक एवं जवाबदेह बनाने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया गया। वे सुरक्षा परिषद को अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण बनाने के लिए इसे ''विस्तारित'' करने पर भी सहमत हुए। जयशंकर ने एक अलग पोस्ट में कहा आज न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के नए अध्यक्ष फिलेमोन यांग से मिलकर खुशी हुई। विविधता में एकता, शांति, मानव कल्याण और हर जगह सभी के लिए गरिमा के उनके दृष्टिकोण को भारत के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।



विदेश मंत्री एस जयशंकर संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष फिलेमोन यांग के साथ।

### संयुक्त राष्ट्र में नेतन्याहू ने कहा- उन्हें अन्य नेताओं के झूठ का खंडन करने के लिए यहां आना पड़ा

**संयुक्त राष्ट्र।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा कि इस सप्ताह की शुरूआत में इसी मंच से किये गए झूठे दावों का खंडन करने के लिए वह यहां आए हैं। नेतन्याहू ने सात अक्टूबर 2023 को इजराइल की धरती पर हुए हमास के हमले के प्रति अपने देश की जवाबी कार्रवाई का बचाव किया। हमास के हमले की प्रतिक्रिया में चलाये गए इजराइली सैन्य अभियान ने गाजा पट्टी को तहस-नहस कर दिया। इस साल मैं यहां नहीं आना चाहता था। मेरा देश अपना अस्तित्व बचाने के लिए युद्ध लड़ रहा है। लेकिन जब मैंने, कई वक्ताओं द्वारा इस मंच से मेरे देश पर लगाए गए झूठे आरोप और (उसकी) बदनामी को सुना, तो मैंने यहां आना पड़ा।

### पाकिस्तान ने यूएनजीए में फिर उठाया कश्मीर का मुद्दा

**संयुक्त राष्ट्र।** पाकिस्तान ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया और कहा कि भारत को अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को हटाने के फैसले को वापस लेना चाहिए और मुद्दे के शांतिपूर्ण समाधान के लिए उसके (पाकिस्तान) साथ बातचीत करनी चाहिए। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र की आम बहस में 20 मिनट से अधिक के अपने संबोधन में जम्मू कश्मीर का मुद्दा उठाया साथ ही अनुच्छेद 370 और आतंकवादी संगठन हिज्बुल मुजाहिदीन के आतंकवादी बुरहान वानी का संदर्भ दिया। शरीफ ने अपने संबोधन में कश्मीर के बारे में विस्तार से बात करते हुए कहा कि फिलिस्तीन के लोगों की ही तरह जम्मू कश्मीर के लोगों ने भी अपनी आजादी और आत्मनिर्णय के अधिकार के लिए एक सदी तक संघर्ष किया है। शरीफ ने आरोप लगाया कि शांति की दिशा में आगे बढ़ने के बजाय भारत जम्मू-कश्मीर पर सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों को लागू करने की अपनी प्रतिबद्धताओं से पीछे हट गया है। उन्होंने कहा इन प्रस्तावों में जम्मू-कश्मीर के लोगों को आत्मनिर्णय के अपने मौलिक अधिकार का प्रयोग करने में सक्षम बनाने के लिए जनमत संग्रह कराने की बात कहीं गई है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने कहा कि इस्लामोफोबिया का बढ़ना ऐसा वैश्विक घटनाक्रम है जो चिंताजनक है। उन्होंने कहा भारत में हिंदू श्रेष्ठतावादी एजेंडा इस्लामोफोबिया की सबसे चिंताजनक अभिव्यक्ति है। उम्मीद की जा रही है कि भारत उत्तर देने के अपने अधिकार के तहत पाकिस्तान के आरोपों का करारा जवाब देगा।

### तुर्किये ने नहीं किया कश्मीर का जिक्र

**न्यूयॉर्क।** तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने साल 2019 में अनुच्छेद 370 निरस्त किए जाने के बाद से पहली बार इस साल संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में अपने संबोधन में कश्मीर का जिक्र नहीं किया। इस साल मंगलवार को दिये गए लगभग 35 मिनट के अपने संबोधन में उन्होंने गाजा की मानवीय संकट पर ध्यान केंद्रित किया, जहां हमास के खिलाफ इजराइल के हमलों में 40 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। संविधान के तहत जम्मू-कश्मीर को मिला विशेष दर्जा 2019 में वापस लिए जाने के बाद एर्दोआन ने हर साल यहां यूएनजीए सत्र में दुनियाभर के नेताओं के सामने कश्मीर का उल्लेख किया था।

# सुरक्षा बलों ने हिजबुल्ला के कई लड़ाके किए ढेर

यरुशलम, एजेंसी

- मारे गए आतंकियों में कबीसी के उप अब्बास इब्राहिम शराफ एड-दीन भी

इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने बेरूत पर हमले के बाद हिजबुल्ला आंदोलन के मिसाइल और रॉकेट बल के उप प्रमुख सहित कुछ शीर्ष लड़ाकों को मार गिराया है। आईडीएफ ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा मारे गए आतंकवादियों में कबीसी के उप अब्बास इब्राहिम शराफ एड-दीन शामिल हैं, साथ ही हिजबुल्ला की सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल इकाई के एक शीर्ष ऑपरेटिव फुआद शफीक खजल खानफर को भी हमले में मार गिराया गया।

गौरतलब है कि अक्टूबर 2023 में गाजा पट्टी में इजराइल के सैन्य अभियान की शुरुआत के बाद इजराइल-लेबनानी सीमा पर स्थिति और खराब हो गई। सीमा से लगे इलाकों में इजराइली सेना और हिजबुल्ला के लड़ाके लगभग रोजाना गोलीबारी करते हैं। इजराइल ने सोमवार को दक्षिणी और पूर्वी लेबनान पर बड़े पैमाने पर हमले शुरू किए। आईडीएफ के जनरल स्टाफ के प्रमुख हर्ज़ी हलेवी ने लेबनान में आक्रामक अभियान को नॉर्दर्न एरोज करार दिया। लेबनानी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि बमबारी से मरने वालों की संख्या 1,500 से अधिक हो गई है। हिजबुल्ला ने बदले में उत्तरी इजराइल की ओर 12 से अधिक रॉकेट दागे।

### लेबनान में सात दिन में 700 की गई जान

**यरूशलम।** लेबनान में इस सप्ताह इजराइल के हमलों में करीब 700 लोग मारे गये हैं। इजराइल ने लेबनान पर यह कहते हुए हमले तेज कर दिये हैं कि वह हिजबुल्ला की सैन्य क्षमताओं और उसके वरिष्ठ कमांडरों को निशाना बना रहा है। शीर्ष इजराइली अधिकारियों ने धमकी दी है कि यदि हिजबुल्ला की ओर से गोलीबारी जारी रही, तो वह लेबनान में भी गाजा जैसे विध्वंस को दोहराएगा।

### हजारों लोगों ने सीरिया लेबनान सीमा पार की

**दमिश्क।** लेबनान में इजराइल हमले से बचने के लिए मंगलवार से गुरुवार दोपहर के बीच लगभग 42 हजार लोग सीरिया में प्रवेश कर चुके हैं। सीरिया के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। जदीदत याबूस सीमा को पार कर आने वालों में 31 हजार सीरियाई और 11 हजार लेबनानी नागरिक शामिल हैं।

# कई राज्यों के सर्वेक्षणों में ट्रंप से आगे हैरिस

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस एरिजोना, मिशिगन और पेंसिल्वेनिया जैसे कई राज्यों में अपने प्रतिद्वंद्वी और रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप से आगे हैं। विभिन्न सर्वेक्षणों में यह जानकारी दी गई।

यूमास लोवेल की सेंटर फॉर पब्लिक ओपिनियन और यूगोव द्वारा जारी किए गए नये सर्वेक्षण के अनुसार, अमेरिका की उपराष्ट्रपति हैरिस मिशिगन में पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप से बढ़त बनाए हुए हैं। यूमास लोवेल पॉलिटिकल साइंस के 'असिस्टेंट प्रोफेसर और सेंटर फॉर पब्लिक ओपिनियन के एसोसिएट डायरेक्टर रोड्रिगो केस्ट्रो कॉर्नेजो ने कहा इस राज्य के सर्वेक्षण में उपराष्ट्रपति का बढ़त बनाना उनके लिए अच्छी खबर है। कॉर्नेजो ने कहा अगर ट्रंप इस अंतर को कम करना चाहते हैं तो उन्हें ग्रेट लेक्स स्टेट में मजबूती से लड़ना होगा। अमेरिका में एरिजोना, मिशिगन, पेंसिल्वेनिया, इलिनोइस, इंडियाना, मिनिसोटा, न्यूयॉर्क, ओहायो और विस्कॉन्सिन को ग्रेट लेक्स स्टेट कहते हैं।



- यूमास लोवेल की सेंटर फॉर पब्लिक ओपिनियन और यूगोव द्वारा जारी किया गया नया सर्वेक्षण

### पेंसिल्वेनिया में हैरिस को 48 प्रतिशत लोगों समर्थन

यूमास लोवेल सेंटर फॉर पब्लिक ओपिनियन के सर्वेक्षण के अनुसार, पेंसिल्वेनिया में हैरिस को 48 प्रतिशत लोगों का जबकि ट्रंप को 46 प्रतिशत लोगों का समर्थन प्राप्त है। फॉक्स न्यूज के एक नए सर्वेक्षण के अनुसार, जॉर्जिया में हैरिस अपने प्रतिद्वंद्वी ट्रंप से मामूली बढ़त बनाए हुए हैं, लेकिन एरिजोना में वह पीछे हैं। इसके अनुसार, जॉर्जिया में हैरिस को 51 प्रतिशत जबकि ट्रंप को 48 प्रतिशत लोगों का समर्थन मिला है। सर्वेक्षण के अनुसार, एरिजोना में ट्रंप हैरिस से लगभग इतने ही अंतर से आगे हैं। उन्हें 51 प्रतिशत लोगों का समर्थन प्राप्त है, जबकि हैरिस को 48 प्रतिशत लोगों का समर्थन प्राप्त है।

## इमरान बोले- सरकार और उसकी एजेंसियों से दूर रहें पीटीआई नेता

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री एवं पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान ने पार्टी नेताओं को सरकार और सेना के साथ बातचीत के प्रयासों से बचने का निर्देश देते हुए कहा है कि इस तरह की किसी भी चर्चा से केवल उनके दुश्मन मजबूत होंगे। मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी दी गयी है। अदियला जेल में लगभग एक वर्ष से बंद खान ने द एक्सप्रेस ट्रिब्यून से बातचीत के दौरान कहा कि सरकार और सैन्य एजेंसियों के साथ बातचीत करने से कोई लाभ नहीं होगा।उन्होंने कहा जितना हम पीछे हटेंगे, उतना ही वे हमें कुचलेंगे।उन्होंने कहा कि यह पाकिस्तान की सरकारी संस्थाओं, सैन्य एजेंसियों और प्रशासनिक अधिकारियों की आधिकारिक नीति नहीं है।

# चर्च में यौन शोषण के मामलों को लेकर पोप की आलोचना

ब्रसेल्स, एजेंसी

- बेल्जियम के प्रधानमंत्री ने पीड़ितों के हितों को संस्था के हितों से ऊपर रखने की मांग की

बेल्जियम के प्रधानमंत्री ने कैथोलिक चर्च में यौन शोषण की घटनाओं को छिपाने की भयावह परिपाटी को लेकर पोप फ्रांसिस पर निशाना साधते हुए इस सिलसिले में ठोस कदम उठाने तथा पीड़िताओं के हितों को प्राथमिकता देने की मांग की है। प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर डी क्रू ने शुक्रवार को फ्रांसिस की यात्रा की शुरुआत के मौके पर यह बात कही।

क्रू का भाषण, पोप की किसी विदेश यात्रा के दौरान उनपर अब तक दिए गए सबसे तीखे भाषणों में से एक था, जबकि राजनयिक प्रोटोकॉल के अनुसार सार्वजनिक भाषणों से आक्रोश को आमतौर पर दूर रखा जाता है। राजा फिलिप ने भी फ्रांसिस के लिए कड़े शब्दों का इस्तमाल किया था और उन्होंने चर्च से प्रायश्चित करने और पीड़ितों को उबारने में मदद करने के लिए अनवरत काम करने की मांग की थी। फ्रांसिस ने क्रू के भाषण के अंत में तालियां बजाईं और शुक्रवार को ही पीड़ितों से उनके अकेले में मिलने की उम्मीद है।

### कहा- पीड़ितों की आवाज सुनने की जरूरत

क्रू ने राजपरिवार के सदस्यों, चर्च के पदाधिकारियों, राजनयिकों और राजनेताओं समेत अन्य श्रोताओं के समक्ष कहा पीड़ितों की आवाज सुनने की जरूरत है। दुराचार का पता लगाने की जरूरत है। जब कुछ गलत होता है तो हम उसे छिपाने की कोशिश नहीं कर सकते। चर्च का अपने अतीत से पाक-साफ होकर बाहर निकलना होगा।

## पूर्व रक्षा मंत्री इशिबा अगले सप्ताह बनेंगे जापान के प्रधानमंत्री

**तोक्यो।** जापान की सत्तारूढ़ पार्टी ने पूर्व रक्षा मंत्री शिगेरु इशिबा को शुक्रवार को अपना नेता चुन लिया जो प्रधानमंत्री के रूप में अगले सप्ताह कार्यभार संभालेंगे। सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) में मतदान के जरिए इशिबा को तकनीकी रूप से पार्टी का नया नेता चुना गया। अगले सप्ताह संसद में प्रस्तावित मतदान में उनका प्रधानमंत्री के रूप में चुना जाना तय है क्योंकि पार्टी का सत्तारूढ़ गठबंधन दोनों सदनों में बहुमत में है। पार्टी के इस चुनाव में दो महिलाओं सहित नौ उम्मीदवार मैदान में थे। इशिबा को पार्टी के सांसदों और जमीनी स्तर के सदस्यों ने मतदान के जरिए चुना। वर्तमान प्रधानमंत्री किशिदा भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे हुए हैं और उनकी पार्टी अगले चुनाव से पहले जनता का विश्वास हासिल करना चाहती है।

# अमेरिका निष्पक्ष चुनाव कराने में बांग्लादेश का करेगा समर्थन

ढाका, एजेंसी

- अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता ने कहा- अंतरिम प्रशासन के लिए अमेरिकी सहायता पर भी जोर दिया

अमेरिका ने बांग्लादेश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित कराने की प्रक्रिया को पूरा समर्थन देने का बात कही है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के अनुसार, बांग्लादेश को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए अमेरिकी सहायता मिलेगी, जो देश के समावेशी, लोकतांत्रिक और सभी के लिए न्यायसंगत भविष्य का निर्धारण करेगा। मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी दी गई है।

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने बताया कि उन्होंने बांग्लादेश के अंतरिम प्रशासन के लिए अमेरिकी समर्थन और सहायता पर भी जोर दिया क्योंकि इसने देश को आर्थिक स्थिरता की ओर अग्रसर किया और चल रहे प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की गारंटी के लिए सुधारों के महत्व पर जोर दिया। द डेली स्टार ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार से निपटने, मीडिया की स्वतंत्रता को बनाए रखने, विश्व स्तर पर स्वीकृत श्रम अधिकारों का सम्मान करने और सभी बांग्लादेशियों के मानवाधिकारों की रक्षा करने के लिए मजबूत संस्थानों की स्थापना के महत्व पर गुरुवार को मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस और ब्लिंकन ने विचार-विमर्श किया।

## इंडोनेशिया में भूस्खलन की चपेट में आने से 15 की मौत

**इंडोनेशिया।** सुमात्रा द्वीप में अनधिकृत रूप से सोने का खनन कर रहे लोगों के मूसलाधार बारिश के चलते हुए भूस्खलन की चपेट में आने से कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। दर्जनों की संख्या में लोग लापता बताए जा रहे हैं। स्थानीय आपदा शमन एजेंसी कार्यालय के प्रमुख इरवान एफेंदोई ने कहा कि पश्चिम सुमात्रा प्रांत के सूदूर सोलोक जिले में स्वर्ण निकालने के लिए खुदाई कर रहे लोग भूस्खलन के कारण आस-पास के पहाड़ी इलाके से बहकर आए कीचड़ और अन्य तरह के मलबे में दब गए। कम से कम 25 लोग अब भी दबे हुए हैं और बचावकर्मियों ने तीन लोगों को जीवित बाहर निकाला है।

## खगोल विज्ञान

### ब्रह्मांड की उत्पत्ति व विकास का रहस्य खोल सकती है आकाशगंगा

# जेम्स वेब स्पेस टेक्सकोप ने खोजी प्राचीन आकाशगंगा

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** ब्रह्मांड के अभिन्न अंग आकाशगंगा है। इनके निर्माण को लेकर कई प्रश्न आज भी अनुत्तरित हैं। जिसे समझने के लिए अंतरिक्ष दूरबीन वेब ने एक ऐसी प्राचीन आकाशगंगा खोज निकाली है, जो आकाशगंगाओं की उत्पत्ति, विकास अथवा निर्माण में प्रकाश डाल सकती है। नई खोज के अनुसार खोजी गई आकाशगंगा बेहद अजीब है। जिसका नाम जीएसएनडीजी-9422 है। जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप ने इसकी धुंधली तस्वीर खोजी है।

यह तस्वीर खगोलविदों को प्रारंभिक ब्रह्मांड में आकाशगंगा के विकास को बेहतर ढंग से समझने में मदद कर सकती है। यह ऐसी आकाशगंगा है, जिसकी गैस अपने तारों से भी अधिक चमकीली नजर आती है। इस आकाशगंगा को लेकर माना जा रहा है कि यह ब्रह्मांड के पहले तारों और आकाशगंगाओं के बीच विकास की एक खोई हुई कड़ी हो सकती है। रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी में 25 सितंबर को यह खोज प्रकाशित हुई है। आकाशगंगा जीएस-एनडीजी-9422 बिग बैंग के लगभग 1 अरब वर्ष अस्तित्व में आई। इस तरह की आकाशगंगा पहले कभी नही देखी गई है। शोधकर्ताओं का कहना है कि यह खोज यह नई तरह की घटना है। जिस कारण यह महत्वपूर्ण खोज मानी जा सकती है।ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है। प्रारंभिक ब्रह्मांड की घटनाओं में इसके सबूत मिल सकते हैं। यह खोज ब्रह्मांडीय विस्तार का श्रृंखलाबद्ध विवरण प्रस्तुत कर सकती है। खोजकर्ता वैज्ञानिकों प्रारंभिक ब्रह्मांड बहुत ही अलग वातावरण था। तुलनात्मक दृष्टि से वर्तमान स्थानीय ब्रह्मांड में विशाल तारों का तापमान 40,000 से 50,000 डिग्री सेल्सियस पाया जाता है, जबकि आकाशगंगा 9422 के तारों का तापमान 80,000 डिग्री सेल्सियस से अधिक है। इससे पता चलता है कि ब्रह्मांड का तब का वातावरण आजकी तुलना में भिन्न हुआ करता था।



### आसान नही ब्रह्मांड का मायाजाल समझना

नैनीताल : अनंत में फैला ब्रह्मांड के मायाजाल को समझना आसान नही है। वैज्ञानिकों ने जितने शोध पृथ्वी को समझने के लिए नही किए हैं, उससे कई गुना अधिक ब्रह्मांड को समझने के लिए किए है। मगर इसकी बारीकियां आजभी नही समझ पाए हैं। बहरहाल अंतरिक्ष के रहस्यों का राज भविष्य में ही खुलेगा। वर्तमान तकनीक भी ब्रह्मांड को समझने के लिए नाकाफी हैं।